CMYK

सूर्योदय : 5:12
सूर्यास्त : 6:57
अधिकतम तापमान : 43.0
न्यूनतम : 30.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-363 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शुक्रवार, 14 जून 2024
07 जिलहिज्जा 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



### केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट से कहा, 1563 उम्मीदवारों के ग्रेस मार्क्स वापस होंगे
# 23 जून को फिर से होगी परीक्षा

**नीट**

- 30 जून तक रिजल्ट मिलेगा
- कोर्ट में तीन याचिकाओं पर हुई सुनवाई
- काउंसलिंग पर रोक लगाने से इनकार कर चुका है सुप्रीम कोर्ट





**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट वर्तमान में नीट 2024 को रद्द करने और फिर से परीक्षा कराने की याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा है, जो पेपर लीक और ग्रेस मार्क्स के आवंटन में अनियमितताओं के आरोपों के कारण प्रेरित थे। कार्यवाही के दौरान, यह घोषणा की गई कि 1,563 नीट यूजी 2024 उम्मीदवारों के अंक अमान्य कर दिए गए हैं। नीट ने अदालत को सूचित किया है कि इन उम्मीदवारों के लिए 23 जून को फिर से परीक्षा होगी, जिसके परिणाम और काउंसलिंग 30 जून तक आने की उम्मीद है। जस्टिस विक्रम नाथ और अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की अवकाश पीठ शिवांगी मिश्रा और नौ अन्य द्वारा 1 जून को परिणाम घोषित होने से पहले दायर की गई पहली याचिका पर सुनवाई कर रही है। उधर, नीट यूजी 2024 परीक्षा में ओएमआर शीट फटी मिलने के कारण परिणाम घोषित न होने के एक मामले में दाखिल याचिका पर हाई कोर्ट ने नैशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) से मूल दस्तावेज पेश करने को कहा है। जस्टिस राजेश चौहान की अवकाश कालीन पीठ ने छात्रा आयुषि पटेल की याचिका पर यह आदेश दिया। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पाया कि छात्रा की ओएमआर शीट से भरा अप्लीकेशन नंबर और ई-मेल से भेजा गया नंबर अलग-अलग हैं। इस पर कोर्ट ने एनटीए और याची को तीन दिन का समय देते हुए ओरिजिनल दस्तावेज पेश करने का आदेश दिया। अगली सुनवाई 18 जून को होगी। याचिका में मांग की गई है कि छात्रा की ओएमआर शीट का मैनुअल मूल्यांकन करवाया जाए। एनटीए के खिलाफ केंद्र सरकार को जांच का आदेश दिया जाए और वर्तमान याचिका के विचाराधीन रहते काउंसलिंग पर रोक लगाई जाए।

**20 हजार स्टूडेंट्स ने की है शिकायत**

देशभर में नीट यूजी 2024 को लेकर अलग-अलग राज्यों में लगभग 20 हजार स्टूडेंट्स ने याचिकाएं दायर की थीं, जिसमें परीक्षा में गड़बड़ी की शिकायत की गई हैं। ग्रेस मार्क्स के खिलाफ दायर की गई याचिका में कहा गया कि एनटीए ने अब तक ये नहीं बताया कि उन्होंने स्टूडेंट्स को ग्रेस मार्क्स देने के लिए क्या तरीका अपनाया। वहीं, एग्जाम के पहले एनटीए की तरफ से जारी इन्फॉर्मेशन बुलेटिन में भी ग्रेस मार्क्स देने के प्रावधान का जिक्र नहीं था। ऐसे में कुछ कैंडिडेट्स को ग्रेस मार्क्स देना सही नहीं है।

# चीन-पाक को भारत ने एक साथ सुनाई खरी-खरी

- जम्मू-कश्मीर पर दखलंदाजी न करें
- कश्मीर भारत का अभिन्न और अविभाज्य अंग



**नई दिल्ली।** भारत ने चीन और पाकिस्तान के जम्मू-कश्मीर पर दिए गए बयान को खारिज कर दिया है। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि कश्मीर भारत का अभिन्न अंग था, है और हमेशा रहेगा। दरअसल, 7 जून को बीजिंग में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ द्विपक्षीय बैठक के दौरान पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कश्मीर का मुद्दा उठाया था।

बैठक के बाद जारी हुए जॉइंट स्टेटमेंट में चीन ने कहा था कि वह जम्मू-कश्मीर में भारत की एकतरफा कार्रवाई का विरोध करता है। भारत और पाकिस्तान के बीच लंबे समय से इस मुद्दे को लेकर विवाद रहा है। इस मसले को शांति के साथ ह चार्टर और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों के तहत हल किया जाना चाहिए। इसके बाद गुरुवार को विदेश मंत्रालय ने कहा कि इस मामले में किसी भी देश को टिप्पणी या दखलंदाजी करने का हक नहीं है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा कि पाकिस्तान इकोनॉमिक कॉरिडोर का कुछ काम पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में होना है। भारत इस क्षेत्र में होने वाले किसी भी काम का विरोध करता है। दरअसल, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के चीन दौरे के दौरान जिनपिंग ने एक बैठक में सीपीईसी के तहत हाईक्वालिटी डेवलपमेंट और पहले से चल रही परियोजनाओं को समय पर पूरा करने पर सहमति जताई थी। चीन-पाकिस्तान इकोनॉमिक कॉरिडोर चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की महत्वाकांक्षी योजना है। इसकी शुरुआत 2013 में की गई थी।

# पेपर लीक होने का कोई सबूत नहीं: धर्मेंद्र

**पेपर लीक**


- दोषियों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई
- किसी छात्र का नुकसान नहीं होने देंगे: धर्मेंद

**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने नीट परीक्षा का पेपर लीक होने के आरोप को सिरे से खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि नीट परीक्षा में पेपर लीक का कोई सबूत नहीं मिला है। एनडीए में भ्रष्टाचार नहीं मिला है। यह बहुत विश्वसनीय निकाय है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट मामले पर सुनवाई कर रहा है और हम उनका आदेश मानेंगे। हम ये सुनिश्चित करेंगे कि किसी छात्र को नुकसान न हो। नीट मामले पर गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान केंद्र सरकार ने कोर्ट को बताया कि नीट-यूजी 2024 की परीक्षा में जिन 1,563 छात्रों को ग्रेस मार्क्स दिए गए, उन्हें रद्द कर दिया गया है और उन्हें 23 जून को फिर से परीक्षा देने का विकल्प दिया गया है। अगर कोई उम्मीदवार दोबारा परीक्षा नहीं देना चाहता है तो उनके ग्रेस मार्क्स काट लिए जाएंगे। सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई पर धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कोई भ्रष्टाचार नहीं हुआ है। नीट की परीक्षा में 24 लाख छात्र बैठे। इस मामले पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई चल रही है और यह सुनवाई 1563 छात्रों के संबंध में है। सरकार कोर्ट में जवाब देने के लिए तैयार है। इस मुद्दे पर सरकार ने शैक्षिक जगत से जुड़े लोगों की एक समिति बनाई जा रही है। इस समिति की रिपोर्ट को कोर्ट में पेश किया जाएगा। एनटीए ने देश में तीन बड़ी परीक्षाएं नीट, जेईई और सीयूईटी सफलतापूर्वक आयोजित कराई हैं। घटना में जो भी दोषी पाए जाएंगे उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।



**नीट घोटाले की जांच हो: खड़गे**



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि नीट परीक्षा में केवल ग्रेस मार्क्स की समस्या नहीं थी। इसमें धांधली, पेपर लीक और भ्रष्टाचार हुआ है। परीक्षा में बैठे 24 लाख छात्र-छात्राओं का भविष्य मोदी सरकार के कारनामों से दांव पर लग गया है। परीक्षा केंद्र और कोचिंग सेंटर का एक नेक्सस बन चुका है, जिसमें पैसे दो-पेपर लो का खेल खेला जा रहा है। पिछले दस साल में मोदी सरकार ने पेपर लीक और धांधली से करोड़ों युवाओं का भविष्य बर्बाद किया है।

### पेमा खांडू ने तीसरी बार अरुणाचल के सीएम के रूप में शपथ ली

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश में आज नई सरकार का गठन हो गया है। पेमा खांडू ने राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। वहीं भाजपा के वरिष्ठ नेता चाउना मीन उपमुख्यमंत्री बनाए गए हैं। गुरुवार को कुल 11 विधायकों को मंत्री पद की शपथ दिलाई गई है। देश में लोकसभा चुनावों के साथ चार राज्यों में विधानसभा के चुनाव भी हुए थे। 60 सदस्यीय अरुणाचल प्रदेश विधानसभा के लिए 19 अप्रैल को मतदान कराया गया था। 4 जून को विधानसभा चुनाव के नतीजे आए जिसमें भाजपा ने 46 सीटें जीतीं। हालांकि, मतगणना से पहले ही 10 सीटों पर भाजपा के उम्मीदवार निर्विरोध चुन लिए गए थे। निर्विरोध चुने जाने वालों में राज्य के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री भी शामिल थे। नतीजों के बाद अब नई सरकार का शपथग्रहण हुआ है और पेमा खांडू ने एक बार फिर राज्य की कमान संभाल ली है।

### पीएम मोदी ने की जम्मू-कश्मीर के हालात की समीक्षा
# आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई का निर्देश

**सर्च ऑपरेशन**

- सेना को दी खुली छूट
- आतंकी हमले पर शाह और डोभाल से की वार्ता
- रियासी मामले में 53 हिरासत में



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल और अन्य अधिकारियों के साथ जम्मू-कश्मीर की स्थिति की समीक्षा की। उन्हें जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा संबंधी स्थिति से अवगत कराया गया।

प्रधानमंत्री ने उनसे आतंकवाद रोधी क्षमताओं का पूरा इस्तेमाल करने को कहा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भी फोन बात की व आंतकवाद रोधी अभियानों पर चर्चा की। इसके अलावा, प्रधानमंत्री ने जम्मू-कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा से भी बात की और केंद्र शासित प्रदेश का जायजा लिया। जम्मू-कश्मीर में पिछले कुछ दिनों में कई आतंकी हमले हुए हैं। रियासी में हुए आतंकी हमले के मामले में 53 लोगों को हिरासत में लिया गया है। इसकी जानकारी एसएसपी मोहिता शर्मा ने दी है। आतंकवादियों ने पिछले चार दिनों में रियासी, कठुआ और डोडा जिलों में चार स्थानों पर हमले किए हैं। जिमसें दस तीर्थयात्रियों की मौत हुई। साथ ही सीआरपीएफ का एक जवान भी शहीद हुआ। इसके अलावा, सात सुरक्षा कर्मी और कई अन्य घायल हुए हैं। सुरक्षा बलों द्वारा अलग-अलग जिलों में सर्च ऑपरेशन चलाया गया है। संदिग्ध आतंकियों के स्केच जारी हो रहे हैं। ऑपरेशन से जुड़े विश्वस्त सूत्रों का कहना है, 72 घंटे में तीन हमले, ये एक सोची समझी रणनीति है। पाकिस्तान से लगती अंतरराष्ट्रीय सीमा पर, ताजा घुसपैठ की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। भले ही बॉर्डर पर सीजफायर लागू है, लेकिन इसके बावजूद पाकिस्तानी आतंकी संगठनों के सदस्य जम्मू कश्मीर में प्रवेश कर रहे हैं।

**बढ़ा डोभाल का कार्यकाल**




**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने पूर्व आईपीएस अधिकारी अजीत डोभाल को फिर से राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार नियुक्त किया है। एक आधिकारिक आदेश के मुताबिक, उनकी नियुक्ति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के साथ या अगले आदेश तक रहेगी।

वहीं, कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने डॉ पी के मिश्रा को प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव के रूप में नियुक्त किया है। पीके मिश्रा की नियुक्ति प्रधानमंत्री के कार्यकाल के साथ या अगले आदेश तक रहेगी।

# केजरीवाल की आम आदमी पार्टी लड़ेगी बिहार विधानसभा चुनाव

- इंडी गठबंधन में सीट का फॉर्मूला अभी तय नहीं



**नई दिल्ली।** अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी बिहार में चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है। आप के राज्यसभा सांसद संजय कुमार सिंह स्पष्ट कहा है कि बिहार में हमारी पार्टी आगामी विधानसभा चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है। आम आदमी पार्टी के चुनावी तैयारी शुरू कर दे। ताकि आगामी चुनाव के बाद अरविंद केजरीवाल द्वारा दिल्ली में दिए जा रहे गुड गवर्नेंस का लाभ बिहार को भी मिल सके। संजय सिंह ने कहा कि आम आदमी पार्टी बिहार में चुनाव लड़ेगी यह तय है। लेकिन, कितने सीटों पर लड़ेगी? यह हमलोग बाद में तय करके बताएंगे। अब तक यह स्पष्ट है कि हमलोग बिहार में चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि इंडी गठबंधन की सहयोगी पार्टियों में से एक आम आदमी पार्टी बिहार में भी गठबंधन धर्म का पालन करेगी। इंडी गठबंधन में सीट बंटवारे के फॉर्मूला तय होने के बाद ही आप अपनी सीटों का खुलासा करेगी। राजनीतिक पंडितों का कहना है कि अरविंद केजरीवाल की पार्टी बिहार विधानसभा में उतरती है तो सीधे तौर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को ही टक्कर देगी।

# जी-7: तीसरे कार्यकाल के पहले विदेश दौरे पर पीएम नरेंद्र मोदी इटली रवाना

**बैठक**

- मुझे खुशी है कि पहले दौरे पर इटली जा रहा : मोदी
- मेलोनी ने नमस्ते कर मेहमानों का स्वागत किया



**इटली।** इटली में गुरुवार 13 जून को जी7 देशों की बैठक शुरू हो गई है। दुनिया के सबसे अमीर 7 लोकतांत्रिक देश इटली के फसानो शहर में एकजुट हुए हैं। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी जॉर्जिया मेलोनी के बुलावे पर समिट में शामिल होने के लिए रवाना हो चुके हैं।

मोदी प्रधानमंत्री के तौर पहली बार अपने कार्यकाल की शुरुआत पश्चिमी देश के दौरे के साथ कर रहे हैं। उन्होंने रवाना होने से पहले कहा, मुझे खुशी है कि कार्यकाल के पहले दौरे पर मैं इटली जा रहा हूं। पिछले 2 कार्यकाल में वे भारत की नेबरहुड फर्स्ट पॉलिसी के तहत पहले विदेश दौरे पर पड़ोसी देशों में गए थे। 2019 में वे पहले दौरे पर मालदीव गए थे।

जी 7 देशों की बैठक में पहली बार कैथोलिक चर्च के प्रमुख पोप फ्रांसिस भी शामिल होने वाले हैं। वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, बाइडेन और तुर्किये के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन समेत कई देशों के हेड से मुलाकात भी करेंगे। 1975 में बना ये संगठन दुनिया के सबसे अमीर देशों का समूह है। इसमें अमेरिका, जापान, जर्मनी, ब्रिटेन, फ्रांस, इटली और कनाडा शामिल हैं। ये देश हर साल एक समिट में दुनिया के अहम मुद्दों पर चर्चा करते हैं।

पिछली बार जी7 समिट जापान में हुआ था। इसमें चीन के कर्ज जाल और इंडो-पैसिफिक में बढ़ते दबदबे पर चर्चा की गई थी। भारत बतौर गेस्ट 11 साल से इस समिट में शामिल हो रहा है।

# अल्मोड़ा में जानलेवा हुई जंगल की आग

- वन विभाग के चार कर्मचारियों की जिंदा जलकर मौत, चार झुलसे
- सीएम पुष्कर सिंह धामी ने जताया दुख



**अल्मोड़ा।** अल्मोड़ा जिले में वनाग्नि की घटनाएं कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। गुरुवार को जिले में स्थित बिंसर अभ्यारण के जंगल में भीषण आग लग गई। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। लेकिन जंगल की आग इतनी भयानक थी, आग बुझाने का काम शुरू करने से पहले ही आग बुझाने के लिए गई टीम इसकी चपेट में आ गई। जंगल की आग की लपटों ने टीम में शामिल फायर वाचरों और पीआरडी को चारों ओर से घेर लिया। वनाग्नि की इस घटना में चार पीआरडी के जवान और फायर वाचरों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि चार गंभीर रूप से झुलस गए। गंभीर रूप से झुलसे कर्मचारियों में से एक को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर हल्द्वानी रेफर किया गया है। बिंसर वन्यजीव विहार में वनाग्नि से चार वनकर्मियों की मौत पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गहरा दुख प्रकट किया है। उन्होंने इस घटना में झुलसे चार अन्य वनकर्मियों को तत्काल हल्द्वानी बेस अस्पताल में एयरलिफ्ट किए जाने के निर्देश दिए हैं।

**बैठक** सभी नगरों में इनर रिंग रोड का विकास होना चाहिए
# अतिक्रमण हो तो तत्काल हटाएं : योगी

**निर्देश**

- पुराने तालाबों/पोखरों व अन्य जलाशयों को संरक्षित किया जाए



**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने आज एक उच्च स्तरीय बैठक की। इस बैठक में सीएम योगी ने कई अहम मुद्दों पर चर्चा की। इस बैठक में सीएम योगी ने निर्णय लिया कि खुर्जा, बुलंदशहर और मुरादाबाद विकास प्राधिकरणों को मिलाकर एक नया प्राधिकरण बनाया जाएगा।

जीआईसी आधारित महायोजन 2031 के प्रस्तुतिकरण का सीएम योगी ने अवलोकन किया और आवश्यकत दिशानिर्देश दिए। साथ ही इस बैठक में सीएम योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को कुछ दिशानिर्देश भी दिए। खुर्जा और बुलन्दशहर दो अलग-अलग विकास प्राधिकरण के रूप में गठित हैं, जबकि दोनों ही विकास प्राधिकारणों में आर्थिक, वाणिज्यिक, औद्योगिक, सांस्कृतिक और सामाजिक समरूपता है। पूरा क्षेत्र एक ही जनपद बुलंदशहर के अंतर्गत आता है। विकास के लिए दीर्घकालिक योजनाओं को बनाने और उनके सुगम क्रियान्वयन के लिए यह आवश्यक है कि दोनों प्राधिकरणों को मिलाकर एक बड़े विकास प्राधिकरण का गठन किया जाए। इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही यथाशीघ्र पूरी कराएं। खुर्जा का सिरेमिक उद्योग देश-विदेश में विशेष पहचान रखता है। वर्ष 2021 में 23 मिलियन यूएस डॉलर मूल्य के सिरेमिक उत्पाद निर्यात किए गए। इस सेक्टर में अभी बहुत संभावना है। आवश्यकता है कि इससे जुड़े उद्यमियों, शिल्पियों की अपेक्षाओं के अनुसार सुविधाओं का विस्तार किया जाए। उन्हें मार्केट उपलब्ध कराएं। सिरेमिक हाट का निर्माण कराएं। जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट खुर्जा के समीप ही है। मुरादाबाद में रामगंगा नदी के किनारे अतिक्रमण की स्थिति है। ऐसी ही स्थिति काशी, सहारनपुर आदि जनपदों में भी दे खी जा सकती है। अभी लखनऊ में कुकरैल नदी के पुनर्जीवन की कार्यवाही हो रही है। अवैध बसावट को हटा कर उन्हें अन्यत्र पुनर्वासित कराया गया है। इसी प्रकार, अन्य जिलों में भी स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप कार्यवाही की जानी चाहिए। यह सुनिश्चित करायें कि नदी बेसिन में कोई बसावट न हो। पुराने तालाबों/पोखरों व अन्य जलाशयों को संरक्षित करें। अतिक्रमण हो तो तत्काल हटाएं। ईस्टर्न और वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरीडोर का लाभ भी खुर्जा को मिल रहा है।यह विशेष स्थिति खुर्जा को भविष्य में निर्यात का हब बनने में बड़ी भूमिका निभाएगा। पॉटरी उद्योग के उद्यमियों के लिए एक नए इंडस्ट्रियल एरिया का विकास भी किया जाना चाहिए।

### 26 जून को लोकसभा स्पीकर का चुनाव

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बने। सरकार का गठन होने के साथ ही मंत्रियों को उनके मंत्रालय भी सौंप दिए गए हैं। अब सभी की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि 18वीं लोकसभा का स्पीकर कौन होगा? इस प्रश्न का उत्तर 26 जून को मिल जाएगा। दरअसल 26 जून को लोकसभा स्पीकर का चुनाव होना है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इसे लेकर अधिसूचना भी जारी कर दी है। उधर, इस तरह की भी खबरें हैं कि राजस्थान की कोटा लोकसभा सीट से लगातार तीसरी बार चुनाव जीतने वाले ओम बिड़ला को एक बार फिर से लोकसभा स्पीकर की कमान सौंपी जा सकती है। इसके अलावा आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू की पत्नी की बहन डी पुरुंदेश्वरी के नाम पर भी चर्चा चल रही है। लोकसभा अध्यक्ष का पद भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) अपने पास ही रखने जा रही है।



# पीस कमेटी की बैठक का किया गया आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**मोहम्मदी-खीरी।** आगामी त्यौहार बकरीद को सकुशल संपन्न कराने, सुरक्षा व कानून व्यवस्था सुदृढ़ रखने तथा शान्ति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाये रखने हेतु सीओ अरुण कुमार सिंह के नेतृत्व में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे प्रभारी निरीक्षक चन्द्रशेखर सिंह, पेश-ए-इमाम असजद सिद्दीकी, अब्बास नकवी, तौहीद, सभासद असफाक मंसूरी सहित तमाम गणमान्य लोग उपस्थित रहे। लोगों से त्योहार के दौरान आने वाली समस्याओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये, साथ ही बैठक में उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों, धर्मगुरुओं, जनप्रतिनिधियों व समाजसेवियों, सभासदो से अपील



की गयी कि सभी लोग एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान करें, क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखें, साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने वालों, असामाजिक तत्वों, किसी भी प्रकार की आपराधिक अवांछित गतिविधियां दिखाई देने पर इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें। किसी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें बल्कि अफवाह की पुष्टि उच्चाधिकारियों से करें तथा आपसी सौहार्दपूर्ण वातावरण का माहौल बनाये रखने में पुलिस व प्रशासन का सहयोग करें साथ ही सोशल मीडिया पर ऐसे कमेंट न करें जिससे किसी की धार्मिक भावनाएं आहत हों तथा किसी भी प्रकार की भड़काऊ, गलत, अशोभनीय पोस्ट शेयर न करें। लोगों से शांति व आपसी सौहार्द के साथ त्यौहार मनाने की अपील की गई तथा त्यौहार के दौरान गड़बड़ी पैदा करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही हेतु सख्त हिदायत दी गयी।

## 45000 रुपये की नकदी,कीमती जेवर और बर्तन किये चोरी

**लखीमपुर खीरी।** फरधान बुधवार की रात थाना क्षेत्र के सिकटिहा मजरा धौरहरा खुर्द गांव मैं एक घर को निशाना बनाकर चोरों ने चोरी की घटना का अंजाम दिया। चोरों ने घर से 45000 रुपये की नकदी और कीमती जेवर और बर्तन चोरी कर लिए। पीड़ित ने फरधान थाने पर तहरीर दी है। थाना क्षैत्र गांव सिकटिहा मजरा धौरहरा खुर्द के निवासी शिव सिंह पुत्र खूबचंद के यहां बुधवार की रात को चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरो ने घर को खंगालकर अलमारी और बक्शो के ताले तोड़ दिए। 45000 की नकदी समेत सोने चांदी के ज़ेवर, कीमती बर्तन, एक गुल्लक करैंसी वजन तीन किलो सहित परिवार के सदस्यों के आधार कार्ड व अन्य दस्तावेज पर्स सहित चेक बुक व पासबुक चोरी कर लें गए। घर के लोगों के जागने पर चोरी की जानकारी हुई तो मानो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। पीड़ित ने घटना की लिखित तहरीर फरधान पुलिस को दी है।

# आटोलिफ्टर गैंग का खुलासा कर चोरी की गयी पांच बाइक बरामद की

अवधनामा संवाददाता

**मोहम्मदी-खीरी।** कोतवाली पुलिस ने आटोलिफ्टर गैंग का खुलासा कर चोरी की गयी पांच बाइक बरामद की। 13 जून को उपनरीक्षक बाबूराम व उपनिरीक्षक संजीत तिवासी मय हमराह फोर्स के साथ गश्त के दौरान खास मुखबिर की सूचना पर लगभग 03:10 बजे गोला रोड स्थित पुवायां बैरियर के आगे पेट्रोल पम्प के सामने विवके उर्फ राजा निवासी ग्राम झखरा थाना मोहम्मदी, विपिन कुमार पुत्र स्व0 सत्यपाल निवासी मनीष कुमार वर्मा का मकान मोहल्ला भारत भूषण कालोनी गोला खीरी, सुमित उर्फ फटटू पुत्र सियाराम निवासी ग्राम घरथनिया थाना हैदराबाद जिला खीरी को नगर सहित अन्य जगहो से चोरी की गयी मोटर साइकिले जिन पर फर्जी नम्बर प्लेटे लगी थी के साथ



गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के दौरान पकड़े गये गिरोह का एक अन्य साथी गौतम पुत्र महेश निवासी ग्राम झखरा थाना मोहम्मदी जिला खीरी मोटर साइकिल से कूदकर भागने में सफल हो गया। पुलिस फरार मुजरिम की तलाश कर रही है। पकड़े गये अभियुक्तो के पास से मौके पर दो चोरी की मोटर साइकिले बराबद हुई। अभियुक्तो की निशानदेही पर तीन अन्य चोरी की मोटर साइकिले हीरो स्पलैण्डर यूके-08एआर-0764, प्लेटिना पंजीकरण संख्या यूपी-31एस-3617, स्पलैण्डर यूपी-14ईडी-5860, प्लेटिना यूपी-27एस-5303 एवं एक बजाज डिस्कवर बिना नम्बर पुलिस ने बरामद की है। अभियुक्त विपिन कुमार पर थाना मोहम्मदी में ही मु0अ0सं0 339/2024 धारा 379, मु0अ0सं0 248/2024 धारा 379, थाना हैदराबाद में मु0अ0सं0 255/2021 धारा 306, मु0अ0सं0 142/2019 धारा 3/25 आयुध अधिनियम व थाना गोला में धारा 506 भादवि के अन्तर्गत मुकदमे दर्ज है वही विवके उर्फ राजा पर थाना मोहम्मदी में 339/2024 धारा 379, मु0अ0सं0 248/2024 धारा 379 भादवि में दर्ज है व सुमित उर्फ फट्टू पर थाना मोहम्मदी में ही मु0अ0सं0 339/2024 धारा 379, मु0अ0सं0 248/2024 धारा 379 भादवि दर्ज है। अभियुक्त गौतम पर मु0अ0सं0 339/2024 धारा 379, मु0अ0सं0 248/2024 धारा 379 भादवि दर्ज है। पकड़े के अभियुक्तो गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर थाना हाजा पर मु0अ0सं0 420/2024 धारा 41 सीआरपीसी, 411, 413, 414, 420, 379 आईपीसी पंजीकृत कर माननीय न्यायालय भेजा जा रहा है।

## भैंस के बच्चे पर मगरमच्छ ने किया हमला

अवधनामा संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** धौरहरा वन रेंज के घोसियाना धूसाकलां गांव में नाले से निकले मगरमच्छ ने भैंस के बच्चे पर हमला कर घायल कर दिया। पीड़ित किसान ने वन विभाग को सूचना दी है। धौरहरा वन रैंज के घोसियाना धूसाकलां गांव में बूहस्पतिवार दोपहर गांव के पास ही नाले से निकले मगरमच्छ ने किसान रफीक अहमद उर्फ गुडडू की भैंस के बच्चे पर हमला कर घायल कर उसे नाले मैं खींच रहा था। तभी ग्रामीणों ने दौड़ कर उसे बचा लिया। मालूम हो इस गांव में मगरमच्छ एक साथ पहले एक दस वर्षीय बच्चे दिशान पुत्र सहीश को भी मार चुका है। आए दिन मगरमच्छ किसानों के जानवरों और कुत्ते मार देता है। इससे ग्रामीण काफी परेशान है। क्षेत्रीय वनाधिकारी नूपेंद्र चतुर्वेदी ने बताया ग्रामीण सतर्क रहे नाले के पास न जाए। वन टीम भी निगरानी करेगी।

# ईद उल अज़हा का त्यौहार अमन शांति से मनाया जाएगा : जिलाधिकारी

*अहमद रज़ा*

**सहारनपुर।** जिला मजिस्टेउट डॉ0 दिनेश चन्द्र एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ0 विपिन ताडा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में आगामी ईद-उल-अजहा के पर्व के दृष्टिगत शांति समिति एवं कानून व्यवस्था की बैठक की गयी। बैठक में डीएम ने कहा कि नमाज नियत स्थानों पर ही अदा की जाए, सार्वजनिक स्थानों पर न हो। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि हम सभी को हर-हालत में कानून का पालन करना है कोई नई परम्परा शुरू न करें। उन्होने कहा कि कुर्बानी के बाद अवशेष सार्वजनिक स्थानों पर इधर-उधर न फेंके। नगर निगम द्वारा अवशेष को ले जाने के लिए स्थान निर्धारित किये गये है, ढ़ककर ही ले जाया जाए। उन्होंने नगर निगम को पानी की बेहतर आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि व्यवस्था बनाना प्रशासन का काम है लेकिन उसमें सहयोग करना और साफ-सफाई बनाए रखना भी



आपकी जिम्मेदारी है। स्थानीय तहसील प्रशासन को पूरी सावधानी एवं सतर्कता बरतनी होगी। उन्होंने कहा कि प्रतिबन्धित जानवरों की कुर्बानी न दी जाए। उन्होंने नगर निगम समेत समस्त ईओ एवं एसडीएम को निर्देशित किया कि साफ-सफाई एवं पानी की समुचित व्यवस्था रखी जाए समाज के संभ्रान्त नागरिकों ने जिला प्रशासन को आश्वस्त कराया कि त्यौहार को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने में सभी का पूर्ण सहयोग रहेगा।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्री सुमित राजेश महाजन, अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ0 अर्चना द्विवेदी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व श्री रजनीश कुमार मिश्र, एसपी सिटी श्री अभिमन्यु मांगलिक, एसपी देहात श्री सागर जैन, सिटी मजिस्ट्रेट श्री गजेन्द्र कुमार, अपर नगर आयुक्त श्री एस0के0तिवारी, एसपी यातायात श्री सिद्धार्थ वर्मा, श्री जयनाथ शर्मा, मौलवी फरीद, शाहिद जुबैरी, श्री राजेश जैन, श्री ब्रित चावला, श्री शीतल टण्डन, मौलाना साजिद, सरदार दलजीत सिंह, पार्षद मंसूद बदर, श्री वीरेन्द्र ठाकुर सहित समस्त एसडीएम, ईओ एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## 25 जून तक ई-केवाईसी पर लगी रोक

अवधनामा संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** जिले में राशन वितरण और ई-केवाईसी का काम एक साथ होने की वजह से सर्वर ठीक से काम नहीं कर रहा है। ऐसे में न तो राशन वितरण हो पा रहा है और न ई-केवाईसी। विभाग ने 25 जून तक ई-केवाईसी पर रोक लगा दी है, ताकि राशन वितरण आसानी से सके। राशन वितरण पूरा होने के बाद ई-केवाईसी का काम शुरू हो जाएगा। जिले में 825640 राशनकार्ड धारक हैं। इसमें 715750 पात्र गृहस्थी और 109890 अंत्योदय के लाभार्थी हैं। यूनिट की बात की जाए तो पात्र पात्र गृहस्थी की 8209391 और अन्तोदय के 298240 यूनिट हैं। नए नियम के तहत सस्ता राशन लेने के लिए सभी यूनिटों का ई-केवाईसी कराना अनिवार्य कर दिया गया है। राशन कार्ड में जितने भी सदस्य होंगे, सभी की ई-केवाईसी करानी होगी।

# टीपीआरएस एजूकेशनल इंस्टीट्यूट के छात्रों ने किया विद्यालय का नाम रोशन



अवधनामा संवाददाता

**मोहम्मदी-खीरी।** स्थानीय विद्यालय टीपीआरएस एजूकेशनल इंस्टीट्यूट के छात्र अभिनव मिश्रा पुत्र दीपक मिश्रा ने जे.ई.ई मेन में 83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया तथा विद्यालय के दो होनहार बच्चों ने नीट में भी 675 व 651 अंक प्राप्त कर राष्ट्रीय पात्रता व प्रवेश परीक्षा (नीट) के लिए अर्हता प्राप्त की। विद्यालय प्रबन्धक आनन्द कुमार गुप्ता (एडवोकेट) ने छात्र को आशीर्वाद दिया व जीवन में सदैव आगे बढ़ते रहने के लिए प्रयत्नशील रहने की शिक्षा दी। प्रधानाचार्य पंकज श्रीवास्तव ने इस सफलता के लिए छात्र को आशीर्वाद दिया और उनके उज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर वैष्णव आनन्द गुप्ता व अध्यापक सरताज आलम, उपेन्द्र वर्मा, विशेष वर्मा, लेखाधिकारी आशीष शर्मा, आमना अंजुम व अन्य शिक्षकगण मौजूद रहे।

## पांच दिन से लापता युवक की बरामदगी न होने पर भड़के परिजन

अवधनामा संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** बेहजम क्षेत्र में कोढैया निवासी रिंकू पांच दिन से लापता है। वह अपनी ससुराल अटनैहा गांव, कोतवाली सदर गया था, जहां से वापस घर नहीं पहुंचा। परिवारीजनों ने सदर कोतवाली क्षेत्र की एलआरपी चौकी में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई लेकिन पुलिस ने कोई सुनवाई नहीं की। उसका कोई सुराग नहीं लगा है। रिंकू के बरामद न होने से नाराज परिजनों ने गामीणों के साथ मिलकर बृहस्पतिवार दोपहर लीलाकुआं चौराहे पर जाम लगा दिया, जिससे करीब लगभग आधे घंटे तक सड़क जाम रही। जिसकी सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष कौशल किशोर, चौकी इंचार्ज लीलाकुआं प्रवीण कुमार मौके पर पहुंचे और लोगों को समझा बुझाकर शांत कराया और जाम खुलवाया।

## दिगम्बरपुर में बना 115 मीटर नाला, जलभराव से मिलेगी निजात

**मवई-अयोध्या।** मवई ब्लाक के दिगम्बरपुर गांव के बाशिंदों को अब हर वर्ष बारिश के महीनों में होने वाली जलभराव की विषम समस्याओं से निजात मिल सकेगी इसके लिए रुदौली विधायक रामचंद्र यादव ने मवई ग्राम प्रधान के पति अब्बास को निर्देश दिया था। जिसके फलस्वरूप नाला और आरसीसी मार्ग मानसून से पहले बनकर तैयार हो चुका है। आपको बता दें मवई ब्लाक के मवई ग्राम पंचायत के मजरे दिगम्बरपुर गांव में हर वर्ष बारिश के दिनों में जलभराव होने से यहाँ के वाशिंदों को नारकीय जीवन जीने को मजबूर होना पड़ता था।लोगो को अपने घरों में आने जाने के लिए कीचड़ और गंदगी से होकर गुजरना पड़ता था।जिसकी वजह से बीमारियों के फैलने का भी अंदेशा बना रहता था। इस विषम समस्या से निजात दिलाने की मांग ग्रामीणों ने रुदौली विधायक रामचंद्र यादव से किया था जिसके बाद विधायक ने ग्राम प्रधान अब्बास को इस कार्य के लिए निर्देश दिया।

# एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन संपन्न

अवधनामा संवाददाता

**रायबरेली।** प्रदेश में युवाओं को रोजगार स्वरोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर भारत अभियान तथा हर हाथ को काम के तहत राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, ऊंचाहार, रायबरेली में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ सहायक सेवायोजन अधिकारी सुश्री तनुजा यादव द्वारा किया गया। उन्होंने अभ्यर्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि यहां मिल रहा छोटा सा अवसर आपके जीवन को नया आयाम दे सकता है। नियोजकों से संवाद करें, सेवा शर्तो के बारे में पता करें। उसी नियोजक के यहां सेवा का चयन करें, जिससे आपके सपने साकार हो सके सुश्री तनुजा यादव ने साथ-साथ रोजगार संगम पोर्टल पर पंजीयन करने की जानकारी संस्थान के प्रशिक्षार्थियों को दी गयी।

कम्पनी प्रतिनिधियों द्वारा अपनी कंपनी की सेवा शर्तो के बारे में



जानकारी दी गयी। एमसीसी वाई0पी0 रामेन्द्र कुमार पाण्डेय द्वारा रोजगार मेले में एनसीएस पोर्टल पर निःशुल्क पंजीयन तथा कैरियर मार्गदर्शन दिया गया। मेले में विभिन्न कम्पनियों द्वारा साक्षात्कार की प्रक्रिया पूर्ण की गयी। जिसमें 159 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। विभिन्न पदों हेतु बूसा लिमिटेड, लखनऊ, पुखराज हेल्थ केयर प्रा0लि0 आदि कम्पनियों द्वारा कुल 57 अभ्यर्थियों को प्राथमिक रूप से चयनित किया गया एवं कुछ कम्पनियों के चयन परिणाम अपेक्षित है। इस कार्यक्रम की संक्षिप्त रूपरेखा सहायक सेवायोजन अधिकारी सुश्री तनुजा यादव ने रखी एवं सभी कंपनियों एवं रोजगार के बारे में विस्तृत रूप से बताया। राजकीय आई0टी0आई0, ऊँचाहार के प्रधानाचार्य पवन मिश्रा तथा अन्य अनुदेशकों व सहायकों का रोजगार मेले को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान रहा। जिला सेवायोजन कार्यालय, रायबरेली के जितेन्द्र सिंह कनौजिया, अनुदेशक धीरेन्द्र सिंह तथा रामेन्द्र कुमार पाण्डेय द्वारा मेले के आयोजन में सहयोग प्रदान किया गया है।

## दिव्यांगजनों को दुकान निर्माण/संचालन हेतु करें आवेदन

अवधनामा संवाददाता

**रायबरेली।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी मनीष कुमार मिश्रा ने बताया कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उ0प्र0 द्वारा दिव्यांग व्यक्तियों के पुनर्वासन हेतु दुकान निर्माण/ संचालन योजना संचालित है। इस योजना के अंतर्गत रु0 10,000/- धनराशि जिसमें रु0 7,500/- की धनराशि 4 प्रतिशत वार्षिक साधारण ब्याज की दर पर ऋण के रूप में तथा रू0 2,500/- अनुदान के रूप में प्रदान की जाती है। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी ने बताया कि ऐसे दिव्यांगजन जिनके पास न्यूनतम 40 प्रतिशत का दिव्यांगता प्रमाण-पत्र एवं जिनकी आयु 18 वर्ष या उससे अधिक किन्तु 60 वर्ष से अधिक न हो, साथ ही जिनके पास व्यवसाय चलाने हेतु पर्याप्त स्थान एवं संसाधन उपलब्ध हो, वे दुकान निर्माण/ संचालन योजना का लाभ पाने हेतु इस योजना का आवेदन-पत्र कार्यालय, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, विकास भवन, रायबरेली से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त करके, वेबसाइट http://divyangjandukan.upsdc.gov.in पर अनिवार्य रूप से ऑनलाइन आवेदन करने के उपरान्त समस्त संलग्नकों सहित आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी कार्यालय, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, रायबरेली स्थित विकास भवन भूतल में जमा कर सकते हैं।

# 30 कुंतल भूसा निराश्रित गोवंशों के भरण-पोषण हेतु किया गया दान



अवधनामा संवाददाता

**रायबरेली।** जनपद रायबरेली, विकासखंड राही के अस्थायी गोवंश आश्रय स्थल कनौली में संरक्षित 294 निराश्रित/बेसहारा गोवंशों के भरण पोषण हेतु रवीन्द्र प्रताप सिंह, (निर्माता-मेसर्स शिव आई0टी0 एण्ड सोशल वेलफेयर सोसाइटी) द्वारा लगभग 30 कुंतल भूसा का दान किया गया। रवीन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि भूसा दान महादान है, इसमें हम सभी नागरिकों को बढ़-चढ़कर निराश्रित गोवंशों के भरण पोषण हेतु भूसा दान किये जाने में सहयोग प्रदान करना चाहिये तथा अन्य सभी स्थानीय निवासियों को भी भूसा दान हेतु प्रेरित किया जाना चाहिये। उपस्थित ग्रामीणों द्वारा भूसा दान महादान पर पुरजोर सहमति जताई गई। इस अवसर पर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ अनिल कुमार, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी सदर रायबरेली डॉ संजय सिंह, प्रमोद सिंह ड्रेसर, पशुधन प्रसार अधिकारी पंकज गुप्ता, केयर टेकर आलोक कुमार तथा 04 गोसेवक के साथ-साथ भगवानदीन, माता बक्श, दिलीप कुमार, शाहनवाज, कमल सिंह, वीरेन्द्र यादव, सतेन्द्र बहादुर, रामफेर, राजकमल, किशोरी लाल आदि ग्रामीण उपस्थित रहें।

## 65 हजार उपभोक्ताओं के घर लगाए जाने हैं प्रीपेड स्मार्ट मीटर

अवधनामा संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** रीवैंप योजना के तहत शहर के करीब 65 हजार उपभोक्ताओं के घर प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाए जाने हैं। सर्वे कराया जा रहा है। सर्वे का काम पूरा होने के बाद शहर में प्रीपेड मीटर लगाए जाने का काम शुरू हो जाएगा। प्रीपेड मीटर को मोबाइल की तरह रिचार्ज करना होगा, तभी बिजली मिलेगी।जनपद में बिजली चोरी की बड़ी समस्या है। अंधाधुंध बिजली चोरी होने की वजह से लोड बढ़ता है, जो फॉल्ट और लो-वोल्टेज का कारण बनती है। बिजली चोरी रोकने और उपभोक्ताओं को 24 घंटे बिजली मुहैया कराने के लिए शासन ने प्रीपेड मीटर लगाने की योजना तैयार की है।

# मवई ब्लाक के गांवों में सफाई व्यवस्था धड़ाम,सड़क से गलियों तक फैला कचरा

**साफ-सफाई के लिए तैनात कर्मियों की लापरवाही जनहित पर भारी**

अवधनामा संवाददाता

**मवई-अयोध्या।** ग्रामीण क्षेत्रों में साफ-सफाई के लिए तैनात कर्मियों की लापरवाही जनहित पर भारी है। बारिश का मौसम शुरू होने वाला है ऐसे में नालियों की सफाई न होने से जलभराव की समस्या से ग्रामीणों को परेशान होना पड़ेगा।गांवों में सफाईकर्मी फोटो खिंचवाने के बाद अपनी जिम्मेदारियों से मुंह मोड़ ले रहे हैं। नतीजतन गांव की सफाई राम भरोसे है। कुछ सफाईकर्मी ऐसे भी हैं, जो वर्षो से गायब हैं और बगैर काम किए ही वेतन ले रहे हैं। कुछ सफाईकर्मी अधिकारियों की कृपा से ब्लाक व जिला कार्यालय पर तैनात हैं। कुछ तो उच्चाधिकारियों की सेवा में लगा दिए गए हैं। मवई ब्लाक के 51 ग्राम पंचायतों में कुल 76 सफाईकर्मियों की तैनाती है। जिनमे से 56 सफाईकर्मी ग्राम पंचायत में तैनात है तो वहीं 20 सफाईकर्मी अलग अलग जगहों पर अधिकारियों के कार्यालयों पर अटैच किए गए है। जबकि इन सभी को गांव की मुख्य सड़कों, गलियों, नालियों के साथ ही सरकारी स्कूलों और भवनों के साफ-सफाई की जिम्मेदारी दी गई है, लेकिन ये अधिकतर गांवों में जाते ही नही है। दर्जनों ऐसे भी सफाईकर्मी हैं, जो अलग से कोई काम-धंधा कर रहे हैं। सफाईकर्मियों की लापरवाही से गांवों में स्वच्छता अभियान धड़ाम है। सड़कों, गलियों में फैली गंदगी के बीच ही यहां के निवासी रहने को विवश हैं। गांवों में साफ सफाई नहीं होने की शिकायत का संज्ञान नहीं लिया जाता है। मवई ब्लॉक अंतर्गत संडवा,गोंडियन पुरवा,भवानीपुर दिगंबरपुर बसौंढ़ी दुल्लापुर सेवड़हरा महमूदपुर सुल्तानपुर रतनपुर अशरफनगर रानेपुर सिपहिया कोटवा मीरमऊ असरखपुर गंगरेला पूरे कामगार लखनीपुर मखदुमपुर मोहम्मदपुर दाउदपुर धधवारा मवई चौराहा हंसराजपुर मोहम्मदपुर खजुही मवई जुनेदपुर कसारी उमापुर भटमऊ नारायणपुर गणेशपुर माजनपुर नेवरा रजनपुर पटरंगा कामापुर लोधन पुरवा रामपुर जनक पकड़िया गांव मोहम्मदपुर दाउदपुर रानीमऊ नेवाजपुर धनौली बाबू का पुरवा मजरा रेंछ मथुरा का पुरवा देवईत रानीमऊ पूरे काजी रसूलपुर पूरे सीकदारी रतनपुर पूरे परागदत्त पुरवा पटरंगा मंडी सहबादचक गजकरी पचलो आदि गांवों में सफाईकर्मी कभी कभार सिर्फ फोटो खिंचवाने के लिए जाते है। इन गांवों में गंदगी का अम्बार लगा हुआ है। संडवा गांव के पप्पू यादव, गोंडियन पुरवा के शिवा कश्यप,भवानीपुर के हिमांशु श्रीवास्तव, दिगम्बर पुर के सुनील यादव,मिथुन यादव,बसौधी के नुरुल्लाह नसरुल्लाह,मत्था नेवादा गांव के प्रशांत तिवारी,दुल्लापुर गांव के अंजनी साहू,सुनील कुमार सेवढारा गांव के सुनील कुमार, सुल्तानपुर गांव के लवकेश,रतनपुर के सतीश मिश्र, मंशाराम, अशरफ नगर के संतोष पटेल,रानेपुर के जयप्रकाश व विनय कुमार, कोटवा के आनन्द शुक्ल, मीरमऊ के बलवीर,अशरफ़ पुर गंगरेला के रामबरन,पूरे कामगार के राजेश यादव, लखनीपुर के लालाराम,मखदुमपुर के आंनद कुमार रावत आशुतोष गुप्ता, मोहम्मद पुर दाऊद के संदीप कुमार, धधवारा के रवि वर्मा,मवई चौराहा के सरवर जमाल, हंसराजपुर के गजेंद्र सिंह,मोहम्मद पुर खजुही के चंद्रमा सिंह, जुनेदपुर के जितेंद्र वर्मा, कसारी के राहुल, उमापुर के बबलू, मवई गांव के वैश खाँ, सुशील मौर्य, भैसौली के ओमप्रकाश यादव, माजनपुर के विपिन कुमार, नेवरा के संजय जायसवाल, रजनपुर के विनय यादव,पटरंगा गांव के नंदन जायसवाल व शिव वरदान, कामापुर के अभय यादव, लोधनपुरवा मजरे भवानीपुर के रामअवध लोधी,रामपुर जनक के जैनुल आब्दीन, पकड़िया गांव के सिद्धार्थ यादव, रानीमऊ के पंडित लालजी महाराज,भटमऊ नारायन पुर के राजकुमार तिवारी,नेवाजपुर के रामजी यादव,धनोली के आमिर अहमद, जुनेदपुर के शिव पूजन,कौशल किशोर मथुरा का पुरवा,हरिनंदन सिंह सिकदारी पुरवा, कृष्ण गोपाल वैश्य पटरंगा मंडी,पचलो के सईद अहमद समेत सैकड़ो लोगो ने सफाई कर्मी कभी भी न आने की शिकायत किया है और गांव में तैनात लापरवाह कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

# दिव्यांगजनों से विवाह करने पर शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के अंतर्गत आवेदन पत्र आमंत्रित

अवधनामा संवाददाता

**रायबरेली।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी मनीष कुमार मिश्रा ने बताया कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उ0प्र0 द्वारा दिव्यांगजन शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के अंतर्गत दम्पति में युवक के दिव्यांग होने की दशा में रु 15,000/- व युवती के दिव्यांग होने की दशा में रु 20,000/- तथा युवक-युवती के दिव्यांग होने की दशा में रु 35,000/- धनराशि निर्धारित है।

जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी ने योग्यता के बारे में बताया कि शादी के समय युवक की आयु 21 वर्ष से कम तथा 45 वर्ष से अधिक न हो। युवती की उम्र 18 वर्ष से कम तथा 45 वर्ष से अधिक न हो। दम्पत्ति में कोई आयकर दाता न हो। मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा प्रदत्त प्रमाण-पत्र के अनुसार दिव्यांगता 40 प्रतिशत या उससे अधिक होनी चाहिये। ऐसे दिव्यांग दम्पत्ति पात्र होंगे जिनका विवाह गत वित्तीय वर्ष एवं वर्तमान वर्ष में हुआ हो। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी मनीष कुमार मिश्रा ने कहा कि दिव्यांग शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के अंतर्गत इच्छुक दिव्यांग दम्पत्ति वर्तमान वर्ष एवं गत वित्तीय वर्ष में सम्पन्न शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार हेतु ऑनलाइन http://divyangjan.upsdc.gov.in पर आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन फार्म भरते समय आवेदक दम्पत्ति को दिव्यांगता प्रदर्शित करने वाला संयुक्त नवीनतम फोटो, आय व जाति प्रमाण-पत्र युवक एवं युवती का आयु प्रमाण-पत्र (जिसमें जन्म तिथि का अंकन हो), सक्षम अधिकारी का निर्गत दिव्यांगता प्रमाण-पत्र, राष्ट्रीयकृत बैंक में संचालित संयुक्त खाता, अधिवास का प्रमाण-पत्र एवं युवक एवं युवती की आधार कार्ड की छायाप्रति, विवाह का कार्ड आदि अभिलेखों के साथ आवेदन पत्र ऑनलाइन उपरोक्त वेबसाइट पर करना अनिवार्य है। साथ ही ऑनलाइन सबमिट आवेदन पत्र की प्रिंट प्रति एवं वांछित प्रपत्रों की हार्ड कॉपी कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्ती करण अधिकारी, विकास भवन, रायबरेली में प्राप्त कराये। अधिक जानकारी के लिये जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में सम्पर्क कर सकते हैं।

## विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय पुरस्कार हेतु करें आवेदन

**रायबरेली।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी मनीष कुमार मिश्रा ने बताया कि प्रत्येक वर्ष 03 दिसम्बर को विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर दक्ष दिव्यांग कर्मचारियों/स्वनियोजित दिव्यांगजन तथा दिव्यांगजन के पुनर्वासन हेतु उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों, संगठनों, विभागों एवं दिव्यांग खिलाड़ियों इत्यादि को राज्य स्तरीय पुरस्कारों से पुरस्कृत किया जाता है। इस अवसर पर दक्ष दिव्यांगजन कर्मचारी/ स्वनियोजित, सर्वश्रेष्ठ नियोक्ताओं तथा प्लेसमेंट अधिकारी या एजेंसी, दिव्यांग व्यक्तियों के निमित्त कार्यरत सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति तथा संस्था, प्रेरणास्रोत, दिव्यांग जन व्यक्तियों के जीवन सुधारने के लिए सर्वश्रेष्ठ नवीन अनुसंधान या उत्पाद विकास, दिव्यांगजन व्यक्तियों के लिए बाधा मुक्त वातावरण के सृजन में उत्कृष्ट कार्य के लिए, पुनर्वास सेवाएं प्रदान करने में कार्यरत संस्थाओं के लिए, सर्वश्रेष्ठ सृजनशील दिव्यांग वयस्क व्यक्तियों एवं बालक/बालिका, सर्वश्रेष्ठ ब्रेल प्रेस, दिव्यांगजनों के लिए सर्वोत्तम अनुकूल वेबसाइट, सर्वश्रेष्ठ दिव्यांग खिलाड़ी एवं दिव्यांगजन के सशक्तीकरण हेतु कार्यरत अधिकारी/कर्मचारी के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी ने कहा कि इच्छुक दिव्यांगजन एवं दिव्यांगता के क्षेत्र में कार्य करने वाली संस्थाएं राज्य स्तरीय पुरस्कार से संबंधित विस्तृत जानकारी तथा आवेदन पत्रों के निर्धारित प्रारूप विभाग की वेबसाइट http://uphwd.gov.in द्वारा प्राप्त कर अपने आवेदन पूर्ण कर तीन प्रतियों में आवश्यक संलग्नकों सहित 15 जुलाई, 2024 तक कार्यालय, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, रायबरेली स्थित विकास भवन, भूतल में अवश्य जमा करा दें।

# भुखमरी की कगार पर नगर पंचायत आनन्दनगर के कर्मचारी, चार माह से नहीं हुआ वेतन का भुगतान

मनव्वर रिज़वी



- सफाई कर्मियों को नगर पंचायत अध्यक्ष पति की नमकीन फैक्ट्री में जबरन काम करने के लिए किया जाता है मजबूर
- अधिशासी अधिकारी समेत सैकड़ों कर्मचारियों के सामने आर्थिक संकट

**गोरखपुर।** देश भर के लगभग 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज उपलब्ध कराने वाली मोदी सरकार और उस मुफ्त अनाज को उत्तर प्रदेश के हर घर में पहुंचाने वाली योगी सरकार के मुखिया के पड़ोसी जनपद महराजगंज में उन्ही की पार्टी यानी भाजपा से जुड़े आनन्दनगर नगर पंचायत अध्यक्ष के पति ने कर्मचारियों के सामने रोटी का संकट खड़ा कर दिया है। हालत ये है कि यहां तैनात सैकड़ो कर्मचारी भुखमरी की कगार पर पहुंच गए हैं।

यहां फरवरी 2024 से अब तक कर्मचारियों को कोई वेतन भुगतान नही किया गया है। वहीं यहां तैनात महिला अधिशासी अधिकारी को भी जनवरी 2024 से वेतन नही मिला। होली बीती, ईद गुज़री और यहां तक कि लोकसभा चुनाव भी सम्पन्न हो गया लेकिन जिले के ज़िम्मेदार अधिकारी आश्वासन के अलावा यहां के कर्मचारियों को न तो वेतन दिला पाए और न ही अध्यक्ष पति की नमकीन फैक्ट्री में नगर पंचायत के कर्मचारियों को जाने से रोक पाए। जिलाधिकारी महराजगंज को दिए अपने एक पत्र में कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि उनसे गाली गलौच करने के अलावा जबरन अध्यक्ष पति की नमकीम फैक्ट्री में काम करने के लिए मजबूर किया जाता है। इतना सब होने के बाद भी देश के वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी के निर्वाचन क्षेत्र में इस प्रकार की वित्तीय अनियमितता और अत्याचार जारी है और शासन प्रशासन कान में तेल डाले शायद किसी कर्मचारी की भूख से मौत या आत्महत्या की खबर के इंतेज़ार में है।

# त्योहारों को लेकर डीएम ने की बैठक, दिए निर्देश

अवधनामा संवाददाता



**फरुर्खाबाद।** जिलाधिकारी डॉ0 वी0 के0 सिंह की अध्यक्षता में आने बाले त्यौहार गंगा दशहरा, बकरीद के मद्देनजर जिला स्तरीय शांति कमेटी की बैठक कलेक्ट्रट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया कि गंगा दशहरा पर पांचाल घाट पर मेडिकल कैम्प व दोनों तरफ 02- 02 एम्बुलेन्स लगाई जाए, श्रंगीरामपुर, ढाई घाट व अटैना घाट पर भी 02-02 एम्बुलेंस लगाई जाये,सभी घाटो पर पार्किग की व्यवस्था सुनिश्चित करे, सभी घाटो पर साफ सफाई की व्यवस्था दुरुस्त कर ली जाये, जिला पंचायत अपने सभी घाटो पर व्यवस्था सही करे,सभी घाटो पर गोताखोरों की तैनाती कर सूची सार्वजनिक करें, विधुत विभाग को निर्देशित किया कि उनका कोई भी तार झुका हुआ न हो ,विधुत की आपूर्ति निर्वाध हो ट्राली ट्रांसफार्मर लगाए, ई ओ नगर पालिका व डीपीआरओ को निर्देशित किया कि पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करे,पांचाल घाट पर मोबाइल टॉयलेट लगाए जाए, जिलाधिकारी द्वारा ए आर टी ओ को निर्देशित किया कि पांचाल घाट पर पार्किग की व्यवस्था सुनिश्चित करे। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि बकरीद के लिए सभी ईदगाहों की साफ सफाई सुनिश्चित की जाये बड़ी ईदगाहों पर एम्बुलेन्स लगाई जाये व सभी जगह ओ आर एस की व्यवस्था की जाये, कुर्बानी के अवशेष खुले में, रोड व नाली में न फेके, सभी लोग आपसी सौहार्द से सभी त्यौहार मनाये सभी लोग व्यवस्था को दुरुस्त करने में सहयोग करे। बैठक में पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देशित किया गया कि कोई भी व्यक्ति कानून का उल्लंघन न करे, गंगा दशहरा में ट्रैक्टर ट्राली से न आये, सड़क पर नमाज का आयोजन न हो बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, अपर पुलिस अधीक्षक, नगर मजिस्ट्रेट व संवंधित अधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

# लो-वोल्टेज व फ्लक्चुएशन से उपभोक्ता परेशान

अवधनामा संवाददाता

- लो-वोल्टेज के कारण घरों नही चल रहा मोटर व पंखा

**गोरखपुर।** लो-वोल्टेज और फ्लक्चुएशन से नगरपंचायत सहजनवा वार्ड 4 तहसील रोड शादी मैरिज हाल के पीछे सैकड़ो घरों के लोग खासे परेशान हैं। कई बार शिकायत करने के बाद भी इस मोहल्ले में बिजली व्यवस्था नहीं सुधर पा रही है। फ्लक्चुएशन के कारण लोगों के घरों के उपकरण जल रहे हैं तो कहीं लो-वोल्टेज के कारण मोटर पंखा भी नही चल रहा है।

**पिछले दो माह से है प्रॉब्लम-** सहजनवा तहसील 33 /11 के. वी. डिवीजन के अंतर्गत आने वाले तहसील परिसर के अंदर लगे ट्रांसफार्मर से संचालित हो रही विजली से पिछ्ले दो माह से तहसील रोड व मोहले में लो वोल्टेज व फ्लक्चुएशन की बड़ी समस्या अधिकारियों को कई बार शिकायत करने पर भी बिजली आपूर्ति सुचारु नहीं हो पाई है। उपभोक्ताओं ने कई बार अधिकारियों से शिकायत भी की लेकिन उसके बाद भी व्यवस्था नहीं सुधर पाई। वहीं सहजनवा नगरपंचायत के कई क्षेत्रों में पुरे दिन व रात लो-वोल्टेज की समस्या बनी हुई है।

**ट्रांसफॉर्मर पर भी उठ रहे है सवाल-** उपभोक्ताओं ने बताया कि करीब दो महीने पहले तहसील परिसर में लगा ट्रांफार्मर 250 केवी का था। लेकिन जबसे 400 केवी का ट्रांफार्मर लगा तब से यह समस्या बनी है।

अब उपभोक्ताओं ने बिजली विभाग से सवाल उठाया है कहि ट्रांफार्मर बाहर से 400 केवी का व अंदर से कुछ और न हो । यह तो जांच की जाए तो दूध का दूध व पानी का पानी हो जाएगा। इस सम्बंध में अधिशासी अभियंता सोमदत्त शर्मा से बात की गई तो बताया जेई से कहकर ठीक कराया जाएगा।

# साथियों के साथ नहाने गया छात्र रामगंगा नदी में डूबने से मौत

अवधनामा संवाददाता

**अमृतपुर फरुर्खाबाद।** रामगंगा नहाने गया छात्र गहरे पानी में डूब गया जिससे मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गयी। कड़ी मसक्कत के बाद ग्रामीणों नें बाहर निकाला। परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजेपुर लेकर पहुंचे जहाँ चिकित्सक नें मृत घोषित कर दिया। जनपद फर्रुखाबाद के अमृतपुर थाना क्षेत्र के ग्राम करनपुर दत्त निवासी 16 वर्षीय अजीत पुत्र राजेश्वर राजपूत अपने बड़े भाई सुमित रिश्तेदार दिवेश के साथ रामगंगा महोलिया घाट पर आया था। नहानें के दौरान अजीत गहरे पानी में डूब गया। ग्रामीणों के कभी प्रयासों के बावजूद शव नहीं तलाश पाए। चरबाहियो के द्वारा परिजनों को सूचना दी गई। परिजन मौके पर पहुंचे और मछुआरों की मदद से अजीत को बाहर निकाल कर राजेपुर सीएचसी केंद्र ले गये। जहां ड्यूटी पर तैनात डॉ. प्रमित राजपूत के द्वारा युवक को मृत घोषित कर दिया गया। सूचना मिलने पर तहसीलदार कर्मवीर, 112 पुलिस, प्रधान राजकुमार, जिला पंचायत सदस्य पुत्र प्रिंस चौहान मौके पर पहुंचे। मृतक की मां मीरा देवी व बहन शिप्ली व अन्य पारिवारिक जनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। मृतक अजीत अमृतपुर आरआर पब्लिक स्कूल में कक्षा 8 का छात्र था। सुमित सचिन गौरव में से अजीत सबसे छोटा था।मृतक के परिजनों ने पोस्टमार्टम करने से मना कर दिया। छात्र की दुखद मृत्यु पर प्रत्येक व्यक्ति दुखी हो रहा था। जब लोगों को जानकारी हुई तो गांव वालों की भीड़ लग गई।

## ट्रक पर लदे 25 गौवंश बरामद 5 पशु तस्कर गिरफ्तार

**गोरखपुर।** गीडा पुलिस ने डिसियम ट्रक पर लदे 25 गौवंशों को बरामद कर 5 पशु तस्करो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मिली जानकारी से वृहस्पतिवार को प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र कुमार राय के नेतृत्व में,चौकी इंचार्ज नौसढ अरुण कुमार सिंह,कास्टेबिल शैलेंद्र यादव,प्रेम बहादुर,शिव प्रकाश सिंह,प्रदीप कुशवाहा नौसढ के पास संदिग्ध और वारंटियों की तलाश में गस्त पर निकले हुए थे। तभी एक डिसियम आता हुआ दिखाई दिया। जिसे पुलिस ने रोकने की कोशिश किया तो वह भागने लगा। पुलिस ने उसे घेर लिया और तलाशी ली तो उसमे 25 गौवंश लदे हुए थे। जो वध करने के लिए ले जा रहे थे। डिसियम में सवार 5 पशु तस्कर को गिरफ्तार किया।


## उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

ई–ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से संबंधित सूचना।

| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ0रे0–मण्डल–वाणिज्य/उ0रे0 |
|---|---|
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | MSS-LKO-MBDP-RCR-23-24-3 (Misc-Static-Services-Rail Coach Restaurant) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 07.06.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 24.06.2024 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 24.06.2024 समय 11:30 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | MSS-LKO-BCN-RCR-24-24-2 (Misc-Static-Services-Rail Coach Restaurant) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 07.06.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 24.06.2024 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 24.06.2024 समय 11:40 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | MSS-LKO-RBL-RCR-22-24-5 (Misc-Static-Services-Rail Coach Restaurant) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 07.06.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 24.06.2024 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 24.06.2024 समय 11:50 बजे |
| नीलामी के प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

1774/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई–प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे आलमबाग लखनऊ–226005 द्वारा इच्छुक फर्मो से निम्नलिखित मद के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

| क्र0 सं0 | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 51245216 | Supply, Installation & Commissioning of Coil Spring Scragging & Load Deflection Testing Machine with Axial Shift for LHB & IRY Coaches as per attached Technical Specification No. C&W/LKO/CSLDTM/2023 | 1 Nos | 01.08.2024 |

निविदा शर्तें–1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नही की जायेगी।

टेंडर नोटिस सं: 51245216 दिनांक: 13.06.2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1784/24



## सूचना

एक बेनामा जिसका विक्रेता मौ. रईस पुत्र मौ. नफीस नि.शाहमदार, स.पुर क्रेता श्रीमती विजय लक्ष्मी पत्नी अशोक कुमार वत्स नि.कपिल विहार, स.पुर 3.1.1995 बही सं.1, जि 136-160, पृष्ठ 473-488 द.नं.9 कार्य.सब रजि.स.पुर में दर्ज है,10.6.24 को 11बजे दिन कोर्ट प्रांगण में गिर गया ढूंढा नहीं मिला, मिलें तो बताये।

**मोहित द्वारा एड.पंकज सिंह 141, सिविल कोर्ट, सहारनपुर मो. 9675983535**

## सूचना

सभी को सूचित करता हूं कि मेरी पत्नि ने मुझ से तलाक़ लेली है मेरी पुत्री शिफा व पुत्र उवैश अपनी मां के साथ चले गए हैं अतः उक्त दोनों को मैनें हमेशा के लिए अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है मेरे जीवित रहते व मेरी मृत्यु के बाद उक्त दोनों शिफा और उवैस का मुझ से कुछ भी लेना देना नहीं होगा।

**जीशान पुत्र ईनाम नि. मौ. नीमतला, कलंदर बख्श, थाना मण्डी, सहारनपुर**

## सूचना

मैं मौ0 नदीम पुत्र जाहिद हसन नि0 ईनाम कालोनी, यामीन मस्जिद के पास थाना कुतुबशेर जिला सहारनपुर सूचित कर रहा हूं कि गलत संगत और आचरण के कारण मैंने अपने पुत्र मौ. साहिल नि. ईनाम कालोनी, यामीन मस्जिद, कुतुबशेर, सहारनपुर को अपनी कुल चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर उससे सभी संबंध खत्म कर लिये हैं भविष्य में अपने कार्य हेतु वोह खुद ही ज़िम्मेदार होगा। मैं गोपाल पुत्र रणजीत निवासी ग्राम कातला कलां, थाना चिलकाना, सहारनपुर बयान करता हूँ कि मेरा पुत्र प्रवीन कुमार मेरे कहने मे नही है गलत संगत मे रहता है कहना नहीं मानता लडाई झगडा करता है और मेरा अपमान करता है तंग आकर मैंने पुत्र प्रवीन कुमार से सभी संबंध खत्म कर उसे अपनी कुल संपत्ति से बे दखल कर दिया है।


## वार्षिक गोष्ठी का आयोजन

**महमूदाबाद (सीतापुर)।** नगर के पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में ऐप्जा संगठन की वार्षिक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में संगठन की तहसील इकाई का वार्षिक पुनर्गठन किया गया। संघठन के चीफ को-ऑर्डिनेटर अनुराग सारथी के नेतृत्व में हुई बैठक में तहसील इकाई द्वारा लगभग एक दर्जन से अधिक सदस्यों ने सदस्यता ग्रहण की। बैठक में संगठन की तहसील कार्यकारिणी द्वारा कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। संगठन के चीफ कोऑर्डिनेटर ने अपने संबोधन में कहा कि संगठन की तहसील स्तर पर जो महती जिम्मेदारी पत्रकार साथियों के हितों, विकास, न्याय के लिए उनको सौंपी गई है, उसका पूरा मनोयोग से पूरा करेंगे। किसी भी जनपद में अब पत्रकार साथियों का जनप्रतिनिधि व शासन-प्रशासन द्वारा उत्पीड़न, पुलिस द्वारा फर्जी मुकदमों में फंसाने आदि मुद्दों पर हिंसात्मक तरीके से विरोध किया जाएगा।


## कार्यालयः अधिशासी अभियंता जोन-7 इन्दिरा नगर, जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ।

### अल्पकालीन निविदा सूचना

प0सं0- 53 / एलेएस/ईई-7 दिनांक-13-6-24

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से नीचे दिये गये विवरण के अनुरूप कार्य कराने हेतु निविदायें दिनांक-20.6.24 के सायंकाल 4:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक-20-6-24 को 1:00 बजे तक निविदा मूल्य का नगद भुगतान कैश काउन्टर पर करके निविदा प्राप्त किये जा सकते है। भरी हुई सील्ड निविदायें उसी दिन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में सांयकाल 3:30 बजे तक निविदा बाक्स में प्राप्त की जायेगी। निविदा बाक्स से प्राप्त सभी निविदायें उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष सांय 4:00 बजे खोली जायेगी।

| क्र.सं. | कार्य का विवरण | निविदा का मूल्य | धरोहर धनराशि |
|---|---|---|---|
| 01 | Repairing of 110mm dia PVC Pipe line Leakage 19 Plaecs in Indira Nagar Lucknow | 300.00 | 4300.00 |
| 02 | Repairing of 110mm dia, 63mm dia &140mm dia PVC Pipe line Leakage 28 Plaecs in Indira Nagar Lucknow | 300.00 | 5000.00 |

नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में दी गई हैं, जिन्हे देखा जा सकता है। विस्तृत जानकारी अधिशासी अभियंता जोनं-7 इन्दिरा नगर लखनऊ के कार्यालय में सम्पर्क कर किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी/महाप्रबन्धक में निहित है।

**अधिशासी अभियन्ता जोन-7**
**जलकल विभाग**

## कार्यालय ग्राम पंचायत- लटिया वि.खं. डुमरियागंज, जनपद-सिद्धार्थनगर

### अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत लटिया विकास खण्ड डुमरियागंज द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/क्रेन्द्रीय वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान/स्वच्छ भारत अभियान योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 में स्वीकृत तथा कराए जाने वाले कार्यों व आरआरसी, वर्मी कंपोस्ड, नेडफ एवं एस.एल.डब्लू. एम के अंतर्गत अन्य कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईट बालू सीमेंट सरिया, मोरंग, इंटरलाकिंग, ईट ह्यूम पाइप स्ट्रीट लाइट सोलर लाइट, टाइल्स व ठोस अपशिष्ट प्रबंधन से संबंधित सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित किया जाता है इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 19.06.2024 को 12:00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत लटिया के कार्यालय के निविदा बॉक्स में डाली जाएगी निविदा उसी दिन 01:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी धरोहर की धनराशि रु. 5000 (पाँच हजार) रूपये होगी।

**नियम एवं शर्ते –**

1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराय जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जाएगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
3. ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी कर्मचारी आपूर्तिकर्ताओं की मौजूदगी में टेंडर खोला जाएगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित स्थल पर ही करनी होगी।
5. जो दरें प्रस्तुत की जाय वह जीएसटी/ एसजीएसटी तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य जोड़कर प्रस्तुत किया जाय।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जाएगी।
7. सामग्री की मात्रा घटाई बढ़ाई जा सकती है।
8. प्रस्तुत दर पीडब्लूडी द्वारा स्वीकृत से अधिक मान्य नही होगा।
9. आपूर्तिकर्ता को निश्चित दर पर जीएसटी देना होगा।
10. ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान सचिव सदस्य बीडीसी जिला पंचायत सदस्य तकनीकी सहायक ग्राम रोजगार सेवक आदि कर्मचारियों के सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी।
11. निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव व ग्राम प्रधान के पास होगा।
12. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक/अपर अभियंता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता होने तथा मापन के उपरान्त किया जाएगा गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नही किया जाएगा।
13. धरोहर की धनराशि नगद राष्ट्रीयकृत बैंक के एएफडी/डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत लटिया के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है।
14. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 7 दिन के अंदर सामग्री आपूर्ति करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी।
15. निविदा फार्म ग्राम पंचायत लटिया कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100 (एक सौ) रूपया है पर स्वीकृत किया जाएगा।
16. सामग्री आपूर्ति के संबंध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत लटिया के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
17. स्ट्रीट लाइट, अंत्योष्टि स्थल, पंचायत भवन बारातघर, इंटरलाकिंग, सीमेंट सीट, टीन शेड आदि।

**ग्राम प्रधान- सितारुन्निशा ग्रा.पं. लटिया वि.खं. डुमरियागंज**

**सचिव- सुशीला पटेल ग्रा.पं. लटिया वि.खं. डुमरियागंज**

## कार्यालय ग्राम पंचायत- शाहा वि.खं. नौगढ़, जनपद-सिद्धार्थनगर

### अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत शाहा विकास खण्ड नौगढ़ द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/क्रेन्द्रीय वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान/स्वच्छ भारत अभियान योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 में स्वीकृत तथा कराए जाने वाले कार्यों व आरआरसी, वर्मी कंपोस्ड, नेडफ एवं एस.एल.डब्लू. एम के अंतर्गत अन्य कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईट बालू सीमेंट सरिया, मोरंग, इंटरलाकिंग, ईट ह्यूम पाइप स्ट्रीट लाइट सोलर लाइट, टाइल्स व ठोस अपशिष्ट प्रबंधन से संबंधित सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित किया जाता है इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 25.06.2024 को 12:00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत शाहा के कार्यालय के निविदा बॉक्स में डाली जाएगी निविदा उसी दिन 01:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी धरोहर की धनराशि रु. 5000 (पाँच हजार) रूपये होगी।

**नियम एवं शर्ते –**

1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराय जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जाएगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
3. ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी कर्मचारी आपूर्तिकर्ताओं की मौजूदगी में टेंडर खोला जाएगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित स्थल पर ही करनी होगी।
5. जो दरें प्रस्तुत की जाय वह जीएसटी/ एसजीएसटी तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य जोड़कर प्रस्तुत किया जाय।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जाएगी।
7. सामग्री की मात्रा घटाई बढ़ाई जा सकती है।
8. प्रस्तुत दर पीडब्लूडी द्वारा स्वीकृत से अधिक मान्य नही होगा।
9. आपूर्तिकर्ता को निश्चित दर पर जीएसटी देना होगा।
10. ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान सचिव सदस्य बीडीसी जिला पंचायत सदस्य तकनीकी सहायक ग्राम रोजगार सेवक आदि कर्मचारियों के सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी।
11. निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव व ग्राम प्रधान के पास होगा।
12. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक/अपर अभियंता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता होने तथा मापन के उपरान्त किया जाएगा गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नही किया जाएगा।
13. धरोहर की धनराशि नगद राष्ट्रीयकृत बैंक के एएफडी/डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत शाहा के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है।
14. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 7 दिन के अंदर सामग्री आपूर्ति करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी।
15. निविदा फार्म ग्राम पंचायत शाहा कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100 (एक सौ) रूपया है पर स्वीकृत किया जाएगा।
16. सामग्री आपूर्ति के संबंध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत शाहा के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
17. स्ट्रीट लाइट, अंत्योष्टि स्थल, पंचायत भवन बारातघर, इंटरलाकिंग, सीमेंट सीट, टीन शेड आदि।

**ग्राम प्रधान- सितारुन्निशा ग्रा.पं. शाहा वि.खं. नौगढ़**

**सचिव- सुशीला पटेल ग्रा.पं. शाहा वि.खं. नौगढ़**

## कार्यालय ग्राम पंचायत बरचौली, वि.ख. बक्शा, जौनपुर

### अल्पकालीन निविदा/टेन्डर

वित्तीय वर्ष 2024-25 मनरेगा/पंचम राज्य वित्त आयोग 15वां व केन्द्रीय वित्त आयोग अन्तेष्ठी स्थल/राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/मनरेगा योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा योजना के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय/पंचायत भवन/मनरेगा पार्क एवं अन्य सार्वजनिक भवनों के अनुरक्षण-सुन्दरीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्ति कर्ता दिनांक 14-06-2024 से 20-06-2024 तत्कार्यालय दिवस में अपरान्ह दो बजे तक ग्राम प्रधान पंचायत कार्यालय पर सील बंद निविदा जमा कर सकते है। दिनांक 21-06-2024 को निविदा हेतु गठित कमिटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष दोपहर 12:00 बजे तक खोली जाएगी। निविदा फॉर्म पैड पर होगी।

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | मात्रा (प्रकलन) के अनुसार | शिड्यूल रेट के अनुसार (निम्नतमदर पर) |
|---|---|---|---|
| 1 | ईट, 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी/एस.ओ.बी. ईट | प्रति हजार | |
| 2 | सीमेंट, शौचालय में कार्य करने वाले समूह का मानदेय | प्रति बैग | |
| 3 | मोरंग बालू, महीन बालू, गंगा बालू | प्रति घन मी. | |
| 4 | स्टोन बलास्ट, डाला गिट्टी, पत्थर गिट्टी 20 एम.एम. से 53 एम.एम. तक ईट गिट्टी 20 एम.एम./42 एम.एम.। अन्तेष्ठीय स्थल खडंजा, गौशाला केन्द्र | प्रति घन मी. | |
| 5 | सरिया विभिन्न साइज | प्रति कुन्तल | |
| 6 | करकर/एसबेस्टर सीट, पैनट आयरन, समरसेबुल, बोरिंग प्लेटफार्म सहित | प्रति नग | |
| 7 | पैक्र्स ब्लाक ईट/इण्टरलांकिग ईट/जागजेडा इण्टरलाकिंग ईट | प्रति हजार | |
| 8 | सोलर लाईट/विद्युत सामग्री/स्ट्रीट लाईट/ हाईमास्क सोलर लाईट | प्रति नग | |
| 9 | शौचालय निर्माण सामग्री/पंचायत भवन निर्माण सामग्री | | |
| 10 | ह्यूम पाइप 150 एम.एम. 300 एम.एम. 350 एम.एम. 600 एम.एम. 800 एम.एम. NP3 | प्रति मी. | |
| 11 | टाइल्स विभिन्न साइज | प्रति वर्ग मी. | |
| 12 | गिट्टी की भराई, समतलीकरण का कार्य | प्रति घन मी. | |
| 13 | सफाईकर्मी स्वच्छता कीट/सेनेटाइजर, इस्टबीन सहित अन्य संबधित सामग्री प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 14 | कटीला तार एवं ईगल/प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 15 | जिम के संबंधित सामग्री/इण्डिया मार्क-2 हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री/रिबोर | प्रति नग | |
| 16 | मैदान के सुन्दरीकरण हेतु घास | प्रति घन मी. | |
| 17 | चूना, पेन्ट इत्यादि स्वच्छता हेतु कूड़ादान व्यवस्था | प्रति नग | |
| 18 | बालू पेंटिंग व प्रचार-प्रसार इत्यादि | प्रति वर्ग मी. | |
| 19 | विडियो कैमरा, दिशासूचक बोर्ड/पब्लिक अड्रेस सिस्टम | प्रति नग | |
| 20 | गौशाला में चूना-चोकर, भूसा, मनरेगा पार्क में खेलकूद, जिम, झूला व अन्य सामग्री | | |
| 21 | हैण्डम्प की निष्प्रयोज्य सामग्री की खुली नीलामी | | |
| 22 | S.L.W.M. अन्तर्गत कार्य करने वाले कर्मियों का मानदेय | | |

**प्रतिबंध एवं शर्तेः** सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। सामग्री की मात्रा स्वीकृत होने के पश्चात् तय की जाएगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जाएगी अथवा नही। आपूर्तिकर्ता वाणिज्यकर्ता द्वारा 50 रूपये के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा सामग्री आपूर्ति के पश्चात् ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्य कर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

**वेनीराम ग्राम प्रधान- बरचौली वि.ख. बक्शा, जौनपुर**

**श्री गौंड गनेश ग्राम पं./ग्रा.वि.अधि.- बरचौली वि.ख. बक्शा, जौनपुर**

# अवध विवि के विभिन्न कोर्सो में प्रवेश आंनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 15 जून

अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के विभिन्न कोर्सो के साथ संघटक राजकीय महाविद्यालयों के समस्त कोर्सों व सम्बद्ध महाविद्यालयों में संचालित एलएलबी त्रिवर्षीय एवं पंचवर्षीय, एमएड, बीपीएड व एमपीएड कोर्सो में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 15 जून निर्धारित की गई है। वहीं विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में संचालित व्यवसायिक कोर्सो में एलएलबी, एलएलएम, एमएड एवं फार्मेसी में प्रवेश परीक्षा का आयोजन 06 जुलाई से कराया जाना प्रस्तावित है। परिसर के स्नातक व वोकेशनल स्नातक कोर्सो में प्रवेश काउंसिलिंग की सूचना 15 जून के बाद घोषित की जायेगी। दूसरी ओर बीटेक के विभिन्न ब्रांचो में जेई मेंस के स्कोर के आधार पर प्रवेश दिया जायेगा।


अधिकारियों के साथ बैठक करती प्रोफेसर कुलपति प्रतिभा गोयल

इसके अलावा बीटेक, एमटेक व एमसीए के अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की साइट पर जाकर भी प्रवेश के लिए आंनलाइन आवेदन कर सकते है। वहीं एमबीए कोर्स में प्रवेश सीयूईटी के आधार पर होगा।

विवि आवासीय प्रवेश समन्वयक प्रो0 शैलेन्द्र कुमार के हवाले से मीडिया प्रभारी डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि विश्वविद्यालय परिसर में स्नातक, वोकेशनल स्नातक, परास्नातक, पीजी डिप्लोमा, डिप्लोमा व सर्टिफिकेट के साथ संघटक राजकीय महाविद्यालय तथा सम्बद्ध महाविद्यालयों में संचालित एलएलबी त्रिवर्षीय एवं पंचवर्षीय, एमएड, बीपीएड व एमपीएड कोर्सो में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन मांगे गए है। जिनकी अंतिम तिथि 15 जून निर्धारित की गई है। विभिन्न कोर्सो में अंतिम वर्ष की परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थी भी प्रवेश के लिए आंनलाइन आवेदन कर सकते है। प्रवेश हेतु आंनलाइन आवेदन की सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड है।

## अयोध्या के अटल आवासीय विद्यालय में 360 छात्रों ने लिया है दाखिला

अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या।** जनपद में अब श्रमिकों के बच्चे भी अब इंग्लिश मीडियम स्कूलों जैसे परिवेश मे शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। इसके लिए प्रदेश की योगी सरकार ने श्रमिकों के बच्चों को अटल आवासीय विद्यालय में कॉन्वेंट स्कूल जैसी सुविधाएं मुहैया कराई है। जुलाई से प्रारम्भ होने वाले सत्र मे कक्षा नौ तक शिक्षा दी जाएगी। अयोध्या जनपद में श्रमिकों के बच्चों को इंग्लिश मीडियम की भांति शिक्षा मुहैया करा कर उनको उच्च पदों पर कार्य करने के लिए तैयार करने के उद्देश्य से अटल आवासीय विद्यालय का जनपद में स्थापना की गई है। इस विद्यालय को बीते वर्ष जुलाई 2023 में प्रारंभ किया गया था। बीते वर्ष इस विद्यालय में कक्षा 6 तक की शिक्षा दी जा रही थी और श्रमिकों के 80 बच्चों का दाखिला विद्यालय में हुआ था। इस वर्ष शासन के निर्देश के बाद कक्षा 6 से 9 तक शिक्षा देने की व्यवस्था की गई है। वर्तमान सत्र में अभी 360 बच्चों का यहां पर दाखिला हुआ है।

# भाजपा शीर्ष नेतृत्व किसी न किसी रूप में लल्लू सिंह को सरकार में समाहित कर साधु-संत व राम भक्तों को कृतार्थ करें

अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या।** लोकसभा चुनाव में फैजाबाद सीट भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह की हार के बाद देश भर में हो रही आलोचनाओं के बीच बुधवार शाम स्वर्गद्वार क्षेत्र स्थित जानकी कुंज में संतों की बैठक हुई। इस दौरान सर्वसम्मति से तीन प्रमुख बिंदुओं पर मंथन कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र प्रेषित करने का निर्णय लिया गया। संतों ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी रहे लल्लू सिंह भले ही हार गए हों, लेकिन उन्हें कोई ऐसे पद पर समायोजित किया जाए जिससे अयोध्या ही नहीं अयोध्या के लोगों के विचार का सम्मान हो सके।

साधु-संतों का कहना है की सामने आया कि कार्यकर्ताओं व पार्टी की नीरसता के कारण भाजपा को हार का सामना करना पड़ा है। इसके अलावा पार्टी के लोगों का अति आत्मविश्वास व बड़बोलापन ही उनके हार का कारण बना है।

### साधु-संतों के रास्तों में भी अवरोध

बैठक का संचालन कर रहे महंत सत्येंद्र दास वेदांती ने कहा कि साधु-संतों को अयोध्या से आने-जाने में प्रशासन द्वारा कई स्थानों पर अवरोध पैदा किया जाता है। उचित माध्यम से संबंधित को निर्देशित किया जाए। आधार कार्ड देखकर वाहनों को आने जाने की स्वीकृति दी जाए।साथ ही अयोध्या नगर के अंदर गली-कूचों में हुए रास्तों के तोड़-फोड़ ठीक कराकर मलवे आदि हटवा दिए जाएं। अन्यथा बरसात निकट है भविष्य में आवागमन में भारी कठिनाई होगी। कल्पात्री महाराज ने कहा कि पथ निर्माण में प्रभावित दुकानदारों की समस्याओं पर सहानुभूति पूर्वक विचार कर संभव सहयोग प्रदान करें

उनका कहना है की अयोध्या में चारों और तेजी से विकास हुआ है। साधु-संतों ने अयोध्या में आने-जाने में हो रही दिक्कतों के निराकरण की भी मांग की है।अध्यक्षता कर रहे जानकी कुंज के महंत वीरेंद्र दास के मुताबिक अयोध्या हिन्दुओं की आस्था का प्रमुख तीर्थ स्थल है, लेकिन सोशल मीडिया पर पूरे देश से अपने-अपने तरीके से प्रतिक्रियाएं आ रही हैं, जो अत्यन्त दुखद है। जहां तक भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी लल्लू सिंह का सवाल है। श्रीराम जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन के समय से उनका अयोध्या के प्रति समर्पण रहा है।वह एक लम्बे समय तक विधायक व प्रदेश सरकार में मंत्री व सांसद रहते हुए अयोध्या की मर्यादा के अनुरूप उनका आचरण रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा शीर्ष नेतृत्व किसी न किसी रूप में लल्लू सिंह को सरकार में समाहित कर साधु-संत व राम भक्तों को कृतार्थ करें।

बैठक में महंत बैदेही वल्लभाशरण, महंत अवध किशोर शरण हनुमत, महंत रामलोचन शरण नया मंदिर, महंत रामलखन शरण गहोई धर्मशाया, महंत रामदास बालाजी सेना ट्रस्ट, महंत सत्येन्द्र दास, महंत रामलखन शरण राम लला निवास, महंत अवधेश दास, महंत उद्धवशरण सहित अन्य संतजन मौजूद रहे।

## सूखे पड़े तालाबों में ग्राम प्रधान ने भरवाया पानी

**अयोध्या।** रुदौली ब्लाक के ग्राम सभा भेलसर के ग्राम प्रधान मोहम्मद अलीम उर्फ गय्यम ने भीषण गर्मी को देखते हुए ग्राम सभा के तालाबों में पानी भराया। प्रचण्ड गर्मी को देखते हुए सूखे पड़े तालाबों में पशु पक्षियों के पानी पीने व नहाने के लिए हो रही कठिनाई को दूर करने के लिए पानी भराया। ग्राम प्रधान मोहम्मद अलीम ने सरकार के आदेश का पालन करते हुए भेलसर के तालाबों में पशु पक्षियों के लिए पानी भरने की व्यवस्था कराई जिससे पशु पक्षियों को प्यास बुझाने के लिए इधर उधर न भटकना पड़े।ग्राम प्रधान ने बताया कि गांव के दुलही तालाब, भुईया रानी, नई पोखर व अमृत सरोवर में पानी भराया गया है। ग्राम प्रधान द्वारा कराए इस कार्य के लिए ग्राम वासियों व पशु पालकों द्वारा काफी सराहना की जा रही है।

# अधिवक्ताओं की समाज मे बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका है : इरशाद अहमद कमर

- जिला बार एसोसिएशन कार्यकारणी का फतेहपुर मे हुआ जोरदार स्वागत

अवधनामा संवाददाता

**फतेहपुर,बाराबंकी।** नव निर्वाचित जिला बार एसोसिएशन बाराबंकी की कार्यकारणी का कस्बा फतेहपुर मे हुआ जोरदार स्वागत। ह्यूमन वेलफेयर सोसाइटी के मस्तान रोड स्थित कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम मे संस्था के उपाध्यक्ष पूर्व सभासद खलीक अहमद पप्पू एवं कोषाध्यक्ष फहीम सिद्दीकी ने संयुक्त रूप से जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट हिसाल बारी किदवई एवं महामंत्री एडवोकेट अशोक वर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एडवोकेट देवेंद्र यादव गुड्डू, उपाध्यक्ष प्रथम एडवोकेट राकेश तिवारी, वरिष्ठ कार्यकारणी सदस्य एडवोकेट पंकज आनंद वर्मा,पूर्व किशोर न्याय बोर्ड सदस्य एडवोकेट मुस्तेहसन जुबैर जिम्मी,वरिष्ठ अधिवक्ता रमेश चंद्रा, सपा यूथ ब्रिगेड के



राष्ट्रीय सचिव एडवोकेट दानिश सिद्दीकी को गुलदस्ता भेंटकर स्वागत एवं अभिनन्दन किया। इस अवसर पर नगर पंचायत फतेहपुर चेयरमैन इरशाद अहमद कमर ने नवनिर्वाचित जिला बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी को मुबारकबाद देते हुए कहा कि अधिवक्ताओं की समाज में बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका है। पीड़ितों के लिए न्याय की लड़ाई लड़कर उन्हें न्याय दिलाने का महत्वपूर्ण कार्य करते है। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार राजेश जायसवाल,सपा नगर अध्यक्ष सैय्यद जफरूल इस्लाम पप्पू,व्यापार मंडल जिला उपाध्यक्ष निजामुद्दीन, पूर्व जिला पंचायत सदस्य नसीम गुड्डू, कांग्रेस नगर अध्यक्ष सभासद एडवोकेट राहिल खान, पत्रकार सय्यद खालिद महमूद, एडवोकेट शावेज खान, समाजसेवी, विक्रांत गुप्ता, एडवोकेट रोहित निगम, एडवोकेट संदीप कुमार, एडवोकेट शादाब शेख, एडवोकेट मोहमद क़फील, हाइकोर्ट एडवोकेट मोहम्मद हंज़ला, एडवोकेट मोहम्मद आमिर,अलीम शेख, अबूजर सनम अंसारी, गुफरान ठेकेदार, नोमान शेख, कबीर खान, मुकुल वाल्मीकि, राशिद अंसारी, अबु बक्र अंसारी आदि उपस्थित रहे।

## डीपीआरओ के लेट पहुचने से ग्राम प्रधान आक्रोश, हुआ विवाद

**बाराबंकी।** बीते तीन दिनों पहले विकास खंड सूरतगंज सभागार में ग्राम प्रधान पुत्र व एडीओ पंचायत सहित डीपीआरओ के मध्य किसी बात को लेकर हुआ विवाद चर्चा का विषय बना है। इस मामले में कोई मुंह नहीं खोल रहा है। बीते 11 जून को डीपीआरओ द्वारा विकास खंड सूरतगंज में सभी सचिव व सभी ग्राम प्रधानो की बैठक शाम तीन बजे बुलाई गई थी जिसमे सभी प्रधान और सचिव तीन बजे उपस्थित थे। डीपीआर ओ 4:30 बजे ब्लॉक पहुचे फिर आधा घंटा बाद 5 बजे से बैठक शुरू किए। दो घण्टे तक इस गर्मी में इंतजार कराने से ग्राम प्रधानों में काफी नाराजगी फैल गई। इसी दौरान एक ग्राम प्रधान पुत्र द्वारा सहायक विकास अधिकारी पंचायत से विवाद शुरू हो गया। सहायक विकास अधिकारी पंचायत को खूब भला बुरा कहा गया। डीपीआर को भी ग्राम प्रधान ने नहीं छोड़ा।

# सांसद ने पत्रकार मनीष सिंह का मनाया जन्मदिन

अवधनामा संवाददाता

**बाराबंकी।** गांधी भवन में युवा पत्रकार मनीष सिंह का जन्मदिन मनाया गया। नवनिर्वाचित सांसद तनुज पुनिया ने पत्रकार मनीष सिंह को जन्मदिन की बधाई दी। इस मौके पर पत्रकार मनीष सिंह ने सांसद तनुज पुनिया, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविन्द कुमार सिंह गोप, पूर्व सांसद डॉ पी.एल पुनिया, गांधीवादी चिन्तक राजनाथ शर्मा, पूर्व विधायक रामगोपाल रावत, पूर्व ब्लाक प्रमुख विवेकानंद पाण्डेय, जिला बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष बृजेश दीक्षित, समाजसेवी विजय कुमार सिंह मुन्ना, वरिष्ठ पत्रकार आनन्द त्रिपाठी, परवेज अहमद, अजीज अहमद, पाटेश्वरी प्रसाद, साकेत मौर्या, अशोक शुक्ला, समेत जनप्रतिनिधियों, अधिवक्ताओं और पत्रकारों के साथ मिलकर केक काटा



और शुभकामनाएं दी। सभी से मिले प्यार और आशीर्वाद से अभिभूत पत्रकार मनीष सिंह ने भी सभी लोगों का आभार जताया।

## संदिग्ध परिस्थितियों में बोरी में मिला युवती का शव,मचा हड़कंप

**गोण्डा।** जिले के इटियाथोक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बसंतपुर राजा के मजरा गांव मौहरिया में बुधवार की देर शाम कुंआनो नदी पर बने पुराने पुल को पास एक युवती का शव पड़ा मिला। शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पुलिस के मुताबिक उन्हें अज्ञात शव फेंके जाने की सूचना मिली थी। सूचना पर वह जब पुल के पास पहुंचे तो पुल के उत्तरी छोर पर एक बोरी पड़ी हुई थी। शव को देखने में वह तीन से चार दिन पुराना लग रहा था। मृतका की पहचान नहीं की जा सकी है। वहीं ना ही उनके पास कोई गुमशुदगी की कोई सूचना आई है। स्थानीय लोगों की मानें तो युवती की हत्या कर उसका शव जंगल के बीच लाकर फेंका गया है।

## पुलिस ने शातिर बिजली तार चोर को किया गिरफ्तार, चोरी का सामान बरामद

**बाराबंकी।** मोहम्मदपुर खाला पुलिस ने एक शातिर चोर को गिरफ्तारकर उसके कब्जे से चोरी की एक मोटर बिजली और घटना कारित में प्रयुक्त एक ऑटो व उपकरण तथा एक अवैध तंमचा बरामद कर उसे जेल भेज दिया है। ज्ञात हो कि थाना प्रभारी अनिल सिंह उपनिरीक्षक रघुवीर सिंह, शबाब हैदर, शशिकान्त मणि त्रिपाठी और कॉन्सटेबल गोपाल सिंह, दीपक कुमार, यादवेन्द्र छौंकर, विष्णु तिवारी, रमेश पटेल ने इसी थाना क्षेत्र के अहरी चौराहा से एक शातिर चोर मोहम्मद इकराम पुत्र मोहम्मद सिद्दीक निवासी सी/9 कोतवाली रोड बेगमगंज शहर कोतवाली को एक मोटर बिजली, घटना में प्रयुक्त एक ऑटो यूपी 41 बीटी 3912 और घटना कारित करने में प्रयुक्त उपकरण (06 पाना रिंच, 1 अदद हथौड़ी, 3 अदद आरी, 3 अदद रिंच, 1 अदद प्लास, रस्सी) के अलावा एक अवैध तमंचा बरामद किया है। पुलिस की पूछताछ पर अभियुक्त मोहम्मद इकराम ने बताया कि वह अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर दिन में घूमफिर कर सूनसान एरिया में लगे बिजली की मोटर को चिन्हित कर रात्रि में चोरी करने की घटना को अंजाम देते है।

# बाराबंकी की जनता को समर्पित है तनुज पुनिया की जीत : गोप

- नवनिर्वाचित सांसद तनुज पुनिया का गांधी भवन में हुआ भव्य स्वागत

अवधनामा संवाददाता

**बाराबंकी।** इंडिया गठबंधन के नवनिर्वाचित कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविन्द कुमार सिंह गोप और पूर्व सांसद डॉ पी.एल पुनिया का गांधी भवन में भव्य स्वागत हुआ। उन्होंने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर मार्ल्यापण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। तदोपरान्त वयोवृद्ध गांधीवादी राजनाथ शर्मा से मिलते ही सांसद तनुज पुनिया ने उनके पैर छूकर आशीर्वाद लिया। राजनाथ शर्मा ने उन्हें गले लगाया और जीत पर बधाई दी। इस दौरान श्री शर्मा ने नवनिर्वाचित सांसद तनुज पुनिया का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री



अरविन्द कुमार सिंह गोप ने कहा लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं की मेहनत सफल हुई, जनता का आशीर्वाद प्राप्त हुआ और जिले से सभी छह विधानसभाओं में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी तनुज पुनिया की एतिहासिक जीत दर्ज की। यह जीत बाराबंकी की जनता को समर्पित है। आने वाले विधानसभा चुनाव 2027 में हम बड़ी जीत हासिल करेंगे। सांसद तनुज पुनिया ने कहा कि केंद्र में भले ही इंडिया गठबंधन की सरकार न बनी हो लेकिन मेरा जनता से किया हर एक वायदा पूरा होगा। पिछले 10 वर्षो में जो वनवास बाराबंकी को मिला वह आने वाले 5 वर्षो में विकास की नई योजनाओं से पूरा किया जाएगा। हम लोकसभा बाराबंकी को नई बुलंदियों तक ले जाएगे। इस कार्य में जनता का भरपूर सहयोग और मार्गदर्शन चाहिए। पूर्व सांसद डॉ पी.एल पुनिया ने कहा कि बाराबंकी मेरी कर्मभूमि रही है। यहां की माटी ने मुझे और मेरे बेटे को अपना अंश समझा। यह मेरी सबसे बड़ी उपलब्धि है। तनुज बाराबंकी में स्थाई कार्यकर्ता के तौर पर जनता के बीच उत्तम कार्य करेंगे। ताकि आने वाले समय में बाराबंकी के किसानों और युवाओं को परेशान न होना पड़े। गांधीवादी चिन्तक राजनाथ शर्मा ने कहा कि बाराबंकी के युवा सांसद तनुज पुनिया से युवाओं को बहुत अधिक उम्मीद है। इस चुनाव में तनुज के साथ युवा विशेष रूप से दिखाई दे रहे थे। उन्हें अपने पिता की तरह ही बाराबंकी में विकास की नई शुरूआत करनी होगी। और युवाओं के हितों के लिए भी कार्य करना होगा। इस अवसर पर पूर्व विधायक राम गोपाल रावत, समाजसेवी विजय कुमार सिंह 'मुन्ना', मृत्युंजय शर्मा, अशोक शुक्ला, साहित्यकार अजय सिंह गुरूजी, विजय पाल गौतम, प्रदीप सिंह, अजय वर्मा बबलू, भूपेन्द्र सिंह, सत्यवान वर्मा, विनय कुमार सिंह, नीरज दूबे, बब्बू अरोड़ा, वेद प्रकाश यादव, विनोद भारती, सलाउद्दीन किदवई, संजय कत्याल, बृजेश दीक्षित, हुमायूं नईम खान, वीरेन्द्र प्रधान, मेराज प्रधान, मनीष सिंह, अजीज अहमद, साकेत संत मौर्य आदि कई लोग मौजूद रहे।

## खराब जल निकासी को लेकर महिलाओं ने सौंपा पत्र

**महराजगंज।** जल निकासी की खराब व्यवस्था को लेकर मिठौरा विकास खंड के अंतर्गत भागाटार की काफी संख्या में महिलाएं गुरुवार को खंड विकास अधिकारी कार्यालय पहुंचकर शिकायती पत्र सौंपा। जिसमें उन्होंने वर्षो से खराब जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग की। महिलाओं का कहना है कि गांव में जल निकासी की समस्या वर्षो से है संबंधित अधिकारी से कई बार शिकायत करने के बाद भी अब तक समस्या का समाधान नहीं हो पाया है जिससे हम लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जल निकासी न होने के कारण मोहल्ले में गंदा पानी सीसी इंटरलॉकिंग के उपर से बह रहा है। गंदा पानी इकट्ठा हो जा रहा है जिसके कारण संक्रमण बीमारी होने की आशंका बना रहता है। इस समस्या को संज्ञान में लेते हुए खंड विकास अधिकारी मिठौरा राहुल सागर ने सेक्रटरी सर्वोत्तम विश्वकर्मा, एडियो पंचायत मिठौरा को तत्काल मौके पर भेजकर जल निकासी समस्या समाधान के लिए जल्द से जल्द समाधान होने का आदेश दिया।

# योजना के खराब प्रदर्शन पर जवाबदेही तय होगी : डीएम

अवधनामा संवाददाता

**महराजगंज।** पौधरोपण समिति और विकास कार्यो को लेकर गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक हुई। जिसमें जिलाधिकारी अनुनय झा ने कहा कि सभी विभागों को लक्ष्य प्राप्त हो चुका है। एक सप्ताह के भीतर संबंधित विभाग वृक्षारोपण संबधी कार्ययोजना और खोदे गए

जिलाधिकारी ने सड़कों के किनारे एवेन्यू प्लांटेशन (वीथि वृक्षारोपण) हेतु पीडब्ल्यूडी सहित अन्य सड़क निर्माण संस्थाओं को निर्देशित किया। नगर पालिकाओं में मियावाकी वन और उद्यान विभाग को औषधि वन की तर्ज पर वृक्षारोपण का निर्देश दिया। विकास कार्यो की समीक्षा के दौरान



जिलाधिकारी ने कहा कि विगत समय में सभी विभागों ने अच्छा प्रदर्शन किया है। आगे भी योजनाओं की नियमित समीक्षा करते रहें और सीएम डैशबोर्ड में रैंकिंग को बरकरार रखें। यदि किसी योजना में प्रदर्शन खराब होता है, तो जवाबदेही तय की जाएगी।

बैठक मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार राय, डीएफओ नवीन प्रकाश शाक्य, डीसी एनआरएलएम बीबी सिंह, जिला कृषि अधिकारी वीरेंद्र कुमार, एआर कॉपरेटिव सुनील गुप्ता, डीसी उद्योग अभिषेक प्रयदर्शी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# धान बीज उत्पादन तकनीक विषयक रोजगार परक प्रशिक्षण संपन्न

अवधनामा संवाददाता

**मनकापुर(गोंडा)।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्र मनकापुर द्वारा धान बीज उत्पादन तकनीक विषयक पांच दिवसीय रोजगार परक प्रशिक्षण केंद्र पर संपन्न हुआ। प्रशिक्षण का शुभारंभ केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉक्टर मिथिलेश कुमार पांडेय द्वारा किया गया । उन्होंने बताया कि शिक्षित ग्रामीण बेरोजगार युवक धान बीज उत्पादन का व्यवसायिक प्रशिक्षण प्राप्त कर अपना स्वयं का रोजगार स्थापित कर सकते हैं । जनपद में धान बीज की मांग काफी अधिक है । प्रशिक्षण समन्वयक डॉ. रामलखन सिंह वरिष्ठ वैज्ञानिक शस्य विज्ञान ने धान की उन्नतशील प्रजातियां, पृथक्करण दूरी, रोगिंग व खरपतवार प्रबंधन, खाद एवं उर्वरक प्रबंधन, हरी खाद की खेती आदि की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि धान जनपद की



खरीफ की एक महत्वपूर्ण खाद्यान्न फसल है। धान के व्यवसायिक बीज उत्पादन हेतु उत्तर प्रदेश बीज प्रमाणीकरण संस्था से रजिस्ट्रेशन करवाने पर संस्था द्वारा स्वयं बीज खरीद लिया जाता है। धान की सीधी बुवाई करके या एसआरआई पद्धति अपना कर अधिक आय प्राप्त कर सकते हैं । नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय द्वारा विकसित धान की उन्नतशील प्रजातियों में नरेंद्र 2064, नरेंद्र 2065, नरेंद्र संकर धान-2, नरेंद्र ऊसर संकर धान-3 आदि मुख्य हैं । डॉ. पीके मिश्रा ने सिंचाई प्रबंधन, डॉ. अजीत सिंह वत्स ने बीज शोधन एवं बीज उपचार तथा फसल सुरक्षा की जानकारी दी। डॉ. मनोज कुमार सिंह ने कार्बनिक खादों के प्रयोग एवं महत्व की जानकारी दी। डॉ. ज्ञानदीप गुप्ता ने बताया कि निचले एवं जल भराव वाले क्षेत्रों में धान बीज उत्पादन के साथ मत्स्य पालन कर अतिरिक्त आय अर्जित कर सकते हैं । डॉ. दिनेश कुमार पांडेय ने भूमि का चयन एवं भूमि की तैयारी की जानकारी दी। इस अवसर पर अजय सिंह,विनोद कुमार तिवारी, श्रीमती गीता चौधरी, छीटन प्रसाद यादव, राहुल आदि प्रशिक्षणार्थियों ने धान बीज उत्पादन तकनीक विषयक रोजगार परक प्रशिक्षण प्राप्त किया।

## ओ लेवल और सीसीसी कंप्यूटर प्रशिक्षण के लिए 21 जून तक संस्था आवेदन करें

**गोण्डा।** पिछड़ा वर्ग के बेरोजगार युवक-युवतियों के लिए ओ लेवल और सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए आनलाइन संचालित की जा रही है। वर्ष 2024-25 में योजना के तहत भारत सरकार की अधिकृत संस्था नीलिट (राष्ट्रीय इलेक्ट्रानिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान) से मान्यता प्राप्त संस्थाओं द्वारा मान्य पिछड़े वर्ग के युवक-युवतियों को ओ लेवल एवं सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण कराने के लिए जनपद में कार्यरत संस्थाओं द्वारा आवेदन किया जा सकता है। आनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 21 जून है। पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की वेबसाइट पर प्रारूप मिल सकेगा। आवेदन करने के बाद संस्था द्वारा आनलाइन भरे गए आवेदन की प्रति डाउनलोड कर हस्ताक्षरित करते हुए सभी अभिलेखों और उपलब्ध संसाधनों से संबंधित विवरण सहित निदेशालय पिछड़ा वर्ग कल्याण इन्दिरा भवन 10वां तल अशोक मार्ग लखनऊ एवं जिला पिछड़ा अधिकारी कार्यालय गोण्डा में 21 जून तक अनिवार्य रूप से हार्डकापी उपलब्ध करायी जाएगी।

# चौक नगर पंचायत के सभासदों का अनिश्चितकालिन हड़ताल

अवधनामा संवाददाता

**चौक (महराजगंज)।** नगर पंचायत चौक के सभासद अपने आठ सूत्रीय मांगों को लेकर गुरूवार को अनिश्चित कालीन धरने पर बैठ गए हैं। सभासदों ने नगर पंचायत अध्यक्ष पर कार्यालय में ना बैठने का आरोप लगाया है।

सभासदों ने अपने आठ सूत्रीय मांग पत्र में लिखा है कि अध्यक्ष प्रतिनिधि अजय मद्धेशिया ने चेयरमैन को अपने घर पर बंधक बनाकर रखा हुआ है और भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे चौक का विकास रूका हुआ है। अनशन पर बैठे सभासदों ने कहा कि जनता ने हमें चुना है लेकिन हम अपनी और क्षेत्र की समस्याओं को लेकर अपील किससे करें जब अध्यक्ष के कार्यालय पर आती ही नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया है कि अध्यक्ष प्रतिनिधि अजय मद्धेशिया अपने मनमाफिक कार्य नगर पंचायत में कर रहे हैं और भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहे हैं। सभासदों ने आरोप लगाया है कि अध्यक्ष का कोई संपर्क सूत्र ना होने से



विकास कार्य में अवरोध पैदा होता है। उन लोगों ने आरोप लगाया है कि नगर पंचायत सदस्यों के बिना जानकारी व सदन की बोर्ड में प्रस्ताव लाए ही टेंडर प्रक्रिया व भुगतान करा दिया जाता है। सभासदों ने कार्यालय पर मौजूद कुल वाहनों और संसाधनो की जानकारी भी मांगी। सभासदों ने आरोप लगाया है कि पूर्व में बोर्ड की बैठक हर माह होती थी लेकिन क्या कारण है कि पिछले 6 महीने से कोई भी बोर्ड की बैठक नहीं की गई। निकाय गठन होने के बाद जो भी सामग्रियो का क्रय किया गया और कितने कार्यो की निविदा की गई उसकी पूरी सूची लिपिक द्वारा सत्यापित पत्रावली एवं एवं अगर इसका पूरा भुगतान किया गया है तो विवरण दिया जाए। सभासदों ने अपनी मांगों में कहा है कि अगर किसी निर्वाचित सदस्यों द्वारा नगर पंचायत कार्यालय से कोई सूचना मांगी जाती है तो उसका विवरण क्यों नहीं दिया जाता है। इस दौरान सभासद पवन वर्मा, आशीष साहनी, विजय मद्धेशिया, प्रियंका वर्मा, रंजू देवी, नेहा यादव, त्रिभुवन गुप्ता, नरोत्तम प्रसाद अमितेष गुप्ता गोरख गुप्ता आलोक गुप्ता गोरखनाथ पासवान राहुल पाण्डेय रामाआसरे प्रजापति प्रजापति रीना पाण्डेय प्रतिनिधि सर्वेश पाण्डेय हीरालाल गोवर्द्धन प्रसाद सहित तमाम अन्य सभासद गण मौजूद रहै।

## शिकायत मिलने पर तत्काल हटाए गए पीले ईट, संस्था होगी ब्लैक लिस्ट

अवधनामा संवाददाता

**गोण्डा।** नगर पालिका परिषद कर्नलगंज की सुमन द्वारा नगर पालिका कर्नलगंज के मोहल्ला नई बाजार में हो रहे देवी बक्श सिंह मार्केट के निर्माण व बस स्टाप चुंगी नाका के बगल में हो रहे नाली निर्माण तथा सरयू इंटर कॉलेज रोड के किनारे नाला निर्माण के कार्य में पीले ईट के प्रयोग होने के सम्बन्ध में जांच कराए जाने की शिकायत की गई थी। इसके संबंध में जिलाधिकारी द्वारा नगर पालिका परिषद करनैलगंज के अधिशासी अधिकारी को जांच कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए गए। अधिशासी अधिकारी ने अवर अभियंता को मौके पर भेज कर जांच कराई जिसमें पाया कि ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य हेतु मंगाये गए ईट में तृतीय श्रेणी के ईट पाए जाने पर तत्काल हटा दिया गया तथा नगर पालिका परिषद में पंजीकृत समस्त ठेकेदारों की एक बैठक बुलाकर मानक के अनुरूप कार्य न कराये जाने पर कार्यदायी संस्था को ब्लैक लिस्ट किए जाने के निर्देश दिए गए व अवर अभियंता को मानक अनुरूप गुणवत्ता पूर्वक कराये जाने हेतु आदेशित किया गया।

# श्रमजीवी पत्रकार यूनियन उत्तर प्रदेश का तहसील ईकाई गठित



अवधनामा संवाददाता

**अमित अध्यक्ष और सतीश उपाध्यक्ष बने**

**महराजगंज।** श्रमजीवी पत्रकार यूनियन उत्तर प्रदेश के बैनर तले नौतनवां तहसील में तहसील इकाई का गठन हुआ जिसकी अध्यक्षता संगठन के जिलाध्यक्ष राजेश जायसवाल (श्रमजीवी पत्रकार यूनियन उत्तर प्रदेश) ने किया। सर्वसम्मत से अध्यक्ष पद के लिए एडवोकेट अमित सिंह तथा उपाध्यक्ष पद के लिए सतीश त्रिपाठी एवं सुदेश त्रिपाठी का चयन हुआ। इसी के साथ कोषाध्यक्ष देवांशु जायसवाल एवं सचिव पद पर आकाश अग्रहरि नामित किए गये। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में पदाधिकारियों समेत समस्त सदस्य गण को परिचय पत्र वितरित किया गया। इस मौके पर श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के जिला अध्यक्ष राजेश जायसवाल ने पत्रकारों से अपनी राय साझा करते हुए कहा कि हम सभी पत्रकार बंधुओ को एक होकर कार्य करने की जरूरत है। कहा कि अक्सर ऐसा सामने आता रहता है कि पत्रकारों को सच्चाई लिखने पर दबाया जाता है, ऐसे में यदि संगठन के सारे पत्रकार मिलकर कार्य करें तो संगठन मजबूत स्थिति में रहेगा और तब हमें सच लिखने से कोई नहीं दबा सकता। संगठन में ताकत है कि वह पत्रकारों का शोषण होने से बचाता है। वहीं नव निर्वाचित नौतनवा तहसील इकाई की अध्यक्ष अमित कुमार सिंह ने कहा कि वह संस्था की लिए हमेशा तत्पर रहेंगे एवं संस्था से जुड़े सभी सदस्यों के लिए जहां पर जरूरत होगी वहां सभी सदस्यों का नेतृत्व करते हुए उनका साथ निभाएंगे। इस मौके पर हेमंत यादव, प्रवीण कुमार जायसवाल, अजय जायसवाल, कृष्ण गुप्ता, आकाश पांडे, सतीश यादव समेत दो दर्जन पत्रकार बंधु उपस्थित रहे।


# बिजली संविदाकर्मी ने दर्ज की मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत

अवधनामा संवाददाता

**बिजली संविदाकर्मी ने लगाया मानहानि का आरोप**

**अंबेडकरनगर।** 33/11 उपकेन्द्र मरैला अकबरपुर में संविदा श्रमिक कर्मचारी के पद पर कार्यरत अरविन्द तिवारी ने मुख्यमंत्री को प्रेषित प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया कि कोडरा बाग़ शहजादपुर में बिजली चोरी के मामले में मीटर जलाने एवं नया मीटर लगाने में धन उगाही के मामले में उनके नाम का गलत इस्तेमाल कर दूसरे संविदाकर्मी अरविन्द कुमार, लालचंद वर्मा, सियाराम, रामगोपाल ने अपना उल्लू सीधा किया। अरविन्द तिवारी ने आरोप लगाया कि चारों संविदाकर्मी जोकि उपभोक्ताओं से बिजली चोरी, मीटर में शंट सेटिंग, मीटर में हेरफेर के अवैध पैसे लेते हैं एवं उपभोक्ताओं से कहते हैं कि अरविन्द तिवारी पर झूठा इल्जाम लगावो जिसके उसके पास पर्याप्त साक्ष्य हैं। बिजली चोरी, मीटर में शंट सेटिंग, चिप सेटिंग के संदर्भ में कई समाचार पत्रों में खबर भी प्रमुखता से प्रकाशित हुई थी। अरविन्द तिवारी ने दावा किया कि उसके पास उपरोक्त चारों संविदाकर्मियों के विरुद्ध धन वसूली के पर्याप्त ऑडियो साक्ष्य भी हैं। अरविन्द तिवारी ने दावा किया कि उसके नाम से अवैध वसूली मामले की खबर प्रकाशित होने पर विभाग के उच्चाधिकारियों ने मामले को संज्ञान में लेकर अरविन्द तिवारी को बलि का बकरा बना कर स्थानांतरण कर कार्यमुक्त कर दिया। संदर्भ में अरविन्द तिवारी ने मुख्यमंत्री, जिलाधिकारी सहित अन्य उच्चाधिकारियों को उपरोक्त चारों संविदाकर्मियों के विरुद्ध कार्यवाही हेतु प्रार्थना पत्र दिया है। इस संदर्भ में इस संदर्भ में एसडीओ से टेलिफोनिक वार्ता करने के पश्चात बताया गया मीटर जांच में भेजा गया है जांचोंपरांत जो भी निकलता है उस आधार पर कार्यवाही की जाएगी।

# उपन्यासकार रामदेव धुरंधर के जन्मदिवस पर गूगल मीट पर एक परिचर्चा आयोजित



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** उपन्यासकार रामदेव धुरंधर (मॉरीशस) के जन्मदिवस पर परिचर्चा युवा उत्कर्ष साहित्यिक मंच (उप्र इकाई,) के तत्वावधान में श्रेयस, साहित्य शोध केंद्र, लखनऊ से हिंदी गद्य साहित्य के प्रख्यात साहित्यकार, वरिष्ठ कथाकार, उपन्यासकार एवं नाट्यकार श्री रामदेव धुरंधर ( मारीशस ) के 78 वें जन्मदिन पर उनके सानिध्य में आभासी पटल गूगल मीट पर एक परिचर्चा आयोजित की गयी।

चर्चा का विषय था, रामदेव धुरंधर की क्षणिकाएं, विशाल साहित्य आकाश में सितारों का जमघट कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा उत्कर्ष साहित्यिक मंच उप्र इकाई की संरक्षिका, श्रीमती प्रमिला पाण्डेय ने की मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में डॉ दीपक पाण्डेय एवं डॉ नूतन पाण्डेय, (सहायक निदेशक, केंद्रीय हिंदी निदेशालय नई दिल्ली) एवं विशिष्ठ अतिथि श्री गोवर्धन यादव छिंदवाड़ा (मप्र), डॉ राम द्विवेदी, हैदराबाद ने प्रतिभाग किया।

इस कार्यक्रम में, वरिष्ठ साहित्यकार श्रीमती रितु शर्मा, नीदरलैंड से जुड़े द्य इनके अतिरिक्त मंच से जुड़े हुए पदाधिकारी गंण जिसमें वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरुण कुमार सिंह, बलिया, राम राज भारती, (प्रचार मंत्री, ) श्रीमती कविता कुमारी प्रसाद, लखनऊ, (सह सचिव) राजेश गंगवार, पीलीभीत, शिव आश्रय प्रजापति, बृजेश यादव, आदि ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का आयोजन एवं संचालन राजेश कुमार सिंह श्रेयस द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंच के कोषाध्यक्ष राम सनेही विश्वकर्मा सजल, की सरस्वती वंदना से हुआ। वक्ताओं ने रामदेव धुरंधर के जन्मदिन पर, उनकी क्षणिकाओं एवं उनके जीवन वृत्त पर, विस्तार से चर्चा की। स्वयं रामदेव धुरंधर ने अपने जीवन से जुड़े हुए संस्मरणों को सुना कर सबको मंत्र मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का समापन मंच के महासचिव नन्दकिशोर वर्मा जलदूत ने अपने धन्यवाद भाषण से किया।

# योग दिवस को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक

अवधनामा संवाददाता



**प्रभारी जिलाधिकारी /मुख्य विकास अधिकारी ने दिए आवश्यक निर्देश**

**सिद्धार्थनगर।** प्रभारी जिलाधिकारी / मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की अध्यक्षता एवं अपर जिलाधिकारी उमाशंकर की उपस्थिति में योग दिवस की तैयारियों के संबन्ध में गुरुवार को बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। प्रभारी जिलाधिकारी /मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार ने बताया कि योग सप्ताह (15 जून से 21 जून 2024) मनाया जायेगा।

दिनांक 15 जून को प्रातः 6 से 7 बजे तक प्रोटोकाल के अनुसार सामूहिक योगाभ्यास, प्रातः 11 बजे से 5 बजे उद्घाटन कार्यक्रम, 16 जून को प्रातः 6 से 7 बजे तक प्रोटोकाल के अनुसार सामूहिक योगाभ्यास, प्रातः 11 बजे से 12 बजे तक योग से सम्बंधित रंगोली, अपरान्ह 3 से 5 बजे तक योग के माध्यम से उच्च रक्तचाप प्रबन्धन पर सेमिनार/गोष्ठी, 17 जून को प्रातः 6 से 7 बजे तक प्रोटोकाल के अनुसार सामूहिक योगाभ्यास, प्रातः 11 बजे से 12 बजे तक स्लोगन लेखन प्रतियोगिता, अपरान्ह 3 से 5 बजे तक जीवनशैली जन्य समस्याओं में योग का महत्व पर सेमिनार/गोष्ठी 18 जून को प्रातः 6 से 7 बजे तक प्रोटोकाल के अनुसार सामूहिक योगाभ्यास, प्रातः 11 बजे से 12 बजे तक निबन्ध लेखन प्रतियोगिता, अपरान्ह 3 से 5 बजे तक आधुनिक जीवनशैली में महिलाओं के लिए योग का महत्व पर सेमिनार, 19 जून को प्रातः 6 से 7 बजे तक प्रोटोकाल के अनुसार सामूहिक योगाभ्यास, प्रातः 11 बजे से 12 बजे तक आशू भाषण एवं ड्राइंग प्रतियोगिता, अपरान्ह 3 से 5 बजे तक मानसिक स्वास्थ्य- योग एक सम्पूर्ण विकल्प विषय पर आधारित सेमिनार, 20 जून को प्रातः 6 से 7 बजे तक प्रोटोकाल के अनुसार सामूहिक योगाभ्यास, अपरान्ह 3 से 5 बजे तक योगासन प्रदर्शन प्रतियोगिता, दिनांक 21 2024 को जिला स्पोर्टस स्टेडियम में योग स्वयं व समाज थीम पर योग दिवस का कार्यक्रम वृहद स्तर पर आयोजित होगा, तथा कार्यक्रम का समापन किया जायेगा।

प्रभारी जिलाधिकारी /मुख्य विकास अधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिया कि शासन द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार निबन्ध लेखन प्रतियोगिता, आशू भाषण एवं ड्राइंग प्रतियोगिता, स्लोगन लेखन प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन सुनिश्चित करायें। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिया कि योग दिवस के अवसर पर मेडिकल टीम, एम्बूलेंस तथा पर्याप्त दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करायें। योग दिवस के आयोजन में सभी अधिकारीगण अपनी सहभागिता सुनिश्चित करते हुये कार्यक्रम को सफल बनायें।

इस अवसर पर सदर उपजिलाधिकारी ललित कुमार मिश्र सहित समस्त उपजिलाधिकारी, डीसीएनआरएलएम योगेन्द्र लाल भारती, डीसीमनरेगा रविशंकर पाण्डेय, जिला विद्यालय निरीक्षक सोमारू प्रधान, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेन्द्र कुमार पाण्डेय, जिला पंचायत राज अधिकारी पवन कुमार तथा समस्त संबधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# करोड़ों खर्च के बाद भी नहीं हुआ पानी की समस्या का समाधान

अवधनामा संवादाता

**नगर पालिका अकबरपुर प्रथम तल पर ही नहीं पहुंचा पा रहा पानी**

**पानी के लो प्रेशर से आम जनमानस है परेशान**

**अम्बेडकरनगर।** प्रदेश के अन्य शहरों की अपेक्षा अम्बेडकरनगर जनपद मुख्यालय अकबरपुर नगरपालिका क्षेत्र में रहने वाले लोगों को पानी की समस्या का दंश झेलना पड़ रहा है करोड़ों खर्च करने के बावजूद भी लोगों को सुविधाजनक सप्लाई नहीं मिल रही है।

आधे से ज्यादा शहरवासियों की यह शिकायत रहती है कि उनके यहां लो प्रेशर पानी आ रहा है।हालांकि समय-समय पर लोगों की ओर से इन समस्याओं के बारे में आवाज उठाई गई मगर आज तक स्थिति जस की तस है। उसमें आज तक कोई भी सुधार नहीं हो पाया है।पेयजल सप्लाई पूरी तरह से बिजली विभाग के भरोसे पर चल रही है। अगर सप्लाई के समय पर बिजली चली जाए तो सप्लाई भी बंद हो जाती है। अगर किसी बूस्टिंग स्टेशन पर है तो भी उसे चलाया नहीं जाता है। जब बिजली चली जाती है तो लोगों को पानी से भी महरूम होना पड़ता है।पहली मंजिल पर भी पानी नहीं चढ़ता है। सप्लाई के समय मोटर चलाने पर प्रतिबंध है। इसी कारण लोगों की टंकियां भर ही नहीं पाती हैं।पानी सबसे ज्यादा जरूरी है। मूलभूत आवश्यकताओं में से एक है। इसके बावजूद भी पर्याप्त नहीं मिल पाता। लोगों द्वारा कहा जा रहा है कि जब पहली मंजिल पर भी पानी नहीं पहुंचा सकते हैं तो चार से पांच मंजिला भवनों के निर्माण को मंजूरी क्यों दी जा रही है। शिकायत करते हैं तो कोई सुनने वाला नहीं है। हालात दिन-प्रतिदिन खराब होते जा रहे हैं। लोग परेशानी झेल रहे हैं। लोगों का कहना है कि नगर प्रशासन व स्थानीय जनप्रतिनिधि पानी की समस्या को लेकर गंभीर नहीं है, जिससे नगरवासियों में काफी नाराजगी है। जनपद मुख्यालय के बुद्धजीवीयों द्वारा कहा जा रहा है कि करोड़ों का बजट इन पेयजल योजनाओं में खपाता है, जिसका असर धरातल पर नहीं दिखता उन्होंने नगर पालिका के भ्रष्टाचारियों की एसआईटी जांच की मांग करने के लिए विवश होंगे। इस समस्या को लेकर मीडिया कर्मी के द्वारा अधिशासी अधिकारी बीना सिंह से वार्ता करने का प्रयास किया गया परंतु फोन नॉट रीचेबल बताता रहा।

## पुलिस विभाग में लम्बे समय से एक ही स्थान पर जमे हुए दीवान आरक्षी निरीक्षक व उपनिरीक्षक के कब होंगे तबादले

अवधनामा संवाददाता

**अम्बेडकरनगर।** भ्रष्टाचार से निपटने में शीशे की दीवारों वाले पुलिस थानों की भूमिका की बड़ी जोर शोर से चर्चा होती है. अब सवाल उठता है कि क्या वास्तव में ये पुलिस थाने भ्रष्टाचार कम करने में सफल रहे हैं?उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पुलिस पर लगाम कसने के लिए प्रदेश के अधिकारियों को भले ही कड़े निर्देश क्यों ना दे रहे हो लेकिन पुलिस है कि अपने रवैया में बदलाव लाने को तैयार नहीं है और खाकी का रौब दिखाकर आए दिन अवैध वसूली करवाने से नहीं चूकते है। पुलिस का यह कारनामा अनवरत जारी है।जिले में अपराध पर काबू पाने के उद्देश्य और आगामी त्यौहार पर सुरक्षा के चाक-चौबंद इंतजाम किए जाने के लिए एक ही स्थान पर जमे हुए निरीक्षक और उप निरीक्षक तथा सिपाहियों के स्थानांतरण आखिर कब किए जाएंगे जबकि हर थानों में अपराधों की फेरहिस्त बढ़ती जा रही है और पुलिस अंकुश नहीं लग पा रही है।कुछ थाना प्रभारियों की लापरवाही की शिकायत और कुछ चौकी प्रभारी पिछले काफी समय से एक ही चौकी पर जमे हुए है लोगों का कहना है कि लंबे समय से तैनात एक स्थान पर तैनात होने के कारण इनकी जड़े ज्यादा मजबूत हो चुकी है इसलिए इनके द्वारा क्षेत्र में अपराधियों पर लगाम लगाना असंभव हो चुका है। जनपद में आए दिन चोरी के मामले सुने जाते हैं केवल कुछ ही मामलों का खुलासा पुलिस कर पाती है नहीं तो और सब फाइल धूल फांकती रहती हैं, लोगों द्वारा यह भी कहा जाता है कि पुलिस द्वारा मोबाइल रिकवरी तो की जाती है परंतु उन मोबाइल चोरों के बारे में कभी भी अखबारों में नहीं पढ़ने को मिलता। कुछ बुद्धिजीवियों का कहना है कि जब तक निरीक्षक से लेकर दीवान और सिपाहियो जो लंबे समय से एक ही थाने और चौकी पर तैनात है उनका तबादला नहीं होगा तब तक व्यवस्था में सुधार ला पाना असंभव है।

# कुलपति प्रो. हरि बहादुर श्रीवास्तव को प्रदान की गई मानद कर्नल रैंक

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** एनसीसी दिल्ली के महानिदेशालय द्वारा सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु के कुलपति प्रोफेसर हरि बहादुर श्रीवास्तव को मानद कर्नल रैंक प्रदान की गई। गुरुवार को एनसीसी उत्तर प्रदेश निदेशालय के तत्वावधान में सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु कुलपति प्रोफेसर हरि बहादुर श्रीवास्तव को विश्वविद्यालय, एनसीसी और समग्र रूप से शिक्षा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के सम्मान में ब्रिगेडियर दीपेंद्र रावत, ग्रुप कमांडर एनसीसी ग्रुप गोरखपुर द्वारा मानद कर्नल की प्रतिष्ठित उपाधि से सम्मानित किया गया। कुलपति के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान, प्रोफेसर हरि बहादुर श्रीवास्तव ने नेतृत्व, समर्पण और उत्कृष्टता के गुणों का उदाहरण प्रस्तुत किया है। उनके मार्गदर्शन में सिद्धार्थ विश्वविद्यालय हमारे समाज में ज्ञान और नवाचार का प्रतीक बनकर विकसित हुआ है। शैक्षणिक क्षेत्र में अपनी उल्लेखनीय उपलब्धियों के अलावा उन्होंने एनसीसी और इसके मिशन के प्रति अटूट समर्थन प्रदर्शित किया है। कई शिक्षक, जिन्हें अब मानद उपाधियों से सम्मानित किया जाता है, शिक्षा जगत में अपनी भूमिकाओं के माध्यम से देश के भविष्य को आकार देने के लिए सम्मानित होते हैं। विश्वविद्यालयों में एनसीसी की भूमिका को छात्रों के बीच सैन्य मूल्यों और अनुशासन को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण माना जाता है। विश्वविद्यालय 46 यूपी बटालियन एनसीसी गोरखपुर से संबद्ध है। सभागार में कुलसचिव डा अमरेंद्र कुमार सिंह,वित्त अधिकारी अजय कुमार सोनकर, लेफिनेंट प्रज्ञेश नाथ त्रिपाठी,प्रह्लाद सिंह, सह आचार्य सत्येंद्र दुबे, डा यशवंत यादव, सत्यम दीक्षित, अतुल रावत सहित कैडेट मौजूद रहे।

## पीस कमेटी की बैठक

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी डा बीके सिंह व पुलिस अधीक्षक विकास कुमार द्वारा द्वारा कलैक्ट्रेट सभागार में आगामी त्यौहार ईद उल-अज़हा (बकरीद) के दृष्टिगत गणमान्य/संभ्रांत व्यक्तियों व धर्मगुरूओं के साथ पीस कमेटी की मीटिंग का आयोजन किया गया।


## कार्यालय नगर निगम, अयोध्या

पत्रांक : 67/न.नि.अयो./कर.अनु. नामान्तरण/2024 दिनांक : 12 जून 2024

नगर निगम, अयोध्या के कर अनुभाग में नामान्तरण के लिए निम्नलिखित भवनों के सम्बन्ध में आवेदन पत्र प्राप्त हुए है इन भवनों पर पूर्व से दर्ज भवन स्वामी/हितबद्ध को सूचित किया जाता है कि इस नामान्तरण पर यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो अपने प्रमाणित साक्ष्य के साथ प्रकाशित तिथि से 15 दिवस के अन्दर आपत्ति पत्र प्रस्तुत करें। अन्यथा की स्थिति में नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व आपका होगा। जिसका विवरण निम्नवत हैः-

| क्र. सं. | भवन संख्या | पूर्व से दर्ज भवन स्वामी/खारिज होने वाले नाम | दर्ज होने वाले नाम | नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|
| सिविल लाइन | | | | |
| 1 | 7/90,1/2/103 | श्री सुरेश कुमार सिंह स्व0 ज्वाला सिंह | श्री राजेश कुमार सिंह पुत्र स्व0 सुरेश कुमार सिंह | रजि0 वसीयतनामा |
| 2 | 7/631,1/7/97 | श्री ओरौनी लाल अयोध्या प्रसाद | श्री उत्तम कुमार पुत्र स्व0 ओरौनी लाल | रजि0 वसीयतनामा |
| कन्धारी बजार | | | | |
| 3 | 2/7/63 | श्रीमती जलीस सईदा पत्नी मो0 मकीन | श्री फराज़ आलम अंसारी पुत्र श्री मोहम्मद मकीन | वरासत |
| 4 | 2/6/201 | श्री राकेश कुमार श्री राजेश कुमार प्रजापति पुत्र स्व0 रामअचल | श्री दिनेश राठौर पुत्र श्री राजा राम | रजि0 बेनामा |
| दिल्ली दरवाजा | | | | |
| 5 | 38,596, 3/16/34A | श्री जगदीश प्रसाद सोनी पुत्र स्व0 जवाहीर लाल सोनी | श्री वेद प्रकाश सोनी पुत्रगण स्व0 जगदीश प्रसाद सोनी, श्री सत्य प्रकाश सोनी, श्री अनंत लाल सोनी | वरासत |
| राठहवेली | | | | |
| 6 | 40/94,4/12/106 | राम अचल लालता अहिर | श्रीमती चनरा पत्नी स्व0 मदन यादव, श्री सुनील यादव पुत्रगण स्व0 मदन यादव, श्री अनिल यादव, श्री शुभम यादव, आंचल यादव संरक्षिका चनरा पुत्री स्व0 मदन यादव | वरासत |
| 7 | 40/279, 4/16/272 | श्री श्याम लाल मिश्रा पुत्र श्री जगम्बिका प्रसाद मिश्रा | श्रीमती सारिका सिंह पत्नी श्री राजीव कुमार सिंह | रजि0 बेनामा |
| 8 | 4/16/147 | श्री अम्बिका प्रसाद गुप्ता | श्रीमती अशिका रस्तोगी पत्नी पुनीत रस्तोगी | रजि0 बेनामा |
| साहबगंज | | | | |
| 9 | 4/417, 5/10/37 | श्री छेदी महावीर | श्रीमती राधिका देवी पत्नी स्व0 मुरली बाबू लोनिया, श्री अरविन्द कुमार मुरली वर्मा पुत्रगण स्व0 मुरली बाबू लोनिया, श्री अजय कुमार वर्मा, श्री अमर कुमार वर्मा, श्री अक्षय कमार वर्मा | वरासत |
| 10 | 53/265,5/13/149 | श्री नरायन दास प्रेमश्वर प्रसाद | श्रीमती शारदा देवी पर्ने स्व पत्नी स्व0 नारायण दास, श्रीमती रीता जायसवाल पत्नी श्री अनिल कुमार, श्रीमती गीता जायसवाल पत्नी श्री विनय कुमार | वरासत |
| 11 | 4/475, 5/8/42 | स्व0 किशन पुत्र भोला रैदास | श्रीमती उषा देवी पत्नी स्व0 बाबु राम, श्री श्याम कुमार पुत्रगण स्व0 बाबू राम, श्री रोहन | वरासत |
| हैदरगंज | | | | |
| 12 | 6/9/9 | श्री अशफाक अहमद खान स्व0 अब्दुल सत्तार श्री एजाज अहमद खान स्व0 अब्दुल सत्तार | श्रीमती इशरत जहाँ पत्नी स्व0 इकबाल अहमद | वरासत |
| लालबाग | | | | |
| 13 | 59/415,7/1/410 | श्री कल्लू छोटे लाल | श्री राज कुमार सोनकर पुत्र स्व0 छोटे लाल | वरासत |
| दालमण्डी | | | | |
| 14 | 42/3,8/8/6 | श्री संतोष कुमार गुप्ता श्री शक्ति गुप्ता श्री सोनू गुप्ता पुत्रगण स्व0 जगदम्बा प्रसाद | श्रीमती ममता देवी पत्नी श्री महेन्द्र कुमार | रजि0 बैनामा |
| अयोध्या-धाम | | | | |
| रायगंज वार्ड सं0-10 | | | | |
| 15 | 10/2/213 LIG-55 | श्रीमती रामलली देवी पत्नी श्री सीताराम सिंह | दिवाकर विक्रम सिंह, अनुराग सिंह पुत्रगण स्व0 सीताराम | वरासतन |
| विभीषणकुण्ड वार्ड सं0 13 | | | | |
| 16 | 13/1/120 | जुगल किशोर लक्ष्मी प्रसाद उर्फ नंगू | बद्री प्रसाद पाण्डेय आदि पुत्रगण स्व0 जुगल किशोर पाण्डेय | वरासतन |
| 17 | 18/6/239 | जगन्नाथ दास चे0 रामकुमार दास | श्याम सुन्दर दास चे0 जगन्नाथ दास | महज्जरनामा घोषणा पत्र |
| लक्ष्मणघाट वार्ड सं0 31 | | | | |
| 18 | 31/3/162 | राम मुनीखर दास चेला वैद्य रामकमल दास | बाबा अंगद दास चे0 वैद्य राम कमल दास | रजि0 तुर्क. सरवराहकारी |
| रामकोट वार्ड सं0 54 | | | | |
| 19 | 54/1/44 | श्रीमती तारा देवी पत्नी सुखदेव | प्रमोद कुमार पाण्डेय, रमेश कुमार पाण्डेय पुत्रगण स्व0 सुखदेव पाण्डेय | रजि0 वसीयत |
| वार्ड जयप्रकाश नारायण | | | | |
| 20 | 9/6/158 | हरभजन कौर | नरेन्द्रसिंह सरदार | रजि0 वसीयत |

**(गजेन्द्र कुमार)**
**मुख्य कर निर्धारण अधिकारी**
**नगर निगम, अयोध्या**

**(वागीश कुमार शुक्ला)**
**अपर नगर आयुक्त**
**नगर निगम अयोध्या**


# अनेक जन्मों के पुण्य का फल है शिक्षक होना : डॉ सुरेंद्र दूबे

अवधनामा संवाददाता




**सिद्धार्थनगर।** शिक्षक होना अनेक जन्मों के पुण्य का फल है उसमें भी विद्या भारती जैसे शिक्षण संस्थान का अंगीभूत घटक बनना आगामी जीवन की मंगलमय कामना है। उक्त बातें विद्या भारती पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष व सिद्धार्थ विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ सुरेंद्र दूबे ने कही। वह विद्या भारती गोरक्ष प्रांत के शिशु शिक्षा समिति द्वारा रघुवर प्रसाद जायसवाल सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज तेतरी बाजार में आयोजित दस दिवसीय नव चयनित आचार्य प्रशिक्षण वर्ग के उद्घाटन सत्र को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा विद्या वह माध्यम है जो व्यक्ति का केवल निर्माण ही नहीं करती बल्कि वासनाओं, लालच, बेईमानी आदि सारे दुर्गुणों से मुक्ति दिलाती है। विद्या भारती हमें सिखाती है कि निर्माणों के पावन युग में हम चरित्र निर्माण को न भूलें। हमें सब को लेकर आगे चलना है हमको सबको साथ लेकर चलना है। प्रेम से रामराज्य की स्थापना होती है घृणा से महाभारत होता है। इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीपतत्रण प्रज्ज्वलन व पुष्पार्चन कर किया गया। अतिथियों का परिचय बलिया के संभाग निरीक्षक कन्हैया चौबे ने कराया। उक्त अवसर पर क्षेत्रीय प्रशिक्षण प्रमुख दिनेश सिंह, शिशु शिक्षा समिति गोरक्ष प्रांत के प्रदेश निरीक्षक राम सिंह जी, विद्यालय प्रबंध समिति कोषाध्यक्ष अजय जयसवाल, प्रधानाचार्य रामकेवल शर्मा, गोविंद सिंह, बालिका विद्यालय की प्रभारी श्रीमती प्रतिमा सिंह समेत समस्त प्रशिक्षार्थी बंधुओं व व्यवस्था में लगे बंधुओं की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम का संचालन प्रान्तीय परीक्षा प्रमुख दिवाकर मिश्रा ने किया।

## मुस्लिम समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन में 11 जोड़ो का हुआ निकाह



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** नगर के पं दीनदयाल चौराहे स्थित एक गेस्ट हाउस में मुस्लिम समाज के 11 जोड़ों ने निकाह कुबूल कर एक दूसरे के साथ एक साथ जीवन पर साथ रहने की कसमें खाईं।

इस सामूहिक सम्मेलन नवनिर्वाचित सांसद ने भी मौके पर पहुंच कर वर वधू को शुभाशीष देकर उन्हें बधाई दी। पं दीन दयाल चौराहे के पास स्थित एक गेस्ट हाउस में मुस्लिम समाज द्वारा 14वां सामूहिक विवाह सम्मेलन का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें 11 मुस्लिम समाज के वर वधुओं ने एक दूसरे के साथ जीवन भर साथ रहने की कसमें खाईं तो वहीं मौलाना ने एक दूसरे का निकाह कुबूल कराया।

सारी रस्में संपन्न होने के बाद नव निर्वाचित सासंद,व समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष ने मौके पर पहुंच कर सभी वर वधुओं को शुभाशीष देकर उन्हें नये जीवन मे प्रवेश करने की बधाई दी। इस कार्यक्रम का संचालन पूर्व नगर अध्यक्ष द्वारा किया। आयोजक कमेटी के अध्यक्ष यासीन ने सभी आये हुये आगुंतकों का आभार व्यक्त कर सभी नव जोड़ों को उपहार भेंट किया। विनय श्रीवास्तव,राशिद मंसूरी खनुवां हबीब खां खनुवां,वाहिद खां,जहूर, रमजान सत्तार खा़ं आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

## सिनेमा का बाक्स आफिस

सिनेमा में बाक्स आफिस और ब्लाकबस्टर अत्याधिक चहेता नाम है। हर फिल्मकार, ऐक्टर, फिल्म से जुड़े कलाकारों और टेक्नेशियनों कि यह ख्वाइश रहती है कि उनकी फिल्म बाक्स आफिस पर सफल हो ब्लाक बस्टर में शामिल हो। फिल्म निर्माण एक बहुत खर्चीला धन्धा है। डायेक्टर, ऐक्टर, संगीतकार, टेक्निशियन, प्रोडयूसर मिलकर फिल्म बनाते है। पैसा प्रोडयूसर लगाता है। फिर फिल्म के प्रचार में पैसा लगता है। जब फिल्म रिलीज होती है तो इतने लोगो की जान अटकी रहती है। फिल्म और बाक्स आफिर पर हिट हो गयी तो इन सबकी चांदी हो जाती है। हर फिल्म का रिलीज इनके जीवन भरण के प्रश्न की तरह होता है।

पिछलें पांच छह महीने फिल्म वाले के लिये मन्दी रहा। लोकसभा चुनाव, इन्डियन प्रिमियर लीग टी-20 के चलते फिल्मों के रिलीज रूके रहे। अभी भी वर्ल्ड टी-20 चल रहा है पर इसका कोई असर फिल्मों पर नही है। एक तो यह अमेरिका में चल रहा है। अब फिल्मकार अपनी फिल्मों को लेकर रिलीज के मैदान में उतर रहे है। उन्हें विश्वास है बुरा दौर गुजर चुका है अब बाक्स आफिस पर फसल काटने का समय आ गया है। पूरी इन्डस्ट्री में चहल पहल बढ़ गई है।

इस महीने दो बड़ी फिल्में कार्तिक आर्यन की चन्दू चौम्पियन और प्रभास की अमिताभ, दीपिका पादुकोण की काल्कि 2898 एडी रिलीज होगी। अगले महीने आधा दर्जन चर्चित फिल्में सिनेमा हाल में लगेगी। खास फिल्में है। इनमें अजय देवगन की औरो में कहा दम था, जान्ध्वी कपीट की उलझन, कमल हसन की इन्डियन-2, अक्षय कुमार की सिरफिरा, जानअब्राहम की वेदा और विकी कौशल की बैडन्यूज शामिल है। अब फिल्मों के रिलीज की रफ्तार पूरे साल गतिमान रहेगी।

2024 के पिछले पांच महीनों में कोई फिल्म ब्लास्टर का तमगा नहीं पास की। अब साल का मुश्किल दौर खत्म हो गया है। आने वाले दिनों में बालीउड, हालीउड़ और साउथ के फिल्मों की लाइन लग जायेगी और बाक्स आफिस पर रिकार्ड कायम होगे कमाई के साल का पिछला आधा हिस्सा मायूसी भरा रहा पर आने वाले आधा हिस्सा सिलवर जुबली रहेगा। 2020,2021,2022, करोना फिल्मों की कमाई चाट गया। 2023 में फिल्मो ने वापसी कर कमाई का रिकार्ड तोड़ा। अब आगे के 2024 साल का हिस्सा फिल्मी दुनियां के लिये सुख और सम्पत्ती लेकर आयेगा। ऐसा विशेषज्ञों का विश्वास है। खुदा फिल्मवालों को खुशी अता करें उनकी फिल्में सुख और सम्पत्ती का बायस बने। फिल्म वालों का ही कहना है।

जब रात अधेंरी घिर आये समझो की सबेरा दूर नहीं,
हर रात का है पैग़ाम यही हर तारे यही दोहराते है।

## आतंकवाद की घृणित विचारधारा को करना होगा समूल नष्ट


संजीव ठाकुर

जम्मू काश्मीर फिर आतंकवाद की ज्वाला से धधक रहा है, कठुआ, हीरानगर ,डोडा में गंभीर आतंकवादी हमला हुआ जिसमें एक सेना का जवान शहीद हो गया। इसके अलावा आतंकवादियों द्वारा धार्मिक यात्रा से लौटते हुए रियासी नामक स्थान पर श्रद्धालुओं पर बेतहाशा गोलियां बरसाई गई बस के पलटने से 9 श्रद्धालुओं की मौत हो गई। उधर इटली में खालिस्तानी समर्थकों द्वारा महात्मा गांधी की मूर्ति को खंडित किया गया जिसका अनावरण त्र7 समिट में शामिल होने जा रहे प्रधानमंत्री मोदी जी करने वाले थे। आतंकवाद ने न सिर्फ देश में बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नाक में दम करके रखा है। अब समय आ गया है कि आतंकवादियों को एक सिरे से कुचल दिया जाए और आतंकवादी विचारधारा को समूल नष्ट किया जाए।आतंकवाद एक मानसिक विकृति की विचारधारा है, जिसके द्वारा हिंसक कार्यों और गतिविधियों से जनमानस अशांति और भय की स्थापना करके अपने लक्ष्य की प्राप्ति का प्रयास करना होता है। जिससे किसी भी क्षेत्र में आधिपत्य का अधिकार प्राप्त करने के लिए हिंसा और आतंक का सहारा लेकर जनमानस में अशांति का वातावरण निर्मित करने अपने मंसूबे पूरे कर आर्थिक सामाजिक और राजनैतिक विध्वंस का तांडव मचाना होता है। कुछ व्यक्तियों के समूह द्वारा संचालित मानव विरोधी गतिविधियां ही हैं जो कि समाज के विरुद्ध लूट, अपहरण, बम विस्फोट,हत्या जैसे जघन्य अपराधों को जन्म देती है। आतंकवाद मूलतः धार्मिक, राजनीतिक, सामाजिक परिवेश लिए हुए होता है। भारत में आतंकवाद धार्मिक और राजनीतिक ज्यादा परिलक्षित हुआ है। भारत में कश्मीर, लद्दाख, असम मैं विभिन्न अलगाववादी समूह द्वारा हिंसक अपराधिक कृत्य कर लोगों को भयभीत तथा पलायन करने पर मजबूर करने का कृत्य राजनीतिक आतंकवाद ही है। अलकायदा, लश्कर-ए-तैयबा ,जैश-ए-मोहम्मद जैसे संगठन धार्मिक कट्टरता की भावना से अपराध को अंजाम देते हैं। देश में नक्सलवाद ने छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश, झारखंड ,बिहार और पश्चिम बंगाल में अपना मौत का परचम फेहरा के रखा है। नक्सलवाद मूलतः सामाजिक क्रांतिकारी समूह द्वारा सरकार के विरोध में आमजन तथा आदिवासियों के मध्य अपनी समानांतर सरकार चलाने हेतु हिंसक घटनाएं की हैं। यह आतंकवादी ग्रुप हिंसा के द्वारा अलग अलग तरीके से आतंकवाद फैलाने का प्रयास करते हैं ,यह ज्यादातर भीड़भाड़ वाले इलाकों में जैसे रेलवे स्टेशन बस स्टैंड रेल रेल पटरियों वायुयानो का अपहरण निर्दोष लोगों को बंदी बनाना बैंक में डकैतियां कर समाज में अराजकता तथा वैमनस्यता फैलाने का काम करते हैं। भारत में नक्सलवाद तो मूल रूप से पश्चिम बंगाल के नक्सल वाली क्षेत्र से पनपा है, जो पूरे भारत में धीरे-धीरे फैल कर हिंसक रूप अपनाए हुए हैं। आतंकवाद केवल भारत में न होकर उसका साम्राज्य वैश्विक स्तर पर भी दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से फैला हुआ है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आतंकवाद ने अनेक घटनाओं को जन्म देकर विश्व शांति सद्भावना की मूल कल्पना को छिन्न-भिन्न करने का प्रयास किया है। दुनिया के प्रत्येक देश में आतंकवाद किसी न किसी रूप में आज मौजूद है। आतंकवाद कहीं रंगभेद, कहीं भाषा विभेद, कहीं राजनीतिक विचारधाराओं में विरोध और कहीं रंगभेद के कारण ,नस्ली समस्या आतंकवाद का कारण बनी है। यह समस्याएं हथियारों से सुलझाने के प्रयास में अत्यंत हिंसक बन गई हैं।

आतंकवाद को वृहद रूप देने में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी ने भी बड़ा साथ दिया है, आतंकवादियों, नक्सलवादियों और नस्ल वादियों के लिए रसायनिक, नाभिकीय, जैविक मानव बम जैसे आधुनिक हथियार उपलब्ध होने से यह आतंकवादी गतिविधियां और भी खतरनाक हो गई है। इसके अलावा मीडिया में इंटरनेट उपलब्धता से यह सारी सरकारी गतिविधियों की जानकारी प्राप्त हो जाती है इससे आतंकवादी और ज्यादा खतरनाक साबित हो रहे हैं। विश्व में वर्ल्ड ट्रेड सेंटर 11 सितंबर 2001 आतंकवादी हमला मानव इतिहास की सबसे क्रूर तम हमला माना जाता है। पाकिस्तान के पेशावर जिले में आर्मी स्कूल में 150 मासूम बच्चों की निर्मम हत्या भी एक क्रूर आतंकवादी घटना हैद्य भारत में 1993 में मार्च में श्रृंखलाबद्ध बम विस्फोट इसी तरह दिसंबर 2001 में संसद भवन पर हमलावाराणसी बम विस्फोट, अहमदाबाद में बम विस्फोट, 2008 में मुंबई ताज होटल पर हमला,2016 में पठानकोट एयरबेस हमला, 2017 में अमरनाथ तीर्थयात्रियों हमला, 2019 में पुलवामा हमला आतंकवादी घटनाएं हैं जिससे मानवीय संवेदनाएं, शांति स्थापना की मूल धारणा की धज्जियां उड़ जाती है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**
**स्थानीय संपादक**
**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

आंकड़ों की बात करें तो चुनाव हार जाने समेत कई कारणों से पिछले मोदी मंत्रिमंडल के कुल 37 चेहरों को इस बार बाहर का रास्ता दिखा दिया गया है, जबकि 33 नए चेहरों की एंट्री हुई है। नए चेहरों में सह्योगी दलों के चिराग पासवान और जयंत चौधरी भी शामिल हैं। राज्यवार देखें तो बिहार के कुल आठ मंत्रियों में से चार कैबिनेट मंत्री बनाए गए हैं, जबकि उत्तर प्रदेश के नौ मंत्रियों में से अकेले राजनाथ सिंह कैबिनेट मंत्री हैं। वैसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद भी उत्तर प्रदेश के वाराणसी से ही सांसद हैं। प्रधानमंत्री मोदी के गृह राज्य गुजरात से कुल छह मंत्री बनाए गए हैं।

# नई सरकार में पुराने चेहरों पर भरोसा कायम


रोहित माहेश्वरी



बीते 9 जून को एनडीए की सरकार का गठन हो गया। प्रधानमंत्री मोदी ने तीसरी बार शपथ लेकर रिकार्ड कायम कर दिया। इस बार बीजेपी को आशा के अनुरूप नतीजे नहीं मिले हैं, इसलिए सरकार में गठबंधन के दलों का दखल और प्रभाव बढ़ा है। मोदी मंत्रिमंडल में 71 मंत्री शामिल किए गए हैं, जिनमें गठबंधन के दलों के सांसद भी शामिल है। मंत्रिमंडल के गठन में सहयोगी दलों को तो भागीदारी मिली है, वहीं कई अहम मंत्रालयों में पुराने चेहरों पर दोबारा विश्वास व्यक्त किया गया हे। केंद्रीय मंत्रिपरिषद के स्पष्ट संकेत हैं कि यह निरंतरता की ही सरकार है। मोदी के साथ शपथ लेने वाली मंत्रिपरिषद पर नजर डालें तो कहा जा सकता है कि मोदी गठबंधन की बिसात पर सधी चाल चल रहे हैं। शपथ ग्रहण में एनडीए के सभी घटक दलों के नेता मौजूद रहे और मंत्रिमंडल में प्रतिनिधित्व को लेकर कोई खास नाराजगी सामने नहीं आई। हां, अजित पवार की एनसीपी अवश्य मंत्रिमंडल से बाहर रह गई, पर इसके कारण आंतरिक और तार्किक, दोनों बताए जा रहे हैं। पहला, मंत्री बनने के लिए प्रफुल्ल पटेल और सुनील तटकरे में खींचतान। दूसरा, अतीत में कैबिनेट मंत्री रह चुके प्रफुल्ल का स्वतंत्र प्रभार के साथ राज्य मंत्री बनने से इनकार। मात्र एक लोकसभा सीट जीत पाई उप मुख्यमंत्री अजित पवार की एनसीपी सौदेबाजी की स्थिति में नहीं है। इसका इसी साल अक्टूबर में विधानसभा चुनाव वाले महाराष्ट्र की राजनीति पर क्या असर पड़ेगा, यह देखना दिलचस्प होगा, क्योंकि उनके गुट के एक दर्जन से भी ज्यादा विधायकों के शरद पवार से संपर्क में होने की खबरें हैं।

शिवसेना तोड़ कर मुख्यमंत्री बनने वाले एकनाथ शिंदे ज्यादा कमजोर आंके जा रहे थे, लेकिन लोकसभा चुनावों में उनका प्रदर्शन अजित पवार की एनसीपी से अच्छा रहा, जिसका पुरस्कार भी उन्हें मोदी मंत्रिमंडल में एक कैबिनेट और एक राज्य मंत्री के रूप में मिला है। महाराष्ट्र से कुल छह मंत्री बनाए गए हैं, जिनमें भाजपा की रक्षा खडसे भी शामिल हैं, जिनके श्वसुर एकनाथ खडसे फिलहाल शरद पवार की एनसीपी के एमएलसी हैं, पर जल्द अपनी पुरानी पार्टी भाजपा में लौटने वाले हैं। भाजपा के अल्पमत का तनाव और गठबंधन के दबावों, सवालों की जरा-सी भी चिंता प्रधानमंत्री मोदी को नहीं है। कार्यभार संभालने के बाद प्रधानमंत्री ने प्रथम हस्ताक्षर 'किसान सम्मान निधि' वाली फाइल पर किए, तो किसी भी मंत्री को जानकारी नहीं थी। प्रधानमंत्री ने 9.30 करोड़ किसानों के लिए 20,000 करोड़ रुपए जारी किए। किसानों की 17वीं किस्त दी गई। शाम को कैबिनेट की प्रथम बैठक में ही गरीबों के लिए ऐसे 3 करोड़ आवास बनाने की योजना को स्वीकृति दी गई, जिनमें शौचालय, एलपीजी, नल और बिजली के कनेक्शन की सुविधाएं भी होंगी। ये मकान ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में बनाए जाएंगे। मोदी सरकार अपने 10 साला कालखंड में ऐसे 4.21 करोड़ मकान बनाकर बांट चुकी है। सबसे महत्वपूर्ण यह रहा कि पिछली सरकार में जो मंत्री रक्षा, गृह, सड़क परिवहन, विदेश, वित्त, शिक्षा, रेल, पेट्रोलियम, वाणिज्य-उद्योग, कानून और पर्यावरण आदि मंत्रालयों के प्रभारी थे, उन्हीं चेहरों को यथावत कार्यभार सौंपा गया है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा 2014 की मोदी सरकार में ही स्वास्थ्य मंत्री थे। अब 2024 की कैबिनेट में भी वह स्वास्थ्य मंत्री बनाए गए हैं। ज्योतिरादित्य सिंधिया, सर्बानंद सोनोवाल, किरेन रिजिजू, प्रह्लाद जोशी, मनसुख मांडविया, गजेन्द्र शेखावत, जी किशन रेड्डी आदि पुराने मंत्री हैं, जिन्हें नए मंत्रालय के साथ नई सरकार का हिस्सा बनाया गया है। कई राज्य मंत्रियों के भी मंत्रालय वही पुराने रखे गए हैं।

सबसे संवेदनशील सुरक्षा की कैबिनेट कमेटी में भी कोई फेरबदल नहीं किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी पर तेलुगू देशम पार्टी (टीडीपी), जनता दल-यू, शिवसेना, एनसीपी सरीखे सहयोगी दलों का कोई दबाव और तनाव दिखता नहीं है। उन्हें प्रधानमंत्री ने अपने विशेषाधिकार के अनुसार मंत्रालय सौंपे हैं। सरकार में प्रधानमंत्री समेत 72 मंत्री हैं, जिनमें से 61 मंत्री भाजपा के हैं। हिंदी भाषी क्षेत्रों से 36 मंत्री और दक्षिण भारत से 13 मंत्री लिए गए हैं। महिला मंत्रियों की संख्या 7 है। शायद इसी आंकड़े की परंपरा रही है। आंकड़ों की बात करें तो चुनाव हार जाने समेत कई कारणों से पिछले मोदी मंत्रिमंडल के कुल 37 चेहरों को इस बार बाहर का रास्ता दिखा दिया गया है, जबकि 33 नए चेहरों की एंट्री हुई है। नए चेहरों में सहयोगी दलों के चिराग पासवान और जयंत चौधरी भी शामिल हैं। राज्यवार देखें तो बिहार के कुल आठ मंत्रियों में से चार कैबिनेट मंत्री बनाए गए हैं, जबकि उत्तर प्रदेश के नौ मंत्रियों में से अकेले राजनाथ सिंह कैबिनेट मंत्री हैं। वैसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद भी उत्तर प्रदेश के वाराणसी से ही सांसद हैं। प्रधानमंत्री मोदी के गृह राज्य गुजरात से कुल छह मंत्री बनाए गए हैं। राजस्थान से 4 मंत्री बनाए गए हैं।

मौजूदा मंत्रिपरिषद की औसत आयु 58.7 साल है, जबकि 2019 में यही 60 साल के कुछ ऊपर थी। हालांकि कैबिनेट में 7 पूर्व मुख्यमंत्री हैं, लेकिन हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर को ऊर्जा, आवास एवं शहरी विकास मंत्रालय दिए गए हैं और मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को कृषि और ग्रामीण विकास मंत्रालय का दायित्व सौंपा गया है। रेल के साथ-साथ सूचना-प्रसारण मंत्रालय भी अश्विनी वैष्णव को दिया गया है। वह प्रौद्योगिकी सम्पन्न मंत्री हैं, सूचनाओं को दबाने या बांटने के खेल से अनभिज्ञ हैं, लिहाजा सूचना मंत्रालय दिए जाने पर आश्चर्य होता है। संभव है कि जब कैबिनेट का विस्तार या फेरबदल होगा, तो यह मंत्रालय किसी और मंत्री को दिया जा सकता है। इसी तरह ऊर्जा मंत्रालय भी तकनीक और विज्ञान पर आधारित मंत्रालय है। खट्टर के संदर्भ में तालमेल मुश्किल हो सकता है।

बहरहाल शिवराज सिंह चौहान पर इतना बोझ, दायित्व डाल दिया गया है, जितना उन्होंने मुख्यमंत्री के 16.5 सालों के दौरान महसूस नहीं किया होगा। किसान और गांव परस्पर पूरक हैं। नए मंत्री के सामने जलता और उबलता-सा सवाल होगा कि फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी का क्या किया जाए? किसानों की आय कब तक और किस तरह दोगुनी की जा सकती है? कृषि वैज्ञानिक और अर्थशास्त्री एमएसपी की कानूनी गारंटी के पक्ष में नहीं हैं, लेकिन एमएसपी में निरंतर बढ़ोतरी के समर्थक हैं। जब किसान आंदोलन समाप्त किया गया था, तब प्रधानमंत्री मोदी ने किसानों को आश्वस्त किया था कि एमएसपी के कानूनी दर्जे के बारे में जरूर कुछ किया जाएगा। एक कमेटी भी बनाई गई थी, लेकिन आज तक कोई निष्कर्ष सामने नहीं है। आम चुनाव में किसानों के तनाव, गुस्से और संकट ने कई राज्यों में भाजपा की पराजय की जमीन तैयार की थी, लिहाजा यह मुद्दा प्राथमिकता का है। मोदी सरकार के लिए गरीबी, बेरोजगारी, निम्न आय वर्ग की चिंताएं भी प्राथमिकता पर होनी चाहिए। भाजपा हिंदुत्व के साथ दलितों और पिछड़ों को भी जोड़ना चाहेगी। भाजपा अपने सहयोगियों के प्रति उदार रवैये अपनाएगी। राजग की कोशिश है कि गठबंधन को मजबूत करके इस बार सशक्त होकर उभरे विपक्ष का मुकाबला किया जा सके।

# हैट्रिक @ 3.0- फ्री हैंड पर पेंच फंस सकता है?

मोदी सरकार ने 3.0 ने लोकसभा चुनाव से पूर्व रेलवे, सड़क परिवहन, कृषि समेत तमाम मंत्रालयों में 100 दिन का प्लान बनवाया है, जो अगले चार वर्षों का रोडमैप है। मसलन रेलवे मंत्रालय में वंदेभारत के अलावा वंदेभारत स्लीपर और वंदेभारत मेट्रो शामिल है। वहीं सड़क परिवहन मंत्रालय में एक्सप्रेसवे व रोपवे कृषि मंत्रालय में ड्रोन दीदी योजना, एग्री इंफ्रा फंड को बढ़ाना जैसे प्रोजेक्ट शामिल हैं। मोदी सरकार 3.0 की इनको अगले 100 दिनों में शुरू करने की तैयारी बतायी गयी थी। मंत्रालय के अधिकारियों ने पूरा प्लान तैयार कर लिया है। मंत्रिमंडल के गठन के साथ ही इन पर अमल शुरू कर दिया जाना था।


किशन भावनानी



वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियां ने देखा वर्तमान हैट्रिक एट द रेटऑफ़ 3.0 लगाने वाली सरकारने जिस तरहपिछले 10 वर्षों में ऐसे अनेक कठिन निर्णयों को विशाल हृदय से आसानी से लेकर अनेक निर्णयों को कार्यान्वित किया जिससे भारत सहित पुरी दुनिया हत्प्रभ हो गई थी तथा जिस तरह से प्रौद्योगिकी स्वास्थ्य शिक्षा सहित हर क्षेत्र में पूरी दुनियां के साथ मिलकर घरेलू ही नहीं पूरी दुनिया के काम रास करके, दुनियां के सभी देशों के हृदय में अपने प्रति विश्वबंधु होने का भाव उदित किया वह काबिल ए तारीफ है, इसी भरोसे व संभावना के साथ ही हैट्रिक एट द रेट ऑफ़ 3.0 से सरकार वापस आई, परंतु अबकी बार सरकार में एक बहुत बड़ी कमी देखने को मिल सकती है वह है, फ्री हैंड की कमी, क्योंकि वर्तमान सरकार हालांकि इलेक्शन प्री प्रिपरेशन से ही यानें इलेक्शन में जाने के पहले से ही एनडीए के साथ एक कुनबा होकर चुनाव लड़े थे और जीते भी, परंतु पिछले दो टर्म की तरह खुद के नंबर गेम नहीं ला सके, इसलिए अब उन्हें बैसाखियों के सहारे निर्णय में बाधा आ सकती है। यानें जो निर्णय पहले एक मत से किसी भी बड़ी से बड़ी समस्या के समाधान में होते थे,वह अब लेने में दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है, जिसका सटीक उदाहरण हमने मीडिया में देखे कि सरकार बनने के पहले ही अग्निवीर की वापसी,जातीय आरक्षण और अन्य मुद्दों सहित कुछ योजनाओं पर प्रश्नचिन्ह लगाए गए हैं, हमें यह आभास हो चला है कि जो हमारा विज़न 2047 है,जैस एक देश एक चुनाव, यूसीसी सहत अनेक योजनाओं पर असर पड़ने की संभावना हो सकती है। इस तरह जैसे माननीय पीएम ने चुनावी सभाओं में हैट्रिक एट द रेट ऑफ 3.0 सरकार के प्रथम 100 दिनों के रोड मैप तैयार होने की करें तो,चुंकि मंत्रालयों काविकेंद्रीकरण हो जाएगा तो होसकता है, वह तैयार रोडमैप बदल जाए, यही संचय मंत्रालय से संबंधित अधिकारियों को भी होगा। चूंकि दुनियां के लिए विश्वबंधु बनकर उभरा भारत, क्या बिना फ्री हैंड के विश्व और घरेलू विजन को तेजी से बड़ा पाएगा? यह प्रश्न आज देश के सामने उत्पन्न हुआ है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, हैट्रिक एट द रेट ऑफ 3.0 फ्री हैंड पर पेंच फंस सकता है?


साथियों बात अगर हम सबसे पहले हैट्रिक एट द रेट ऑफ 3.0 के प्रथम 100 दिनों के बने हुए रोडमैप की करें तो, गठबंधन सरकार में मंत्रालय को लेकर हो रही माथापच्ची की वजह से कई मंत्रालयों के अधिकारी भी फिलहाल पसोपेश में आ गए हैं। मोदी सरकार 3.0 ने सभी मंत्रालयों में 100 दिन का प्लान बनवाया है। यह प्लान भाजपा सरकार ने अपने अनुसार बनवाया था,लेकिन अगर संबंधित मंत्रालय गठबंधन के सहयोगी दल के पास जाता है तो क्या 100 दिन का प्लान लागू हो जाएगा? इसे लेकर मंत्रालय में भी सवाल उठ रहे हैं। मोदी सरकार ने 3.0 ने लोकसभा चुनाव से पूर्व रेलवे, सड़क परिवहन, कृषि समेत तमाम मंत्रालयों में 100 दिन का प्लान बनवाया है, जो अगले चार वर्षों का रोडमैप है। मसलन रेलवे मंत्रालय में वंदेभारत के अलावा वंदेभारत स्लीपर और वंदेभारत मेट्रो शामिल है। वहीं सड़क परिवहन मंत्रालय में एक्सप्रेसवे व रोपवे कृषि मंत्रालय में ड्रोन दीदी योजना, एग्री इंफ्रा फंड को बढ़ाना जैसे प्रोजेक्ट शामिल हैं। मोदी सरकार 3.0 की इनको अगले 100 दिनों में शुरू करने की तैयारी बतायी गयी थी।मंत्रालय के अधिकारियों ने पूरा प्लान तैयार कर लिया है। मंत्रिमंडल के गठन के साथ ही इन पर अमल शुरू कर दिया जाना था।यहां फंस सकता है पेंचदर, असल गठबंधन के सहयोगी दल कई प्रमुख मंत्रालय की मांग कर रहे हैं। इनमें रेलवे, सड़क परिवहन, कृषि, आईटी, रक्षा प्रमुख रूप से शामिल हैं। मंत्रालय के अधिकारियों के अनुसार अगर ये मंत्रालय सहयोगी दलों के पास जाते हैं तो क्या वे मोदी सरकार 3.0 के 100 दिन के प्लान को लागू करेंगे। जानकार बताते हैं कि संभव है कि सहयोगी दल की प्राथमिकताएं 100 दिन के प्लान से अलग हों? मसलन रेल मंत्रालय में वंदेभारत स्लीपर और वंदे भारत मेट्रो के बजाए सहयोगी दल स्लीपर ट्रेनों के संचालन और जनरल कोचों को बढ़ाने पर ज्यादा फोकस करें? इसी तरह रोपवे के बजाए ग्रामीण सड़कों की सड़के बनाने पर ज्यादा ध्यान दिया जाए? इस तरह के सवालों की वजह से मंत्रालय केअधिकारी फिलहाल असमंजस में हैं। उनका मानना है कि मंत्रालय के बंटवारे के बाद ही इसकी तस्वीर स्पष्ट हो जाएगी।

साथियों बात अगर हम फ्री हैंड पर पेंच फंसने की करें तो, पूर्ण बहुमत न होने की वजह से अब कुनबे को प्राथिकता देनी होगी। पीएम के सामने परिवार को एकुजट रखना बड़ी चुनौती होगी। कानून और बिल में अब सरकार को नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नाडूय का भी ख्याल रखना होगा। ये बात तो जग जाहिर है कि नीतीश और नायडू, बीजेपी के दोनों ही साझीदार उनके प्राथमिकता वाले मुद्दों पर कभी एकजुट नहीं रहे है? अब बजट से लेकर राज्य तक के लिए वह मोदी सरकार से कुछ और ज्यादा की उम्मीद करेंगे? अब स्पेशल राज्य का मुद्दा बड़ा बना रहेगा? दोनों ही नेता बिहार और आंध्र प्रदेश के लिए पहले से ही स्पेशव राज्य की मांग करते रहे हैं। बीजेपी के सहयोगी दलों की विचारधारा उससे अलग है। कई मुद्दों को लेकर सहयोगी दलों और बीजेपी के बीच सोच का काफी अंतर है।यही वजह है कि कॉमन सिविल कोड पर मोदी सरकार को थोड़ा थमकर कदम बढ़ाने पड़ सकते हैं। 3-63 सीटों के इस झटके के बाद अब बीजेपी को पार्टी संगठन में भी बदलाव की ओर सोचना होगा। आने वाले दिनों में पार्टी रीस्टार्ट के मूड में दिखाई दे सकती है। पीएम मोदी ने अपने विजयी भाषण में इसके संकेत दिए कि उनकी सरकार बड़े फैसले लेगी। लेकिन यह 5 साल मोदी मैजिक की चमक को फिर से वापस लाने के भी होंगे, इसके लिए मोदी सरकार को अपनी नीतियों को और धरातल पर उतरना पड़ेगा।आने वाले दिनों में महाराष्ट्र, दिल्ली और हरियाणा में विधानसभा चुनाव होने हैं। बीजेपी पर अब तीनों राज्यों में बेहतरप्रदर्शन का दवाब रहेगा। दिल्ली को छोड़ बाकी दो राज्यों में लोकसभा चुनाव के नतीजों ने पार्टी के लिए टेंशन बढ़ा दी है। दिल्ली में भले ही आप का सफाया होता दिख रहा हो, लेकिन ये भी सच है कि विधानसभा चुनावों में उसने हमेशा जोरदार वापसी की है। ऐसे में बीजेपी को इस पर भी ध्यान देना होगा। साथियों बात अगर हम माननीय राष्ट्रपति द्वारा एनडीए को सरकार बनाने के लिए आमंत्रित करने की करें तो, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के संसदीय दल का नेता चुने जाने के बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नरेंद्र मोदी को सरकार बनाने के लिए आमंत्रित किया। इसके बाद राष्ट्रपति भवन के बाहर मीडिया कर्मियों को संबोधित करते हुए पीएम ने नई सरकार का रोडमैप साझा किया। उन्होंने कहा कि 2024 का लोकसभा चुनाव अमृतकाल का पहला चुनाव है। आगे कहा कि 2047 में जब देश आजादी की 100वीं वर्षगांठ मनाएगा, उसके संकल्प पूरा करने के लिए हमारे पास स्वर्णि अवसर है। उन्होंने कहा कि देशवासियों ने एनडीए को एक बार फिर सेवा का मौका दिया है।

# मेडिकल छात्रों को न्याय मिले

**डा. वरिंदर भाटिया**

अदालत ने प्रभावित छात्रों को ग्रेस मार्क्स देने की इजाजत दी। नतीजे प्रकाशित होने के बाद यह देखा गया कि कुछ छात्रों को 720 में 718 और 719 अंक मिले, जो मौजूदा मूल्यांकन पद्धति में असंभव है। यह भी आरोप था कि असामान्य रूप से ज्यादा संख्या में छात्रों ने पूरे अंक हासिल किए। एनटीए ने बाद में यह साफ किया कि अजीब लग रहे अंक अदालत के आदेशानुसार ग्रेस मार्क्स दिए जाने का नतीजा है और चूंकि यह एक आसान प्रश्नपत्र था, इसलिए कई सारे छात्रों ने पूरे अंक प्राप्त किए। लेकिन बात इतनी ही नहीं थी। परीक्षा से पहले नीट यूजी का प्रश्नपत्र लीक होने की खबरें आई थीं।



नीट परीक्षा को लेकर जिस तरह पूरे देश में बवाल मचा है, उसे देखकर यह सवाल उठने लगा है कि क्या नीट यूजी परीक्षा के नतीजे रद्द किए जाएंगे और नीट यूजी की परीक्षा एक बार फिर से कराई जाएगी। मालूम हो कि जब मई में नीट यूजी के पेपर हो रहे थे उस समय भी कई जगहों पर पेपर लीक की सूचनाएं आई थीं। तब भी तमाम अभ्यर्थियों ने इसको कैंसिल करने और दोबारा पेपर कराने की मांग की थी, लेकिन उस समय इस पर कुछ नहीं हुआ। अब जब रिजल्ट आया है तो एक बार फिर यह मामला गर्म हो गया है। हालांकि इस पर अभी तक स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी है। वर्ष 2024 में नीट की परीक्षा में लगभग 24 लाख बच्चे शामिल हुए थे। इनमें से 13 लाख से अधिक पास हुए। इसमें भी खास बात यह है कि इस बार की नीट परीक्षा के रिजल्ट में 67 बच्चों को टॉपर घोषित किया गया है। इन टॉपर्स को 720 में से 720 अंक मिले हैं। कुछ बच्चों को 718 और 719 नंबर तक मिले हैं, जिसके बाद नीट रिजल्ट को लेकर सवाल खड़े होने लगे हैं। तमाम लोगों ने रिजल्ट को लेकर परीक्षा कराने वाली एजेंसी एनटीए को भी कटघरे में खड़ा किया है, हालांकि एनटीए ने अपने आरोपों पर सफाई भी दी है। उसके बाद भी कुछ अभ्यर्थियों ने मध्य प्रदेश हाईकोई में नीट के रिजल्ट को लेकर याचिका दायर कर दी है। इससे पहले जब नीट की परीक्षा 5 मई 2024 को हुई थी, उस समय राजस्थान के एक परीक्षा केंद्र पर यूजी पेपर लीक की खबरें आई थीं, जिसके बाद नीट यूजी परीक्षा के पेपर लीक का हवाला देते हुए कुछ उम्मीदवारों ने सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की और इस परीक्षा को नए सिरे से कराने की मांग की।

सुप्रीम कोर्ट ने जुलाई में सुनवाई करने की बात कही है। वर्ष 2015 में एमबीबीएस, बीडीएस एडमिशन के लिए नेशनल लेवल मेडिकल प्रवेश परीक्षा (ऑल इंडिया प्री मेडिकल टेस्ट) हुआ करती थी। तब यह परीक्षा सीबीएसई कराता था। उस समय भी पेपर लीक की खबरें आई थीं। आरोप था कि एग्जाम सेंटर्स पर इलेक्ट्रॉनिक डिवाइसेस पर स्टूडेंट्स को क्वेश्चन पेपर के आंसर की भेजे गए हैं। उस समय भी यह मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा था। तब 3 मई को परीक्षा हुई थी और 5 जून को रिजल्ट आना था। कोर्ट ने 15 जून को दिए अपने फैसले में कहा कि मेडिकल एंट्रेंस एग्जाम कैंसिल किया जाए और परीक्षा 4 हफ्ते में दोबारा से ली जाए। अब इस बार कोर्ट का क्या फैसला होता है, यह तो देखने वाली बात है, लेकिन इस बार परीक्षा कैंसिल जैसी कोई बात नजर नहीं आ रही। भारत में नीट को लागू हुए एक दशक से कुछ ही ज्यादा समय हुआ है और इसने ठहरे हुए पत्थर पर काई जमने जितनी बदनामी बटोर ली है। इसमें सबसे ताजा यह है कि नीट का संचालन कराने वाली राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) को 2024 के लिए हुई मेडिकल की पात्रता एवं प्रवेश परीक्षा को लेकर लगाए गए आरोपों की जांच के वास्ते एक चार सदस्यीय समिति नियुक्त करनी पड़ी है। छह केंद्रों के लगभग 1500 छात्रों ने शिकायत की कि उन्हें परीक्षा पूरी करने के लिए पूरा समय नहीं दिया गया। ऐसा विभिन्न वजहों से हुआ। गलत प्रश्नपत्र का वितरण, फटी हुई ओएमआर शीट, तकनीकी गड़बडियां और ओएमआर शीट के वितरण में देरी।

अदालत ने प्रभावित छात्रों को ग्रेस मार्क्स देने की इजाजत दी। नतीजे प्रकाशित होने के बाद यह देखा गया कि कुछ छात्रों को 720 में 718 और 719 अंक मिले, जो मौजूदा मूल्यांकन पद्धति में असंभव है। यह भी आरोप था कि असामान्य रूप से ज्यादा संख्या में छात्रों ने पूरे अंक हासिल किए। एनटीए ने बाद में यह साफ किया कि अजीब लग रहे अंक अदालत के आदेशानुसार ग्रेस मार्क्स दिए जाने का नतीजा है और चूंकि यह एक आसान प्रश्नपत्र था, इसलिए कई सारे छात्रों ने पूरे अंक प्राप्त किए। लेकिन बात इतनी ही नहीं थी। परीक्षा से पहले नीट यूजी का प्रश्नपत्र लीक होने की खबरें आई थीं। एनटीए नीट यूजी की आधिकारिक उत्तर कुंजी में अशुद्धियां होने की बात कही गई थी और यूजी प्रश्नपत्रों के विसंगतिपूर्ण मूल्यांकन के आरोप थे। राजनीतिक दलों ने इन आरोपों की गहन जांच किसी सक्षम तृतीय पक्ष से कराने की मांग की है। और, छात्रों के समूहों ने भी दोबारा परीक्षा की मांग उठाई है। हर साल, खराब ढंग से प्रबंधित परीक्षा केंद्रों और अभ्यर्थियों को क्या पहनने की इजाजत है, इसे लेकर फिजूल की कड़ाई के आरोप सामने आते हैं। कदाचार (चीटिंग) से जुड़े ऐसे घपले उजागर हुए हैं जहां अभ्यर्थियों ने परीक्षा देने के लिए अपनी जगह दूसरों को भेजा है। याद रहे कि नीट को हर साल होने वाली सबसे बड़ी प्रवेश परीक्षाओं में से एक माना जाता है। लगभग 23 लाख छात्रों के इस परीक्षा में शामिल होने के मद्देनजर, इसमें कोई अचरज नहीं कि नीट का एक उतार-चढ़ाव भरा अतीत है। विशेषज्ञों का कहना है कि इस पैमाने पर होने वाली परीक्षा को पूरी तरह त्रुटिहीन बनाना असंभव है। लेकिन साल दर साल परीक्षा के दौरान घोर उल्लंघनों की खबरें सुर्खियां बन रही हैं। एनटीए को राज्यों की मदद से यह सुनिश्चित करना होगा कि तकनीकी गड़बडियां और कदाचार से जुड़े घपले न हों। इसमें प्रश्नपत्रों का समय से पहले जारी होना और वास्तविक अभ्यर्थी की जगह दूसरों का इस्तेमाल शामिल है।

अगर यह अधिक सख्ती बरतने और एक ज्यादा लंबी व ज्यादा सतर्कता भरी तैयारी से संभव है, तो ऐसा करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जानी चाहिए। इसके अलावा इन मांगों पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए कि नीट के सभी दाखिले सिंगल विंडो काउंसिलिंग के तहत आएं और पीजी दाखिलों के लिए जीरो पर्सेंटाइल मानदंड का पुनर्मूल्यांकन हो। साथ ही निजी मेडिकल कॉलेजों में फीस का सख्त नियमन हो। कुल मिला कर इस साल नीट में हुई खटपट का मामला खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। अब कुछ पीड़ितों ने न्याय की आस में देश की सर्वोच्च अदालत का दरवाजा खटखटा दिया है।

सवाल है कि क्या मेडिकल एंट्रेंस एग्जाम यानी नीट दुरुस्त तरीके से हुए हैं। नीट के रिजल्ट आए कुछ दिन बीत चुके हैं, लेकिन छात्रों में भ्रम आज भी बरकरार है। लाखों बच्चों को समझ नहीं आ रहा कि वे एनटीए ने जो नतीजे घोषित किए हैं, क्या उन्हें ही आखिरी मान लें या फिर दोबारा परीक्षा की तैयारी में जुट जाएं। इस मामले में छात्रों के हितों को सुरक्षित रखा जाना जरूरी है। मेडिकल छात्रों को न्याय मिलना चाहिए। जो छात्र कई सालों से इसमें कामयाबी की बात देख रहे थे, तथाकथित परीक्षा से जुड़ी अनियमितताओं ने उनका भविष्य खराब कर दिया है। इसके लिए देश हित में जिम्मेवारी को नियत किया जाए और प्रशासनिक लापरवाही के लिए पुनः परीक्षा आयोजित करना ही उपयुक्त होगा। छात्रों के साथ अगर अन्याय होता है तो उनके डिप्रेशन में चले जाने की संभावनाएं रहती हैं।

# नागरिक सुरक्षा के कार्यों को जनता के बीच ले जायें: धर्मवीर प्रजापति



- जनपदों में नागरिक सुरक्षा के रिक्त पदों को भरने के निर्देश
- प्रत्येक जनपद में नागरिक सुरक्षा इकाई का गठन किया जाये
- होमगार्ड्स को नियमानुसार अधिकतम ड्यूटी आवंटित किया जाये

**लखनऊ।** प्रदेश के होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मवीर प्रजापति ने आज नवीन भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में विभागीय कार्यों एवं प्रगति की समीक्षा की।

बैठक में नागरिक सुरक्षा के कार्यों को जनोपयोगी ढंग से उपयोग में लाये जाने हेतु उपस्थित अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा के दौरान मा0 मंत्री ने निर्देश दिए कि जिलाधिकारियों के माध्यम से जनपदों में नागरिक सुरक्षा के वालंटियर्स को जन कार्यों में अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु प्रेरित किया जाय साथ ही समय-समय पर उनके कार्यों की समीक्षा भी की जाए। उन्होंने कहा कि नागरिक सुरक्षा के वालंटियर्स के जनहित के कार्यों से आम जनता को अवगत कराने हेतु समुचित प्रयास किये जायें जिससे जनता में नागरिक सुरक्षा के कार्यों के प्रति सम्मान का भाव जागृत हो। श्री प्रजापति ने होमगार्ड सेवा को और अधिक प्रभावशाली बनाये जाने हेतु सार्थक प्रयास किये जाने के निर्देश दिये साथ ही उन्होंने विभागीय अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि होमगार्ड्स को अधिकतम ड्यूटी आवंटित किये जाने हेतु नियमानुसार रोस्टर का निर्धारण कर उसका अनुपालन सुनिश्चित किया जाये। नागरिक सुरक्षा विभाग एवं होमगार्ड विभाग को समृद्ध व सुदृढ़ बनाये जाने पर विभागीय अधिकारियों से विस्तृत चर्चा की। इस दौरान विभागीय अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि अभी तक 15 जनपदों में नागरिक सुरक्षा की इकाई कार्य कर रही है तथा शेष 60 जनपदों में नागरिक सुरक्षा के वालंटियर्स तैनात किये जाने का प्रस्ताव शासन में विचाराधीन है। इस पर मा0 मंत्री जी ने कहा कि शासन भेजे गये प्रस्ताव को व्यक्तिगत सम्पर्क कर शीघ्र अनुमोदित कराया जाए और साथ ही विभाग के कार्यों यथा प्राकृतिक आपदा, आकस्मिक घटनायें, स्थानीय आयोजनों के साथ ही विभागों के जिला स्तरीय कार्यों आदि में उत्तरोत्तर वृद्धि हेतु पर्याप्त धन की उपलब्धता की गणना करते हुए बजट का पुनरीक्षण किया जाए। उन्होंने कहा कि बख्शी का तालाब स्थित विभागीय ट्रेनिंग सेंटर को और अधिक विकसित तथा क्रियाशील किये जाने हेतु यथा आवश्यक संसाधनों को उपलब्ध कराया जाय। उन्होंने कहा कि ट्रेनिंग सेंटर का उनके द्वारा औचक निरीक्षण भी किया जायेगा। विभागीय अधिकारियां ने बताया कि नागरिक सुरक्षा में 516 सरकारी पद हैं, जिनमें से अभी 170 भरें हैं तथा 346 पद खाली हैं, जिनसे संबंधित अधियाचन अधीनस्थ सेवा चयन आयोग को भेज दिया गया है। मा0 मंत्री जी ने इस पर शीघ्र प्रभावी कार्यवाही कराये जाने हेतु निर्देशित किया।

# समूहों को दी जाने वाली रिवाल्विंग फण्ड की धनराशि की गयी दो गुनी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित स्वयं सहायता समूहों की गतिविधियों व क्रियाकलापों को बढ़ावा देने व उन्हें प्रोत्साहित करने के हर सम्भव प्रयास किये जा रहे हैं, जिससे स्वयं सहायता समूहों की आमदनी में और अधिक इजाफा हो सके तथा ग्रामीण महिलाएं आत्मनिर्भर व स्वावलम्बी होने के साथ- साथ अपने परिवार को आर्थिक, सामाजिक व शैक्षिक रूप से समृद्ध व सक्षम बना सकें। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रिवॉल्विंग फण्ड व सामुदायिक निवेश निधि बढ़ाये जाने से न केवल समूहों के क्रियाकलापों की गति तेज होगी, बल्कि समूहों की दीदियों का समाज में सम्मान भी बढ़ेगा।

स्वयं सहायता समूहों की गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वित्तीय वर्ष 2024-25 से सभी योग्य स्वयं सहायता समूहों को रिवॉल्विंग फण्ड के अंतर्गत रु0 15 हजार से बढ़ाकर 30 हजार तथा सामुदायिक निवेश निधि के अंतर्गत रु0 1 लाख 10 हजार से बढ़ाकर 1 लाख 50 हजार कर दिया गया है। ग्राम्य विकास आयुक्त श्री जी एस प्रियदर्शी ने बताया कि इसका अनुमोदन विगत दिनों राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत प्रदेश स्तर की 20वीं शासी निकाय की बैठक में प्रदान किया जा चुका है। समूहों को रिवॉल्विंग फण्ड व सामुदायिक निवेश निधि जारी करने हेतु जिलाधिकारियों को जारी दिशा-निर्देशों में कहा गया है कि इस संबंध में निर्धारित शर्तों व भारत सरकार की गाइड लाइन का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। स्वयं सहायता समूहों को प्रदान की जाने वाली रिवॉल्विंग फण्ड व सामुदायिक निवेश निधि को बढ़ाये जाने के संबंध में मिशन निदेशक, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, श्रीमती दीपा रंजन द्वारा समस्त जिलाधिकारियों को परिपत्र जारी कर निर्धारित शर्तों व गाइड लाइन्स का अनुपालन सुनिश्चित करने की अपेक्षा की गई है। मिशन निदेशक राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन श्रीमती दीपा रंजन द्वारा जिलाधिकारियों को जारी परिपत्र में कहा गया है कि आर0एफ0 व सी0आई0एफ0 पात्र समूह की लोन कमेटी मीटिंग करवाने के उपरान्त फण्ड डिस्बर्समेन्ट माड्यूल के माध्यम से मांग किया जायेगा। समस्त समूहों का खाता सत्यापन करवाकर सभी शर्तों व नियमों का पालन करते हुए फण्ड निर्गत किया जाना है।

उन्हीं समूहों को रिवाल्विंग फण्ड जारी किया जायेगा,जो तीन माह की अवधि पूर्ण कर चुके हों, समूह द्वारा पंच सूत्र का मिलन किया जा रहा हो, समूह को आर एफ प्रथम बार प्रदान किया जा रहा हो,ए ग्रेड प्राप्त समूह हो, समूह का खाता संख्या पास बुक से मिलान किया गया हो, समूह में गरीब-अति गरीब परिवार जुड़ा हो, समूह द्वारा मांग पत्र प्राप्त किया गया और समूह का सत्यापन ब्लाक मिशन प्रबन्धक द्वारा किया गया हो। फण्ड डिस्बर्समेन्ट माड्यूल के माध्यम से ही समूह को आर0 एफ0 का भुगतान किया जायेगा।

# अखिल भारतीय गायन प्रतियोगिता में सी.एम.एस. छात्रा विजेता




सी.एम.एस. छात्र पढ़ाई में तो अव्वल रहते ही हैं साथ ही साथ गीत-संगीत, नृत्य, साहित्य व कला जैसे क्षेत्रों में भी विद्यालय के छात्रों ने अलग पहचान बनाई है।

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज द्वितीय कैम्पस की कक्षा-4 की प्रतिभाशाली छात्रा वाची सिंह ने अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित इण्डियाज कराओके सुपर स्टार ऑनलाइन कम्पटीशन में विजेता का खिताब अर्जित कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। यह प्रतियोगिता इण्डियन ऑनलाइन सिंगिंग कम्पटीशन फोरम के सौजन्य से आयोजित हुई। सी.एम.एस. प्रबन्धक, प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने सी.एम.एस. की इस प्रतिभाशाली छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना की है, साथ ही विद्यालय की प्रधानाचार्या व शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया है। यह जानकारी सी.एम.एस. के जन-सम्पर्क अधिकारी श्री ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि इस प्रतियोगिता में देश भर के विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग कर अपनी गायन प्रतिभा का प्रदर्शन किया तथापि कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सी.एम.एस. की इस प्रतिभाशाली छात्रा ने अपनी बहुमुखी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर निर्णायक मंडल को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रतियोगिता के आयोजकों ने वाची की बहुमुखी प्रतिभा की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए ट्राफी एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। श्री खन्ना ने बताया कि सी.एम.एस. अपने छात्रों को भौतिक, सामाजिक व आध्यात्मिक शिक्षा उपलब्ध कराने के साथ ही साँस्कृतिक व साहित्यिक क्षेत्रों में भी छात्रों का रुझान विकसित करता है तथापि उनकी क्षमता को पहचानकर उन्हें प्रोत्साहित करता है। यही कारण है कि

## उ.प्र. कृषि अनुसंधान परिषद की छठवीं बैठक हुई संपन्न

**लखनऊ।** क्रॉप वेदर वॉच ग्रुप की वर्ष 2024-25 की छठवीं बैठक डॉ. संजय सिंह, महानिदेशक, उ.प्र. कृषि अनुसंधान परिषद की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मानसून की प्रगति और आगामी सप्ताह के मौसम पूर्वानुमान पर चर्चा की गई। जिसमें मानसून प्रगति के बारें मे बताया गया कि दक्षिण पश्चिम मानसून की उत्तरी सीमा अरब सागर से गुजरात, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, उड़ीसा, आंध्र प्रदेश से होते हुए पश्चिम बंगाल तक पहुँच गई है। आगामी 3-4 दिनों में महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, उड़ीसा, तटीय आंध्र प्रदेश और उत्तरी पश्चिमी बंगाल की खाड़ी के कुछ और हिस्सों में मानसून की प्रगति के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, 13 से 15 जून के दौरान प्रदेश के अधिकांश कृषि जलवायु अंचलों में मौसम मुख्यतः शुष्क रहने की संभावना है। 16 जून से प्रदेश के कुछ भागों में हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है, जबकि बुंदेलखंड और दक्षिणी पश्चिमी अर्धशुष्क मैदानी क्षेत्र में मौसम शुष्क रहेगा।

# कातिल मां का खुलासा: बेटे को फावड़े से काटा

## गैस के चूल्हे पर जलाया, न मरा तो लकड़ियां रखकर जिंदा जलाया

- सपने में मां ने मांगी भेंट और मैंने दे दी...
- इकलौते लाल की क्रूरता से की हत्या



**लखनऊ/ बिजनौर।** चार साल के इकलौते बेटे को मां ने फावड़े से काटा, नहीं मरा तो उसे गैस के चूल्हे पर जलाया, नहीं जला तो फिर लकड़ियों में आग लगाकर जिंदा जलाने लगी..... ये कोई कहानी आपको नहीं बता रहे हैं, बल्कि बिजनौर में हुई एक ऐसी घटना के बारे में आपको बता रहे हैं, जिसे जानकर हर किसी की रूह कांप गई। एक ऐसी वारदात जिसकी आप कल्पना भी नहीं कर सकते।

कहते हैं कि मां की दुआ के आगे बड़ी से बड़ी मुसीबत टल जाती है। संतान की बात आती है तो मां मौत से भी लड़ जाती है, लेकिन जब एक मां अपने ही बच्चे की जान लेने पर आ जाए तो आप क्या कहेंगे। बिजनौर में भी ऐसा ही कुछ हुआ, जिसने हर किसी को झकझोर कर रख दिया। यह वारदात है बिजनौर के हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र की है। गांव जलालपुर हसना में एक महिला ने अपने चार वर्षीय मासूम बेटे की हत्या कर दी। उसने बेटे को पहले फावड़े से काटने की कोशिश की, नहीं कटा तो उसको गैस के चूल्हे पर रख कर जलाने की कोशिश की। बच्चे की जान फिर भी नहीं निकली तो लकड़ियों का ढेर बनाया उसमें आग लगाई और मासूम को उस आग के हवाले कर दिया। उसी वक्त बच्चे का बाप कपिल घर पर आ गया। उसने आंखों के सामने जो मंज़र देखा उसके होश उड़ गए। कपिल ने देखा कि सुलगती हुई लकड़ियों के बीच उसका बेटा पड़ा हुआ जल रहा है। किसी तरह उसने बच्चे को आग से बाहर निकाला, देखा तो उसकी सांसे चल रही थीं। वह जैसे तैसे बच्चे कोझुलसी हुई हालत में लेकर पास के अस्पताल लेकर भागा लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। सांस चलती देख वह उसे एक निजी चिकित्सक के पास ले गया। रास्ते में बालक ने दो हिचकियां ली। इसके बाद चिकित्सक ने बालक को मृत घोषित कर दिया। हालांकि महिला से भी पूछताछ कुछ भी बोल नहीं बोली। महिला ने उस वक्त घटना को अंजाम दिया, जब घर में वह और उसका चार वर्षीय बेटा हर्ष उर्फ कल्लू घर में थे। बालक के पिता खेत पर गए थे। घटना से पहले बालक को उसके दादा ने पॉपकॉर्न दिलाया था। जिसे लेकर वह घर गया था। इस दौरान ही मां आदेश ने बेटे हर्ष उर्फ कल्लू के गले पर फावड़ा चलाया। हालांकि गर्दन पूरी तरह से नहीं कटी थी। लेकिन गहरा घाव बन गया था। मृतक के पिता कपिल ने बताया कि सुबह वह ठीक थी। घर में दाल बनी रखी थी और आटा गुंथा हुआ था, लेकिन समझ में नहीं आ आया कि आखिरकार उसने यह खौफनाक कदम क्यों उठाया। गांव जलालपुर हसना निवासी कपिल कुमार की गांव मोहल्लरपुर निवासी आदेश देवी से पांच साल पहले शादी हुई थी। शादी के करीब एक साल बाद घर में बेटा हुआ था। इससे परिवार में खुशी का माहौल था। मगर अब सभी का दुलारा हर्ष परिवार को रोता-बिखलता छोड़ गया। महिला के भाई का कहना है कि वह मनोरोगी है। उसका डेढ़ साल पहले तक विवेक कॉलेज से इलाज चल रहा था। उधर, ग्रामीण इस घटना से अचंभे में हैं।

## भ्रष्टाचार के खिलाफ परिवहन निगम द्वारा की गई बड़ी कार्रवाई

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक श्री मासूम अली सरवर ने आज एटा डिपो अलीगढ़ क्षेत्र में कार्यरत सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक श्री राजेश कुमार यादव को अधीनस्थों पर पर्यवेक्षकीय नियंत्रण शिथिल रखने, मार्ग चेकिंग करने/कराने में शिथिलता बरतने, निगम की छवि को धूमिल करने, वित्तीय क्षति पहुंचाने, अपने दायित्वों/कर्त्तव्यों के प्रति घोर उदासीनता बरतने एवं मुख्यालय द्वारा निर्गत आदेशों/निर्देशों का अनुपालन न करने/कराने के गंभीर आरोपों के अंतर्गत तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया है। उन्होंने कहा कि शासन एवं माननीय परिवहन मंत्री की भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत यह कार्रवाई की गई है। ज्ञातव्य है कि एटा डिपो की वाहन संख्या यूपी-81बीटी 6057 का अलीगढ़ से एटा वापस आते समय सहीद पार्क स्थल, रेलवे पुल पर बस का निरीक्षण किये जाने पर कुल 41 यात्री एवं एक बच्चा में से साढ़े इक्कीस यात्री बिना टिकट पाये गये। बिना टिकट यात्रियों से किराये की धनराशि परिचालक द्वारा पूर्व में ही वसूल लिया गया था और यात्रियों को कागज पर हाथ से लिखकर टिकट दे दिए गए।

# सस्ती दर पर जमीन खरीदने का मौका : पांच हजार भूखंडों वाली टाउनशिप अगले छह महीने में

- न्यू जेल रोड पर होगी विकसित
- 10 हजार परिवार पाएंगे आशियाना



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में अपने घर का सपना संजोए लोगों के लिए खुशखबरी है। आवास विकास परिषद गोसाईंगंज के न्यू जेल रोड पर 300 एकड़ में 5000 प्लॉट की टाउनशिप लेकर आ रहा है। छह माह में इसमें प्लॉट बुक करने का मौका मिलेगा। खास बात यह है कि इस योजना में सस्ती दर पर जमीन खरीदने का अवसर मिलेगा।

अफसरों का आकलन है कि टाउनशिप में 2000 रुपये वर्गफीट की दर से भूखंड बिकेंगे। आवास विकास की यह योजना पुरानी थी, जिसमें 250 एकड़ जमीन शामिल थी। अब इसमें 50 एकड़ और भूमि को शामिल किया गया है, जिसे लैंड पूलिंग योजना से किसानों से हासिल किया जाएगा। इसमें जिस किसान से जितनी जमीन ली जाएगी, उसकी 25 फीसदी विकसित जमीन का भूखंड देगा। 50 एकड़ जमीन को लैंड पूलिंग पर लेने के प्रस्ताव को अपर मुख्य सचिव नितिन रमेश गोकर्ण की अध्यक्षता में आयोजित निदेशक मंडल की बैठक में मंजूरी दी गई। बैठक में आवास आयुक्त डॉ. बलकार सिंह, अपर आवास आयुक्त व सचिव डॉ. नीरज शुक्ला भी थे। आवास विकास के अधिकारियों ने बताया कि टाउनशिप में बड़े आकार के प्लॉट भी काटे जाएंगे। इन पर बिल्डर फ्लैट बनाएंगे, जिससे उम्मीद है कि योजना में 10 हजार से ज्यादा परिवारों को आशियाना मिल सकेगा। इन प्लॉट को विकसित होने में महज छह माह लगेगा। योजना की 80 फीसदी जमीन आवास विकास के कब्जे में आ चुकी है, जिसे विकसित करने का काम चल रहा है।

**व्यावसायिक भूखंड पर निर्माण न कराना पड़ेगा महंगा-** आवास विकास के भूखंड का मानचित्र पास कराने के बाद पांच साल में निर्माण न कराना अब महंगा पड़ेगा। हालांकि, यह व्यवस्था व्यावसायिक भूखंड पर लागू होगी। इस प्रस्ताव को भी निदेशक मंडल ने मंजूरी दी है। इसके तहत पांच साल के बाद निर्माण करने पर छठे साल में पांच फीसदी, सातवें में 10 फीसदी, आठवें में 15 फीसदी भूखंड कीमत का शुल्क अतिरिक्त रूप से वसूला जाएगा। यानी हर साल पांच फीसदी की वृद्धि होती रहेगी।

आवास विकास वृंदावन योजना में 30 एकड़ जमीन पर 2500 करोड़ की लागत से 10 हजार लोगों की क्षमता वाला कन्वेंशन सेंटर बनाएगा। आयुक्त कार्यालय में बुधवार को इसका प्रस्तुतीकरण हुआ। राज्य सरकार के इस ड्रीम प्रोजेक्ट की जानकारी देते हुए आवास आयुक्त डॉ. बलकार सिंह ने बताया कि कन्वेंशन सेंटर उस जमीन पर बनाया जाएगा, जहां डिफेंस कॉरिडोर का आयोजन हुआ था। इसकी अनुमानित कीमत 1000 करोड़ रुपये है। इसके अलावा 1500 करोड़ रुपये से ज्यादा की रकम खर्च कर कन्वेंशन सेंटर को धरातल पर उतारा जाएगा। इसके लिए टेंडर जारी करने की प्रक्रिया पूरा की जा रही है।

# गर पालिका परिषद हसनपुर के अधिशासी अधिकारी पी0एन0 दीक्षित तत्काल प्रभाव से निलम्बित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए0के0 शर्मा जी के सख्त निर्देश पर निदेशक नगरीय निकाय डा0 नितिन बंसल ने अमरोहा जनपद की हसनपुर नगर पालिका परिषद के उ0प्र0 पालिका (केन्द्रीयित) प्रशासी सेवा के अधिशासी अधिकारी श्री पी0एन0 दीक्षित को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया है और उनके खिलाफ विभागीय अनुशासनिक कार्यवाही संस्थित कर दी गयी है। अधिशासी अधिकारी श्री पी0एन0 दीक्षित द्वारा हसनपुर नगर पालिका परिषद अंतर्गत संचालित कान्हा गौशाला में गोवंशों के रखरखाव, संरक्षण और इनके स्वास्थ्य के प्रति घोर अनियमितता बरतने के साथ पदीय दायित्वों व कर्तव्यों के निर्वहन में घोर उदासीनता और लापरवाही बरतने के दोषी पाये गये हैं। निलम्बन अवधि में पी0एन0 दीक्षित को मण्डलायुक्त कार्यालय मुरादाबाद से संबंद्ध कर दिया गया है। हसनपुर नगर पालिका परिषद अंतर्गत संचालित कान्हा गौशाला में कुल 293 गोवंश पंजीकृत थे, जिसमें से 12 जून को 07 गोवंशों की बीमारी और रखरखाव के अभाव में मृत्यु हो गयी। गंभीर प्रकरण यह है कि 01 जीवित गोवंश को भी मृत गोवंशों के साथ गड्ढे में दफनाया जा रहा था। प्रकरण की जिलाधिकारी अमरोहा द्वारा जांच कराने पर उप जिलाधिकारी हसनपुर श्री भगत सिंह, अधिशासी अधिकारी श्री प्रदीप नारायण दीक्षित, उपमुख्य पशुचिकित्साधिकारी चमन प्रकाश, गौशाला प्रभारी दिनेश कुमार एवं करन सिंह, सहायक गौशाला प्रभारी आदि अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा गोवंशों के रखरखाव में घोर लापरवाही बरतना पाया गया। गोवंशो के संरक्षण व रखरखाव में लापरवाही बरतने के साथ ही जीवित गोवंश को भी दफनाने के प्रकरण में पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत अमरोहा जनपद के थाना हसनपुर में गोशाला प्रभारी करन सिंह, केयरटेकर रजत, कुनाल एवं अश्वनी तथा जेसीवी ड्राइवर जाकिर के साथ ही एक अन्य अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज की गयी है और पुलिस द्वारा अग्रेतर कार्यवाही की जा रही है।

नगर विकास मंत्री ने निकायों के अंतर्गत संचालित कान्हा गोशालाओं में संरक्षित गोवंशों के रखरखाव में लापरवाही बरतने पर संबंधित कार्मिकां के खिलाफ सख्त कार्यवाही के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति एवं परम्परा किसी भी रूप में पशु क्रूरता के खिलाफ है। मुख्यमंत्री जी के निर्देशानुसार किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं अनियमितता के प्रति सरकार की सहनशीलता शून्य है। इसी के तहत हसनपुर नगर पालिका परिषद अंतर्गत संचालित गौशाला में गोवंशों के रखरखाव में पाई गयी अनियमितताओं पर संबंधित अधिकारी के खिलाफ तत्काल कार्यवाही की गयी। कहा कि कान्हा गोशालाओं में गोवंशों के संरक्षण में जो भी कमियॉ हो उसे तत्काल प्रभाव से दूर किया जाए। चारा व पानी का समुचित प्रबंध के साथ बीमार गोवंशों की चिकित्सीय व्यवस्था भी सुचारू रूप से संचालित की जानी चाहिए।

# अब तो चुनाव हो चुके हैं अब आगे की तैयारी करें : राजभर




**लखनऊ।** यूपी सरकार के मंत्री ओम प्रकाश राजभर अपने बयानों के कारण अक्सर चर्चा में रहते हैं। अब उन्होंने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को लेकर अपमानजनक टिप्पणी की है। एक सवाल के जवाब में राजभर ने अजय राय पर शोले फिल्म का डॉयलाग दोहरा दिया और कहा कि अब तेरा क्या होगा कालिया...। राजभर से सवाल पूछा गया था कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रायबरेली में कहा कि अगर प्रियंका गांधी को वाराणसी से लड़ा दिया जाता तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करीब दो-तीन लाख वोटों से हार जाते। इस पर राजभर ने कहा कि उन्हें रोका किसने था...। अब तो चुनाव हो चुके हैं अब आगे की तैयारी करें। जब उनसे यही कहा गया कि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने भी यही बात कही थी तो उन्होंने कहा कि अब तेरा क्या होगा कालिया...। बता दें कि अजय राय वाराणसी सीट पर पीएम मोदी के खिलाफ चुनाव लड़े थे। हालांकि, पीएम मोदी ने इस सीट पर डेढ़ लाख से अधिक वोटों से जीत दर्ज की पर ये जीत उनकी बड़ी नहीं थी जितना कि चुनाव से पहले दावा किया जा रहा था। लोकसभा चुनाव जीतने के बाद पहली बार सांसद राहुल गांधी अपनी बहन प्रियंका गांधी के साथ बुधवार को रायबरेली पहुंचे। यहां राहुल ने एक के बाद एक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला किया। उन्होंने कहा कि वाराणसी में प्रधानमंत्री जान बचाकर निकले हैं। अगर प्रियंका वाराणसी से चुनाव लड़ जाती तो प्रधानमंत्री दो से तीन लाख वोटों से चुनाव हार जाते। यह सब अहंकार से नहीं कह रहा हूं। हिंदुस्तान के प्रधानमंत्री के विजन को जनता ने नकार दिया है।

# भाजपा ने किसानों और नौजवानों को धोखा दिया

## समाजवादी पार्टी सामाजिक न्याय की पक्षधर है : अखिलेश यादव



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव से भेंट करने वालों का क्रम आज भी जारी रहा। बड़ी संख्या में विभिन्न जनपदों से आए कार्यकर्ताओं, विधायकों, पूर्व मंत्रियों, पूर्व विधायकों तथा पदाधिकारियों ने श्री अखिलेश यादव को लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की ऐतिहासिक जीत पर बधाई दी। श्री अखिलेश यादव ने समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय लखनऊ के डॉ0 राममनोहर लोहिया सभागार में अपने सम्बोधन में सर्वप्रथम सभी को लोकसभा चुनावों में सहयोग और समर्थन देने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता ने इस चुनाव में समाजवादी पार्टी को देश की तीसरी सबसे बड़ी पार्टी बनाया है।

श्री यादव ने कहा कि लोकतंत्र सबसे बड़ी ताकत है। भाजपा ने कभी भी इसका सम्मान नहीं किया। भाजपा ने किसानों और नौजवानों को धोखा दिया है। वादा किया पर किसानों की आय दोगुनी नहीं हुई। नौजवानों की एक तिहाई जिंदगी बेकार हो गई है। रोटी-रोजगार की कोई व्यवस्था नहीं है। तमाम हो-हल्ले के बावजूद निवेश के नाम पर फूटी कौड़ी नहीं आई। देश में विकासकार्यों के लिए समाजवादियों की प्रशंसा हो रही है। कहा कि समाजवादी पार्टी सामाजिक न्याय की पक्षधर है। भाजपा सामाजिक सद्भाव की विरोधी है। संविधान बचाने की लड़ाई जारी है। भाजपा ने चुनावों में बड़े पैमाने पर धांधली की है। वह ज्यादती करने में अभी भी कोई कसर नहीं छोड़ रही है। जनादेश ने लोकतंत्र के पक्ष में फैसला किया है। इस जीत को बचाए रखना है।

भाजपा के नेता करवट बदल-बदल कर रात काटते हैं। उनकी नींदे उड़ी हुई है। आज की बैठक में यश भारती से सम्मानित आल्हा सम्राट श्री वंश गोपाल यादव, प्रत्याशी डुमरियागंज श्री कुशल तिवारी, प्रत्याशी गोरखपुर सुश्री काजल निषाद, पूर्व मेयर मेरठ श्रीमती सुनीता वर्मा, राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजवादी महिला सभा श्रीमती जूही सिंह एवं मीनाक्षी अग्रवाल के अतिरिक्त सर्वश्री जावेद अली सांसद, पप्पू निषाद सांसद, राम यादव करेली पूर्व मंत्री सहित विधायक दुर्गा यादव, महेन्द्र यादव, कमलाकांत राजभर, रूमी हसन, नवाब इकबाल, कमाल अख्तर, अताउर्रहमान, लकी यादव, योगेश प्रताप सिंह, शाहिद मंजूर, पूर्व विधायक योगेश वर्मा, उदयवीर सिंह, सुभाष श्रीवास्तव, राकेश गुड्डू, अनवर आरिफ हाशमी, तोताराम तथा शांति देवी, ज्योत्सना सिंह, राहुल सिंह, चंद्रदेव, दीपू जेएनयू, खोखा सिंह, राम सागर यादव, श्रीमती अपर्णा जैन, सिकन्दर यादव, हैदर अब्बास एडवोकेट, संजय सविता विद्यार्थी आदि प्रमुख नेता एवं कायकर्ता शामिल रहे।

# माले ने लखनऊ के अकबर नगर में घरों पर बुल्डोजर चलाने की निंदा की



**लखनऊ।** भाकपा (माले) ने लखनऊ के अकबर नगर में कुकरैल नदी पर रिवर फ्रंट बनाने और सौंदर्यीकरण के नाम पर गरीबों के आशियाने समेत 1100 घरों को बुल्डोजर से तोड़ने के लिए चलाए जा रहे प्रदेश सरकार के अभियान की निंदा की है। पार्टी के राज्य सचिव सुधाकर यादव ने जारी बयान में कहा कि लोकसभा चुनाव परिणाम आने के बाद भी प्रदेश में बुल्डोजर राज बेरोकटोक जारी है। उन्होंने कहा कि मुख्य रुप से उत्तर प्रदेश में मिली शिकस्त के कारण ही भाजपा केंद्र में सरकार बनाने के लिए पूर्ण बहुमत से दूर रही। किसी अन्य प्रदेश के मुकाबले उत्तर प्रदेश की जनता ने ही भाजपा को ज्यादा रोका। इस शिकस्त में न सिर्फ मोदी सरकार बल्कि प्रदेश में योगी सरकार की नीतियां भी कारक रही हैं। योगी सरकार में बुल्डोजर प्रमुख रहा है और सरकार ने उसे एक तरह से अपनी पहचान (बाबा का बुल्डोजर) के तौर पर अपनाया। लेकिन जनादेश 2024 आने के बाद भी मुख्यमंत्री योगी का बुल्डोजर रुका नहीं है। इससे लगता है कि भाजपा और उसकी सरकार ने अयोध्या समेत पूरे लोकसभा चुनाव परिणाम से सबक नहीं लिया और उसके संदेश को ग्रहण नहीं किया है, जो दीवार पर लिखी इबारत की तरह साफ है। बुल्डोजर राज रुकना चाहिए। बुल्डोजर का विध्वंस नहीं रुका तो भाजपा का ध्वंस जनता करेगी।

# जो परंपराएं जनपद में चली आ रही हैं उसी के तहत ही अपने त्यौहारों को हर्षोल्लास के साथ मनाएं: ज़िलाधिकारी

**वहाज अली निहाल**

## बैठक पीस कमेटी

■ गैर परम्परागत कोई भी आयोजन न करें: वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक



**इटावा।** आगामी त्यौहार ईद-उल-अज़हा (बकरीद)को सौहार्दपूर्ण एवं शान्ति पूर्ण वातावरण में मनाये जाने और गंगा जमुनी तहजीब को कायम रखनें, न्यायालय के आदेशों का पालन किये जाने, किसी नई परम्परा का सृजन न किये जाने, झूठी अफवाहों से बचने त्यौहारों पर पैनी नजर रखे जाने के निर्देश दिये। उक्त निर्देश जिला मजिस्ट्रेट अवनीश राय ने पुलिस लाइन सभागार में सभी धर्मो के धर्मगुरूओं, पीस कमेटी के सदस्यों एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में दिये। उन्होने जनपद वासियों से अपील करते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति सड़क पर नमाज अदा नहीं करेगा नमाज मस्जिद परिसर के अन्दर ही अदा करें जिससे आम जन को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में आगामी त्यौहार को संज्ञान में लेते हुए शासन के निर्देशानुसार जनपद में त्यौहार अमन एवं शांति व परंपरागत रूप से मनाया जाए। उन्होने धर्म गुरुओं से कहा कि माहौल खराब करने वालों से सतर्क रहना है तथा कहीं भी कोई ऐसी घटना संज्ञान में आती है तो उसे संबंधित थाना को सूचित करें जिससे उसका तत्काल समाधान हो सके। इससे पूर्व सभी वर्ग के धर्मगुरुओं ने अपनी-अपनी बातों को जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के समक्ष रखा। उन्होंने कहा कि सभी लोग मिलकर अमन एवं शांति तथा सौहार्द पूर्ण त्यौहारों को मनाएंगे। सभी वर्ग के धर्मगुरुओं ने कहा कि जनपद में त्यौहार को परंपरागत रूप से मनाया जाएगा एवं प्रशासन का सहयोग रहेगा। जनपद में ऐसी कोई शिकायत सामने नहीं आएगी। जिलाधिकारी अवनीश राय ने पीस कमेटी के सदस्यों से कहा कि अपने त्यौहारों को शांतिपूर्ण तरीके से मनाए मुझे आशा है कि आप लोग यहां से एक अच्छा संदेश लेकर जाएंगे और लोगों को जागरूक करेंगे कि त्यौहार शांतिपूर्ण मनाएं। किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान ना दें। उन्होंने कहा कि जो परंपराएं जनपद में चली आ रही हैं उसी के अंतर्गत ही अपने त्यौहारों को हर्षोल्लास के साथ मनाएं। शासन की मंशा है कि राज्य में अमन शांति कायम रहे किसी भी तरह की घटना घटने न पाए मुझे आशा ही नहीं पूरा विश्वास है कि आप सभी लोग प्रशासन का सहयोग कर जनपद में एक अच्छी मिशाल पेश करेंगे। जिलाधिकारी ने नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिये कि वह अपने-अपने नगरीय क्षेत्र की गलियों एवं सड़कों की सफाई व्यवस्था कराना सुनिश्चित करें साथ ही पानी की आपूर्ति की जाये। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने कहा कि त्योहारों को सभी लोग सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाये, गैर परम्परागत कोई भी आयोजन न करें, यदि कोई प्रयास करें तो उसकी सूचना दें। किसी को माहौल बिगाड़ने की छूट नहीं होगी। प्रायःऐसे धार्मिक अवसरों पर कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा किसी भी छोटी से छोटी घटना को लेकर अप्रत्याशित रूप से विवाद, तनाव, टकराव आदि की विषम स्थिति पैदा करने के प्रयास होते है, जिससे साम्प्रदायिक सद्भाव प्रभावित होने की संभावना रहती है इसको दृष्टिगत रखते हुए विशेष सतर्कता बरती जायेगी। बैठक के दौरान एसपी सिटी अभय नाथ त्रिपाठी, एसपी ग्रामीण सत्यपाल सिंह, नगर मजिस्ट्रेट दिग्विजय प्रताप सिंह, समस्त उप जिलाधिकारी , समस्त क्षेत्राधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद विनय मणि त्रिपाठी सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं शान्ति कमेटी के सदस्य आदि उपस्थित रहे।

# सीओ भरथना व थाना प्रभारी का उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल भरथना द्वारा किया गया सम्मान

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा।** भरथना उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल ने भरथना क्षेत्राअधिकारी अतुल प्रधान एवं भरथना थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह व क्राइम इंस्पेक्टर नरेंद्र मिश्रा द्वारा लोकसभा चुनाव शांति पूर्ण तरीके से कराया गया जिससे प्रभावित होकर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल भरथना नगर अध्यक्ष प्रदीप कुमार रज्जन और उनकी टीम द्वारा भरथना सी.ओ.अतुल प्रधान, भरथना थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह, क्राइम इंस्पेक्टर नरेंद्र मिश्रा का अंग वस्त्र भेंट कर फूल मालाओं से लाद कर व मिठाई खिलाकर व्यापारियों की तरफ से जोरदार सम्मान किया गया। इस अवसर पर भरथना सी.ओ.अतुल प्रधान ने कहा कि स्वागत और सम्मान की सच्ची हकदार भरथना विधानसभा की जनता है जिन्होंने जिला प्रशासन के द्वारा दिए गए सुझाव निर्णय आदि को बखूबी निभाया और हम सब शांतिपूर्ण चुनाव कराने में सफल रहे। भरथना थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह ने कहा भरथना नगर के व्यापारी सदैव प्रशासन का सहयोग करते हैं चुनाव में व्यापारियों की भी अहम भूमिका सराहनीय है में भरथना की जनता द्वारा चुनाव में सहयोग करने के लिए आभार व्यक्त करता हूं। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष संतोष सिंह चौहान ने की। इस महत्वपूर्ण मौके पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिला अध्यक्ष संतोष सिंह चौहान ने कहा कि व्यापार मंडल शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न करने के लिए जनपद के समस्त अधिकारियों का धन्यवाद ज्ञापित करता है। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल भरथना के नगर अध्यक्ष प्रदीप कुमार रज्जन पोरवाल ने आए हुए सभी अधिकारियों और व्यापारियों को बालूगंज स्थित अपने प्रतिष्ठान पर कई प्रकार के मिष्ठान और नाश्ता करवाया साथ ही सभी को इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में सम्मिलित होने पर धन्यवाद दिया। इस अवसर पर प्रदेश मंत्री विवेक पोरवाल, जिला अध्यक्ष संतोष सिंह चौहान, जिला संरक्षक हरि गोपाल शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष बृजेश पोरवाल, जिला उपाध्यक्ष सुनील पोरवाल, भूरे पाल, मनोज पोरवाल केमिस्ट, प्रेम शर्मा, रितेश अग्रवाल, बेबू सिंधी, प्रशांत पोरवाल, पप्पू पोरवाल, शिबू पोरवाल, अभिषेक दीपक दीक्षित, मास्टर के के यादव, नवीन चौहान आदि नगर के अनेक व्यापारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# विश्व दिव्यांगता पर विभिन्न श्रेणी के राज्य स्तरीय पुरस्कार, सम्मान दिया जायेगा

**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** जिला दिव्यांग जन सशक्तिकरण अधिकारी प्रदीप कुमार तिवारी ने जनपद में सर्व साधारण को सूचित किया है कि 03 दिसम्बर को विश्व दिव्यांगता दिवस के अवसर पर विभिन्न श्रेणी के राज्य स्तरीय पुरस्कार/ सम्मान दिये जायेगा। इस अवसर पर दक्ष दिव्यांग कर्मचारियो/ स्वतःरोजगार रत दिव्यांग व्यक्तियों, सेवायोजिका, उत्कृष्ठ प्लेसमेन्ट अधिकारियों को राज्य स्तरीय पुरस्कार तथा निःशक्तता के क्षेत्र में कार्य करने वाले व्यक्ति्त विशेष, सृजनात्मक कार्य, तकनीकी खोज, उत्कृष्ट रोल मण्डल, बाधारहित वातावरण के निर्माण के लिये, उत्कृष्ट चैनेलाइजिंग एजेन्सी उत्कृष्ट लोकल लेवल कमेटी तथा स्वैच्छिक संस्थाओं का चयन कर सम्मानित किया जाना है। इस सन्दर्भ में अपने आवेदन यथा शीघ्र कार्यालय जिला दिव्यांजन सशक्तीकरण अधिकारी, इटावा कक्ष संख्या 37 विकास भवन, इटावा में दिनांक 30 जुलाई 2024 तक प्रेषित किये जायेगे। चयनित व्यक्तियो, सेस्थाओं को पुरस्कृत किया जा सके। पुरस्कार की श्रेणीयां-सर्वश्रेष्ठ दिव्यांग कर्मचारी / स्वनियोजित दिवयांगजन। दिव्यांगजन हेतु सर्वश्रेष्ठ नियोक्ता तथा सर्वश्रेष्ठ प्लेसमेन्ट अधिकारी या एजेन्सी के लिए। दिव्यांगजन निमित्त कार्यरत सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति तथा सर्वश्रेष्ठ संस्था के लिए। , प्रेरणा स्त्रोत हेतु। दिव्यांगजन के जीवन सुधारने के निमित्त सर्वश्रेष्ठ नवीन अनुसंधान या उत्पाद विकास के लिए। दिव्यांगजन हेतु÷बाधामुक्त वातावरण के सृजन हेतु सर्वश्रेष्ठ कार्य के लिए। , दिव्यांगजन को पुनर्वास सेवाएं प्रदान करने वाला सर्वश्रेष्ठ जिला। सर्वश्रेष्ठ सृजनशील दिव्यांग वयस्क व्यक्ति्तयो एवं सर्वश्रेष्ठ बालक/बालिका। सर्वश्रेष्ठ ब्रेल प्रेस। दिव्यांगजन के लिए सर्वोत्तम अनुकूल वेबसाइट। सर्वश्रेष्ठ दिव्यांग खिलाडियो के लिए। दिव्यांगजन के सशक्तीकरण के लिए

# जिला सैनिक बंधु की बैठक 15 को

**प्रयागराज।** जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी ग्रुप कैप्टन अशोक पाण्डेय (अ0प्रा0) ने अवगत कराया कि जिला सैनिक बन्धु की मासिक बैठक 15 जून को अपराहन 12.30 बजे संगम सभागार, कलेक्ट्रेट, प्रयागराज में जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय, प्रयागराज के तत्वाधान में आयोजित की जायेगी। यह बैठक उ0प्र0 शासन के निर्देशानुसार जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आहुत की जानी है, जिसमें जिले के नामित पदाधिकारी एवं समस्त विकास खण्डों के भूतपूर्व सैनिक एवं उनके आश्रित अपनी-अपनी समस्यायें जिलाधिकारी के समक्ष रखते हैं। जिलाधिकारी द्वारा उन समस्याओं का निराकरण उसी समय या पत्राचार के माध्यम से किया जाता है।

# केएम विवि में स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा प्रोग्राम की परीक्षाएं सकुशल सम्पन्न

**मथुरा।** केएम विश्वविद्यालय में सेमेस्टर प्रणाली के अंतर्गत सभी कोर्सेज के सत्र 2023-24 के स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा प्रोग्राम की सेशनल परीक्षाएं गत कई दिनों से जारी, सकुशल संपन्न हो गई। केएम विवि के कुलाधिपति किशन चौधरी ने कहा कि सेशनल परीक्षाएं फाइनल परीक्षाओं का पूर्व-अभ्यास है, जिसे विद्यार्थियों को गम्भीरता से लेकर और अध्ययन करना चाहिए ताकि परिणाम सकारात्मक हो सके। रजिस्ट्रार पूरन सिंह तथा परीक्षा-नियंत्रक डॉ मनोज ओझा ने संतोष वयक्त करते हुए कहा कि बीए, बीएससी और बीकॉम, बीबीए, बीसीए, डिप्लोमा, बीटेक, बीएससी एजी, फोरेंसिक, कंप्यूटर साइंस, बायोटेक, बीए फैशन डिज़ाइन, फाइन आर्ट्स, एमए, एमएससी, एमकॉम, एमटेक, एमबीए, एमसीए की परीक्षाएं शांतिपूर्ण संपन्न हुई। परीक्षाओं के दौरान केएम विवि प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया, जिसमें डीन डॉ धर्मराज सिंह, डॉ सुनील कुमार सिंह, डॉ विपिन सोलंकी, डीन ऑफ मैनेजमेंट डॉ सीपी वर्मा, डीन ऑफ एजुकेशन डॉ जेएस राठौर, डॉ प्रीति पोरवाल, श्रीमती संजू बाला, करन सिंह, चन्देश कुमार, जगवीर सिंह, शैलेंद्र शर्मा, सुमित शर्मा, बेदवीर सिंह, पंकज सारस्वत, ललित कुमार, भूपेंद्र सिंह आदि का सहयोग सराहनीय रहा।

## संक्षिप्त समाचार

### विश्व रक्त दाता दिसव की दिलाई शपथ



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** विश्व रक्त दाता दिवस-2024 से एक दिन पूर्व चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर के अधीन संचालित कृषि अभियंत्रण संकाय में कार्यरत शिक्षकों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं को अधिष्ठाता डा0 एन0के0शर्मा ने गुरुवार को विश्व रक्त दाता दिवस-2024 की शपथ दिलाते हुये सभी छात्र-छात्राओं एवं कर्मचारी, शिक्षक एवं अधिकारियों से अपील की कि वें हमेशा रक्तदान करने का प्रयास करेंगे ताकि रक्त की कमी से हमारे आस-पास किसी की जान न जाये। इस अवसर पर इटावा चिकित्सालय से आयी डा0नीतू द्विवेदी ने छात्र-छात्राओं को रक्तदान करने से होने वाले फायेदा की विस्तृत चर्चा करते हुये आर0बी0सी0, प्लेटलेट्स, श्वेत रक्त कोशिकाएं एवं हीमोग्लोविन आदि के बारे में बताते हुए रक्तदान करने के महत्व को समझाने का प्रयास किया। इस अवसर पर डा0देवेन्द्र सिंह, डा0तरूण कुमार माहेश्वरी, श्रीमती रजनी एवं समस्त शिक्षक, कर्मचारियो एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थित ने कार्यक्रम को भव्यता प्रदान की।

### बब्बर शेर मनन की याद में वट वृक्ष का रोपण



**इटावा।** इटावा सफारी पार्क के दिवंगत बब्बर शेर मनन की द्वितीय पुण्यतिथि मनायी गयी। गुरुवार को इस मौके पर बब्बर शेर मनन के चित्र पर पुष्प अर्पित किए गए तथा सफारी पार्क प्रशासन द्वारा बब्बर शेर मनन की याद में एक वट वृक्ष का रोपण किया गया। उक्त जानकारी डा. विनय कुमार सिंह उप निदेशक इटावा सफारी पार्क ने दी उन्होंने बताया कि मनन की पुण्यस्मृतियों यथा-बॉल, लॉग, पाइप एवं पानी की कुण्डी का एक संग्रहालय की स्थापना की गयी जिसका अनावरण सफारी पार्क के निदेशक डा.अनिल कुमार पटेल द्वारा किया गया। इसके उपरांत इटावा सफारी पार्क के निदेशक द्वारा मनन सभागार में मनन की स्मृति पर बनी फिल्म एवं यादों के संकलन को साझा किया गया। इसके अतिरिक्त बब्बर शेर मनन से जुड़े रहे कीपर आरिफ, आसिफ, पशुपालन विभाग के डा.आर.के.सिंह, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, पशु चिकित्सक डा. रोबिन सिंह यादव, बायोलॉजिस्ट बी.एन.सिंह, एवं अन्य लोगों द्वारा भी मनन को याद किया गया। इटावा सफारी पार्क में प्रथम जोड़े के रूप में बब्बर शेर मनन एवं शेरनी कुंवरि को दिनांक 11.04.2014 को लाया गया था। तब से लेकर दिनांक 13 जून 2022 तक बब्बर शेर मनन 09 संतानों-सिम्बा, सुल्तान, बाहुबली, भारत, रूपा, सोना, केसरी, नीरजा, गार्गी का पिता बना।

# नीट परीक्षा रिजल्ट निरस्त कर पुनः परीक्षा हो: रेवती

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** पूर्व सांसद कुंवर रेवती रमण सिंह ने केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री को पत्र लिखकर मांग किया कि नीट 2024 परीक्षा को निरस्त कर पुनः परीक्षा कराया जाय ताकि मेधावी छात्रों के साथ न्याय हो सके। पूर्व सांसद ने कहा कि इस परीक्षा परिणाम को लेकर हर तरफ आक्रोश व्याप्त है। देश के कई हिस्से से परिक्षार्थी के आत्महत्या की खबरें आ रही हैं और छात्र अभिवावक लगातार आंदोलनरत हैं तो इस नीट 2024 परीक्षा को आयोजित करने वाली संस्था की कार्यशैली पर कहीं न कहीं भ्रष्टाचार की बू आ रही हैं। इसलिए नीट2024 की परीक्षा को निरस्त कर पुनः परीक्षा कराई जाय और उच्च स्तरीय जांच करा कर दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही हो ताकि लगातार हो रही प्रतियोगी परीक्षाओं में धांधली पर अंकुश लग सके।

# ऊंच निवास नीच करतूती, देख न सकही पराई विभूति

**अवधनामा संवाददाता**

■ भारत के सनातनी विद्वानों के ऊपर सटीक बैठती लाइन

**मथुरा।** आजकल मथुरा मैं विवादो को लंबा खींचकर उस पर अपनी रोटियां सेकने का चलन चलता चला आ रहा है पहले ये प्रथा राजनेताओं के अंदर कूट कूट कर भरी हुई थी, अब इसका असर राजनेताओं के साथ साथ विद्वानों, संतो पर भी होने लगा है। प्राचीन काल से ही विद्वानों मै मतभेद चले आ रहे है जिसका प्रमाण आज भी तीज त्यौहार मै देखने को मिलता है किसी पंडित के पंचाग मै कोई पर्व आज मनाया जाता है तो किसी पंचाग मै एक दिन बाद जहा तक कि श्री कृष्ण जन्म अष्टमी हो या शिवरात्रि वह भी अलग अलग विद्वानों के अनुसार लोगों को मनानी पड़ती है कभी भी कोई व्रत त्योहार एक साथ सभी विद्वानों ने एक मत से नही मनाए । ग्रंथो मै भी अलग अलग मत देखने को मिलते है। जहा तक की श्लोकों के अर्थ भी अपने अपने हिसाब से व्यक्त किए जाते है इसी कारण आज तक सनातन धर्म और उनके अनुयाई एक नही हो पाए। हर संत हर विद्वान अपने आप को श्रेष्ठ साबित कर दूसरे को नीचा दिखाने पर तुला हुआ है। जिसका असर सनातन धर्म पर पड़ रहा है जिसका किसी को कोई फर्क नही पड़ता । आज कल मथुरा के विद्वान इसी कार्य मै लगे हुए है कि कैसे किसी दूसरे को नीचा दिखाया जाय आए दिन छोटी छोटी बातों को लंबा खीच कर उस पर लंबी लंबी बहस करने में अपने समय को वरवाद कर लोगो मै तमाशा खड़ा कर रहे हैं अभी तक बात पंडित कथावाचकों तक सीमित थी अब इस पर राजनेताओं की तरह ज्ञापन धरने और पुतला दहन जैसी राजनैतिक दंभ का भी प्रयोग होने लगा है। अब हद की परिकल्पना हो गई कि जो अपने आप को विरक्त संत कहलाने वाले संत राजसी ठाठ के साथ कैमरों से लैस साधू भेष धारी कैमरा मैन की टोली के साथ फूलो की बरसात करा कर मजमा लगाने वाले भी यू ट्यूब पर अपनी भक्ति का प्रचार कर लोगों को टोकन वाट कर दर्शन देने वाले महा प्रतापी संत भी इस मुहिम मै कूद गए। संत का कार्य दूसरो की गलती को नजरंदाज कर सही मार्ग बताने का है ना कि खुद उस बहस मै कूद कर अपनी टीआरपी बड़ाना।मथुरा के विद्वान कथा वाचक जो इस तरह का विरोध कर अपना समय खराब कर रहे है अगर सही मै श्री राधा जी के लिए मन मै आस्था है तो लोगो को अपने मंचो से श्री राधा जी के वास्तविक कथाओं से प्रदीप मिश्रा की बातों को गलत साबित करें ना कि पुतला दहन कर राजनीति करें।

# भाजपा के राज्य में मांगा था न्याय मिली मौत: भगवान सिंह वर्मा

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारीयों तथा किसान कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष द्वारा किसानों की समस्याओं के समाधान हेतु गोकुल महावन बलदेव राया आदि क्षेत्रों में जाकर किसानों की समस्याओं को जाना और नौहझील क्षेत्र के गांव शंकर गढ़ी में भ्रष्टाचार के खिलाफ जंग लड़ते हुए एक जुझारू व्यक्ति देवकीनंदन शर्मा की जान चले जाने के संदर्भ में व दीपावली के दिन राया में हुए पटाखा अग्निकांड के कारण 14 व्यक्तियों की मृत्यु जांच की लीपापोती पर आक्रोश जताते हुए गांव आंगई में स्थानीय जनता एवं किसानों से मुलाकात की।

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौधरी भगवान सिंह वर्मा एड. ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के शासनकाल में किसान त्रस्त है भीषण गर्मी के समय महंगाई के इस दौर में किसान भुखमरी के कगार पर पहुंच चुका है सरकारी वसूली की जा रही है बिजली की आपूर्ति में कोई भी सुधार नहीं है प्रीपेड मीटर लगाकर किसानों को उत्पीड़ित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विगत में राया में दिवाली के समय पटाखा कांड हादसे में क्या जांच हुई अभी तक उस जांच का कोई भी पता नहीं है क्या उसमें लीपा पोती कर दी गई, भ्रष्टाचार में डूबी इस सरकार ने एक जुझारू तथा भ्रष्टाचार के खिलाफ जंग लड़ रहे नौहझील क्षेत्र के गांव शंकर घड़ी के किसान देवकीनंदन शर्मा की जान मांट के अधिकारियों की अनदेखी से चली गई हम मांग करते हैं कि अविलंब दोषियों के खिलाफ जांच कर कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाए।

जिला कांग्रेस के प्रवक्ता विनोद चतुर्वेदी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के शासन में किसान परेशान है व्यापारी परेशान हैं महंगाई अपने चरम पर है छात्र परेशान है महिलाएं सुरक्षित नहीं है।

महिलाएं सुरक्षित नहीं है। ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार तिवारी ने कहा कि भाजपा सरकार में महंगाई बेरोजगारी भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है जिसकी कीमत आगामी चुनाव में भाजपा को चुकानी पड़ेगी

इस दौरान डा वेदांत शर्मा डॉ दीपक आर्य प्रवीण ठाकुर चंद्र मोहन सिकरवार लोकेश शर्मा दिनेश कुमार शर्मा डॉ. हरीश पचौरी ठा. प्रियपाल सिंह राजा गौतम केके गौतम कृष्ण कुमार शर्मा 'गुड्डू' गिर्राज सारस्वत दिनेश कुमार भावना उपाध्याय गोकुलेश उपाध्याय प्रमोद सिकरवार राजकुमार प्रधान सुरजीत सत्यनारायण सत्तो विष्णु,महताब जगन बाबू मानसिंह महेश ठाकुर महिपाल सिंह दिनेश प्रजापति ब्रजकिशोर प्रजापति मुनेश मुन्ना शिवकेश और मुकेश उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

# कथावाचक प्रदीप मिश्रा का हिंदूवादियों ने फूंका पुतला



**मथुरा।** श्री कृष्ण जन्म भूमि संघर्ष न्यास एवं हिंदू वादिओं ने आज मथुरा के हृदय स्थल होली गेट पर कथावाचक प्रदीप मिश्रा का प्रतीकात्मक पुतला फूंक कर अपना आक्रोश जताया। श्री कृष्ण जन्मभूमि के पक्ष कार दिनेश शर्मा ने नेतृत्व करते हुए कहा कि कथावाचक प्रदीप मिश्रा की बुद्धि भ्रष्ट हो गई है। उसने ब्रज की अधिष्ठात्री राधा रानी एवं बृजवासियों पर टिप्पणी कर महाधुर्त का काम किया है ऐसे व्यक्ति को धर्माचार्य बहिष्कृत करें। हिंदू महासभा की जिला अध्यक्ष छाया गौतम ने कहा कि राधा रानी की कृपा से ही वह धनाढ्य बना है उन्हीं के नाम का दिया खाते हैं और उन पर ही अविश्वसनीय टिप्पणी करते हैं जो सनातन विरोधी है। महानगर अध्यक्ष नरेश ठाकुर, संत हरिदास बाबा, हिंदू महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष पवन बाबा, महामंत्री प्रिंस पांडे, महानगर महामंत्री राहुल गौतम, ब्राह्मण सभा के राजेश पाठक ,प्रदेश मंत्री राजेश शास्त्री, दिनेश प्रधान, ने कहा कि ऐसे लोगों के धन की जांच होनी चाहिए धर्म को पाखंड बता रहे हैं कथा के नाम पर टोना टोटका करवा रहे हैं इसे हिंदू धर्म की बदनामी हो रही है पुतला दहन करने वालों में प्रमुख रूप से पवन गौतम, प्रिंस पांडे, जयराम शर्मा, राकेश जाट, विनेश कुंतल , रोहित चौधरी, मुनेश गौतम, संजीव वकील, आदि थे।

# भाषा वि.वि. का परिणाम घोषित दी हुई वेबसाइट पर देखें

**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय ने हाल ही में मई माह में सम सेमेस्टर की परीक्षाओं का आयोजन किया गया था, जिसके लगभग सभी विषयों की परीक्षाओं का परिणाम घोषित कर दिया गया है। विदित हो कि भाषा विश्वविद्यालय में इस सेमेस्टर ने सत्रांत से पूर्व ही तय समयसीमा में अपने सभी चरणों के लगभग नब्बे प्रतिशत पाठ्यक्रमों का परीक्षा फल घोषित कर दिया है। आज स्नातक स्तर पर बी.ए. अर्थशास्त्र, अंग्रेज़ी, भूगोल, हिंदी, इतिहास, गृह विज्ञान, फ़ारसी, शारीरिक शिक्षा, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, अरबी, उर्दू, पत्रकारिता एवं जनसंचार का परिणाम जारी किया गया है। पूर्व में बी.ए. (NEP) के सभी परीक्षा परिणामों को घोषित किया जा चुका है, वहीं डिप्लोमा, एम.टेक., एम.बी.ए., एम.सी.ए., एम.कॉम., एल.एल.एम व एम.ए सहित सभी परास्नातक पाठ्यक्रमों के सेमेस्टर परिणाम भी जारी कर दिए गए हैं। भाषा विश्वविद्यालय का रिजल्ट 2.24 आधिकारिक वेबसाइट-kmclu.ac. in पर ऑनलाइन जारी किया गया है। विश्वविद्यालय की परीक्षा नियंत्रक डॉ. भावना मिश्रा ने बताया कि इन परीक्षाओं में भाग लेने वाले सभी छात्र नीचे दिए गए लिंक का उपयोग करके अपना भाषा विश्वविद्यालय का रिजल्ट 2024 देख और डाउनलोड कर सकते हैं। भाषा विश्वविद्यालय परिणाम 2024 तक पहुंचने के लिए, विद्यार्थियों को अपना लॉगिन क्रेडेंशियल दर्ज करना होगा। विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति महोदय प्रो. एन.बी. सिंह द्वारा परीक्षा नियंत्रक डॉ. भावना मिश्रा के कुशल मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग द्वारा बहुत ही कम अवधि में लगभग सभी विषयों का परीक्षा परिणाम घोषित करने पर परीक्षा विभाग की सराहना की गई।

# सबसे गर्म प्रयागराज, 47 डिग्री पहुंचा तापमान, तपिश से लोग बेहाल

■ दिन में कड़ी धूप व गर्म हवाएं, रात में बढ़ रही उमस

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** जिले में गर्मी अपने चरम पर है। मानो सूर्य धरती पर आ गया हो। गुरुवार को पारा 47 डिग्री रहा। सुबह 7ः00 बजे से ही सूर्य की तपिश ने लोगों को बेहाल कर दिया। सामान्य स्थिति की बात करें तो घर से लोग निकलने में सोच रहे हैं। वहीं बिजली की अघोषित कटौती से लोग परेशान है। भीषण गर्मी अब जानलेवा होती जा रही है। पूरे प्रदेश में गर्मी ने लोगों को बेहाल कर दिया है। बीते दिनी भीषण गर्मी और हीट वेव के कारण 17 लोगों ने अपनी जान भी गवाई थी। इतना ही नहीं मौसम विभाग ने 10 जिलों को हीट वेव का रेड अलर्ट भी जारी किया है। जिसमें प्रयागराज को ऑरेंज अलर्ट घोषित किया गया है। प्रयागराज में गर्मी कम होने का नाम नही लव रही है। गुरूवार को पारा 47 डिग्री रहा। तेज धूप और गर्मी से बेहाल लोग घरों से बाहर नही निकल रहे है। सुबह 7 बजे से ही सूर्य की तपिश लोगो को बेहाल कर रही है। सड़कों पर सन्नाटा छाया हुआ है। शाम चार बजे के बाद ही लोग घरों से निकल रहे है। शाम के बाद पार्कों में भी भीड़ जुट रही है। गर्मी के मौसम शुरु होते ही नगर निगम और सामाजिक कार्यकर्ता प्याऊ की व्यवस्था करने लगते थे। इस बार गर्मी अपने चरम सीमा पर है, लेकिन अभी तक कही प्याऊ की व्यवस्था नहीं की गयी है। एक दो स्थानो पर घड़ो को रख तो दिया गया है, लेकिन उन घड़ो में पानी भरने वाला कोई नहीं है। जिससे राहगीरों को पानी के परेशान होना पड़ रहा है।

# होम्योपैथिक अवार्ड से नवाजे गए डॉक्टर भास्कर शर्मा

**प्रयागराज।** वैश्विक स्तर पर विशिष्ट पहचान बनाने वाले वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर डॉक्टर भास्कर शर्मा सिद्धार्थनगर उत्तर प्रदेश के होम्योपैथिक चिकित्सा के क्षेत्र में उल्लेखनीय शोध कार्य के लिए इंदौर में बेस्ट होम्योपैथिक डॉक्टर अवार्ड से सम्मानित किया गया। इंदौर में ग्लोबल ह्यूमन राइट्स अयोजित अवार्ड समारोह में सिद्धार्थनगर उत्तर प्रदेश के डॉक्टर भास्कर शर्मा को बेस्ट होम्योपैथिक डॉक्टर अवार्ड तथा एक लाख एक हजार रुपए का चेक देकर सेलिब्रिटी गेस्ट के रूप में बिंदु दारा सिंह, शैतान सिंह पाल अध्यक्ष और डायरेक्टर मध्य प्रदेश स्टेट इलेक्ट्रॉनिक डेवलपमेंट एंड कारपोरेशन लिमिटेड, डॉक्टर सी एल यादव प्राचार्य इंडेक्स होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल मालवांचल यूनिवर्सिटी इंदौर मध्य प्रदेश ने सम्मानित किया। गौरतलब है कि डॉक्टर भास्कर शर्मा ने होम्योपैथी चिकित्सा क्षेत्र पद्धति की 156 पुस्तकों का लेखन किया है। डॉ भास्कर शर्मा का नाम लार्जेस्ट होम्योपैथी लेसन के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज है साथ ही साथ उनके नाम 58 वर्ल्ड रिकॉर्ड बुक में नाम दर्ज है।

# भारत ने अमेरिका को 7 विकेट से दी मात, रोहित ब्रिगेड की सुपर-8 में हुई एंट्री



भारत ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 में अपनी लगातार तीसरी जीत की हैट्रिक लगा दी है। बुधवार को न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी क्रिकेट स्टेडियम में भारत ने अमेरिका को 7 विकेट से हरा दिया। टॉस गंवाकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अमेरिका ने निर्धारित 20 ओवरों में 8 विकेट के नुकसान पर 110 रन बनाए। वहीं 18.2 ओवर में महज 3 विकेट के नुकसान पर भारत ने लक्ष्य को हासिल कर लिया। वहीं अर्शदीप सिंह को प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया। हालांकि, भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही, भारतीय मूल के अमेरिकी गेंदबाज सौरभ नेत्रवलकर ने भारत को दो झटके विराट कोहली और रोहित शर्मा के रूप में दिए। इस दौरान विराट कोहली डक आउट हुए जबकि रोहित शर्मा महज 3 ही रन बना पाए। दो बड़े खिलाड़ियों के पवेलियन लौटने के बाद सूर्यकुमार यादव ने टीम इंडिया की नैया पार लगाई। सूर्या ने ऋषभ पंत (18) के साथ तीसरे विकेट के लिए 29 रन की साझेदारी की। उन्होंने शिवम दुबे के संग चौथे विकेट के लिए 67 रन जोड़े और भारतीय टीम को जिताकर लौटे। सूर्या ने 49 गेंदों में 2 चौकों और 2 छक्कों की मदद से नाबाद 50 रन की पारी खेली। दुबे ने 35 गेंदों में नाबाद 31 रन बनाए, जिसमें एक चौका और एक सिक्स शामिल है। इससे पहले, अमेरिकन ने निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 110 रन जुटाए। वहीं अमेरिका की तरफ से सबसे ज्यादा रन नीतीश कुमार (27) ने बनाए। भारत के लिए अर्शदीप सिंह ने शानदार गेंदबाजी की, उन्होंने चार ओवर में 9 रन देकर चार विकेट अपने नाम किए। ये उनका टी20 इंटरनेशनल में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। हार्दिक पंड्या ने दो और अक्षर पटेल ने एक विकेट झटका है। वहीं अर्शदीप ने पहले ओवर में अमेरिका को डबल झटका किया। शायन जहांगीर (0) और एंड्रीज गौस (2) को अपने जाल में फंसाया। कार्यवाहक कप्तान आरोन जोन्स (11) का बल्ला नहीं चला। ओपनर स्टीवन टेलर (24) और नीतीश ने तीसरे विकेट के लिए 31 रन जोड़कर अमेरिका की पारी को संभालने का प्रयास किया। अक्षर ने 12वें ओवर में टेलर को बोल्ड किया और अर्शदीप ने 15वें ओवर में नीतीश को आउट किया। हरमीत सिंह ने 10 और कोरी एंडरसन ने 14 रन का योगदान दिया। जसदीप सिंह 2 रन जुटाकर रनआउट हुए। शैडली वैन शल्कविक 11 रन बनाकर नाबाद रहे। भारतीय टीम ये मैच जीतते ही सुपर-8 राउंड में एंट्री कर लेगी।

## लियोनेल मेसी ने कहा, इंटर मियामी मेरा आखिरी क्लब होगा

दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी का अपने देश अर्जेंटीना के किसी क्लब से जुड़कर खेल को अलविदा कहने का कोई इरादा नहीं है और उन्होंने कहा कि इंटर मियामी उनका अंतिम क्लब होगा। अर्जेंटीना के कप्तान ने ईएसपीएन से कहा मुझे लगता है कि इंटर मियामी मेरा अंतिम क्लब होगा। आज की तारीख में मैं यही सोचता हूं कि यह मेरा अंतिम क्लब होने जा रहा है। मेसी अमेरिका में अपनी राष्ट्रीय टीम के साथ कोपा अमेरिका की तैयारी कर रहे हैं। अर्जेंटीना इस टूर्नामेंट का पिछला चैंपियन है। मेसी की अगुवाई में अर्जेंटीना ने 2022 में कतर में विश्व कप जीता था। बार्सिलोना के पूर्व स्टार मेसी का इंटर मियामी के साथ अनुबंध 2025 के सत्र के समापन तक है। उन्होंने कहा,''यूरोप से यहां आने का फैसला मुश्किल था। विश्व चैंपियन बनने से बहुत मदद मिली, और चीजों को अलग तरह से देखने का मौका भी मिला।

# विराट कोहली को डक आउट कर सौरभ नेत्रवलकर ने बनाया खास रिकॉर्ड



भारत के सलामी बल्लेबाज विराट कोहली का आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2024 में फ्लॉप शो जारी है। कोहली का बल्ला भारत और अमेरिका मैच में भी नहीं चला। वह न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी स्टेडियम में गोल्डन डक का शिकार हुए। उन्हें भारतीय मूल के तेज गेंदबाज सौरभ नेत्रवलकर ने पवेलियन भेजा। नेत्रवलकर ने पहले ओवर की दूसरी गेंद ऑफ स्टंप के बाहर एंगल के साथ डाली और कोहली को अपने जाल में फंसाया। कोहली ने ड्राइव लगाने का प्रयास किया लेकिन साथ डाली और कोहली अपना विकेट गंवा बैठे। कोहली ने ड्राइव लगाने का प्रयास किया लेकिन चूक गए। गेंद ने बल्ले का बाहरी किनारा लिया और विकेटकीपर एंड्रीस गौस में समा गई।

कोहली को गहरा जख्म देकर नेत्रवलकर ने एक नायाब रिकॉर्ड बनाया है। उन्होंने वो कारनामा अंजाम दिया, जो आईसीसी टूर्नामेंट में कोई और गेंदबाज नहीं कर सका। दरअसल, नेत्रवलकर आईसीसी टूर्नामेंट में कोहली को गोल्डन डक पर आउट करने वाले पहले गेंदबाज बन गए हैं। बता दें कि, कोहली मौजूदा टूर्नामेंट में तीसरी बार कोई कमाल दिखाए बगैर पवेलियन लौटे। वह आयरलैंड के खिलाफ एख रन ही बना सके थे। उन्होंने पाकिस्तान के विरुद्ध चार रन जुटाए। न्यूयॉर्क की पिच बल्लेबाजों के लिए काल बनी हुई है। दिग्गज बल्लेबाजों को रनों को लिए जूझना पड़ रहा है।

नेत्रवलकर ने इंडिया वर्सेस अमेरिका मैच में कोहली को आउट करने के बाद कप्तान रोहित शर्मा का शिकार किया। उन्होंने हिटमैन के नाम से मशहूर रोहित को तीसरे ओवर की दूसरी गेंद पर हरमीन सिंह के हाथों लपकवाया। उनके बल्ले से 6 गेंदों में 3 रन निकले। वह बैक ऑफ लेंथ गेंद पर गच्चा खा गए। भारत ने टॉस जीतकर अमेरिका को पहले बैटिंग का न्योता था। अमेरिकी टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट गंवाकर 110 रन बनाए। बाएं हाथ के तेज गेदंबाज अर्शदीप सिंह ने चार ओवर में 9 रन पर चार विकेट हासिल किए। ये टू20 वर्ल्ड कप में किसी भारतीय का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन है।

# जीत के बाद रोहित शर्मा क बयान, कहा हमें पता था कि लक्ष्य का पीछा करना मुश्किल होगा




अमेरिका के खिलाफ आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप ए मैच में बुधवार को यहां सात विकेट की जीत दर्ज करने के बाद कप्तान रोहित शर्मा ने बुधवार को यहां कहा कि उन्हें पता था कि इस पिच पर लक्ष्य कर पीछा करना मुश्किल होगा। अमेरिका को आठ विकेट पर 110 रन पर रोकने के बाद भारत ने 18.2 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। भारत के लिए मैन ऑफ द मैच अर्शदीप सिंह ने नौ रन देकर चार विकेट लिये। सूर्यकुमार यादव (नाबाद 50) और शिवम दुबे (नाबाद 31) ने चौथे विकेट के लिए 65 गेंद में 67 रन की अटूट साझेदारी कर टीम को जीत दिलायी। रोहित ने मैच के बाद पुरस्कार समारोह में कहा, हम जानते थे कि इतना रन बनाना मुश्किल होगा। इसे हासिल करने का श्रेय हमें जाता है। सूर्यकुमार और दुबे ने आखिर में अच्छा प्रदर्शन किया। रोहित ने मैच में कड़ी टक्कर देने के लिए अमेरिका के खिलाड़ियों की तारीफ करते हुए अमेरिका में कई खिलाड़ी के साथ हम खेल चुके हैं। उनके क्रिकेट की विकास को देखकर मैं खुश हूं, हमने उन्हें एमएलसी में खेलते हुए देखा है। वे कड़ी मेहनत करने वाले खिलाड़ी है और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट पर अपनी पहचान बना रहे हैं। रोहित ने इस मौके पर कहा कि सुपर आठ में पहुंचने के बाद वह राहत महसूस कर रहे हैं लेकिन न्यूयॉर्क के इस मैदान पर परिस्थितियां काफी मुश्किल थी। उन्होंने कहा अर्शदीप ने शानदार शुरुआत की। हम गेंदबाजी में अपने विकल्पों को परखना चाहते थे इस लिये दुबे ने भी गेंदबाजी की। उन्होंने कहा सुपर आठ में पहुंचना बड़ी राहत है लेकिन यहां खेलना आसान नहीं था। यहां हर मैच का रुख किसी भी टीम की ओर हो सकता था।

## भारत और ऑस्ट्रेलिया, दोनों ने कर ली सुपर-8 में एंट्री

बीते बुधवार को टीम इंडिया ने टी20 वर्ल्ड कप में अपने तीसरे ग्रुप ए गेम में यूएसए को हराया। जिसके बाद टीम ने सुपर-8 चरण के लिए क्वालीफाई कर लिया है। नासाउ काउंटी के तेज गेदंबाजों की मददगार विकेट पर केवल 111 रनों का पीछा करते हुए भारत ने 18.2 ओवर में सात विकेट रहते हुए लक्ष्य को हासिल कर लिया है। वहीं, भारतीय टीम सुपर-8 राउंड में अब ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलेगी। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच मुकाबला डेरेन सैमी नेशनल क्रिकेट स्टेडियम सैंट लुसिया में खेला जाएगा। दोनों टीमों के बीच ये मैच 24 जून को भारतीय समयानुसार रात 8 बजे शुरू होगा। दरअसल, भारत को पाकिस्तान, अमेरिका और कनाडा और आयरलैंड के साथ ग्रुप ए में रखा गया है। वहीं टीम इंडिया को शनिवार को कनाडा के खिलाफ अपना मुकाबला खेलना है। वहीं लगातार तीन जीत के बाद टीम इंडिया 3 मैचों में 6 प्वाइंट्स के साथ टॉप पर काबिज है।

# पाकिस्तानी क्रिकेटर हसन अली ने की रियासी आतंकी हमले की निंदा




जम्मू-कश्मीर के रियासी में बस पर हुए आतंकी हमले की दुनियाभर में निंदा हो रही है। इस घटना को लेकर सोशल मीडिया पर लोग अपना गुस्सा जाहिर कर रहे हैं। वहीं अब पड़ोसी मुल्क से भी इसकी निंदा की गई है। दरअसल, पाकिस्तानी क्रिकेटर हसन अली ने भी श्रद्धालुओं से भरी बस पर इस कायराना हमले की निंदा की है। उनकी पोस्ट की जहां कई लोग तारीफ कर रहे हैं, वहीं कई लोगों को उनकी पोस्ट चुभन का काम कर रही है। लोग उनकी आलोचना भी कर रहे हैं। जिसके बाद नौबत यहां तक आ गई कि, हसन अली की अब सफाई भी देनी पड़ी है।

दरअसल, 9 जून को रियासी में आतंकियों ने तीर्थयात्रियों की बस पर हमला किया था। इस हमले में कम से कम 9 लोगों की मौत हो गई थी। हसन अली ने आंतकी हमले की अपनी संवेदना जताते हुए इंस्टाग्राम स्टोरी शेयर की है।

इस दौरान उन्होंने लिखा, आतंकवाद/हिंसा एक गंभीर मुद्दा है, चाहे वह किसी भी जाति या धर्म के खिलाफ हो, इसलिए मैंने इसे शेयर किया था। मैं जहां भी और जिस तरह से भी संभव हो शांति का समर्थन करने की कोशिश करता हूं। मैंने हमेशा गाजा में हुए हमलों की निंदा की है और जहां भी निर्दोष लोगों पर हमला किया जा रहा है, वहां ऐसा करना जारी रखूंगा। हर इंसान की जान मायने रखती है। अल्लाह ग्वादर में अपनी जान गंवाने वाले लोगों को जन्नत में स्थान दे, आमीन।

वहीं हसन अली की पत्नी शामिया आरजू ने भी अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर All Eyes on Vaishno Devi Attack की स्टोरी शेयर की। बताते चलें कि हसन अली की पत्नी भारत की रहने वाली हैं, जो मूल रूप से मेवात जिले की हैं।

हसन अली की बात करें तो उन्होंने पाकिस्तान के लिए 24 टेस्ट, 66 वनडे और 51 टी20 मैच खेले हैं। टेस्ट में उनके नाम 80 विकेट, वनडे में 100 विकेट और टी20 में 60 विकेट दर्ज हैं। हालांकि, मौजूदा टी20 वर्ल्ड कप टूर्नामेंट में उन्हें टीम में जगह नहीं मिली है।

# तलाक की अफवाहों के बीच निखिल पटेल के पास वापस लौट गयी दलजीत कौर केन्या से शेयर की कुछ तस्वीरें, लोगों ने किया ट्रोल



लोकप्रिय टेलीविजन अभिनेत्री दलजीत कौर ने एनआरआई व्यवसायी निखिल पटेल से शादी कर ली है। दलजीत के अपने बेटे जेडन के साथ भारत लौटने के बाद दोनों के बीच तलाक की अफवाहों की वजह से यह खबर चर्चा में है। दलजीत के अपने पति निखिल से अलग होने की खबर ने खूब सुर्खियां बटोरी हैं। केन्या जाने के लिए सोशल मीडिया पर कुछ लोग दलजीत कौर काफी ज्यादा उन्हें ट्रोल भी कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा कि दलजीत आपको अपना आत्मसम्मान बरकरार रखना चाहिए। एक दूसरे यूजर ने लिखा कि निखिल ने आपको कितना गलत बोला, आप उसके पास कैसे वापस जा सकती हो।

इस सब के बीच दलजीत कौर ने मंगलवार को अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर केन्या से अपनी गर्ल स्क्वाड की एक तस्वीर शेयर की। दलजीत के पति निखिल जो केन्या में रहते हैं, ने दलजीत की सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर कानूनी कार्रवाई की धमकी दी है। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि उनकी टीम ने दलजीत से संपर्क किया था कि वह उनके घर से उनका सामान ले जाए, नहीं तो वह उसे दान में दे देंगे। उन्होंने यह भी कहा कि वह उनकी सहमति के बिना उनके विवाह समारोह की तस्वीरें और वीडियो फुटेज शेयर करने के लिए उन पर कानूनी कार्रवाई करेंगे।

मंगलवार को दलजीत ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक फोटो शेयर की जिसमें वह पीले रंग की ड्रेस में दिख रही थीं और अपने दोस्तों के साथ एक रेस्टोरेंट में मस्ती करती नजर आ रही थीं। उन्होंने पोस्ट को कैप्शन दिया, जब आप अपनी गर्ल स्क्वाड से मिलते हैं... दलजीत ने निखिल पर विवाहेतर संबंध रखने का आरोप लगाया और निखिल ने उन पर उत्पीड़न का आरोप लगाया। बता दें कि दलजीत की शादी पहले शालीन भनोट से हुई थी, लेकिन 2015 में शालीन भनोट पर घरेलू हिंसा का आरोप लगाने के बाद दोनों अलग हो गए। उनका एक बेटा है जिसका नाम जेडन है।

# सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल की शादी में हुई पुष्टि, लीक हुआ ऑडियो इनवाइट



सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल कथित तौर पर इस महीने के अंत में अपनी शादी की आधिकारिक घोषणा कर रहे हैं। अब एक रेडडिटर ने सोनाक्षी और जहीर का एक ऑडियो इनवाइट लीक किया है, जिसमें वे अपनी शादी की पुष्टि करते हुए कह रहे हैं कि वे 'उस पल' पर पहुँचने के लिए तैयार हैं, जो उन्हें एक-दूसरे का 'निश्चित और आधिकारिक पति-पत्नी' बना देगा।

पोस्ट में सोनाक्षी और जहीर की तस्वीर के साथ एक टाइटल कार्ड देखा जा सकता है। कार्ड इनवाइट में एक क्यूआर कोड भी है, जिसमें उन दोनों की ओर से उनके शुभचिंतकों के लिए एक संदेश है। सोनाक्षी कहती हैं, हमारे सभी प्रेमी और जासूस मित्रों और परिवार के सदस्यों को, जो इस पेज पर आने में कामयाब रहे हैं, नमस्ते! जहीर आगे कहते हैं, पिछले सात सालों से हम साथ हैं, सारी खुशियाँ, प्यार, हँसी और कई-कई रोमांच हमें इस पल तक ले आए हैं। सोनाक्षी कहती हैं, वह पल जब हम एक-दूसरे की कथित गर्लफ्रेंड और बॉयफ्रेंड से एक-दूसरे के पक्के और आधिकारिक पति-पत्नी बन जाते हैं। फिर ज़हीर कहते हैं, एक-दूसरे के पक्के और आधिकारिक पति-पत्नी बनने तक।

News18 Showsha की एक हालिया रिपोर्ट में कहा गया है कि शादी की पार्टी में बॉलीवुड के कुछ सबसे बड़े नाम शामिल होंगे, जिनमें आयुष शर्मा, हुमा कुरैशी, वरुण शर्मा, फरदीन खान, ताहा शाह बदुशा, अदिति राव हैदरी, शर्मिन सहगल और संजय लीला भंसाली शामिल हैं।

सोनाक्षी और ज़हीर ने 2022 की फ़िल्म डबल एक्सएल में अभिनय किया। दोनों ने अभी तक अपने रिश्ते की पुष्टि नहीं की है, लेकिन उनका इंस्टाग्राम फ़ीड एक-दूसरे की तस्वीरों से भरा पड़ा है। सोनाक्षी को आखिरी बार संजय लीला भंसाली की नेटफ्लिक्स वेब सीरीज़ हीरामंडीः द डायमंड बाज़ार में देखा गया था।

# सलमान खान ने पुलिस को बताया, घर के बाहर फायरिंग की आवाज सुनकर उनकी नींद खुली



अभिनेता सलमान खान ने 4 जून को मुंबई पुलिस को बताया कि 14 अप्रैल की रात को जब वे पार्टी करके देर से सोए थे, तो उन्हें गोलियों की आवाज सुनाई दी। बुधवार को एक अधिकारी ने समाचार एजेंसी को बताया कि मुंबई पुलिस ने अप्रैल में उनके घर के बाहर हुई फायरिंग की घटना के सिलसिले में अभिनेता और उनके अभिनेता भाई अरबाज खान के बयान दर्ज किए।

उन्होंने बताया कि क्राइम ब्रांच की चार सदस्यीय टीम 4 जून को बांद्रा स्थित गैलेक्सी अपार्टमेंट गई, जहां सलमान रहते हैं। अधिकारी ने बताया कि सलमान का बयान करीब चार घंटे तक दर्ज किया गया, जबकि उनके भाई का बयान दो घंटे से अधिक समय तक दर्ज किया गया।

14 अप्रैल की सुबह सलमान खान के घर के बाहर मोटरसाइकिल सवार दो लोगों ने कई राउंड फायरिंग की। अधिकारी ने बताया कि बयान दर्ज करते समय क्राइम ब्रांच के अधिकारियों ने सलमान और अरबाज से करीब 150 सवाल पूछे।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि गिरोह ने पहले भी सलमान खान को धमकियां दी थीं, लेकिन अब तक इसके सदस्यों ने अभिनेता से पैसे ऐंठने की कोशिश नहीं की है। 14 अप्रैल की गोलीबारी की घटना में शामिल कथित शूटर विक्की गुप्ता और सागर पाल को बाद में गुजरात से गिरफ्तार किया गया। इस मामले में कुल छह लोगों को गिरफ्तार किया गया था। उनमें से एक अनुज थापन ने कथित तौर पर 1 मई को पुलिस लॉक-अप में फांसी लगा ली थी।

# कंगना थप्पड़ विवाद पर करण जौहर ने कहा, मैं हिंसा का समर्थन नहीं करता



फिल्म निर्माता करण जौहर ने बुधवार को कहा कि वह किसी भी रूप में हिंसा का समर्थन नहीं करते हैं। उन्होंने यह बात अभिनेत्री-नेता कंगना रनौत को सीआईएसएफ की एक महिला कांस्टेबल द्वारा कथित तौर पर थप्पड़ मारे जाने की घटना के कुछ दिनों बाद कही। रनौत ने बृहस्पतिवार को एक वीडियो संदेश में कहा कि चंडीगढ़ हवाई अड्डे पर सुरक्षा जांच के दौरान सीआईएसएफ की महिला कांस्टेबल कुलविंदर कौर ने उनके चेहरे पर मारा और उनके साथ दुर्व्यवहार किया। यहां उनकी आगामी फिल्म 'किल' के ट्रेलर लॉन्च के अवसर पर जब जौहर से इस घटना के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, मैं किसी भी प्रकार की मौखिक या शारीरिक हिंसा का समर्थन नहीं करता। आरोपी सीआईएसएफ कर्मी कौर को निलंबित कर दिया गया है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। हवाई अड्डों पर सुरक्षा मुहैया कराने वाली केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ने भी घटना की 'कोर्ट ऑफ इंक्वायरी' के आदेश दिए हैं। इससे पहले, रनौत के समर्थन में वरिष्ठ अभिनेत्री शबाना आजमी सामने आईं और कहा कि सुरक्षा अधिकारियों को कानून अपने हाथ में नहीं लेना चाहिए।

# 27 साल बाद फिर बनेगी बॉर्डर 2, एक्टर सनी देओल ने जेपी दत्ता के साथ फिर से हाथ मिलाया, युद्ध की सबसे बड़ी कहानी



बॉर्डर की 27वीं सालगिरह पर, अभिनेता सनी देओल ने एक घोषणा वीडियो के ज़रिए फ़्रैंचाइज़ी के दूसरे संस्करण की पुष्टि की है। अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर सनी ने बॉर्डर 2 में अपनी वापसी की आधिकारिक घोषणा करते हुए एक वीडियो शेयर किया और इसे भारत की सबसे बड़ी युद्ध फिल्म बताया। उन्होंने पोस्ट के कैप्शन में लिखा, एक फौजी अपने 27 साल पुराने वादे को पूरा करने के बाद, आ रहा है फिर से। भारत की सबसे बड़ी युद्ध फिल्म, बॉर्डर 2। इस फिल्म का निर्माण भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, जेपी दत्ता और निधि दत्ता करेंगे। आगामी युद्ध फिल्म का निर्देशन अनुराग सिंह करेंगे।

सनी द्वारा घोषणा वीडियो शेयर किए जाने के तुरंत बाद, सोशल मीडिया यूज़र्स ने अपनी उत्सुकता व्यक्त करते हुए कमेंट सेक्शन में बाढ़ ला दी। एक यूज़र ने लिखा, वाह, यह बहुत बढ़िया घोषणा है सर जी, जय हिंद। दूसरे ने लिखा, बहुत उत्साहित हूँ। तीसरे यूजर ने टिप्पणी की, बॉर्डर 2 के लिए बहुत उत्साहित हूं।

उन्हें आखिरी बार अमीषा पटेल के साथ गदर 2 में देखा गया था। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बहुत सफल रही और इसे ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर घोषित किया गया। गदर 2 की सफलता के बाद, सनी ने लाहौर 1947 सहित कई फिल्में साइन कीं, जिसे आमिर खान के प्रोडक्शन बैनर के तहत बनाया जा रहा है। फिल्म का निर्देशन राजकुमार संतोषी ने किया है, जिन्होंने आमिर को कल्ट क्लासिक अंदाज़ अपना अपना (1994) में निर्देशित किया था।

# हिमाचल ने पानी देने से इनकार किया

## दिल्ली जल संकट- बोला- हमारे पास अतिरिक्त पानी नहीं

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में जल संकट को लेकर आज फिर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान हिमाचल प्रदेश ने दिल्ली को पानी देने से हाथ खड़े कर दिए।हिमाचल ने कहा कि उसके पास दिल्ली को देने के लिए अतिरिक्त पानी नहीं है। इस पर कोर्ट ने कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए हिमाचल सरकार को फटकार लगाई।कोर्ट ने अपर यमुना नदी बोर्ड को राज्यों के बीच पानी का बंटवारा करने को कहा है।

इससे पहले हिमाचल प्रदेश ने दिल्ली को 137 क्यूसेक पानी देने की बात कही थी। हालांकि, अब हिमाचल ऐसा करने से मुकर गया है।हिमाचल सरकार ने इस संबंध में कोर्ट में दाखिल किया गया



जवाब वापस ले लिया है। हिमाचल ने कहा कि उनकी नीयत सही थी, लेकिन जो जवाब दाखिल किया गया था उसमें कुछ कमियां थीं। राज्य सरकार ने कहा कि वो कोर्ट में नया हलफनामा दाखिल करेगी।

कोर्ट ने हिमाचल सरकार से कहा कि इतने संवेदनशील मामले में आपने गलत जवाब कैसे दे दिया।कोर्ट ने कहा, 137 क्यूसेक अतिरिक्त पानी की जो बात कही वो गलत है। इतने संवेदनशील मामले में आपने हल्का जवाब कैसे दे दिया। क्यों न आप पर कोर्ट की अवमानना का मुकदमा चलाया जाए।इस पर हिमाचल सरकार ने कहा, हम माफी मांगते हैं और हलफनामा दाखिल कर रिकॉर्ड से जवाब वापस लेंगे।

कोर्ट ने कहा कि राज्यों के बीच यमुना जल के बंटवारे से जुड़ा मामला जटिल और संवेदनशील मुद्दा है और कोर्ट के पास इसका फॉर्मूला तय करने की विशेषज्ञता नहीं है।कोर्ट ने कहा कि पानी के बंटवारे का मामला अपर यमुना नदी बोर्ड पर छोड़ दिया जाना चाहिए। कोर्ट ने यमुना बोर्ड को कल (14 जून) सभी पक्षों के साथ बैठक बुलाने और मामले पर जल्द निर्णय लेने का भी निर्देश दिया है।

12 जून को भी इस मामले पर सुनवाई हुई थी। तब कोर्ट ने दिल्ली सरकार को फटकार लगाते हुए कहा था, दिल्ली में टैंकर माफिया हैं और दिल्ली सरकार कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। आप अगर कुछ नहीं कर पा रहे तो हम दिल्ली पुलिस को जिम्मेदारी सौंप सकते हैं। आखिर आपने क्या कदम उठाए हैं। पानी बेवजह बर्बाद हो रहा है और कोई कदम नहीं उठाए गए हैं।

दरअसल, दिल्ली गंभीर जल संकट से जूझ रहा है। 31 मई को दिल्ली सरकार ने याचिका दायर कर कोर्ट ने आग्रह किया था कि वो हरियाणा, उत्तर प्रदेश और हिमाचल प्रदेश को दिल्ली को अतिरिक्त पानी देने का निर्देश दे।इस याचिका पर 3 जून को पहली सुनवाई हुई थी। कोर्ट ने यूवाईआरबी से 5 जून को सभी हितधारक राज्यों की एक आपात बैठक बुलाने और हिमाचल प्रदेश को पानी छोड़ने का निर्देश दिया था।

# मुश्किल में फंसे येदियुरप्पा, कोर्ट ने पॉक्सो मामले में जारी किया गैर जमानती वारंट

एजेंसी



**बेंगलुरु।** कर्नाटक पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा मुश्किल में फंस गए हैं। बेंगलुरु की एक कोर्ट ने येदियुरप्पा के खिलाफ गिरफ्तारी का गैर जमानती वारंट जारी किया है। येदियुरप्पा के खिलाफ ये वारंट यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण यानी पॉक्सो केस के तहत जारी किया गया है। इस कारण अब बीएस येदियुरप्पा के गिरफ्तार होने का खतरा है।

दरअसल, कुछ महीने पहले ही एक 17 वर्षीय एक लड़की की मां ने आरोप लगाया था कि इस साल दो फरवरी को येदियुरप्पा ने अपने आवास पर मुलाकात के दौरान उनकी बेटी का यौन उत्पीड़न किया था। पुलिस ने महिला के बयान के आधार पर येदियुरप्पा के खिलाफ पॉक्सो और भारतीय दंड संहिता की धारा 354 ए (यौन उत्पीड़न) के तहत मुकदमा दर्ज किया था। मुकदमा दर्ज किए जाने के कुछ ही घंटे बाद कर्नाटक के पुलिस महानिदेशक ने इस मामले को तत्काल प्रभाव से जांच के लिए सीआईडी को सौंप दिया था। कर्नाटक के पूर्व सीएम येदियुरप्पा ने अपने ऊपर लगे आरोपों पर सामने आकर जवाब दिया था और सभी आरोपों को खारिज किया था। 81 साल के हो चुके येदियुरप्पा ने कहा था कि वह इन आरोपों के मामले में कानूनी तरीके से लड़ेंगे। उन्होंने अदालत से प्राथमिकी रद्द करने का अनुरोध किया है। आपको ये भी बता दें कि येदियुरप्पा के खिलाफ आरोप लगाने वाली 54 वर्षीय महिला की पिछले महीने मौत हो चुकी है। कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने गुरुवार को कहा था कि पूर्व मुख्यमंत्री येदियुरप्पा के खिलाफ सीआईडी ने पूछताछ के लिए पेश होने का नोटिस जारी किया है और अगर जरूरत पड़ी तो येदियुरप्पा को गिरफ्तार भी किया जा सकता है। परमेश्वर ने एक सवाल के जवाब में कहा था कि अगर जरूरत पड़ी तो उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा।

## क्विक न्यूज

### दिल्ली में बंदूक दिखाकर 2 लोगों से 50 लाख रुपये की लूट

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्वी इलाके में स्थित अक्षरधाम मंदिर के पास 4 बदमाशों ने बुधवार को 2 लोगों को बंदूक दिखाकर 50 लाख रुपये लूट लिए गए।यह घटना दोपहर को मंदिर से कुछ दूर पांडव नगर इलाके में हुई। पीड़ित कर्मचारी मोहित शर्मा और अरुण त्यागी हैं। दोनों लोग गाजियाबाद के एक चार्टर्ड अकाउंटेंट फार्म के कर्मचारी थे।पुलिस का कहना है कि मामला दर्ज कर लिया गया है और बदमाशों की तलाश की जा रही है। दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि मोहित और अरुण दोनों पश्चिमी दिल्ली में किसी से पैसे लेकर गाजियाबाद जा रहे थे।तभी अक्षरधाम पहुंचने पर 2 बाइक पर सवार 4 बदमाशों ने उनको बंदूक दिखाते हुए सड़क किनारे रुकने को कहा। घटना के समय दोनों कर्मचारी राष्ट्रीय राजमार्ग-9 पर पहुंचने वाले थे।बंदूक देखते ही दोनों कर्मचारियों ने भागने की कोशिश की तो बदमाशों ने उनकी बाइक में टक्कर मारकर उनको सड़क के किनारे गिरा दिया।

### मुंबई में महिला ने ऑनलाइन मंगाई आइसक्रीम

**मुंबई।** महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां एक महिला डॉक्टर ने ऑनलाइन ऐप से आइसक्रीम मंगवाई, जिसमें कथित रूप से कटी उंगली निकली। रिपोर्ट के मुताबिक, मलाड इलाके में रहने वाली डॉक्टर ओरलेम ब्रेंडन सेराओ (27) ने जेप्टो ऐप से यम्मो आइसक्रीम मंगाई थी।आइसक्रीम में कटी उंगली निकलने पर उन्होंने मलाड थाने में आइसक्रीम कंपनी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने कटे अंग को फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा है। रिपोर्ट के मुताबिक, सेराओ की बहन ऐप पर कुछ खाने का ऑर्डर दे रही थीं, तभी सेराओ ने येम्मो की बटरस्कॉच आइसक्रीम के 3 कोन भी ऑर्डर कर दिए।डिलीवरी के बाद सेराओ ने जब आइसक्रीम खाना शुरू किया तो उनको कुछ अटपटा लगा।

# अजित डोवल तीसरी बार बने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार, पीके मिश्रा भी बने रहेंगे प्रधान सचिव

एजेंसी

**नई दिल्ली।** नरेंद्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में अजित डोवल को फिर से राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बनाया गया है। बता दें कि अजित डोवल तीसरी बार भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बनाए गए हैं। बता दें कि रिटायर्ड आईएएस अधिकारी पीके मिश्रा को प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव के रूप में नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति प्रधानमंत्री के कार्यालय में की गई है। साथ ही उनके कार्यकाल के दौरान उन्हें वरीयता तालिका में कैबिनेट मंत्री का दर्जा दिया जाएगा। बता दें कि अजित डोवल और पीके मिश्रा का कार्यकाल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ ही पूरा होगा। इस बाबत एक लेटर जारी कर कहा गया है कि कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने अजित डोवल को एनएसए के रूप में नियुक्ति दी है। बता दें कि 10 जून से यह आदेश प्रभावी होगा।

अजित डोवल की नियुक्ति को लेकर जारी किए गए लेटर में आगे कहा गया है कि उनकी नियुक्ति पीएम मोदी के कार्यकाल के साथ या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, समाप्त हो जाएगी। कार्यकाल के दौरान उन्हें कैबिनेट मंत्री का दर्जा दिया जाएगा। साथ ही उनकी नियुक्ति की शर्तें और नियम अलग से अधिसूचित किए जाएंगे। वहीं रिटायर्ड आईएएस पीके मिश्रा की अगर बात करें तो वो भी अपने पद पर बने रहेंगे। उन्हें 10 जून 2024 से प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव के रूप में नियुक्त किया गया है। पीके मिश्रा साल 1972 बैच के आईपीएस अधिकारी है। वह पिछले 1 दशक से पीएम मोदी के साथ बतौर प्रधान सचिव कार्यरत हैं। पीके मिश्रा पीएमओ में नियुक्तियों और प्रशासनिक मामलों के काम काज को देखेंगे। बता दें कि साल 2014 में जब पीएम नरेंद्र मोदी की सरकार पहली बार बनी थी। उस दौरान अजित डोवल को बतौर राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार नियुक्त किया गया था। इस दौरान पीके मिश्रा को पीएम मोदी का प्रधान सचिव बनाया गया था।

# गडकरी ने आडवाणी, जोशी से लिया आशीर्वाद, पूर्व राष्ट्रपति कोविंद से भी की मुलाकात

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता भारत रत्न लालकृष्ण आडवाणी के उनके आवास पर जाकर उनसे मुलाकात की और उनका आशीर्वाद लिया।

नितिन गडकरी ने भाजपा के वरिष्ठ नेता मुरली मनोहर जोशी के आवास पर भी जाकर उनसे मुलाकात कर उनका आशीर्वाद लिया। उन्होंने देश के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से भी उनके आवास पर जाकर शिष्टाचार मुलाकात की।

आपको बता दें कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रह चुके नितिन गडकरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने तीसरे कार्यकाल में भी फिर से कैबिनेट में शामिल कर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी है। गडकरी को मोदी कैबिनेट में फिर से सड़क परिवहन



और राजमार्ग मंत्रालय की जिम्मेदारी ही दी गई है।

नितिन गडकरी ने बुधवार को ही सुबह ट्रांसपोर्ट भवन स्थित अपने मंत्रालय पहुंच कर सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय का कार्यभार संभाल लिया था। इसके बाद वह बुधवार को आंध्र प्रदेश के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए विजयवाड़ा रवाना हो गए थे।

चंद्रबाबू नायडू के शपथ ग्रहण के बाद वे बुधवार को ही भुवनेश्वर जाकर ओडिशा के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी के शपथ ग्रहण समारोह में भी शामिल हुए थे।

इसलिए दिल्ली वापस लौटने के बाद नितिन गडकरी ने आज यानी गुरुवार को पार्टी के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी एवं मुरली मनोहर जोशी से मुलाकात कर दोनों नेताओं से आशीर्वाद लिया और पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से भी शिष्टाचार मुलाकात की।

# कांगो में हुआ दर्दनाक हादसा, नदी में नाव पलटने से 80 से अधिक लोगों की गई जान

एजेंसी

**किंशासा।** मध्य अफ्रीका में स्थित देश कांगो की राजधानी किंशासा के पास दर्दनाक हादसा हुआ है। यहां एक नदी में 270 से ज्यादा लोगों को लेकर जा रही एक नाव पलट गई है। इस हादसे में 80 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई। हादसे की जानकारी देश के राष्ट्रपति फेलिक्स त्सेसीकेदी ने दी है। एक बयान में राष्ट्रपति के हवाले से कहा गया है कि माई-नडोम्बे प्रांत में क्वा नदी में नाव पलट गई जिसमें लोगों की दुखद मौत हुई है। नौका पर 100 से ज्यादा लोग सवार थे।

राष्ट्रपति फेलिक्स त्सेसीकेदी ने एक्स पर पर लिखा कि डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो के माई-नडोम्बे प्रांत में मुशी शहर से 70 किलोमीटर दूर क्वा नदी पर हुई नाव दुर्घटना में 80 से अधिक लोगों की मौत हो गई है। राष्ट्रपति भवन की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना के कारणों की जांच के आदेश दिए गए हैं, ताकि भविष्य में ऐसी आपदा फिर ना हो।

राष्ट्रपति ने अधिकारियों को इस आपदा से प्रभावित लोगों की मदद के लिए आवश्यक उपाय करने का निर्देश दिया है। राष्ट्रपति ने कहा कि इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना के सही कारणों को स्पष्ट करने और भविष्य में ऐसी आपदा को दोबारा होने से रोकने के लिए हादसे की जांच की जाए। माई-नडोम्बे प्रांत की गवर्नर रीता बोला दुला ने रॉयटर्स को बताया कि यह घटना रात में नौकायन के कारण हुई।

बता दें कि, कांगो में इस तरह के हादसे पहले भी होते रहे हैं। नाव से जुड़े हादसों की खबरें पहले भी सामने आ चुकी हैं। देश में इस तरह के हादसों के पीछ अक्सर ओवरलोडिंग सबसे बड़ी वजह होती है। इससे पहले फरवरी में भी इस तरह का हादसा हुआ था, जब ओवरलोडेड नाव डूबने से दर्जनों लोगों की मौत हो गई थी।

# अग्निपथ योजना में बड़े बदलाव की तैयारी, 60-70 प्रतिशत सैनिकों को मिल सकती है स्थायी नियुक्ति

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना में भर्ती और सेवा के लिए लाई गई अग्निपथ योजना शुरू से ही विवादों में है। लोकसभा चुनाव में भी इसका मुद्दा खासा उठा था और विपक्षी पार्टियों ने इस योजना को बंद करने का वादा किया था।अब खबर है कि भारतीय सेना ने अग्निपथ योजना को लेकर एक आंतरिक सर्वे किया है। इसमें कई अहम बिंदू सामने आए हैं, जिनकी समीक्षा के बाद योजना में कुछ बड़े बदलाव किए जा सकते हैं।

फिलहाल अग्निपथ योजना में 4 साल की सेवा के बाद केवल 25 प्रतिशत सैनिकों को ही स्थायी नियुक्ति दी जाती है। अब इस कोटे को बढ़ाने की चर्चाएं हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, सेना 60 से 70 प्रतिशत अग्निवीर को स्थायी नियुक्ति देने पर विचार कर रही है।विशेष और तकनीकी बलों के लिए ये सीमा 75 प्रतिशत तक हो




सकती है। दूसरी सेवाओं में भी कम से कम 50 प्रतिशत सैनिकों को स्थायी करने की तैयारी चल रही है।

अग्निपथ योजना में सैनिकों को 4 साल के लिए भर्ती किया जाता है। इसके बाद केवल 25 प्रतिशत सैनिकों को स्थायी नियुक्ति मिलती है।अब सैनिकों की सेवा अवधि को 4 साल से बढ़ाकर 7-8 साल करने पर विचार किया जा रहा है। 4 साल की सेवा अवधि में सैनिकों की ट्रेनिंग मात्र 9 महीनों की होती है।सेवा अवधि बढ़ाने से सैनिकों को ग्रेच्युटी और पूर्व सैनिक जैसे लाभ मिल पाएंगे।

अग्निपथ योजना से पहले सेना में सैनिकों के लिए प्रशिक्षण अवधि 37 से 42 सप्ताह के बीच थी। योजना में इसे घटाकर 24 हफ्ते कर दिया गया था। अब इसे फिर बढ़ाने पर विचार किया जा रहा है।सेना के सर्वे के निष्कर्षों के मुताबिक, प्रशिक्षण अवधि को घटाने से अग्निवीरों के समग्र प्रशिक्षण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।इसके अलावा तकनीकी क्षेत्रों में भी ग्रेजुएट कर्मियों को भर्ती किए जाने पर विचार हो रहा है।

# मूसलाधार बारिश से चीन की सड़कों पर उतरा सैलाब

**जियांग्शी।** चीनी अधिकारियों के मुताबिक पूर्वी चीन के जियांग्शी प्रांत में 80,000 से अधिक निवासी रविवार से शुरू हुई मूसलाधार बारिश से प्रभावित हुए हैं। प्रांतीय आपातकालीन प्रबंधन विभाग के अनुसार मंगलवार दोपहर 2 बजे से तीसरे स्तर पर बाढ़ नियंत्रण आपातकालीन प्रतिक्रिया शुरू कर दी गई है। भीषण मौसम ने 4,200 हेक्टेयर फसलों को नुकसान पहुंचाया है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, कुल 6,990 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। मौसम विभाग ने भविष्यवाणी की है कि आने वाले सप्ताह में जियांग्शी के कुछ हिस्सों में बारिश जारी रहेगी। जिससे निचले इलाकों में खतरनाक बाहरी बिजली आपूर्ति को काटने, लोगों को सुरक्षित क्षेत्रों में स्थानांतरित करने का भी सुझाव दिया है। चीन की केंद्रीय सरकार ने स्थानीय सरकारों को उचित तैयारी करने।

# बढ़ती तेल कीमतों के बीच अगले महीने सऊदी अरब इजरायल और वेस्ट बैंक का दौरा करेंगे बाइडन

एजेंसी

**वाशिंगटन।** रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच जब पूरी दुनिया तेल की किल्लत से जूझ रही है, उसका प्रभाव पूरी दुनिया पर पड़ रहा है। ऐसे समय में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन अगले महीने मध्य पूर्व क्षेत्र की अपनी पहली यात्रा करेंगे। वह 13-16 जुलाई तक इजरायल, वेस्ट बैंक और सऊदी अरब का दौरा करेंगे। व्हाइट हाउस ने एक बयान में इसकी पुष्टि की है। ज्ञात हो कि पत्रकार जमाल खशोगी की हत्या के मामले में सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान को जो बाइडन ने खूब निशाना बनाया था, अब उसी प्रिंस सलमान से तेल बढ़ाने के लिए बाइडन को बातचीत करनी होगी।

बाइडन के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति इजरायल में अपनी यात्रा शुरू करेंगे, जहां वह इजरायल के नेताओं के



साथ देश की सुरक्षा, समृद्धि और बड़े क्षेत्र में बढ़ते एकीकरण पर चर्चा करने के लिए मुलाकात करेंगे। अधिकारी ने आगे कहा कि वह फिलिस्तीनी प्राधिकरण के साथ परामर्श करने के लिए वेस्ट बैंक का भी दौरा करेंगे और फिलिस्तीनी लोगों के लिए सुरक्षा, स्वतंत्रता और अवसर के समान उपायों के साथ समस्या के समाधान के लिए अपने मजबूत समर्थन को दोहराएंगे।

खाड़ी सहयोग परिषद और मिस्र, इराक और जार्डन (जिसे जीसीसी + 3 के रूप में जाना जाता है) के एक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए सऊदी किंग सलमान के निमंत्रण पर अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन जेद्दा, सऊदी अरब की यात्रा करेंगे। वर्तमान में सऊदी अरब जीसीसी का अध्यक्ष है और पूरे क्षेत्र के नौ नेताओं की इस सभा का स्थल है।

व्हाइट हाउस के सचिव काराइन जीन-पियरे ने एक बयान में कहा कि इजराइल की यात्रा उस उस देश की सुरक्षा और समृद्धि के लिए संयुक्त राज्य की सुरक्षा की प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करने के लिए है।

# जी7 शिखर सम्मेलन में यूक्रेन का मुद्दा रहेगा हावी

एजेंसी

**बारी (इटली)।** जी7 देश के नेता तीन दिवसीय शिखर सम्मेलन के लिए इटली में मिल रहे हैं। माना जा रहा है इसमें रूस-यूक्रेन युद्ध का मुद्दा हावी रहेगा। साथ ही गाजा में चल रहे युद्ध के अलावा चीन के साथ बढ़ते व्यापार और सुरक्षा पर भी चर्चा होगी। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की को भी इस सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए न्योता दिया गया है।

यह अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन का अंतिम जी7 शिखर सम्मेलन हो सकता है। इसी साल अमेरिका में चुनाव है। बाइडेन का मुकाबला डोनाल्ड ट्रंप से है।

इसके अलावा यूरोपीय नेता भी अपने देश में विपक्ष के हमले का दबाव झेल रहे हैं। फ्रांस और जर्मनी में पिछले हफ्ते यूरोपीय संसद के चुनाव में दक्षिणपंथी दलों की बड़ी जीत हुई है। उनके देश की राजनीति पर उठ रहे सवाल के बीच फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज़ यहां सम्मेलन में हिस्सा लेने पहुंचेंगे।




उधर, ब्रिटेन में 14 साल की कंजर्वेटिव सरकार के बाद प्रधानमंत्री ऋषि सुनक को आम चुनाव में विपक्षी लेबर पार्टी से करारी हार का सामना करना पड़ सकता है। यहां चुनाव 4 जुलाई को है। हालांकि इस सम्मेलन के एजेंडे में यूक्रेन सबसे ऊपर होगा। जी7 में ब्रिटेन, कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, संयुक्त राज्य अमेरिका और यूरोपीय संघ हिस्सा ले रहे हैं।।

यूक्रेन को जी7 से एक बड़ा सहायता पैकेज मिलने की उम्मीद है। व्हाइट हाउस ने कहा है कि महीनों की बातचीत के बाद, बाइडेन और जेलेंस्की जी7 के दौरान अमेरिका और यूक्रेन के बीच एक द्विपक्षीय सुरक्षा समझौते पर हस्ताक्षर करेंगे।

वाशिंगटन ने शिखर सम्मेलन की पूर्व संध्या पर यह भी घोषणा की कि वह रूस की युद्ध अर्थव्यवस्था से जुड़े 300 से अधिक व्यक्तियों और संस्थाओं पर प्रतिबंध लगा रहा है, जिसमें वित्तीय संस्थान, मॉस्को स्टॉक एक्सचेंज और चीनी कंपनियां शामिल हैं। जेलेंस्की के अलावा, तुर्की, ब्राजील और भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी इटली वार्ता में भाग लेंगे।

# ............जी7 शिखर सम्मेलन में बाइडेन..........

## ज़ेलेंस्की सुरक्षा समझौते पर करेंगे हस्ताक्षर

एजेंसी

**इटली।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की गुरुवार को इटली में जी7 शिखर सम्मेलन के दौरान अमेरिका और यूक्रेन के बीच द्विपक्षीय सुरक्षा समझौते पर हस्ताक्षर करेंगे।

बाइडेन के नेशनल सिक्योरिटी एडवाइजर जेक सुलिवन ने बुधवार को इटली जाने से पहले इस समझौते की घोषणा की। इटली जी7 के दो दिवसीय शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है।

पंद्रह देश पहले ही यूक्रेन के साथ इसी तरह के सुरक्षा समझौते कर चुके हैं, जिनमें ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी शामिल हैं।

सुलिवन ने कहा कि कीव के साथ बाइडेन प्रशासन की बातचीत अब अंतिम रूप ले चुकी है।

उन्होंने ये नहीं बताया कि समझौते में क्या है, लेकिन इतना



जरूर कहा कि यह दोनों देशों के साथ मिलकर काम करने के तरीके के लिए एक ढांचा है।

हालांकि, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस समझौते में यूक्रेन में अमेरिकी सैनिकों की तैनाती की बाध्यता शामिल नहीं होगी। हम केवल ये दिखाना चाहते हैं कि अमेरिका यूक्रेन के लोगों के साथ है, उनकी सुरक्षा आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद करना जारी रखेगा, भविष्य में भी।

उन्होंने यह भी संकेत दिया कि समझौते में कहा जाएगा कि व्हाइट हाउस यूक्रेन को स्थायी समर्थन देने का तरीका खोजने के लिए अमेरिकी कांग्रेस के साथ काम करेगा।

अमेरिका ने कहा है कि वह यूक्रेन पर रूस से जुड़े 300 से अधिक व्यक्तियों और संस्थाओं पर प्रतिबंध लगा रहा है, जिनमें वित्तीय संस्थान, मॉस्को स्टॉक एक्सचेंज और चीनी कंपनियां शामिल हैं।

ब्लिंकन ने कहा, चीन की ओर से रूस में किया जा रहा मिलिट्री निर्यात चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि अमेरिका अब उन चीनी कंपनियों पर भी प्रतिबंध लगा रहा है जो रूस को हथियार सप्लाई करती हैं। इसके अलावा, एशिया, मिडिल ईस्ट, यूरोप, अफ्रीका और कैरिबियन के अन्य देशों में व्यक्ति और संगठन पर भी प्रतिबंध लगाए जा रहे हैं जो रूस की मदद करते हैं। अमेरिकी ट्रेजरी सचिव जेनेट येलेन ने कहा कि रूस अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय प्रणाली से अलग-थलग हो गया है, जिससे क्रेमलिन की सेना की बाहरी दुनिया तक पहुंच नहीं के बराबर है। कई रूसी बैंकों के विदेशी ठिकानों को भी ब्लैकलिस्ट कर दिया गया है ताकि वित्तीय लेनदेन मुश्किल हो जाए।

अमेरिकी ट्रेजरी विभाग ने कहा कि वह रूस और चीन के अलावा कई देशों में दर्जनों व्यक्तियों और संस्थाओं पर प्रतिबंध लगाकर सैन्य आपूर्ति श्रृंखलाओं को बाधित करने की कोशिश कर रहा है।

# जॉर्डन ने की अल-अक्सा मस्जिद परिसर में इजराइली घुसपैठ की निंदा

**अम्मान।** जॉर्डन के विदेश मंत्रालय ने इजराइली पुलिस की देखरेख में अल-अक्सा मस्जिद परिसर में इजराइलियों की घुसपैठ की निंदा की है। सूत्रों ने बताया कि बुधवार को हुई घुसपैठ की नवीनतम घटना की निंदा करते हुए जॉर्डन ने मस्जिद परिसर के अंदर इजराइलियों को बसाने की कवायद को भड़काऊ और इसकी पवित्रता का उल्लंघन बताया। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि, यह एक व्यवस्थित इजराइली नीति को दर्शाता है, जो अंतरराष्ट्रीय कानूनों के खिलाफ है। जॉर्डन ने इजराइल से मस्जिद परिसर में हो रहे घुसपैठ को रोकने और इसकी पवित्रता का सम्मान करने का आग्रह किया। गौरतलब है कि अल-अक्सा मस्जिद परिसर, जिसे यहूदी लोग टेंपल माउंट के नाम से जानते हैं, मुसलमानों और यहूदियों के लिए समान रूप से महत्व रखता है। इसे लेकर दोनों के बीच लंबे समय से विवाद जारी है।

# यूपी में ग्रामीण महिलाओं की जिंदगी रोशन कर रही है विद्युत सखी योजना

- प्रयागराज में बिजली विभाग के लिए विद्युत सखियों ने वसूले 17.45 करोड़ के बिल, 17.5 लाख खुद कमाए
- महिला स्वयं सहायता समूह से जुड़कर आर्थिक निर्भरता की राह पर अग्रसर हो रही हैं महिलाएं

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार राज्य की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बना रही है। उत्तर प्रदेश सखी योजना के अंतर्गत राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बना रहा है। प्रयागराज के ग्रामीण क्षेत्र में बड़ी संख्या में महिलाएं इससे जुड़ रही हैं।

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार की मंशा महिलाओं का स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनाने की रही है। सरकार ने महिलाओं के लिए स्वयं सहायता समूह गठित किए जिसके माध्यम से महिलाओं को स्वयं सक्षम बनने में मदद मिल रही है। सरकार की विद्युत सखी योजना से ग्रामीण व शहरी क्षेत्र की महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रही हैं। प्रयागराज के उपायुक्त एनआरएलएम राजीव कुमार सिंह बताते हैं कि उत्तर प्रदेश में बिजली सखी महिलाएं ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में उपभोक्ताओं को बिजली बिल की रीडिंग लेने , बिल बांटने के साथ बिल की रकम की वसूली में सरकार की मददगार साबित हो रही हैं। प्रयागराज जनपद में अभी तक विद्युत सखियों ने 17.45 करोड़ के बिल बिजली विभाग के खजाने में जमा करा चुकी हैं । सखियों ने वर्ष 2023- 24 में अब तक कुल 8.45 करोड़ और 2022-23 में 5.85 करोड़ के बिल जमा कराए हैं। इस तरह विद्युत सखियों के माध्यम से सरकार के ग्रामीण क्षेत्रों काफी लम्बे समय से बकाया और लंबित बिल की वसूली हो रही है जिससे सरकार के राजस्व में बढ़ोत्तरी भी हो रही है। इसका दूसरा फायदा यह है कि लोगों को बिजली बिल जमा करने के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर व लम्बी लम्बी कतारों में खड़ा नहीं होना पड़ रहा है। विद्युत सखी योजना से ग्रामीण क्षेत्र में महिलाओं को रोजगार के अवसर पैदा हो रहे हैं। कमीशन से मिलने वाली मदद से इन्हें अपना परिवार चलाने में सहयोग मिल रहा है। उपायुक्त एनआरएलएम राजीव कुमार सिंह के मुताबिक प्रयागराज में कुल 413 बिजली सखियां हैं। इनमें 309 गंगापार और 104 यमुनापार में हैं। ये सखियां विद्युत विभाग की आर्थिक सेहत सुधारने के साथ अपनी आर्थिक स्थिति भी बेहतर कर रही हैं। प्रयागराज में बिजली विभाग में जमा कराए गए 17.45 करोड़ रुपये में से इन्हें करीब साढ़े 17.85 लाख रुपये कमीशन के तौर पर मिले हैं। इन 413 बिजली सखियों में से 194 ऐसी हैं जो हर महीने 10 से 15 हजार रुपये कमा रही हैं।

### सैकड़ों घरेलू महिलाओं की बदली जिंदगी

**प्रयागराज।** गांव की ऐसी महिलाएं जो अभी तक घरेलू कार्यों में ही लगी रहती थीं,अब घर का काम निपटाने के बाद घर के कामों से बचे समय में विद्युत सखी का काम करके अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत कर रही हैं। इन सखियों को कोई भी बिल जमा होने पर एक निश्चित राशि में कमीशन दिया जाता है। जो न्यूनतम 20/- रूपये व 20,000/- रूपये से अधिक के बिजली बिल पर 1 प्रतिशत रहता है। जिले के पुरगांव ग्राम की विद्युत सखी संजू मौर्य ने दो करोड़ से अधिक के बिजली बिल जमा कराए है जिससे इन्हे अब तक 85 हजार की आमदनी हुई है। इसी तरह चक मोहम्मद की विद्युत सखी सुषमा ने भी 75 लाख से अधिक के बिजली के बिल जमा करा चुकी हैं। इनसे उसे की आमदनी हुई है।
यह महिलाएं स्वयं सहायता समूह से जुड़कर कमाई कर दूसरी महिलाओं के लिए प्रेरणा बन रही हैं।

## एसबीआई के सर्वर रूम में लगी भीषण आग

**प्रयागराज।** भारतीय स्टेट बैंक की शाखा कीडगंज में बृहस्पतिवार को भीषण आग लग गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इसके चलते बैंक का कामकाज प्रभावित रहा। कीडगंज स्थित भारतीय स्टेट बैंक में सुबह आग लग गई। देखते ही देखते बैंक के सर्वर रूम से आग की लपटें उठने लगीं। इससे लोगों में खलबली मच गई। सूचना पाकर पहुंचे फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग सर्वर रूम में शटर के अंदर लगी थी। जिसका ताला बाहर से बंद था। दमकलकर्मियों ने ताले को काटकर अंदर धधक रही आग को किसी तरह से बुझाया।


## कार्यालय ग्राम पंचायत सुन्गुलपुर, वि.ख. सिरकोनी, जौनपुर

### अल्पकालीन निविदा/टेन्डर

वित्तीय वर्ष 2024-25 मनरेगा/पंचम राज्य वित्त आयोग 15वां व केन्द्रीय वित्त आयोग अन्तेष्ठी स्थल/राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/मनरेगा योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा योजना के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय/पंचायत भवन/मनरेगा पार्क एवं अन्य सार्वजनिक भवनों के अनुरक्षण-सुन्दरीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्ति कर्ता दिनांक 14-06-2024 से 21-06-2024 तत्कार्यालय दिवस में अपरान्ह दो बजे तक ग्राम प्रधान पंचायत कार्यालय पर सील बंद निविदा जमा कर सकते है। दिनांक 22-06-2024 को निविदा हेतु गठित कमिटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष दोपहर 12:00 बजे तक खोली जाएगी। निविदा फॉर्म पैड पर होगी।

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | मात्रा (प्रकलन) के अनुसार | शिडयूल रेट के अनुसार (निम्नतमदर पर) |
|---|---|---|---|
| 1 | ईट, 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी/एस.ओ.बी. ईट | प्रति हजार | |
| 2 | सीमेंट, शौचालय में कार्य करने वाले समूह का मानदेय | प्रति बैग | |
| 3 | मोरंग बालू, महीन बालू, गंगा बालू | प्रति घन मी. | |
| 4 | स्टोन बलास्ट, डाला गिट्टी, पत्थर गिट्टी 20 एम.एम. से 53 एम.एम. तक ईट गिट्टी 20 एम.एम./42 एम.एम.। अन्तेष्ठीय स्थल खडंजा, गौशाला केन्द्र | प्रति घन मी. | |
| 5 | सरिया विभिन्न साइज | प्रति कुन्तल | |
| 6 | करकर/एसबेस्टर सीट, पैनट आयरन, समरसेबुल, बोरिंग प्लेटफार्म सहित | प्रति नग | |
| 7 | पैक्र्स ब्लाक ईट/इण्टरलांकिग ईट/जागजेडा इण्टरलाकिंग ईट | प्रति हजार | |
| 8 | सोलर लाईट/विद्युत सामग्री/स्ट्रीट लाईट/ हाईमास्क सोलर लाईट | प्रति नग | |
| 9 | शौचालय निर्माण सामग्री/पंचायत भवन निर्माण सामग्री | | |
| 10 | ह्यूम पाइप 150 एम.एम. 300 एम.एम. 350 एम.एम. 600 एम.एम. 800 एम.एम. NP3 | प्रति मी. | |
| 11 | टाइल्स विभिन्न साइज | प्रति वर्ग मी. | |
| 12 | गिट्टी की भराई, समतलीकरण का कार्य | प्रति घन मी. | |
| 13 | सफाईकर्मी स्वच्छता कीट/सेनेटाइजर, इस्टबीन सहित अन्य संबधित सामग्री प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 14 | कटीला तार एवं ईगल/प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 15 | जिम के संबंधित सामग्री/इण्डिया मार्क-2 हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री/रिबोर | प्रति नग | |
| 16 | मैदान के सुन्दरीकरण हेतु घास | प्रति घन मी. | |
| 17 | चूना, पेन्ट इत्यादि स्वच्छता हेतु कूड़ादान व्यवस्था | प्रति नग | |
| 18 | बालू पेंटिंग व प्रचार-प्रसार इत्यादि | प्रति वर्ग मी. | |
| 19 | विडियो कैमरा, दिशासूचक बोर्ड/पब्लिक अड्रेस सिस्टम | प्रति नग | |
| 20 | गौशाला में चूना-चोकर, भूसा, मनरेगा पार्क में खेलकूद, जिम, झूला व अन्य सामग्री | | |
| 21 | हैण्डम्प की निष्प्रयोज्य सामग्री की खुली नीलामी | | |
| 22 | S.L.W.M. अन्तर्गत कार्य करने वाले कर्मियों का मानदेय | | |

**प्रतिबंध एवं शर्तें:** सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। सामग्री की मात्रा स्वीकृत होने के पश्चात् तय की जाएगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जाएगी अथवा नही। आपूर्तिकर्ता वाणिज्यकर्ता द्वारा 50 रूपये के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा सामग्री आपूर्ति के पश्चात् ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्य कर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

**फेरूराम**
**ग्राम प्रधान- सुन्गुलपुर**
**वि.ख. सिरकोनी, जौनपुर**

**अभिषेक यादव**
**ग्राम पं./ग्रा.वि.अधि.- सुन्गुलपुर**
**वि.ख. सिरकोनी, जौनपुर**

## कार्यालय ग्राम पंचायत खुन्शापुर, वि.ख. बक्शा, जौनपुर

### अल्पकालीन निविदा/टेन्डर

वित्तीय वर्ष 2024-25 मनरेगा/पंचम राज्य वित्त आयोग 15वां व केन्द्रीय वित्त आयोग अन्तेष्ठी स्थल/राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/मनरेगा योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा योजना के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय/पंचायत भवन/मनरेगा पार्क एवं अन्य सार्वजनिक भवनों के अनुरक्षण-सुन्दरीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्ति कर्ता दिनांक 14-06-2024 से 20-06-2024 तत्कार्यालय दिवस में अपरान्ह दो बजे तक ग्राम प्रधान पंचायत कार्यालय पर सील बंद निविदा जमा कर सकते है। दिनांक 21-06-2024 को निविदा हेतु गठित कमिटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष दोपहर 12:00 बजे तक खोली जाएगी। निविदा फॉर्म पैड पर होगी।

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | मात्रा (प्रकलन) के अनुसार | शिडयूल रेट के अनुसार (निम्नतमदर पर) |
|---|---|---|---|
| 1 | ईट, 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी/एस.ओ.बी. ईट | प्रति हजार | |
| 2 | सीमेंट, शौचालय में कार्य करने वाले समूह का मानदेय | प्रति बैग | |
| 3 | मोरंग बालू, महीन बालू, गंगा बालू | प्रति घन मी. | |
| 4 | स्टोन बलास्ट, डाला गिट्टी, पत्थर गिट्टी 20 एम.एम. से 53 एम.एम. तक ईट गिट्टी 20 एम.एम./42 एम.एम.। अन्तेष्ठीय स्थल खडंजा, गौशाला केन्द्र | प्रति घन मी. | |
| 5 | सरिया विभिन्न साइज | प्रति कुन्तल | |
| 6 | करकर/एसबेस्टर सीट, पैनट आयरन, समरसेबुल, बोरिंग प्लेटफार्म सहित | प्रति नग | |
| 7 | पैक्र्स ब्लाक ईट/इण्टरलांकिग ईट/जागजेडा इण्टरलाकिंग ईट | प्रति हजार | |
| 8 | सोलर लाईट/विद्युत सामग्री/स्ट्रीट लाईट/ हाईमास्क सोलर लाईट | प्रति नग | |
| 9 | शौचालय निर्माण सामग्री/पंचायत भवन निर्माण सामग्री | | |
| 10 | ह्यूम पाइप 150 एम.एम. 300 एम.एम. 350 एम.एम. 600 एम.एम. 800 एम.एम. NP3 | प्रति मी. | |
| 11 | टाइल्स विभिन्न साइज | प्रति वर्ग मी. | |
| 12 | गिट्टी की भराई, समतलीकरण का कार्य | प्रति घन मी. | |
| 13 | सफाईकर्मी स्वच्छता कीट/सेनेटाइजर, इस्टबीन सहित अन्य संबधित सामग्री प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 14 | कटीला तार एवं ईगल/प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 15 | जिम के संबंधित सामग्री/इण्डिया मार्क-2 हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री/रिबोर | प्रति नग | |
| 16 | मैदान के सुन्दरीकरण हेतु घास | प्रति घन मी. | |
| 17 | चूना, पेन्ट इत्यादि स्वच्छता हेतु कूड़ादान व्यवस्था | प्रति नग | |
| 18 | बालू पेंटिंग व प्रचार-प्रसार इत्यादि | प्रति वर्ग मी. | |
| 19 | विडियो कैमरा, दिशासूचक बोर्ड/पब्लिक अड्रेस सिस्टम | प्रति नग | |
| 20 | गौशाला में चूना-चोकर, भूसा, मनरेगा पार्क में खेलकूद, जिम, झूला व अन्य सामग्री | | |
| 21 | हैण्डम्प की निष्प्रयोज्य सामग्री की खुली नीलामी | | |
| 22 | S.L.W.M. अन्तर्गत कार्य करने वाले कर्मियों का मानदेय | | |

**प्रतिबंध एवं शर्तें:** सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। सामग्री की मात्रा स्वीकृत होने के पश्चात् तय की जाएगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जाएगी अथवा नही। आपूर्तिकर्ता वाणिज्यकर्ता द्वारा 50 रूपये के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा सामग्री आपूर्ति के पश्चात् ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्य कर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

**सुरेखा देवी**
**ग्राम प्रधान- खुन्शापुर**
**वि.ख. बक्शा, जौनपुर**

**कमलेश कुमार खरवार**
**ग्राम पं./ग्रा.वि.अधि.- खुन्शापुर**
**वि.ख. बक्शा, जौनपुर**

## कार्यालय ग्राम पंचायत चकताली, वि.ख. सिरकोनी, जौनपुर

### अल्पकालीन निविदा/टेन्डर

वित्तीय वर्ष 2024-25 मनरेगा/पंचम राज्य वित्त आयोग 15वां व केन्द्रीय वित्त आयोग अन्तेष्ठी स्थल/राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/मनरेगा योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा योजना के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय/पंचायत भवन/मनरेगा पार्क एवं अन्य सार्वजनिक भवनों के अनुरक्षण-सुन्दरीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्ति कर्ता दिनांक 14-06-2024 से 21-06-2024 तत्कार्यालय दिवस में अपरान्ह दो बजे तक ग्राम प्रधान पंचायत कार्यालय पर सील बंद निविदा जमा कर सकते है। दिनांक 22-06-2024 को निविदा हेतु गठित कमिटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष दोपहर 12:00 बजे तक खोली जाएगी। निविदा फॉर्म पैड पर होगी।

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | मात्रा (प्रकलन) के अनुसार | शिडयूल रेट के अनुसार (निम्नतमदर पर) |
|---|---|---|---|
| 1 | ईट, 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी/एस.ओ.बी. ईट | प्रति हजार | |
| 2 | सीमेंट, शौचालय में कार्य करने वाले समूह का मानदेय | प्रति बैग | |
| 3 | मोरंग बालू, महीन बालू, गंगा बालू | प्रति घन मी. | |
| 4 | स्टोन बलास्ट, डाला गिट्टी, पत्थर गिट्टी 20 एम.एम. से 53 एम.एम. तक ईट गिट्टी 20 एम.एम./42 एम.एम.। अन्तेष्ठीय स्थल खडंजा, गौशाला केन्द्र | प्रति घन मी. | |
| 5 | सरिया विभिन्न साइज | प्रति कुन्तल | |
| 6 | करकर/एसबेस्टर सीट, पैनट आयरन, समरसेबुल, बोरिंग प्लेटफार्म सहित | प्रति नग | |
| 7 | पैक्र्स ब्लाक ईट/इण्टरलांकिग ईट/जागजेडा इण्टरलाकिंग ईट | प्रति हजार | |
| 8 | सोलर लाईट/विद्युत सामग्री/स्ट्रीट लाईट/ हाईमास्क सोलर लाईट | प्रति नग | |
| 9 | शौचालय निर्माण सामग्री/पंचायत भवन निर्माण सामग्री | | |
| 10 | ह्यूम पाइप 150 एम.एम. 300 एम.एम. 350 एम.एम. 600 एम.एम. 800 एम.एम. NP3 | प्रति मी. | |
| 11 | टाइल्स विभिन्न साइज | प्रति वर्ग मी. | |
| 12 | गिट्टी की भराई, समतलीकरण का कार्य | प्रति घन मी. | |
| 13 | सफाईकर्मी स्वच्छता कीट/सेनेटाइजर, इस्टबीन सहित अन्य संबधित सामग्री प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 14 | कटीला तार एवं ईगल/प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 15 | जिम के संबंधित सामग्री/इण्डिया मार्क-2 हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री/रिबोर | प्रति नग | |
| 16 | मैदान के सुन्दरीकरण हेतु घास | प्रति घन मी. | |
| 17 | चूना, पेन्ट इत्यादि स्वच्छता हेतु कूड़ादान व्यवस्था | प्रति नग | |
| 18 | बालू पेंटिंग व प्रचार-प्रसार इत्यादि | प्रति वर्ग मी. | |
| 19 | विडियो कैमरा, दिशासूचक बोर्ड/पब्लिक अड्रेस सिस्टम | प्रति नग | |
| 20 | गौशाला में चूना-चोकर, भूसा, मनरेगा पार्क में खेलकूद, जिम, झूला व अन्य सामग्री | | |
| 21 | हैण्डम्प की निष्प्रयोज्य सामग्री की खुली नीलामी | | |
| 22 | S.L.W.M. अन्तर्गत कार्य करने वाले कर्मियों का मानदेय | | |

**प्रतिबंध एवं शर्तें:** सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। सामग्री की मात्रा स्वीकृत होने के पश्चात् तय की जाएगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जाएगी अथवा नही। आपूर्तिकर्ता वाणिज्यकर्ता द्वारा 50 रूपये के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा सामग्री आपूर्ति के पश्चात् ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्य कर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

**ललिता कुमारी यादव**
**ग्राम प्रधान- चकताली**
**वि.ख. सिरकोनी, जौनपुर**

**रत्नेश कुमार सोनकर**
**ग्राम पं./ग्रा.वि.अधि.- चकताली**
**वि.ख. सिरकोनी, जौनपुर**

## कार्यालय ग्राम पंचायत कल्याणपुर, वि.ख. सिरकोनी, जौनपुर

### अल्पकालीन निविदा/टेन्डर

वित्तीय वर्ष 2024-25 मनरेगा/पंचम राज्य वित्त आयोग 15वां व केन्द्रीय वित्त आयोग अन्तेष्ठी स्थल/राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/मनरेगा योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा योजना के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय/पंचायत भवन/मनरेगा पार्क एवं अन्य सार्वजनिक भवनों के अनुरक्षण-सुन्दरीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्ति कर्ता दिनांक 14-06-2024 से 20-06-2024 तत्कार्यालय दिवस में अपरान्ह दो बजे तक ग्राम प्रधान पंचायत कार्यालय पर सील बंद निविदा जमा कर सकते है। दिनांक 21-06-2024 को निविदा हेतु गठित कमिटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष दोपहर 12:00 बजे तक खोली जाएगी। निविदा फॉर्म पैड पर होगी।

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | मात्रा (प्रकलन) के अनुसार | शिडयूल रेट के अनुसार (निम्नतमदर पर) |
|---|---|---|---|
| 1 | ईट, 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी/एस.ओ.बी. ईट | प्रति हजार | |
| 2 | सीमेंट, शौचालय में कार्य करने वाले समूह का मानदेय | प्रति बैग | |
| 3 | मोरंग बालू, महीन बालू, गंगा बालू | प्रति घन मी. | |
| 4 | स्टोन बलास्ट, डाला गिट्टी, पत्थर गिट्टी 20 एम.एम. से 53 एम.एम. तक ईट गिट्टी 20 एम.एम./42 एम.एम.। अन्तेष्ठीय स्थल खडंजा, गौशाला केन्द्र | प्रति घन मी. | |
| 5 | सरिया विभिन्न साइज | प्रति कुन्तल | |
| 6 | करकर/एसबेस्टर सीट, पैनट आयरन, समरसेबुल, बोरिंग प्लेटफार्म सहित | प्रति नग | |
| 7 | पैक्र्स ब्लाक ईट/इण्टरलांकिग ईट/जागजेडा इण्टरलाकिंग ईट | प्रति हजार | |
| 8 | सोलर लाईट/विद्युत सामग्री/स्ट्रीट लाईट/ हाईमास्क सोलर लाईट | प्रति नग | |
| 9 | शौचालय निर्माण सामग्री/पंचायत भवन निर्माण सामग्री | | |
| 10 | ह्यूम पाइप 150 एम.एम. 300 एम.एम. 350 एम.एम. 600 एम.एम. 800 एम.एम. NP3 | प्रति मी. | |
| 11 | टाइल्स विभिन्न साइज | प्रति वर्ग मी. | |
| 12 | गिट्टी की भराई, समतलीकरण का कार्य | प्रति घन मी. | |
| 13 | सफाईकर्मी स्वच्छता कीट/सेनेटाइजर, इस्टबीन सहित अन्य संबधित सामग्री प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 14 | कटीला तार एवं ईगल/प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 15 | जिम के संबंधित सामग्री/इण्डिया मार्क-2 हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री/रिबोर | प्रति नग | |
| 16 | मैदान के सुन्दरीकरण हेतु घास | प्रति घन मी. | |
| 17 | चूना, पेन्ट इत्यादि स्वच्छता हेतु कूड़ादान व्यवस्था | प्रति नग | |
| 18 | बालू पेंटिंग व प्रचार-प्रसार इत्यादि | प्रति वर्ग मी. | |
| 19 | विडियो कैमरा, दिशासूचक बोर्ड/पब्लिक अड्रेस सिस्टम | प्रति नग | |
| 20 | गौशाला में चूना-चोकर, भूसा, मनरेगा पार्क में खेलकूद, जिम, झूला व अन्य सामग्री | | |
| 21 | हैण्डम्प की निष्प्रयोज्य सामग्री की खुली नीलामी | | |
| 22 | S.L.W.M. अन्तर्गत कार्य करने वाले कर्मियों का मानदेय | | |

**प्रतिबंध एवं शर्तें:** सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। सामग्री की मात्रा स्वीकृत होने के पश्चात् तय की जाएगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जाएगी अथवा नही। आपूर्तिकर्ता वाणिज्यकर्ता द्वारा 50 रूपये के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा सामग्री आपूर्ति के पश्चात् ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्य कर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

**रमेश चन्द्र जायसवाल**
**ग्राम प्रधान- कल्याणपुर**
**वि.ख. सिरकोनी, जौनपुर**

**अभिषेक यादव**
**ग्राम पं./ग्रा.वि.अधि.- कल्याणपुर**
**वि.ख. सिरकोनी, जौनपुर**

# ऑल-राउंडर एआई फ्लैगशिप किलर, रियलमी जीटी 6 का अनावरण

**नई दिल्ली।** भारतीय युवाओं के सबसे लोकप्रिय स्मार्टफोन ब्रांड, रियलमी ने घोषणा की है कि इसका नया इनोवेशन, रियलमी जीटी 6 - द एआई फ्लैगशिप किलर 20 जून, 2024 को पूरे विश्व में लॉन्च होगा। इस गेम-चेंजिंग डिवाईस में न केवल अत्याधुनिक एआई फीचर्स मिलते हैं, बल्कि यह एक ऑल-राउंडर, एआई-पॉवर्ड फ्लैगशिप किलर है, जो अपने फ्लैगशिप चिपसेट, बेहतर कैमरा और उद्योग में अग्रणी वीसी कूलिंग सिस्टम के साथ शानदार परफॉर्मेंस प्रदान करता है। रियलमी जीटी 6 को ''एआई फ्लैगशिप किलर'' के रूप में स्थापित किया गया है। यह अपनी असाधारण परफॉर्मेंस और अत्याधुनिक फीचर्स के साथ प्रीमियम स्मार्टफोन बाजार पर केंद्रित है। रियलमी जीटी 6 के ये अत्याधुनिक फीचर्स स्मार्टफोन उद्योग में एक क्रांतिकारी परिवर्तन ला देंगे और यह अगली जनरेशन के लिए एक गेम-चेंजर बन जाएगा। इस डिवाईस में एआई टेक्नोलॉजी का उपयोग कर इमेज क्वालिटी, यूज़र इंटरैक्शन, और उत्पादकता में काफी सुधार किया गया है। इसका उद्देश्य एआई टेक्नोलॉजी को पूरे विश्व में युवाओं के हाथों में पहुँचाना है। आधुनिक टेक्नोलॉजी प्रेमी ग्राहकों के लिए बनाया गया यह स्मार्टफोन शानदार परफॉर्मेंस के साथ आधुनिक फोटोग्राफी क्षमताएं प्रदान करता है। इसकी शानदार चिपसेट सुगम ऑपरेशन सुनिश्चित करती है, इसलिए यह गेमिंग, स्ट्रीमिंग और मल्टीटास्किंग के लिए बेहतरीन है।

रियलमी जीटी 6 में एआई फीचर केवल इसे ट्रेंडी बनाने के लिए नहीं, बल्कि इसके बुनियादी तत्व के रूप में शामिल किया गया है, ताकि यूज़र का अनुभव बेहतर बन सके। इसके एआई नाईट विज़न, एआई स्मार्ट रिमूवल, और एआई स्मार्ट लूप जैसी विशेषताओं में एआई की शक्ति बखूबी देखी जा सकती है। एआई नाईट विज़न मोड उद्योग की प्रथम विशेषता है। इसमें एक सॉफिस्टिकेटेड नाईट वीडियो एलगोरिद्म का उपयोग किया गया है, तो घुप्प अंधेरे में एक्टिवेट हो जाती है, और जीटी 6 बहुत साफ वीडियो रिकॉर्ड कर पाता है, जिससे बड़े सेंसर के समान क्वालिटी का आउटपुट इस स्मार्टफोन से मिलता है। इसी प्रकार, एआई स्मार्ट रिमूवल टूल इमेज में से अनचाहे ऑब्जेक्ट या लोगों को पहचानकर और इरेज़ करके फोटो एडिटिंग आसान बनाता है, और बैकग्राउंड को फिल करके बिल्कुल प्राकृतिक इमेज प्रदान करता है। इसके अलावा, रियलमी के स्मार्ट लूप ने चयनित कंटेंट को स्मार्ट तरीके से पहचानकर और थर्ड-पार्टी ऐप्स पर उनकी तुरंत शेयरिंग संभव बनाकर ऐप इंटरैक्शन को काफी आसान बना दिया है। इसकी तीन प्राथमिक क्षमताएं- स्मार्ट रिकग्निशन, सरल ऑपरेशन, और बढ़ी हुई एफिशियंसी ऑपरेशंस को स्ट्रीमलाईन कर देती हैं। इन एआई विशेषताओं से दैनिक टास्क को आसान बनाने के लिए एआई की मदद से एक स्मार्ट, ज्यादा इंट्यूटिव स्मार्टफोन अनुभव प्रदान करने की रियलमी की प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है। परफॉर्मेंस के लिए रियलमी जीटी 6 की तीन मुख्य विशेषताएं - स्नैपड्रैगन 8एस जेन 3 चिपसेट, 120वॉट सुपरवूक चार्जिंग और 5500एमएएच की ड्युअल सेल बैटरी और ड्युअल वीसी कूलिंग सिस्टम है, जो मिलकर असाधारण यूज़र अनुभव प्रदान करते हैं। स्नैपड्रैगन 8एस जेन 3 चिपसेट अपने हाई-परफॉर्मेंस चिपसेट के लिए मशहूर क्वालकोम की सबसे आधुनिक पेशकश है। यह शक्तिशाली प्रोसेसर हैवी-ड्यूटी गेम्स या एक साथ बहुत सारी एप्लीकेशंस चलाने पर भी स्मूथ ऑपरेशन सुनिश्चित करता है। बेहतर एफिशियंसी और परफॉर्मेंस के लिए यह 4एनएम प्रोसेस टेक्नोलॉजी पर निर्मित है, इसलिए यह आज उपलब्ध सबसे आधुनिक मोबाईल प्लेटफॉर्म है। रियलमी जीटी 6 की दूसरी खास विशेषता 5500 एमएएच की शक्तिशाली बैटरी है। अपनी विशाल क्षमता और आधुनिक पॉवर चिप के साथ यह स्मार्टफोन बार-बार चार्ज किए बिना लंबे समय तक चलता है। इसके साथ एक 120 वॉट का सुपरवूक चार्जर मिलता है, जो 10 मिनट में ही स्मार्टफोन को 50 प्रतिशत तक चार्ज कर देता है और 28 मिनट में इसे पूरा चार्ज कर देता है।

# अपने सफर को सुहाना बनाएं
## टाटा मैजिक बाई-फ्यूल चुनने के पांच कारण

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश की भीड़-भाड़ वाली गलियों से लेकर केरल के अलग-अलग भूभागों तक,टाटा मैजिक ने देश भर के लाखों यात्रियों को सफलतापूर्वक उनकी मंजिल तक पहुंचाया है। यात्रियों के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए कंपनी ने हाल ही में टाटा मैजिक बाई-फ्यूल लॉन्च किया है। भरोसेमंद प्रदर्शन और कई उपयोगी फीचर्स के शानदार मिश्रण के साथ, यह ड्राइवरों और यात्रियों, दोनों की बदलती जरूरतों और प्राथमिकताओं को पूरा करता है। यहां वे पांच कारण दिए गए हैं, जो हाल ही में लॉन्च किए गए टाटा मैजिक बाई-फ्यूल को यात्रियों और ड्राइवरों दोनों की आदर्श पसंद बनाते हैं। नई आईसीएनजी टेक्नोलॉजी- मैजिक बाई-फ्यूल टाटा मोटर्स की आधुनिक आईसीएनजी टेक्नोलॉजी से लैस है, जिससे यात्री अपनी पसंद के अनुसार सीएनजी या पेट्रोल से गाड़ी चलाना चुन सकते हैं। इससे न केवल समय की बचत होती है, बल्कि इंजन को स्टार्ट करते समय ईंधन की भी बचत होती है, जो इसे ज्यादा किफायती बनाती है। इसके अलावा यह वाहन सीएनजी मोड में स्टार्ट होता है, जिससे ईंधन की दक्षता बढ़ती है। बेजोड़ रेंज के साथ बेहतर ईंधन दक्षता - इसमें 60 लीटर के सीएनजी टैंक के साथ पांच लीटर का पेट्रोल टैंक दिया गया है, जिसे एक बार फुल कराने पर करीब 300 किलोमीटर की रेंज हासिल की जा सकती है। ईंधन का यह दोहरा सिस्टम सुनिश्चित करता है कि गाड़ी का मालिक किफायती सीएनजी का लाभ तो उठा सके। इसके साथ वह गाड़ी को पेट्रोल मोड में चलाने से मिलने वाली लचीली सुविधा और व्यापक रेंज का आनंद ले सके। इससे गाड़ी में ईंधन खत्म होने की कोई चिंता नहीं रहती। इससे लंबे सफर और तरह-तरह के भूभागों के लिए यह वाहन आदर्श बनता है।

स्वामित्व की कुल लागत में कमी आती है - अपनी श्रेणी में यह ज्यादा से ज्यादा यात्रियों के बैठने की 9+डी की क्षमता से लैस है। इसके अलावा इसमें रेडियल टायर, गियर शिफ्ट एडवाइजर के साथ ड्राइवर की सुविधा के लिए कई फीचर्स शामिल किए गए हैं। टाटा मैजिक बाई-फ्यूल ईंधन की खपत को आदर्श बनाता है। इससे वाहन की संचालन लागत में कमी आती है। इसमें ड्राइवर की सुरक्षा के लिए भी कई फीचर्स शामिल किए गए हैं, जो उन्हें ज्यादा सुविधाजनक और सक्षम ड्राइविंग का अनुभव देते हैं। इससे वाहनों के रखरखाव और गाड़ी की पूरी जिंदगी में संचालन के खर्च को कम करने में मदद मिलती है। उन्नत सुरक्षा और आराम - टाटा मैजिक बाई फ्यूल के डिजाइन में यात्रियों और ड्राइवरों की सुरक्षा और आराम को काफी महत्व दिया गया है। इसमें 3 पॉइंट की ईएलआर सीट बेल्ट, तीन इमरजेंसी बटन, उच्च गुणवत्ता के आयात किए गए सीएनजी कंपोनेंट्स और अपने सेग्मेंट में गाड़ी क अंदर ज्यादा जगह के साथ यह सभी के लिए सुरक्षित और आरामदेह सफर सुनिश्चित करता हैं।

## देश के पास गेहूं का पर्याप्त भंडार, कीमत पर है सरकार की नजर

**नई दिल्ली।** सरकार ने गुरुवार को स्पष्ट किया है कि देश के पास घरेलू जरूरतों को पूरा करने के लिए गेहूं का पर्याप्त भंडार मौजूद है। इसलिए अभी अनाज के आयात शुल्क में बदलाव करने का कोई इरादा नहीं है। खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग गेहूं के बाजार मूल्य पर बारीकी से नजर रख रहा है।

उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि जमाखोरी रोकने और कीमतें स्थिर रखने के लिए सरकार गेहूं के बाजार मूल्य पर कड़ी नजर रख रही है। मंत्रालय ने कहा कि मौजूदा रबी विपणन सत्र वर्ष 2024 के दौरान खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग ने 11.2 करोड़ टन गेहूं उत्पादन की जानकारी दी है। सरकारी स्वामित्व वाले भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) ने 11 जून तक करीब 2.66 करोड़ टन गेहूं की खरीदारी की है।

# कैटरीना कैफ़ बनीं बॉन ग्रुप और अमेरिकाना बिस्किट्स की नई ब्रैंड एंबैसडर

**लखनऊः** भारत के प्रमुख एफएमसीजी फूड ग्रुप्स में से एक बॉन ग्रुप ने बॉलीवुड अदाकारा कैटरीना कैफ़ को बॉन ब्रेड्स तथा बेकरी रेंज के साथ-साथ अमेरिकाना बिस्किट्स की ब्रैंड एंबैसडर नियुक्त करने की घोषणा की है। कैटरीना की मौलिकता, बहुमुखी प्रतिभा और बड़े पैमाने पर आकर्षण दरअसल, हर प्रोडक्ट में एक्सीलेंस और क्वालिटी के प्रति बॉन की प्रतिबद्धता से मेल खाता है। इस तरह कैटरीना उन ब्रैंड्स के आकर्षण को सहज रूप से बढ़ाती हैं जिनका वह प्रचार करती हैं; बॉन ग्रुप एंड अमेरिकाना बिस्किट्स के साथ उनका जुड़ाव ब्रैंड की छवि और विस्तार दोनों को बढ़ाएगा, और युवा आबादी को ब्रैंड के प्रोडक्ट्स के साथ जोड़ेगा।

बॉन ग्रुप ब्रेड, बिस्किट, केक एवं कुकीज़ समेत तरह-तरह की फूड कैटेगरी से जुड़ा है। अमेरिकाना बिस्किट्स इस ग्रुप के सबसे तेजी से बढ़ रहे ब्रैंड्स में से है और आने वाले वर्षों में यह जबदर्स्त ग्रोथ दर्ज कराने की दिशा में अग्रसर है। ब्रैंड ने अपने प्रोडक्ट्स को प्रमोट करने के लिए टेलीविजन कैम्पेन तैयार किया है तथा प्रिंट, आउटडोर, ऑनलाइन प्रचार समेत ऑन-ग्राउंड एक्टीवेशन की भी योजना बनायी है। यह महत्वपूर्ण गठबंधन दोनों पक्षों की उल्लेखनीय उपलब्धियों का भी सूचक है। पिछले 39 वर्षों में बॉन ग्रुप ने उपभोक्तावाद की बदलती आकांक्षाओं को बखूबी समझकर हेल्थ, टेस्ट तथा क्वालिटी के मानकों पर खरे उतरने वाले विस्तृत प्रोडक्ट पोर्टफोलियो को सफलतापूर्वक तैयार किया है। यही वजह है कि ब्रैंड आज देश की हिंदीभाषी पट्टी में ब्रेड एवं बिस्किट कैटेगरी में काफी पसंदीदा बन चुकी है। कैटरीना कैफ़ लाखों लोगों के लिए आइकॉन और रोल मॉडल हैं, और उनकी फिटनेस का जवाब नहीं है, साथ ही, वह परफॉर्मेंस मानकों और वर्क एथिक्स के पैमाने पर भी लगातार शानदार बनी हुई हैं। बॉन ग्रुप इस गठबंधन के चलते एक मल्टी-मीडिया कैम्पेन शुरू करेगा जिसमें कैटरीना कैफ़ को अमेरिकाना बिस्किट्स, बॉन ब्रेड और बेकरी



प्रोडक्ट रेंज को प्रमोट करते हुए दिखाया गया है। कैम्पेन भरपूर प्यार और देखभाल के साथ तैयार तरह-तरह की ब्रेड एवं बिस्किट्स की उम्दा रेंज को प्रदर्शित करते हुए आधुनिक उपभोक्ताओं की खानपान संबंधी पसंद की कसौटियों पर भी खरा उतरता है। बॉन ग्रुप देशभर में कई राज्यों तथा दुनिया के तीन महाद्वीपों के 55 से अधिक देशों में हेल्दी फूड प्रोडक्ट्स की वैरायटी पेश करता है। अमरिंदर सिंह, डायरेक्टर, बॉन ग्रुप ने कहा, ÷कैटरीना कैफ़ की अपील और एक्सीलेंस हासिल करने के पीछे उनके प्रयास वास्तव में, क्वालिटी, हेल्थ और वेलनेस के प्रति बॉन की प्रतिबद्धता के साथ पूरी तरह से मेल खाते हैं। अलग-अलग आयुवर्गों के बीच उनकी विश्वसनीयता और लोकप्रियता का लाभ उठाते हुए हम अमेरिकाना बिस्किट्स, बॉन ब्रेड तथा बेकरी प्रोडक्ट्स के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाएंगे, और साथ ही, उन्हें बेकरी प्रोडक्ट रेंज का भी प्रचार करते हुए दिखाया जाएगा। यह हमारे ग्रुप के लिए नए और रोमांचकारी अध्याय की शुरुआत है तथा हम स्वाद से समझौता किए बगैर अपने उपभोक्ताओं की स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों के लिए समर्पित बने रहेंगे। दविंदर पाल, हैड ऑफ मार्केटिंग, बॉन ग्रुप ने कहा, ÷हम कैटरीना से जुड़कर बेहद प्रसन्नता का अनुभव कर रहे हैं और कैटरीना के ब्रैंड एंबैसडर के तौर पर हमारी ब्रैंड के साथ गठबंधन के चलते हमें अगले दो वर्षों में जबर्दस्त रेवेन्यू ग्रोथ की उम्मीद है। यह पहल ब्रैंड को ग्राहकों के और नज़दीक लाएगी तथा हमारी आंतरिक टीमों और पूरे सेल्स चैनल को भी उत्साह से भर देगी। वैलनेस के प्रति कैटरीना की प्रतिबद्धता ग्राहकों के लिए बिना स्वाद से समझौता किए क्वालिटी फूड और हेल्थ का भरोसा दिलाने संबंधी ब्रैंड के इरादों का भी सूचक है। अमेरिकाना बिस्किट्स तथा बॉन ब्रेड के लिए कैम्पेन को शुरू में प्रिंट एवं ब्रॉडकास्ट मीडिया समेत विभिन्न प्लेटफार्मों पर प्रदर्शित किया जाएगा, इसके बाद डिजिटल चैनलों, आउटडोर एडवर्टाइजिंग, तथा ऑन-ग्राउंड एक्टीवेशन के जरिए इन्हें प्रमोट किया जाएगा। बॉन की स्थापना करीब तीन दशक पहले दूरद्रष्टा श्री मनजीत सिंह द्वारा क्वालिटी से प्रेरित एफएमसीजी कंपनी के रूप में की गई थी।

## महिंद्रा ने इस खरीफ सीजन में उत्तरप्रदेश में अपने रोटावेटर रेंज

**नई दिल्ली।** दुनिया की सबसे बड़ी ट्रैक्टर निर्माता कंपनी महिंद्रा फार्म इक्विपमेंट सेक्टर, आगामी खरीफ सीजन में चावल और गेहूं के अधिक उत्पादन की उम्मीद के साथ, रोटावेटर की अपनी रेंज की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए कमर कस रही है। पिछले साल लाइट सेगमेंट में महिंद्रा के रोटावेटर की सफल शुरुआत के बाद, कंपनी उत्तरप्रदेश में कृषि मशीनीकरण की तेजी से बढ़ती मांग को पूरा करेगी। भारत में महिंद्रा के अनुसंधान एवं विकास केंद्रों में डिजाइन और विकसित, महिंद्रा की रोटोवेटर्स की व्यापक रेंज में हेवी से लेकर लाइट सेगमेंट के उत्पाद शामिल हैं और यह 15 से 70 एचपी तक के ट्रैक्टरों के साथ काम आते हैं। इस रेंज में हैवी सेगमेंट (महावेटर सीरीज और महावेटरएचडी (हैवी ड्यूटी) सीरीज), मीडियम सेगमेंट (सुपरवेटर सीरीज), लाइट सेगमेंट (जाइरोवेटर सीरीज और पैडीवेटर सीरीज) और छोटे ट्रैक्टर मालिकों और बागवानों के लिए मिनिवेटर सीरीज शामिल हैं। उपयुक्तता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए, महिंद्रा रोटावेटर परेशानी मुक्त हैं और बेहतर प्रदर्शन के लिए विभिन्न क्षेत्र स्थितियों में परीक्षण किए गए हैं। महिंद्रा बोरोब्लेड्स आर्द्रभूमि, शुष्कभूमि, अंगूर के बागों और बगीचों में मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार की




गारंटी देता है। इसके परिणामस्वरूप रोपाई के लिए सीडबेड की सबसे अच्छी तैयारी होती है और स्वस्थ पौधों की वृद्धि के लिए खरपतवार और अवशेष प्रबंधन भी बेहतर होता है। अनेक गियर कोंबिनेशन तेजी से बदलाव और अधिक ईंधन दक्षता सुनिश्चित करते हैं। इस रेंज में बेहतरीन गुणवत्ता वाला पेंट भी है जो कठोर मौसम की स्थिति के लिए प्रतिरोधी है। महिंद्रा के रोटावेटर उत्तरप्रदेश में महिंद्रा के ट्रैक्टर डीलर नेटवर्क और विशेष वितरकों के माध्यम से बेचे जाते हैं। जिसमें वेरिएंट के आधार पर महिंद्रा फाइनेंस 100 प्रतिशत की सुविधाजनक और आकर्षक ऋण योजनाएं प्रदान करता है।किसानों की मन की शांति के लिए, महिंद्रा के रोटावेटरों पर 1 से 2 वर्ष की सर्वश्रेष्ठ निर्माता वारंटी दी जाती है, जबकि अन्य निर्माताओं की ओर से 6 महीने की वारंटी दी जाती है।

# स्थिरता प्रयासों को गति देते हुए कार्ल्सबर्ग इंडिया ने उन्नाव ब्रूअरी में की सीएनजी ट्रकों की पेशकश

**उन्नावः** प्रमुख ग्लोबल ब्रेवर कंपनी, कार्ल्सबर्ग इंडिया ने स्थिरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, अपनी उन्नाव सुविधा में कंप्रेस्ड प्राकृतिक गैस (सीएनजी) ट्रकों की पेशकश की है। स्थायी परिवहन समाधान अपनाकर यह पहल ब्रेविंग इंडस्ट्री में जीरो कार्बन फुटप्रिंट प्राप्त करने की दिशा में काम कर रही है, जो अपने पर्यावरण संरक्षण लक्ष्यों के प्रति कार्ल्सबर्ग की प्रतिबद्धता को उजागर करती है। कार्ल्सबर्ग इंडिया की ओर से बोलते हुए, संजीव गुप्ता, वाइस प्रेसिडेंट, इंटीग्रेटेड सप्लाई चेन, ने कहा, कार्ल्सबर्ग इंडिया में, सस्टेनेबिलिटी हमारा आधार है, जो हमारी सप्लाई चेन में एक सकारात्मक बदलाव को बढ़ावा देती है। ट्रक इको-मोबिलिटी के माध्यम से उन्नाव स्थित ब्रिवरी में सीएनजी का सफल एकीकरण, हमारी यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह पहल टुगेदर टुवर्ड्स जीरो एंड बियॉन्ड (पहल के सिद्धांतों के साथ सहजता से मेल खाती है। यह पहल कार्ल्सबर्ग इंडिया की व्यापक सस्टेनेबिलिटी स्ट्रेटेजी के साथ




सहजता से संरेखित है, जो इसकी वैल्यू चेन में पर्यावरण के प्रभाव को कम करने वाले महत्वाकांक्षी लक्ष्यों पर आधारित है। रिन्यूएबल एनर्जी के सोर्स के उपयोग, संसाधनों के अनुकूलन और रिन्यूएबल एनर्जी में निवेश के माध्यम से कार्ल्सबर्ग इंडिया अपनी ब्रुअरीज़ में महत्वपूर्ण प्रगति कर चुका है और अब कंपनी का लक्ष्य संपूर्ण वैल्यू चेन में इसका विस्तार करने का है। इस पहल के तहत, 20 सीएनजी ट्रकों को उन्नाव ब्रिवरी में लगाया जाएगा। उम्मीद है कि प्रत्येक ट्रक से प्रति माह 1,450 किलोग्राम से अधिक कार्बन डाइऑक्साइड (सीओ2) उत्सर्जन की बचत होगी। ऐसे में, 20 ट्रक्स मिलकर हर महीने 29,000 किलोग्राम कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन कम करेंगे। इस प्रयास से कार्ल्सबर्ग न सिर्फ पर्यावरण में होने वाले प्रभाव को कम करेगा, बल्कि ब्रेविंग इंडस्ट्री में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने का भी काम करेगा। कार्ल्सबर्ग ग्रुप जीरो कार्बन फुटप्रिंट हासिल करने के लिए कम कर रहा है। कंपनी की यह आकांक्षा पर्यावरण के प्रति अधिक जागरूक भविष्य के निरंतर प्रयास को प्रेरित करती है। इस प्रयास में कार्ल्सबर्ग की ब्रुअरीज़ में जीरो कार्बन उत्सर्जन और वर्ष 2030 तक इसकी संपूर्ण वैल्यू चेन के अंतर्गत उत्सर्जन में 30त्न की कमी लाने जैसे लक्ष्य शामिल हैं। इसके अलावा, कार्ल्सबर्ग का लक्ष्य वर्ष 2040 तक अपनी संपूर्ण वैल्यू चेन में नेट जीरो कार्बन एमिशन्स के लिए प्रयास करते हुए, नए लक्ष्यों और गतिविधियों से कार्बन कटौती का लाभ उठाना है। इन गतिविधियों में सोर्सिंग, पैकेजिंग और ट्रांसपोर्टेशन शामिल हैं।

## नेटफ्लिक्स ने अपनी फेवरिट सीरीज़ 'कोटा फैक्ट्री' के सीज़न-3 का ट्रेलर जारी किया!

**नई दिल्ली।** यह फाइनल एग्ज़ाम का सीज़न है और कोटा फैक्ट्री सीजन-3 के ट्रेलर में भारत की सबसे कठिन परीक्षाओं में से एक की तैयारी के दौरान, छात्रों के सामने पेश आने वाली चुनौतियों और उनकी



आकांक्षाओं को दर्शाया गया है। 20 जून को आने वाले इस नए सीज़न में प्रशंसकों के फेवरिट किरदार शामिल हैं, जिनमें वैभव (मयूर मोरे), मीना (रंजन राज), उदय (आलम खान), वर्तिका (रेवती पिल्लई), शिवांगी (अहसास चन्ना) और चहिते जीतू भैया (जितेंद्र कुमार) शामिल हैं। टीवीएफ प्रोडक्शंस द्वारा प्रस्तुत इस सीरीज़ का निर्देशन प्रतीश मेहता और निर्माण शो रनर राघव सुब्बू ने किया है। जब देश भर में लाखों छात्र अपनी परीक्षाएं दे रहे हैं, वहीं वैभव (मयूर मोरे) अपेक्षाओं के भारी बोझ और टॉप रैंक की चाहत से जूझ रहा है। इस बीच, मीना (रंजन राज) जेईई जैसी कठिन चुनौती के लिए तैयारी के योग्यता पर सवाल उठाता है। अपने आसपास की बदलती दुनिया के बावजूद, साथ साथ पढ़ने से बिना सोये बिताई जाने वाली रातों या कोचिंग संस्थानों के व्यस्त गलियारों के बीच बनी पक्की दोस्ती ज्यों की त्यों बनी हुई है। सीजन-3 में भी जीतू भैया एक भरोसेमंद गुरु के रूप में वापस लौटते हैं। पूरी सीरीज़ के दौरान, वे छात्रों के लिए एक भरोसेमंद सहारा रहे हैं, जो उन्हें याद दिलाते रहते हैं कि चाहे उनका स्कोर या रैंक कुछ भी रहे, असल में उनकी व्यक्तिगत यात्रा बहुत मायने रखती है और उनकी तैयारी के वर्षों का जश्न मनाया जाना चाहिए। कोटा जैसी जगह में जीतू को उम्मीद है कि वो ये ज़रूर साबित करेगा कि ÷तैयारी ही जीत है।

## अजेय प्रतिभा: FIITJEE के छात्रों का शानदार प्रदर्शन

**लखनऊ:** जहां जीतना एक आदत बन गई है, वहीं FIITJEE को JEE एडवांस्ड 2024 में अपने छात्रों की शानदार सफलता की घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है। भारत का प्रमुख कोचिंग संस्थान, FIITJEE, JEE एडवांस्ड 2024 में देश भर में अपने छात्रों के उल्लेखनीय प्रदर्शन का जश्न मना रहा है। परिणाम न केवल उनकी असाधारण शैक्षणिक उपलब्धियों को उजागर करते हैं, बल्कि उनके मूल्य प्रणाली, नैतिकता और अद्वितीय शिक्षण पद्धति द्वारा संचालित FIITJEE के तनाव-मुक्त और समग्र दृष्टिकोण की प्रभावशीलता को भी प्रमाणित करते हैं। छात्रों और शिक्षकों दोनों की कड़ी मेहनत ने लगातार उत्कृष्ट परिणाम दिए हैं और यह लगातार 28वां वर्ष है जब संस्थान ने JEE एडवांस्ड में सफलता हासिल की है। FIITJEE सभी सफल छात्रों को उनके उत्कृष्ट परिणामों के लिए बधाई देता है और उनके IIT सफर और जीवन में अपार सफलता की कामना करता है। FIITJEE के दो वर्षीय लाइव इंटरएक्टिव ऑनलाइन क्लासरूम प्रोग्राम (XI-XII) के छात्र वेद लाहोटी ने JEE एडवांस्ड 2024 में 355/360 के स्कोर के साथ AIR 1 हासिल किया।

## एसबीआई जनरल इंश्योरेन्स ने अजीत शर्मा को ईस्ट 2 का रीजनल हेड बनाया



**मुंबई।** भारत की अग्रणी सामान्य बीमा कंपनियों में से एक, एसबीआई जनरल इंश्योरेन्स ने श्री अजीत शर्मा को ईस्ट 2 का रीजनल हेड नियुक्त करने की घोषणा की है। यह नियुक्ति विस्तार एवं वृद्धि के लिये अपनी क्षेत्रीय उपस्थिति को मजबूत करने के कंपनी के सपने के अनुरूप है। इस भूमिका में श्री शर्मा ईस्ट 2 बिजनेस का नेतृत्व और संचालन करेंगे। वह अनुपालन के मापदण्डों के मुताबिक चलना और परिचालन सम्बंधी प्रदर्शन के मानदण्डों को हासिल करना सुनिश्चित करेंगे। शर्मा उद्योग के एक अनुभवी पेशवर हैं, जिनके पास विभिन्न उद्योगों में लगभग दो दशकों का अनुभव है। वह मशहूर कंपनियों जैसे कि आईसीआईसीआई लोम्बार्ड, मेटलाइफ इंडिया, वीसर्व कैपिटल, बजाज आलियांज़ लाइफ और गेटिट इंफोमीडियरी में महत्वपूर्ण पदों पर रहे हैं। उनकी विशेषज्ञता एवं रणनीतिक नेतृत्व ने इन कंपनियों की तरक्की और सफलता में लगातार योगदान दिया है। श्री शर्मा के पास एम.के.एम. इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, यूनिवर्सिटी ऑफ राजस्थान, जयपुर से मार्केटिंग में एमबीए डिग्री है।

## हरकी ने डायव्हर्सिटी बेंचमार्किंग रिपोर्ट, 2023-24 का छठे संस्करण लांच करने की आज घोषणा की

**मुंबई।** महिलाओं के लिए भारत के सबसे बड़े करियर समुदाय हरकी ने डायव्हर्सिटी बेंचमार्किंग रिपोर्ट, 2023-24 का छठे संस्करण लांच करने की आज घोषणा की। यह रिपोर्ट कॉरपोरेट इंडिया में महिलाओं की भागीदारी और विविधता पर उद्योग की एक मानक रिपोर्ट है। यह रिपोर्ट जनवरी, 2023 और जनवरी, 2024 के बीच पूरे भारत में 300 से अधिक कंपनियों से एकत्रित डाटा का एक समग्र संकलन उपलब्ध कराती है। डायव्हर्सिटी बेंचमार्किंग रिपोर्ट 2023-24 में दर्ज रुख डायव्हर्सिटी सर्वे रीडिंग्स पर आधारित है। इस डायव्हर्सिटी सर्वेक्षण से यह तथ्य सामने आया कि जिन कंपनियों का सर्वेक्षण किया गया उनमें कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी 34 प्रतिशत है। यह आंकड़ा स्टार्टअप्स और एसएमई में मामूली सुधार के साथ 36 प्रतिशत है जिससे वहां समावेशी भर्ती व्यवस्था का महत्व रेखांकित होता है। वहीं बड़े उपक्रम प्रवेश स्तर पर 38 प्रतिशत भागीदारी के साथ आगे हैं। हालांकि, मध्यम स्तर और वरिष्ठ स्तर पर प्रबंधन में यह आंकड़ा गिरकर 19 प्रतिशत पर आ जाता है जिससे कॉरपोरेट सीढ़ी में एक टूटे हुए पायदान का संकेत मिलता है जिस पर तत्काल ध्यान दिए जाने की जरूरत है। सी-सुइट में नियुक्त महिलाओं की भागीदारी घटकर 24 प्रतिशत पर आ गई है जो 2022 में 37 प्रतिशत थी। यह गिरावट कॉरपोरेट नेतृत्व करने वाली शीर्ष टोली की ओर महिलाओं की प्रगति में सहयोग के लिए अधिक हस्तक्षेप की जरूरत की ओर ध्यान दिलाती है। आंकड़े दर्शाते हैं कि सर्वेक्षण में 84 प्रतिशत कंपनियां महिलाओं की भर्ती के लिए समर्पित पहल करते हुए पाई गईं और 98 प्रतिशत बड़े उपक्रमों ने नियुक्ति में लिंग विविधता को लेकर अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की है जिसमें से 88 प्रतिशत इन उद्देश्यों को हासिल करने के करीब हैं।

## मैरिको एक्सपर्ट डॉ. शिल्पा वोरा ने तेज गर्मी में अपने बालों की सुरक्षा करने के उपाय बताये

**नई दिल्ली।** गर्मियों के मौसम में तापमान बढ़ने के साथ कड़ी धूप और प्रदूषण से अपने बालों की सुरक्षा करना बहुत मुश्किल हो जाता है। गर्मी और उमस बालों को डल, ड्राई एवं फ्रिज़ी बना देते हैं। इतना ही नहीं, शैम्पू या साबुन से बालों को बार-बार धोने से समस्या और भी ज्यादा बढ़ सकती है। इससे बालों का टूटना बढ़ जाता है और इसके कारण हेयर फॉल तथा हेयर डैमेज होने लगता है।




गर्मी के कारण स्कैल्प से पसीना आता है, जो आपके स्कैल्प पर नैचुरल ऑयल्स से मिल जाता है और उसे ग्रीज़ी, ओडोरस एवं इची बनाते हैं। यह सुनिश्चित करने के लिये कि गर्मियों के मौसम में आपके बाल अच्छी तरह से सुरक्षित रहें, आपको एक अनुशासित हेयर केयर रूटीन अपनाने की जरूरत है। मैरिको लिमिटेड में चीफ रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑफिसर डॉ. शिल्पा वोरा ने कहा, ''बालों की नियमित रूप से तेल से मालिश करना जरूरी है और इसके साथ यह भी जरूरी है कि आप सही हेयर ऑयल का चुनाव करें। हालांकि, एक लाइट, नॉन-स्टिकी हेयर ऑयल अद्भुत असर दिखा सकता है, लेकिन यदि आप पोषण एवं खूबसूरत बाल चाहती हैं, तो पैराशूट ऐडवांस्ड गोल्ड हेयर ऑयल को चुन सकती हैं। इसमें नारियल की खूबियां है, जिसमें बालों के भीतर 10 लेयर्स तक जाने की अनूठी क्षमता होती है।''

हफ्ते में 1 से 2 बार बालों में नियमित तौर पर तेल लगाने की आदत डालें। स्कैल्प पर तेल लगाने से शुरूआत करें और सर्कुलेशन में मसाज करें। बालों में जड़ से सिरे तक तेल लगायें और उन्हें अच्छी तरह से पोषण देने के लिये उन्हें 30 मिनट तक छोड़ दें।

**टोयोटा अर्बन क्रूज़र टैसर के साथ अपना रास्ता बनाइये**

# टोयोटा अर्बन क्रूज़र टैसर की मुख्य विशेषताएं

**नई दिल्ली।** आकर्षक एक्सटीरियर- टोयोटा की समृद्ध एसयूवी विरासत से प्रेरित। इसमें अनूठी फ्रंट डिजाइन, क्रोम गार्निश के साथ प्रीमियम फ्रंट ग्रिल, स्लीक 16 मशीन्ड अलॉय व्हील्स तथा एस+ और जी रूपांतर में गतिशील ऑल ब्लैक पेंटेड अलॉय व्हील्स शामिल हैं। पावरट्रेन क्षमताः 1.0लीटर टर्बो, 1.2 लीटर पेट्रोल और ई-सीएनजी विकल्पों में उपलब्ध है जो असाधारण प्रदर्शन और बेजोड़ ईंधन दक्षता प्रदान करता है। कार्यक्षमता और उपयोगिता की स्वतंत्रता- सुविधाजनक यात्रा अनुभव के लिए उन्नत प्रौद्योगिकी और स्मार्ट कनेक्टेड सुविधाएं। इनमें टोयोटा आईकनेक्ट सिस्टम, हेड-अप डिस्प्ले, 360 व्यू कैमरा और वायरलेस चार्जर शामिल हैं। ताज़गी देने वाला इंटीरियरः ड्यूल-टोन डैशबोर्ड, प्रीमियम फैब्रिक वाली सीट, ऑटोमेटिक क्लाइमेट कंट्रोल (स्वचालित जलवायु नियंत्रण) और फ्लैट-बॉटम लेदर-रैप्ड (चमड़े से ढंके) स्टीयरिंग व्हील के साथ विशाल, प्रीमियम केबिन।




सर्वोच्च स्तर की सुरक्षाः 6 एयरबैग, हिल होल्ड असिस्ट के साथ वाहन स्थिरता नियंत्रण, रोल-ओवर मिटिगेशन और ईबीडी के साथ एबीएस सहित व्यापक सुरक्षा सुविधाएँ। बेंचमार्क वारंटीः मानक 3 वर्ष/100,000 किमी वारंटी, जिसे 5 वर्ष/220,000 किमी तक बढ़ाया जा सकता है तथा खास किस्म के प्रीपेड रख-रखाव के लिए टोयोटा स्माइल्स प्लस पैकेज भी है। मूल्य निर्धारण और उपलब्धताः शुरुआती मूल्य 7,73,500 से प्रारंभ होते हैं, बुकिंग 11,000 से शुरू होती है और डिलीवरी मई 2024 से शुरू होती है। ऑल-न्यू टोयोटा अर्बन क्रूज़र टैसर भारत में टोयोटा किर्लोस्कर मोटर की दमदार एसयूवी श्रृंखला में नवीनतम उत्पाद है। यह गतिशील एसयूवी स्टाइल, उन्नत सुविधाओं और पावर-पैक प्रदर्शन का बेहतरीन मिश्रण है, जो इसे प्रतिष्ठा और व्यावहारिकता दोनों चाहने वाले भारतीय ग्राहकों के लिए एक आदर्श विकल्प बनाता है। अपनी आधुनिक स्टाइलिंग और अत्याधुनिक तकनीक के साथ, अर्बन क्रूज़र टैसर एसयूवी श्रेणी में टोयोटा की प्रभावशाली उपस्थिति को मजबूत करता है। वाहन के पावरट्रेन विकल्पों में 1.0लीटर टर्बो इंजन, 1.2 लीटर पेट्रोल इंजन और एक ई-सीएनजी रूपांतर शामिल हैं, जिनमें से प्रत्येक को एक उल्लेखनीय ड्राइविंग अनुभव प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। 1.0लीटर टर्बो इंजन 5-स्पीड मैनुअल और 6-स्पीड ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन दोनों के साथ उपलब्ध है, जो उन लोगों के लिए बहुमुखी प्रतिभा प्रदान करता है जो शक्ति और प्रदर्शन को प्राथमिकता देते हैं। 1.2 लीटर पेट्रोल इंजन 5-स्पीड मैनुअल ट्रांसमिशन और इंटेलिजेंट गियर शिफ्ट (आईजीएस) के साथ आता है, जबकि 1.2लीटर ई-सीएनजी विकल्प असाधारण ईंधन दक्षता सुनिश्चित करता है। ऑल-न्यू अर्बन क्रूज़र टैसर 1.0 लीटर टर्बो ऑप्शन में 5500 आरपीएम पर 100.06 पीएस की अधिकतम शक्ति प्रदान करता है।

# डीएम और एसपी ने की कानून एवं शांति व्यवस्था की बैठक



**अवधनामा संवाददाता**

**अमेठी।** आगामी ईदुज्जुहा (बकरीद) के दृष्टिगत जनपद में कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने के उद्देश्य से जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों विभिन्न सम्प्रदाय के धर्मगुरूओं एवं जनपद के प्रतिष्ठित नागरिकों के साथ बैठक किया। बैठक में जिलाधिकारी ने समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिका/नगर पंचायतों को नगरीय क्षेत्रों तथा जिला पंचायतराज अधिकारी को ग्रामीण क्षेत्रों में तथा ईदगाहों/मस्जिदों के आस पास साफ-सफाई एवं जलापूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सार्वजनिक स्थलों प्रमुख चौराहों तथा निर्धारित स्थलों पर कूडा ट्राली तथा बडे डस्टबिन रखने के निर्देश दिए। कुर्बानी दिये जाने वाले पशुओ के अवशेष को डिस्पोजल करने के लिए गड्ढे खुदवा ले। उन्होने कहा कि ऐसे स्थानो को अवश्य चिन्हित कर ले। जहां पर मन्दिर तथा मस्जिद पास पास में है। ऐसे स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करने के निर्देश दिये। उन्होंने अधिशासी अभियंता विद्युत को विद्युत सप्लाई की व्यवस्था सुचारू रूप से आपूर्ति करने के निर्देश दिए। उपस्थित लोगों से कहा कि अपने आस-पास के लोगों को जागरूक करें कि सोशल मीडिया पर कुर्बानी से संबंधित चलचित्र एवं अफवाहों संबंधी चलचित्र का प्रेषण न किया जाये।

# जनपद न्यायाधीश देवरिया की अध्यक्षता में अण्डर ट्रायल रिव्यू कमेटी की आवश्यक बैठक, दिये आवश्यक निर्देश

**अवधनामा संवाददाता**

**देवरिया।** विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के तत्वावधान में माननीय अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण / जनपद न्यायाधीश देवरिया श्री देवेन्द्र सिंह के अध्यक्षता में निरूद्ध कैदियों की रिहाई हेतु जिला कारागार देवरिया में अण्डर ट्रॉयल रिव्यू कमेटी की बैठक आहूत की गयी।



उक्त बैठक में ऐसे निरूद्ध बंदी जो दंड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 436(क) दं0प्र0सं0 से आच्छांदित हैं तथा पूर्ण सजा के सापेक्ष आधी सजा से अधिक अवधि व्यतीत कर चुके हैं उससे संबंधित बंदियों के मामलों की सूची अधीक्षक जिला कारागार देवरिया द्वारा प्रस्तुत की गयी हैं जिनके रिहाई के संदर्भ में वार्ता की गयी किन्तु उनके अन्य गंभीर मामलें न्यायालय में विचाराधीन हैं या आजीवन कारावास से दंडित होकर सजा भुगत रहे हैं। माननीय जनपद न्यायाधीश श्री देवन्द्र सिंह द्वारा निर्देशित किया गया कि जो भी बंदी उक्त निर्देशों के अनुरूप रिहाई के पात्रता के अन्तर्गत आते हैं उनके नियमानुसार रिहाई की कार्यवाही की जायें। उन्होंने पाकशाला तथा बैरकों का निरीक्षण किया। तथा निरंतर स्वच्छता बनाये रखने हेतु निर्देशित किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के सचिव/ अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री मनोज कुमार तिवारी ने कहा कि धारा 436(क) दण्ड प्रक्रिया संहिता एवं ऐसे बन्दी जिनकी जमानत मा0न्यायालय से हो चुकी है परन्तु जमानतदार के अभाव में कारागार में निरूद्ध है उनके के अन्तर्गत प्राप्त प्रार्थना पत्र पर चर्चा की गयी व उसके संबंध में अधीक्षक जिला कारागार देवरिया को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया, उनके द्वारा ऐसे विचाराधीन बंदियों जिनके विरूद्ध अधिकत्तम 07 वर्ष के दण्डादेश संबंधित अपराधिक विचारण लम्बित हैं और वे कारागार में निरूद्ध हैं, से संबंधित मामलों पर विचार-विमर्श किया गया। तथा जिला कारागार में निरूद्ध बंदियों की समस्याओं को सुना गया जिसमें निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराने, जमानतदार उपलब्ध कराने, नियमित रूप से बंदियों के लिए दवा उपलब्ध कराने महिला कैदियों के साथ रह रहें उनके छोटे बच्चों के लिए दूध की व्यवस्था कराने हेतु निर्देशित किया गया। जेल में निरूद्ध बंदियों की समस्याओं की सुनवाई सुनिश्चित करते हुये जेल के बंदियों को विधिक सहायता, स्वच्छता पर जोर देते हुये कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण समस्त बंदियों के विधिक सहायता/विधिक साक्षरता प्रदान करने हेतु सदैव तत्पर हैं। प्रभारी मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती इशरत परवीन फारुकी कुमारी द्वारा जिला कारागार में बंदियो के सुरक्षा व उनके अधिकारो हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से जिलाधिकारी श्री अखण्ड प्रताप सिंह, पुलिस अधीक्षक देवरिया श्री संकल्प शर्मा, जिला कारागार अधीक्षक श्री प्रेम सागर शुक्ला, जेलर राजकुमार वर्मा, डिप्टी जेलर वंदना त्रिपाठी, मोतीलाल वर्मा, न्यायालय कर्मी व जेल वार्डन उपस्थित रहें।

# सलेमपुर के जन-जन की सेवा का संकल्प मेरे राजनीतिक जीवन का लक्ष्यः रविन्दर

**अवधनामा संवाददाता**



**सलेमपुर।** लोकसभा सलेमपुर के पूर्व सांसद रविन्दर कुशवाहा ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से सलेमपुर की जनता को अंतिम समय तक प्रतिस्पर्धा में बरकरार रखने के लिये धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि लोकसभा सलेमपुर की जनता ने उनको दो बार सांसद बनाया है और इस चुनाव में मामूली अंतर से पराजित हुआ हूं। इसके लिये मैं सलेमपुर की जनता का ताउम्र ऋणी रहूंगा। लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी के रूप में भले ही चुनाव हम लोग हारे परंतु पूरी मजबूती से लड़े है। उन्होंने कहा कि हार-जीत चुनावी प्रक्रिया है। मैं सलेमपुर का बेटा हूं, हमेशा के लिए सलेमपुर की विकास का जिम्मा उठाया है। इस नए जनादेश से न तो मैं व्यथित हूं और न ही कर्तव्यविमुख होने वाला हूं। सलेमपुर के जन-जन की सेवा का संकल्प मेरे राजनीतिक जीवन का लक्ष्य है। पूर्व की भांति मैं आगे भी सलेमपुर की जनता का सेवा करता रहूँगा और आपके बीच बना रहूँगा और इस लड़ाई में भारतीय जनता पार्टी के एक -एक नेता, जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी व कार्यकर्ता साथियों का सम्पूर्ण सहयोग व समर्पण रहा है। उन्होंने कहा कि मैं इस हार को विनम्रता से स्वीकार करता हूं, सलेमपुर की हार मेरे साथ भारतीय जनता पार्टी की भी हार है। उन्होंने कहा कि मैं भाजपा एक परिवार हैं आप सभी का सहयोग और समर्पण के बल पर हम लोग सलेमपुर में फिर एक बार कमल खिलाएंगे। मैं इस बात की पूरी गारंटी लेता हूं की मैं आप सभी प्रियजनों, समर्थकों व कार्यकर्ता साथियों के सुख - दुख में सदैव साथ रहूंगा। मैं कार्यकर्ताओ की लड़ाई लड़ने के लिए सक्षम हूं और सदैव लड़ता रहूंगा।

# 15 जून से 21 जून तक मनेगा योग सप्ताह

**अवधनामा संवाददाता**

**देवरिया।** 10वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जनपद में होने वाले योगाभ्यास कार्यक्रम की तैयारियों के दृष्टिगत मुख्य राजस्व अधिकारी जेआर चौधरी की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित हुई। सीआरओ ने बताया कि 15 जून से 21 जून के मध्य योग सप्ताह के अंतर्गत विविध कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भव्य कार्यक्रम आयोजित कर सामूहिक योगाभ्यास किया जाएगा। इस वर्ष योग दिवस की थीम योग स्वयं एवं समाज के लिए है।




सीआरओ ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर ब्लाक, तहसील एवं जनपद स्तर पर वृहद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। घर-घर को योग से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। महाविद्यालयों, तकनीकी शिक्षण संस्थाओं में प्रातः 6 से 8 तक योग सत्र आयोजित किया जाएगा, जहां आयुष विभाग के योग प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। सीआरओ ने बताया कि योग मानवता की अमूल्य धरोहर है। इससे स्वस्थ तन, मन के साथ अनुशासित जीवन जीने में सहायता मिलती है। उन्होंने समस्त जनपदवासियों से योग करने का अनुरोध किया। उन्होंने बताया कि इस अभियान को सफल बनाने के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दे दिए हैं। अभियान के तहत जनपद में संचालित समस्त योग संस्थान, स्वयं सहायता समूह, गायत्री परिवार, सूर्या इंटरनेशनल फाउंडेशन, आर्ट ऑफ लिविंग, ब्रह्मकुमारी आदि संस्थानों के समस्त प्रशिक्षित योग प्रशिक्षकों का सहयोग योगाभ्यास कराने हेतु लिया जाएगा। कार्यक्रम में जनपद के प्रमुख जनप्रतिनिधिगण भी प्रतिभाग करेंगे। सीआरओ ने बताया कि योग वेलनेस सेंटर एवं आयुष हेल्थ वेलनेस सेंटर के सभी योग प्रशिक्षक एवं योग सहायक ग्रामीण स्तर पर योग के प्रसार के लिए सार्वजनिक स्तर पर योगाभ्यास कराएंगे। जिला मुख्यालय स्थित समस्त विभाग एवं संस्थानों, ब्लॉक एवं नगर निकायों में योग सप्ताह के अंतर्गत नियमित योग सत्र का आयोजन होगा। सीआरओ ने कहा कि सभी आवश्यक प्रबंध व तैयारियां पूर्व में ही सुनिश्चित होनी चाहिये। किसी भी दशा में व्यवस्था में कोई कमी न रहे, इससे जुडे सभी अधिकारी अपने कार्य दायित्वों के अनुरुप सुनिश्चित करेगें। सीआरओ ने अधिशासी अधिकारी नगरपालिका को साफ सफाई, पेयजल आदि की व्यवस्था के निर्देश दिए। योगाभ्यास के दिन ट्रैफिक प्लानिंग किये जाने और उसका जन सामान्य में प्रचार प्रसार कराये जाने का भी निर्देश उन्होने दिया। उन्होने आमजन से भी अपेक्षा किया कि अधिक से अधिक संख्या में इस दिन रविन्द्र किशोर शाही स्पोर्ट्स स्टेडियम देवरिया में 21 जून को योगाभ्यास कार्यक्रम में अपनी सहभागिता निभायें। बैठक में सीएमओ डॉ राजेश झा, एएसपी भीम गौतम, जिला विकास अधिकारी रवि शंकर राय, ईओ अंकिता शुक्ला, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ विशाल चौधरी सहित विभिन्न अधिकारी एवं योग प्रशिक्षक गण आदि उपस्थित रहे।

- **10वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास की तैयारियों के दृष्टिगत सीआरओ की अध्यक्षता में हुई बैठक**
- **21 को आयोजित होगा भव्य कार्यक्रम**
- **सभी आवश्यक प्रबंध व तैयारियां पूर्व में ही करें सुनिश्चित**
- **हर घर को जोड़ा जाएगा योग से**

# खाद्य सचल दल देवरिया की दो टीमों ने अभियान चलाते हुए ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में पांच नमूने किए एकत्रित

**अवधनामा संवाददाता**

**देवरिया।** जिलाधिकारी द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में आज खेसारी दाल के अपमिश्रण में कार्यवाही के द्वितीय दिवस को खाद्य सचल दल देवरिया की दो टीमों ने अभियान चलाते हुए ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में कुल 5 नमूने एकत्रित किए, विस्तृत विवरण में प्रथम टीम जिसका निर्देशन मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी शिवेंद्र ने किया।

इस टीम के खाद्य सुरक्षा अधिकारी मानवेंद्र कुमार के द्वारा सदर तहसील के गौरा चौराहे पर स्थित सुनील गुप्ता प्रोविजन स्टोर से खुली अरहर की दाल का नमूना खेसारी के संदेह पर एकत्रित किया गया। इसी प्रकार इसी टीम के खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीराम यादव द्वारा सदर तहसील के लक्षी राम पोखर स्थित फर्म राम अवतार और संस के यहां मक्खन दूध मलाई ब्रांड अरहर दाल का नमूना 30 किलोग्राम के बैग को खोल कर नमूना एकत्रित किया गया। द्वितीय टीम जिसका नेतृत्व खाद्य सहायक आयुक्त खाद्य ग्रेड द्वितीय विनय सहाय द्वारा किया जा रहा था।टीम के खाद्य सुरक्षा अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव द्वारा भटनी सलेमपुर तहसील के मेसर्स शिव ट्रेडर्स के यहां से अरहर की दाल का नमूना एकत्रित किया गया तथा इसी फर्म से खाद्य सुरक्षा अधिकारी घनश्याम वर्मा द्वारा चना की दाल का नमूना एकत्रित किया गया तथा सलेमपुर तहसील के भटनी स्थित श्री बाबा अमरनाथ ट्रेडर्स के यहां खेसारी की आशंका पर अरहर दाल का एक नमूना घनश्याम वर्मा द्वारा एकत्रित किया गया तथा कुल 165 किलोग्राम दाल जिसका मूल्य 54120 रुपए था अधिग्रहित कर विक्रेता की सुरक्षित



अभिरक्षा में दिया गया। इस प्रकार कुल 10 निरीक्षण करते हुए 5 नमूने एकत्रित किए गए एवं 165 किलोग्राम दाल का सीजर जिसका मूल्य 54120 था किया गया तथा दो सुधार सूचनाओं को जारी किया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी शिवेंद्र ने बताया है कि आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तर प्रदेश द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में मौसमी सब्जियां एवं फलों में हानिकारक कीटनाशकों के परीक्षण हेतु तथा प्रतिबंधित रसायनों का प्रयोग कर पकाए जाने जैसी गतिविधियों की रोकथाम हेतु रेंडम रूप से अभियान चलाकर आज सुबह-सुबह सब्जी मंडी चीरइयां ढाला देवरिया मे खाद्य सुरक्षा सचल दल द्वारा कुल 6 नमूने जिसमें से 4 सब्जी के एवं 2 फल का तथा स्थापित दुकानदारों, जिसमे सुभाष चौक से फल के 3 नमूने एकत्रित किए गए जिन्हें हाथों-हाथ त्वरित रूप से रूप से प्रयोगशाला विश्लेषण के लिए भेजा जा रहा है।

## डीएम ने किया विकासखंड कार्यालय का निरीक्षण



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी निशा अनंत ने गुरुवार को गौरीगंज विकासखंड कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति के बारे में जानकारी ली एवं संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कनिष्ठ सहायक कंचन सिंह बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित पाए गए जिस पर जिलाधिकारी ने स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश खंड विकास अधिकारी गौरीगंज को दिए। जिलाधिकारी ने पूरे कार्यालय परिसर कार्यालय पटल का निरीक्षण कर योजनाओं की प्रगति को जाना एवं साफ सफाई की सुदृढ़ व्यवस्था के साथ ही अभिलेखों को सुव्यवस्थित ढंग से रखे जाने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, खंड विकास अधिकारी गौरीगंज सहित अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## माटीकला के कामगारों व शिल्पकारों को मिलेगा 15 दिवसीय निःशुल्क प्रशिक्षण

**कुशीनगर अवधनामा ब्यूरो।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी राम कृपाल यादव ने अवगत कराया है कि उ.प्र. माटीकला बोर्ड द्वारा माटीकला कौशल विकास योजना के अन्तर्गत जनपद के माटीकला के कामगारों/शिल्पकारों को 15 दिवसीय निःशुल्क प्रशिक्षण दिलाए जाने का निर्णय लिया गया है। योजनान्तर्गत माटीकला के ऐसे कामगार/शिल्पकार जिनके परिवार का कोई सदस्य पूर्व में किसी विभाग/संस्था द्वारा माटीकला शिल्पकारी का प्रशिक्षण प्राप्त न किए हों, तथा जिनकी आयु 18 से 55 वर्ष के बीच है, को निःशुल्क 15 दिवस का शिल्पकारी प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण पूर्णतः आवासीय होगा तथा प्रशिक्षण अवधि में रू 250.00 प्रति दिन की दर से प्रशिक्षुवृत्ति भी प्रत्येक प्रशिक्षार्थी को दिया जाएगा। इस हेतु जनपद के इच्छुक माटीकला के कामगार/शिल्पकार जो प्रशिक्षण प्राप्त करना चाहते है वे योजना के बेवसाइट यूपीमाटीकलाबोर्ड. आईएन पर लागिन कर आवेदन करते हुए आवेदन की हार्ड कांपी के साथ पासपोर्ट साईज का एक फोटो, आधार, जाति, निवास, शैक्षिक योग्यता, राशन कार्ड, बैंक पासबुक की छाया प्रति सहित दिनांक 30 जून 2024 तक जिला ग्रामोद्योग कार्यालय नरकटिया बुजुर्ग कसया सपहां रोड नवल एकेडमी स्कूल के सामने से किसी भी कार्य दिवस में जमा कर दें। योजना के तहत एक परिवार के एक ही कामगार/शिल्पकार पात्र होगें।

## निर्माणाधीन सड़कों की प्रगति को लेकर की समीक्षा

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी निशा अनंत ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद की निर्माणाधीन सड़कों की प्रगति को लेकर संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक किया एवं सड़कों के निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देते हुए निर्धारित समयावधि के अंतर्गत कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने पीएमजीएसवाई, खंड लोनिवि अमेठी पीआईयू (पीएमजीएसवाई) ग्रामीण अभियंत्रण विभाग प्रांन्तीय खंड लोनिवि अमेठी निर्माण खंड लोनिवि अमेठी ग्रामीण अभियंत्रण विभाग अमेठी मंडी परिषद निर्माण खंड अयोध्या तथा जिला पंचायत अमेठी की जनपद में निर्माणाधीन सड़कों की गहन समीक्षा किया एवं बरसात से पहले सड़कों के निर्माण कार्य को पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने कहा कि यदि कहीं पर कोई विवाद की स्थिति है तो उसका तत्काल निस्तारण सुनिश्चित कराएं और शीघ्रता से निर्माण कार्य पूर्ण कराएं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल अधिशासी अभियंता लोनिवि शैलेंद्र कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## सड़क दुर्घटना में दंपत्ति गंभीर

**अमेठी।** थाना क्षेत्र संग्रामपुर अंतर्गत मिश्रौली बाजार के निकट बदलापुर मोड़ के पास एक पिकअप वाहन ने बाइक सवार दंपति को टक्कर मार दी जिसमें पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें उपचार के लिए सीएचसी अमेठी ले जाया गया जहां हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार ठेंगहा गांव निवासी रामशंकर तिवारी उम्र 65 वर्ष अपनी पत्नी उर्मिला उम्र 60 वर्ष को बाइक से लेकर अमेठी की ओर आ रहे थे।

बताया जा रहा है कि मिश्रौली बाजार के निकट बदलापुर मोड़ के पास पीछे से आ रही पिकअप ने इन्हें टक्कर मार दी। घटना में दंपति गंभीर रूप से घायल हो गए स्थानीय लोगों की मदद से उपचार के लिए इन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमेठी ले जाया गया जहां हालत गंभीर देख प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने रेफर कर दिया है।

# जिला कारागार देवरिया का डीएम, एसपी व प्रभारी सीजेएम संयुक्त ने किया निरीक्षण

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** जनपद न्यायाधीश कुशीनगर अशोक कुमार सिंह, जिलाधिकारी उमेश मिश्रा, प्रभारी चीफ ज्यूडिशल मजिस्ट्रेट विजय कुमार वर्मा, पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल द्वारा गुरुवार को देवरिया जेल का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जेल परिसर के विभिन्न बैरक में जाकर सभी उच्चाधिकारियों ने जनपद कुशीनगर के कैदियों से मुलाकात की तथा उनसे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनी, उनकी स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया।



इस क्रम में कैदियों के लिए खान पान की उचित व्यवस्था एवं चिकित्सीय व्यवस्था की गुणवत्ता का भी निरीक्षण उच्चाधिकारियों द्वारा किया गया तथा कैदियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं को सुना गया एवं तत्काल समस्याओं के निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देशित भी किया गया। निरीक्षण दौरान स्वास्थ्य सुविधाएं, जमानत की स्थिति, सहित निरुद्ध कैदियों से वकील होने/ना होने की जानकारी भी ली गई। सभी उच्चाधिकारियों ने देवरिया जेल में कुशीनगर के कैदियों से मुलाकात कर उनके मामले के विधिक पहलुओं व समस्याओं के बारे में पूछताछ की उनके जमानत के संदर्भ में जानकारी ली तथा उनका समाधान भी बताया। जिन कैदियों को अपने मामले में वकील की जरूरत थी, उन्हें नोट करने के निर्देश दिए। उच्चाधिकारी गणों द्वारा कैदियों के लिए चिकित्सकिय व्यवस्था का भी निरीक्षण किया गया तथा मरीजों से वार्ता कर चिकित्सकों को आवश्यक निर्देश भी दिए गए व अन्य सुविधाओं की उपलब्धता के संदर्भ में जेल अधीक्षक को आवश्यक निर्देश दिए। इसी क्रम में वैसे कैदी जिनके कोई रिश्तेदार नहीं है उनके जमानत की पैरवी के संदर्भ में सरकारी वकील की व्यवस्था के बारे में भी बताया गया। इस अवसर पर जेल अधीक्षक प्रेम सागर शुक्ल, जेलर राजकुमार, उप जेलर श्रीमती वंदना, शिवनाथ पांडे, चिकित्सक डा आनंद मणि त्रिपाठी, डॉ आरिफ आदि अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# ग्रामसभा की पोखरी पर अवैध कब्जा प्रधान में एसडीएम से की शिकायत





**अवधनामा संवाददाता**

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** हटा तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत गौनरिया में ग्राम सभा की पोखरी पर गांव के ही कुछ लोगों द्वारा अवैध कब्जा किया जा रहा है। इस संबध में ग्राम प्रधान ने उप जिलाधिकारी को हाटा को शिकायती पत्र देकर अवैध कब्जा रोकवाने की मांग किया है। बता दें कि उक्त ग्राम पंचायत में पोखरी की जमीन पर आराजी संख्या 160 में गांव के ही वीरेंद्र पुत्र गौरीशंकर, सुरेंद्र पुत्र रमाशंकर, प्रसिद्ध व डबलू पुत्र रामवृक्ष आदि लोगों द्वारा पोखरी में मिट्टी डालकर ईंट से दीवाल चलाकर जबरन कब्जा किया जा रहा है। इसकी जानकारी होने पर ग्राम प्रधान राजकुमार सिंह ने रोका तो नही माने। इस संबंध में लेखापाल और 112 नंबर पुलिस भी अवैध कब्जा रोकवाने गई थी लेकिन लोग नही माने। इन लोगों द्वारा कहा जा रहा है कि हाटा विधायक कहे कि निर्माण कराओ कोई नही रोकेगा। इस संबंध में प्रधान ने उप जिलाधिकारी हाटा को शिकायती पत्र देकर अवैध कब्जा रोकवाने की मांग किया है।

## प्रत्याशियों के द्वारा निर्वाचन व्यय विवरण प्रस्तुत करने संबंधी बैठक 29 जून को

**अवधनामा ब्यूरो**


**कुशीनगर।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने जनपद में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में निर्वाचन लड़ने वाले समस्त अभ्यर्थी गणों को अवगत कराया है कि निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी को परिणाम की घोषणा की तारीख से 30 दिन की सर्वाधिक समय सीमा के भीतर जिला निर्वाचन अधिकारी के पास निर्वाचन व्यय लेखा दाखिल करना अनिवार्य है उन्होंने बताया कि 65-कुशीनगर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों के व्यय लेखा को दाखिल करने के संबंध में एकदिवसीय फैसिलिटेशन कार्यक्रम एवं लेखा समाधान बैठक आहूत किया गया है। उन्होंने बताया कि फैसिलिटेशन कार्यक्रम दिनांक 25-06-2024 को प्रातः 11 बजे से अपरान्ह 2 बजे तक कोषागार कार्यालय कुशीनगर में, तथा लेखा समाधान बैठक दिनांक 29-06-2024 को प्रातः 11 से अपरान्ह 2ः00 बजे तक कलेक्ट सभागार कक्ष में किया जायेगा एवं निर्वाचन व्यय लेखा दाखिल करने की अंतिम तिथि 03-07-2024 प्रातः 11 बजे अपरान्ह 2 बजे तक कोषागार कार्यालय कुशीनगर में सुनिश्चित किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्वाचन लड़ने वाले सभी अभ्यर्थी गणों से अपेक्षा की है कि उपरोक्त निर्धारित तिथियों को स्वयं अथवा अधिकृत/नामित निर्वाचन एजेंट के माध्यम से फैसिलिटेशन कार्यक्रम लेखा समाधान बैठक में प्रतिभा करने एवं समय सीमा के अंतर्गत जिला निर्वाचन कार्यालय में गठित लेखा टीमों के पास अपना निर्वाचन व्यय लेखा रजिस्टर, बिलों, वाउचरों अभ्यर्थी द्वारा विधिवत रूप से हस्ताक्षरित् सार विवरणी तथा शपथ पत्र सहित जमा कराएं तथा परिणाम की घोषणा से 26 वें दिन अर्थात 29 जून 2024 को कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में प्रातः 11 बजे जिला निर्वाचन अधिकारी के द्वारा आयोजित की जाने वाली लेखा समाधान बैठक जिसमें प्रेक्षक भी उपस्थित रहेंगे।

# बकरीद त्यौहार के मद्देनजर नामित किए गए पर्यवेक्षक, सुपर जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने बकरीद त्यौहार के मौके पर नमाज स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था तथा शांति एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ बनाए रखने हेतु पर्यवेक्षक अधिकारी, सुपर जोनल मजिस्ट्रेट, तथा सेक्टर मजिस्ट्रेट तहसील/थानावार नियुक्त किए हैं।

जिलाधिकारी ने तहसील क्षेत्र पडरौना, नगर क्षेत्र पडरौना, कप्तानगंज, सम्पूर्ण क्षेत्र कप्तानगंज/रामकोला व तहसील क्षेत्र खडडा, छितौनी हेतु पर्यवेक्षक अधिकारी के रूप में डिप्टी कलेक्टर अनिल कुमार को नामित किया है। इसी प्रकार सम्पूर्ण तहसील क्षेत्र हाटा, सुकरौली, मथौली, संपूर्ण तहसील/नगर क्षेत्र कसया, सम्पूर्ण नगर क्षेत्र फाजिलनगर, संपूर्ण तहसील/नगर क्षेत्र तमकुहीराज,संपूर्ण नगर क्षेत्र सेवरही, दुदही, हेतु



पर्यवेक्षक अधिकारी के रूप में प्रभागीय वनाधिकारी वरुन सिंह को नामित किया गया है।

जिला मजिस्ट्रेट ने सुपर जोनल मजिस्ट्रेट के रूप में कुल 19 अधिकारियों को नामित किया है जो उप जिला मजिस्ट्रेट/जनपद स्तरीय अधिकारियों को नामित किया गया है। इसके अलावे 37 सेक्टर मजिस्ट्रेट को नामित किए हैं जो जनपद स्तरीय/विकास खण्ड स्तरीय अधिकारी हैं। रिजर्व में 03 जोनल व 05 सेक्टर मजिस्ट्रेट भी नामित किए है। जिलाधिकारी ने समस्त मजिस्ट्रेट गण को निर्देशित किया है कि अपने अपने तैनाती क्षेत्र में भ्रमण कर यह सुनिश्चित कर लेंगे की जहां भीड़ भाड़ हो, उस स्थल पर विवाद की स्थिति उत्पन्न हो तो उसके संबंध में पुलिस अधीक्षक एवं जिलाधिकारी को तत्काल अवगत कराएं तथा उक्त के संबंध में उप जिला मजिस्ट्रेट व थाना प्रभारी से व्यक्तिगत रूप से मिलकर वस्तु स्थिति से भी अवगत कराएंगे तथा संबंधित चौकी क्षेत्र/थाना क्षेत्र में ही उपस्थित रहेंगे। जिलाधिकारी ने सभी को निर्देशित किया है कि दिनांक 17 - 06- 2024 को समस्त मजिस्ट्रेट अपने चौकी क्षेत्र थाना क्षेत्र में भ्रमण सील रहेंगे, तथा आवश्यकतानुसार संबंधित एवं थाना प्रभारी को सूचना देते रहेंगे। यदि कोई समस्या होती है तो तत्काल पुलिस अधीक्षक /जिलाधिकारी को अवगत कराया जाना सुनिश्चित करेंगे।

- **17 जून को समस्त मजिस्ट्रेट अपने-अपने क्षेत्र में रहेंगे भ्रमणशील**
- **त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु 2 पर्यवेक्षक,19 सुपर जोनल, 37 सेक्टर मजिस्ट्रेट की हुई है तैनाती**

### कंट्रोल रूम स्थापित

जिलाधिकारी ने बताया कि इसके लिए कलेक्ट्रेट में एक कंट्रोल रूम भी बनाया गया है जिसका नंबर 05564-240590 है, कंट्रोल रूम के प्रभारी जिला प्रवेशन अधिकारी विनय कुमार 7518024041 व आलोक कुमार प्रियदर्शी जिला पंचायत राज अधिकारी मो. 7834948507 को बनाया गया है जो अपने अपने स्टाफ के साथ कंट्रोल रूम में उपस्थित रहेंगे।

## कार्यालय ग्राम पंचायत भसूडा वि.खं. बीसलपुर, पीलीभीत

### निविदा आमन्त्रण सूचना

सभी पंजीकृत फर्मों व आपूर्तिकताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत की वार्षिक कार्योजना वर्ष 2024-25 ग्राम निधि (राज्य वित्त एवं केन्द्रीय वित्त), SLWM/ स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), मनरेगा योजना आदि मंद से प्राप्त शासकीय धनराशि से ग्राम में सी.सी. रोड निर्माण, इन्टरलॉक कार्य, नाला/नाली निर्माण कार्य, RRC केन्द्र निर्माण, वर्मी कम्पोस्ट, खाद के गढ्ढे, फिल्टर चैम्बर, ई-रिक्शा क्रय, वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, स्ट्रीट लाईट, सोलर लाईट, हैन्डपम्प मरम्मत, हैन्डपम्प रिबोर, फर्नीचर व उपकरण क्रय, कायाकल्प कार्य, शौचालय निर्माण व मरम्मत (रैट्रोफिटिंग कार्य), वालपेन्टिंग कार्य, सोक पिट निर्माण, व शासन के आदेशानुसार अन्य कार्य सम्पादित किये जाने हैं। उक्त कार्यों के लिए उचित गुणवत्ता की ईट, इन्टरलॉक ब्रिक, सीमेन्ट, मौरंग, रेता, बजरी, सरिया, टीनशेड, ई-रिक्शा, स्ट्रीट व सोलर लाईटें, फर्नीचर, टाईल्स व अन्य सामग्री क्रय की जानी हैं। जिसके लिए सीलबन्द निविदायें ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 15.06.2024 को सायं 5:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है, जो दिनांक 17.06.2024 अपराह्न 3:00 बजे खोली जायेंगी। निविदा को स्वीकृत व अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। कोई भी निविदा प्राप्त न होने की स्थिति में ग्राम पंचायत किसी भी अधिकृत फर्म से शासन द्वारा अनुमन्य दरों पर सामग्री क्रय करने हेतु स्वतन्त्र होगी।

**गीता देवी** — ग्राम प्रधान
**विजय तिवारी** — सचिव

# पुलिस महानिरीक्षक आगरा ने की पीस कमेटी बैठक



**सौहार्द एवं शान्तिपूर्ण रूप से त्यौहार मनाने को किया जागरूक**

अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** पुलिस महानिरीक्षक आगरा परिक्षेत्र आगरा द्वारा एसपी सिटी कार्यालय पर त्यौहारों के मद्देनज़र पीस कमेटी की एक मीटिंग आयोजित की गयी। जिसमें सभी धर्मो के धर्मगुरुओं को आगामी त्यौहारों को आपसी सौहार्द एवं शान्तिपूर्ण रुप से मनाने हेतु जागरुक किया गया। पुलिस महानिरीक्षक आगरा परिक्षेत्र, आगरा द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद की उपस्थिति में अपर पुलिस अधीक्षक नगर कार्यालय पर सभी धर्म के धर्मगुरुओं के संग पीस कमेटी की मीटिंग आयोजित की गयी, जिसमें द्वारा आगामी त्यौहारों को लेकर सभी धर्मगुरुओं को जनपद के सभी आमजनों से आपसी सौहार्द एवं शान्तिपूर्ण रुप से मनाने हेतु जागरुक करने हेतु अवगत कराया गया। साथ ही आगामी दशहरा, बकरीद के त्यौहार के दृष्टिगत सड़कों की साफ-सफाई, बिजली-पानी एवं अन्य व्यवस्था सुचारु रखने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। साथ ही द्वारा सभी सभ्रांत नागरिकों को गंगा जमुनी तहजीब व शांतिप्रिय तरीके से अपने-अपने त्यौहार मनाने हेतु जागरुक किया गया। जनपद में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत जनपद पुलिस एवं क्यूआरटी मोबाइल लगातार भ्रमणशील रहेगी। किसी भी प्रकार की असुविधा व समस्या होने पर तत्काल डायल-112 का उपयोग करें। आपकी हरसम्भव मदद की जायेगी। सोशल मीडिया प्लेटफार्म (ट्विटर/ फेसबुक/ इन्स्टाग्राम/व्हाटसअप) पर सोशल मीडिया सेल द्वारा सतत् निगरानी रखी जा रही है। अफवाहों से दूर रहें, किसी भी खबर की प्रमाणिकता जाने बिना शेयर न करें। अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर टमाटर लदा ट्रक पलटा



**सुल्तानपुर,बल्दीराय।** थाना क्षेत्र अंतर्गत पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर टमाटर लदी ट्रक पलट गई । अमरोहा निवासी ड्राइवर टमाटर लादकर लखनऊ से आजमगढ जा रहा था। टायर फटने के कारण ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। ट्रक में साथ रहा खलासी भी सुरक्षित है, किसी को चोट नही आयी है। गश्ती दल 14 ने मौके पर पहुँचकर राहत कार्य उपलब्ध करवाया। PRV 112 भी मौके पर पहुंच गई। सड़क सहायता टीम द्वारा क्रेन मगाकर रोड का अवरुद्ध हटाया गया।

### महिला सहायता परामर्श केंद्र द्वारा एक जोड़ी की विदाई



**सुल्तानपुर।** पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा के निर्देशन में महिला सहायता परामर्श केंद्र में प्रभारी निरीक्षक सीमा सरोज के नेतृत्व में एक जोड़े की विदाई करवाई गई। उक्त मौके पर मुख्य आरक्षी रोशन जहां ,महिला आरक्षी सीमा शर्मा , महिला आरक्षी रेनू यादव, महिला आरक्षी रूपा देवी वरिष्ठ पत्रकार मारोराम पांडे ,उषा शर्मा काउंसलर ,अमर बहादुर सिंह सदस्य आदि के अथक प्रयास से आवेदिका प्रमिला पत्नी शैलेंद्र निवासी भीटी पहाड़पुर पुलिस चौकी मंगल नगर थाना कादीपुर जिला सुल्तानपुर को उनके पति शैलेंद्र पुत्र बरसाती निवासी भीटी पहाड़पुर थाना कादीपुर जिला सुल्तानपुर की विदाई करवाई गई। आवेदिका श्रीमती बेबा की पुत्री सुनैना पुत्री राम हेतु निषाद निवासी हथियानाला थाना कोतवाली नगर को उनके पति गोलू पुत्र विनोद निवासी करौंदिया भट्ट थाना कोतवाली नगर जिला सुल्तानपुर को समझा बुझाकर उनके साथ विदाई कराई गई। यह मामला काफी दिनों से विवादित चल रहा था, किंतु सारे विवाद को भूलाकर वह अपनी पत्नी को विदा कर कर ले गए ।

### यमुना के घाटों पर लगा गंदगी का ढेर



**टूंडला।** वैसे तो सरकार द्वारा यमुना की स्वच्छता अभियान को लेकर बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं परंतु हकीकत उससे कोसों दूर नजर आती है। शहर में कई समाजसेवी संस्थाएं प्रशासन के साथ मिलकर के यमुना किनारे स्वच्छता अभियान चलाते हैं। परंतु एक दिन के स्वच्छता अभियान और फोटो खिंचवाने के बाद फिर कोई उसकी सुध नहीं लेता कि वहां पर क्या हो रहा है। 2 दिन बाद गंगा दशहरा का पर्व भी है। इस पर्व पर यमुना किनारे गंगा दशहरा मेले का आयोजन भी किया जाता है। हजारों की संख्या में श्रद्धालु यमुना स्नान करने जाते हैं। परंतु लगता है इस बार उन्हें गंदगी के ढेर पर ही स्नान करना पड़ेगा या वहां से वापस लौटना पड़ेगा क्योंकि यमुना के किनारे लगे गंदगी के ये ढेर तो यही बयां कर रहे हैं कि ना तो घाटों की स्वच्छता का प्रशासन को ध्यान है और ना ही किसी समाजसेवी संस्थाओं को। गंगा दशहरे के मेले के आयोजन मैं मात्र दो दिन शेष बचे हैं। परंतु प्रशासन की तरफ से वहां कोई भी तैयारी नजर नहीं आ रही है।

### पोक्सो एक्ट में एक वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना लाइनपार पुलिस टीम द्वारा मु0अ0स0-66/2024 धारा 363/366/376 आईपीसी व पोक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु जनपद में चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में थाना लाइनपार पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर एक वांछित अभियुक्त सनी उर्फ संदीप पुत्र मुन्नालाल निवासी मेहताबनगर थाना लाइनपार जिला फिरोजाबाद सम्बन्धित मु0अ0स0-66/2024 धारा 363/366/376 आईपीसी व = पोक्सो एक्ट थाना लाइनपार को दतौजी रेलवे अन्डर पास के नीचे थाना क्षेत्र लाइनपार से 13/06/2024 को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार शुदा अभियुक्त के विरूद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## कार्यालय ग्राम पंचायत चौसरा वि.खं. बीसलपुर, पीलीभीत

### निविदा आमन्त्रण सूचना

सभी पंजीकृत फर्मों व आपूर्तिकताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत की वार्षिक कार्योजना वर्ष 2024-25 ग्राम निधि (राज्य वित्त एवं केन्द्रीय वित्त), SLWM/ स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), मनरेगा योजना आदि मंद से प्राप्त शासकीय धनराशि से ग्राम में सी.सी. रोड निर्माण, इन्टरलॉक कार्य, नाला/नाली निर्माण कार्य, RRC केन्द्र निर्माण, वर्मी कम्पोस्ट, खाद के गढ्ढे, फिल्टर चैम्बर, ई-रिक्शा क्रय, वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, स्ट्रीट लाईट, सोलर लाईट, हैन्डपम्प मरम्मत, हैन्डपम्प रिबोर, फर्नीचर व उपकरण क्रय, कायाकल्प कार्य, शौचालय निर्माण व मरम्मत (रैट्रोफिटिंग कार्य), वालपेन्टिंग कार्य, सोक पिट निर्माण, व शासन के आदेशानुसार अन्य कार्य सम्पादित किये जाने हैं। उक्त कार्यों के लिए उचित गुणवत्ता की ईट, इन्टरलॉक ब्रिक, सीमेन्ट, मौरंग, रेता, बजरी, सरिया, टीनशेड, ई-रिक्शा, स्ट्रीट व सोलर लाईटें, फर्नीचर, टाईल्स व अन्य सामग्री क्रय की जानी हैं। जिसके लिए सीलबन्द निविदायें ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 15.06.2024 को सायं 5:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है, जो दिनांक 17.06.2024 अपराह्न 3:00 बजे खोली जायेंगी। निविदा को स्वीकृत व अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। कोई भी निविदा प्राप्त न होने की स्थिति में ग्राम पंचायत किसी भी अधिकृत फर्म से शासन द्वारा अनुमन्य दरों पर सामग्री क्रय करने हेतु स्वतन्त्र होगी।

**मुन्नी देवी** — ग्राम प्रधान
**विजय तिवारी** — सचिव

## कार्यालय ग्राम पंचायत कासिमपुर वि.खं. बीसलपुर, पीलीभीत

### निविदा आमन्त्रण सूचना

सभी पंजीकृत फर्मों व आपूर्तिकताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत की वार्षिक कार्योजना वर्ष 2024-25 ग्राम निधि (राज्य वित्त एवं केन्द्रीय वित्त), SLWM/ स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), मनरेगा योजना आदि मंद से प्राप्त शासकीय धनराशि से ग्राम में सी.सी. रोड निर्माण, इन्टरलॉक कार्य, नाला/नाली निर्माण कार्य, RRC केन्द्र निर्माण, वर्मी कम्पोस्ट, खाद के गढ्ढे, फिल्टर चैम्बर, ई-रिक्शा क्रय, वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, स्ट्रीट लाईट, सोलर लाईट, हैन्डपम्प मरम्मत, हैन्डपम्प रिबोर, फर्नीचर व उपकरण क्रय, कायाकल्प कार्य, शौचालय निर्माण व मरम्मत (रैट्रोफिटिंग कार्य), वालपेन्टिंग कार्य, सोक पिट निर्माण, व शासन के आदेशानुसार अन्य कार्य सम्पादित किये जाने हैं। उक्त कार्यों के लिए उचित गुणवत्ता की ईट, इन्टरलॉक ब्रिक, सीमेन्ट, मौरंग, रेता, बजरी, सरिया, टीनशेड, ई-रिक्शा, स्ट्रीट व सोलर लाईटें, फर्नीचर, टाईल्स व अन्य सामग्री क्रय की जानी हैं। जिसके लिए सीलबन्द निविदायें ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 15.06.2024 को सायं 5:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है, जो दिनांक 17.06.2024 अपराह्न 3:00 बजे खोली जायेंगी। निविदा को स्वीकृत व अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। कोई भी निविदा प्राप्त न होने की स्थिति में ग्राम पंचायत किसी भी अधिकृत फर्म से शासन द्वारा अनुमन्य दरों पर सामग्री क्रय करने हेतु स्वतन्त्र होगी।

**सरोजनी देवी** — ग्राम प्रधान
**विजय तिवारी** — सचिव

## कार्यालय ग्राम पंचायत सुजनी वि.खं. बीसलपुर, पीलीभीत

### निविदा आमन्त्रण सूचना

सभी पंजीकृत फर्मों व आपूर्तिकताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत की वार्षिक कार्योजना वर्ष 2024-25 ग्राम निधि (राज्य वित्त एवं केन्द्रीय वित्त), SLWM/ स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), मनरेगा योजना आदि मंद से प्राप्त शासकीय धनराशि से ग्राम में सी.सी. रोड निर्माण, इन्टरलॉक कार्य, नाला/नाली निर्माण कार्य, RRC केन्द्र निर्माण, वर्मी कम्पोस्ट, खाद के गढ्ढे, फिल्टर चैम्बर, ई-रिक्शा क्रय, वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, स्ट्रीट लाईट, सोलर लाईट, हैन्डपम्प मरम्मत, हैन्डपम्प रिबोर, फर्नीचर व उपकरण क्रय, कायाकल्प कार्य, शौचालय निर्माण व मरम्मत (रैट्रोफिटिंग कार्य), वालपेन्टिंग कार्य, सोक पिट निर्माण, व शासन के आदेशानुसार अन्य कार्य सम्पादित किये जाने हैं। उक्त कार्यों के लिए उचित गुणवत्ता की ईट, इन्टरलॉक ब्रिक, सीमेन्ट, मौरंग, रेता, बजरी, सरिया, टीनशेड, ई-रिक्शा, स्ट्रीट व सोलर लाईटें, फर्नीचर, टाईल्स व अन्य सामग्री क्रय की जानी हैं। जिसके लिए सीलबन्द निविदायें ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 15.06.2024 को सायं 5:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है, जो दिनांक 17.06.2024 अपराह्न 3:00 बजे खोली जायेंगी। निविदा को स्वीकृत व अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। कोई भी निविदा प्राप्त न होने की स्थिति में ग्राम पंचायत किसी भी अधिकृत फर्म से शासन द्वारा अनुमन्य दरों पर सामग्री क्रय करने हेतु स्वतन्त्र होगी।

**जामवती** — ग्राम प्रधान
**विजय तिवारी** — सचिव

## कार्यालय ग्राम पंचायत परसंडी वि.खं. बीसलपुर, पीलीभीत

### निविदा आमन्त्रण सूचना

सभी पंजीकृत फर्मों व आपूर्तिकताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत की वार्षिक कार्योजना वर्ष 2024-25 ग्राम निधि (राज्य वित्त एवं केन्द्रीय वित्त), SLWM/ स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), मनरेगा योजना आदि मंद से प्राप्त शासकीय धनराशि से ग्राम में सी.सी. रोड निर्माण, इन्टरलॉक कार्य, नाला/नाली निर्माण कार्य, RRC केन्द्र निर्माण, वर्मी कम्पोस्ट, खाद के गढ्ढे, फिल्टर चैम्बर, ई-रिक्शा क्रय, वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, स्ट्रीट लाईट, सोलर लाईट, हैन्डपम्प मरम्मत, हैन्डपम्प रिबोर, फर्नीचर व उपकरण क्रय, कायाकल्प कार्य, शौचालय निर्माण व मरम्मत (रैट्रोफिटिंग कार्य), वालपेन्टिंग कार्य, सोक पिट निर्माण, व शासन के आदेशानुसार अन्य कार्य सम्पादित किये जाने हैं। उक्त कार्यों के लिए उचित गुणवत्ता की ईट, इन्टरलॉक ब्रिक, सीमेन्ट, मौरंग, रेता, बजरी, सरिया, टीनशेड, ई-रिक्शा, स्ट्रीट व सोलर लाईटें, फर्नीचर, टाईल्स व अन्य सामग्री क्रय की जानी हैं। जिसके लिए सीलबन्द निविदायें ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 15.06.2024 को सायं 5:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है, जो दिनांक 17.06.2024 अपराह्न 3:00 बजे खोली जायेंगी। निविदा को स्वीकृत व अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। कोई भी निविदा प्राप्त न होने की स्थिति में ग्राम पंचायत किसी भी अधिकृत फर्म से शासन द्वारा अनुमन्य दरों पर सामग्री क्रय करने हेतु स्वतन्त्र होगी।

**गुड्डी देवी** — ग्राम प्रधान
**विजय तिवारी** — सचिव

## कार्यालय ग्राम पंचायत मंडरिया वि.खं. मरौरी, पीलीभीत

### निविदा आमन्त्रण सूचना

सभी पंजीकृत फर्मों व आपूर्तिकताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत की वार्षिक कार्योजना वर्ष 2024-25 ग्राम निधि (राज्य वित्त एवं केन्द्रीय वित्त), SLWM/ स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), मनरेगा योजना आदि मंद से प्राप्त शासकीय धनराशि से ग्राम में सी.सी. रोड निर्माण, इन्टरलॉक कार्य, नाला/नाली निर्माण कार्य, RRC केन्द्र निर्माण, वर्मी कम्पोस्ट, खाद के गढ्ढे, फिल्टर चैम्बर, ई-रिक्शा क्रय, वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, स्ट्रीट लाईट, सोलर लाईट, हैन्डपम्प मरम्मत, हैन्डपम्प रिबोर, फर्नीचर व उपकरण क्रय, कायाकल्प कार्य, शौचालय निर्माण व मरम्मत (रैट्रोफिटिंग कार्य), वालपेन्टिंग कार्य, सोक पिट निर्माण, व शासन के आदेशानुसार अन्य कार्य सम्पादित किये जाने हैं। उक्त कार्यों के लिए उचित गुणवत्ता की ईट, इन्टरलॉक ब्रिक, सीमेन्ट, मौरंग, रेता, बजरी, सरिया, टीनशेड, ई-रिक्शा, स्ट्रीट व सोलर लाईटें, फर्नीचर, टाईल्स व अन्य सामग्री क्रय की जानी हैं। जिसके लिए सीलबन्द निविदायें ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 15.06.2024 को सायं 5:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है, जो दिनांक 17.06.2024 अपराह्न 2:00 बजे खोली जायेंगी। निविदा को स्वीकृत व अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। कोई भी निविदा प्राप्त न होने की स्थिति में ग्राम पंचायत किसी भी अधिकृत फर्म से शासन द्वारा अनुमन्य दरों पर सामग्री क्रय करने हेतु स्वतन्त्र होगी।

**धनदेश्वरी** — ग्राम प्रधान
**राकेश कुमार शर्मा** — सचिव

## कार्यालय ग्राम पंचायत कल्लिया वि.खं. मरौरी, पीलीभीत

### निविदा आमन्त्रण सूचना

सभी पंजीकृत फर्मों व आपूर्तिकताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत की वार्षिक कार्योजना वर्ष 2024-25 ग्राम निधि (राज्य वित्त एवं केन्द्रीय वित्त), SLWM/ स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), मनरेगा योजना आदि मंद से प्राप्त शासकीय धनराशि से ग्राम में सी.सी. रोड निर्माण, इन्टरलॉक कार्य, नाला/नाली निर्माण कार्य, RRC केन्द्र निर्माण, वर्मी कम्पोस्ट, खाद के गढ्ढे, फिल्टर चैम्बर, ई-रिक्शा क्रय, वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, स्ट्रीट लाईट, सोलर लाईट, हैन्डपम्प मरम्मत, हैन्डपम्प रिबोर, फर्नीचर व उपकरण क्रय, कायाकल्प कार्य, शौचालय निर्माण व मरम्मत (रैट्रोफिटिंग कार्य), वालपेन्टिंग कार्य, सोक पिट निर्माण, व शासन के आदेशानुसार अन्य कार्य सम्पादित किये जाने हैं। उक्त कार्यों के लिए उचित गुणवत्ता की ईट, इन्टरलॉक ब्रिक, सीमेन्ट, मौरंग, रेता, बजरी, सरिया, टीनशेड, ई-रिक्शा, स्ट्रीट व सोलर लाईटें, फर्नीचर, टाईल्स व अन्य सामग्री क्रय की जानी हैं। जिसके लिए सीलबन्द निविदायें ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 15.06.2024 को सायं 5:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है, जो दिनांक 17.06.2024 अपराह्न 3:00 बजे खोली जायेंगी। निविदा को स्वीकृत व अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। कोई भी निविदा प्राप्त न होने की स्थिति में ग्राम पंचायत किसी भी अधिकृत फर्म से शासन द्वारा अनुमन्य दरों पर सामग्री क्रय करने हेतु स्वतन्त्र होगी।

**हरिओम प्रकाश** — ग्राम प्रधान
**राकेश कुमार शर्मा** — सचिव

## कार्यालय ग्राम पंचायत पिपरा मुंजपा वि.खं. पूरनपुर, पीलीभीत

### निविदा आमन्त्रण सूचना

सभी पंजीकृत फर्मों व आपूर्तिकताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत की वार्षिक कार्योजना वर्ष 2024-25 ग्राम निधि (राज्य वित्त एवं केन्द्रीय वित्त), SLWM/ स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), मनरेगा योजना आदि मंद से प्राप्त शासकीय धनराशि से ग्राम में सी.सी. रोड निर्माण, इन्टरलॉक कार्य, नाला/नाली निर्माण कार्य, RRC केन्द्र निर्माण, वर्मी कम्पोस्ट, खाद के गढ्ढे, फिल्टर चैम्बर, ई-रिक्शा क्रय, वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, स्ट्रीट लाईट, सोलर लाईट, हैन्डपम्प मरम्मत, हैन्डपम्प रिबोर, फर्नीचर व उपकरण क्रय, कायाकल्प कार्य, शौचालय निर्माण व मरम्मत (रैट्रोफिटिंग कार्य), वालपेन्टिंग कार्य, सोक पिट निर्माण, व शासन के आदेशानुसार अन्य कार्य सम्पादित किये जाने हैं। उक्त कार्यों के लिए उचित गुणवत्ता की ईट, इन्टरलॉक ब्रिक, सीमेन्ट, मौरंग, रेता, बजरी, सरिया, टीनशेड, ई-रिक्शा, स्ट्रीट व सोलर लाईटें, फर्नीचर, टाईल्स व अन्य सामग्री क्रय की जानी हैं। जिसके लिए सीलबन्द निविदायें ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 15.06.2024 को सायं 5:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है, जो दिनांक 17.06.2024 अपराह्न 3:00 बजे खोली जायेंगी। निविदा को स्वीकृत व अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। कोई भी निविदा प्राप्त न होने की स्थिति में ग्राम पंचायत किसी भी अधिकृत फर्म से शासन द्वारा अनुमन्य दरों पर सामग्री क्रय करने हेतु स्वतन्त्र होगी।

**विनोद प्रजापति** — ग्राम प्रधान
**सुबोध कुमार** — सचिव

## कार्यालय ग्राम पंचायत बहादुरपुर बुर्जुग वि.खं. पूरनपुर, पीलीभीत

### निविदा आमन्त्रण सूचना

सभी पंजीकृत फर्मों व आपूर्तिकताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत की वार्षिक कार्योजना वर्ष 2024-25 ग्राम निधि (राज्य वित्त एवं केन्द्रीय वित्त), SLWM/ स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), मनरेगा योजना आदि मंद से प्राप्त शासकीय धनराशि से ग्राम में सी.सी. रोड निर्माण, इन्टरलॉक कार्य, नाला/नाली निर्माण कार्य, RRC केन्द्र निर्माण, वर्मी कम्पोस्ट, खाद के गढ्ढे, फिल्टर चैम्बर, ई-रिक्शा क्रय, वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, स्ट्रीट लाईट, सोलर लाईट, हैन्डपम्प मरम्मत, हैन्डपम्प रिबोर, फर्नीचर व उपकरण क्रय, कायाकल्प कार्य, शौचालय निर्माण व मरम्मत (रैट्रोफिटिंग कार्य), वालपेन्टिंग कार्य, सोक पिट निर्माण, व शासन के आदेशानुसार अन्य कार्य सम्पादित किये जाने हैं। उक्त कार्यों के लिए उचित गुणवत्ता की ईट, इन्टरलॉक ब्रिक, सीमेन्ट, मौरंग, रेता, बजरी, सरिया, टीनशेड, ई-रिक्शा, स्ट्रीट व सोलर लाईटें, फर्नीचर, टाईल्स व अन्य सामग्री क्रय की जानी हैं। जिसके लिए सीलबन्द निविदायें ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 15.06.2024 को सायं 5:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है, जो दिनांक 17.06.2024 अपराह्न 3:00 बजे खोली जायेंगी। निविदा को स्वीकृत व अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। कोई भी निविदा प्राप्त न होने की स्थिति में ग्राम पंचायत किसी भी अधिकृत फर्म से शासन द्वारा अनुमन्य दरों पर सामग्री क्रय करने हेतु स्वतन्त्र होगी।

**श्रीपाल** — ग्राम प्रधान
**राहुल पुष्पकर** — सचिव

## कार्यालय ग्राम पंचायत- करुआवल कला वि.खं. लोटन बाजार, जनपद-सिद्धार्थनगर

### अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत करुआवल कला विकास खण्ड लोटन बाजार द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/क्रेन्द्रीय वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान/स्वच्छ भारत अभियान योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 में स्वीकृत तथा कराए जाने वाले कार्यो व आरआरसी, वर्मी कंपोस्ड, नेडफ एवं एस.एल.डब्लू. एम के अंतर्गत अन्य कार्यो हेतु प्रथम श्रेणी ईट बालू सीमेंट सरिया, मोरंग, इंटरलाकिंग, ईट ह्यूम पाइप स्ट्रीट लाइट सोलर लाइट, टाइल्स से संबंधित सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित किया जाता है इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 26.06.2024 को 02:00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत करुआवल कला के कार्यालय के निविदा बॉक्स में डाली जाएगी निविदा उसी दिन 03:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी धरोहर की धनराशि रु. 5000 (पाँच हजार) रूपये होगी।

**नियम एवं शर्ते -**

1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराय जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जाएगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
3. ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी कर्मचारी आपूर्तिकर्ताओं की मौजूदगी में टेंडर खोला जाएगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित स्थल पर ही करनी होगी।
5. जो दरें प्रस्तुत की जाय वह जीएसटी/ एसजीएसटी तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य जोड़कर प्रस्तुत किया जाय।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जाएगी।
7. सामग्री की मात्रा घटाई बढ़ाई जा सकती है।
8. प्रस्तुत दर पीडब्लूडी द्वारा स्वीकृत से अधिक मान्य नही होगा।
9. आपूर्तिकर्ता को निश्चित दर पर जीएसटी देना होगा।
10. ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान सचिव सदस्य बीडीसी जिला पंचायत सदस्य तकनीकी सहायक ग्राम रोजगार सेवक आदि कर्मचारियों के सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी।
11. निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव व ग्राम प्रधान के पास होगा।
12. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक/अपर अभियंता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता होने तथा मापन के उपरान्त किया जाएगा गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नही किया जाएगा।
13. धरोहर की धनराशि नगद राष्ट्रीयकृत बैंक के एएफडी/डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत करुआवल कला के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है।
14. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 7 दिन के अंदर सामग्री आपूर्ति करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी।
15. निविदा फार्म ग्राम पंचायत करुआवल कला कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100 (एक सौ) रूपया है पर स्वीकृत किया जाएगा।
16. सामग्री आपूर्ति के संबंध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत करुआवल कला के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
17. स्ट्रीट लाइट, अंत्योष्टि स्थल, पंचायत भवन बारातघर, इंटरलाकिंग, सीमेंट सीट, टीन शेड आदि।

**ग्राम प्रधान- सितारुन्निशा**
**ग्रा.पं. करुआवल कला**
**वि.खं. लोटन बाजार**

**सचिव- सुशीला पटेल**
**ग्रा.पं. करुआवल कला**
**वि.खं. लोटन बाजार**

# आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के सम्बन्ध में प्री-ट्रायल मीटिंग का हुआ आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु नोडल अधिकारी लोक अदालत अनिल कुमार खरवार एवं अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गीतांजलि गर्ग एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारीगण के साथ प्री बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रशासन की ओर अपर जिलाधिकारी न्यायिक नागेन्द्र नाथ यादव, अपर पुलिस अधीक्षक मायाराम वर्मा, सीओ ट्रैफिक घनश्याम सिंह, टीआई हरवेन्द्र सिंह, लीड बैंक मैनेजर संगम लाल मिश्रा व अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। प्री-ट्रायल बैठक में प्रशासन स्तर पर अधिक से अधिक वादों को निस्तारण करने हेतु प्रशासनिक स्तर के अधिकारीयों के साथ विचार विमर्श किया गया। लोक अदालत में जारी नोटिस के तामीला को लेकर दिशा निर्देश दिये गये। इस अवसर पर राष्ट्रीय लोक अदालत में शमनीय आपराधिक वाद, पुलिस चालानी वाद, लघु आपराधिक वाद, अन्तिम रिपोर्ट, 138 एनआईएक्ट, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, वैवाहिक वाद, भरण-पोषण वाद, श्रम वाद, विक्रय कर एवं आयकर सम्बन्धी वाद, सिविल वाद किरायेदारी से सम्बन्धित वाद, बैंक वसूली सम्बन्धी वाद, उत्तराधिकारी वाद, विद्युत अधिनियम वाद, आरटीओ चालानी वाद, नगर पालिका से सम्बन्धित वाद, बांटमाप संबंधी वाद, रेलवे से सम्बन्धी वाद, वन विभाग से सम्बन्धित वाद, नहर विभाग से संबधित वाद, सेवा एवं पेंशन सम्बन्धी मामले, प्राकृतिक आपदा एवं क्षतिपूर्ति संबंधी मामले, मनोरंजन विभाग संबंधी मामले अगामी लोक अदालत में होने वाले वादों का निस्तारण आपसी सुलह समझौता के आधार पर सौहार्दपूर्ण वातावरण में कराया जायेगा तथा वादकारियों का आवाहन किया कि वह लोक अदालत में बढ़ चढ़ कर भाग ले व लोक अदालत को सफल बनायें।

# मानवा अधिकार मिशन का मना 13 वां स्थापना दिवस

**सोनभद्र।** मानवा अधिकार मिशन जनपद सोनभद्र में स्थापना दिवस13 वां स्थापना दिवस मानव अधिकार का वृद्ध आश्रम जनपद सोनभद्र में शाम के समयआज गुरुवार को बड़े खुशी के साथ मनाया गया वृद्धा आश्रम के सारे लोग बहुत खुश हुए और उनको एक अंदर से खुशी जाहिर हुई इस कार्यक्रम में हमारे मुख्य अतिथि के रूप में मानव अधिकार मिशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आनंद गुप्ता मुख्य रूप से उपस्थित रहे इसके साथ हमारे प्रदेश के कार्यकर्ता प्रदेश महासचिव पूर्वी उत्तर प्रदेश आशीष कुमार देव पांडे एवं प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्वी उत्तर प्रदेश प्रशांत पाठक जिला महासचिव श्याम सुंदर सिंह जिला विधिक सचिव राजीव कुमार श्रीवास्तव हीरा प्रसाद जी नगर अध्यक्ष सोनभद्र के शैलेश शुक्ला और जनपद सोनभद्र के जिला अध्यक्ष देवेश कुमार मुख्य रूप से उपस्थित हुए इस कार्यक्रम में विस्तृत अतिथि के रूप में ओमप्रकाश गुप्ता ,मंजू गुप्ता , विद्या देवी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# इंडिया गठबंधन के सांसद छोटेलाल खरवार का स्वागत

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** गुरवार को समाजवादी पार्टी कार्यालय पर इंडिया गठबंधन के सांसद छोटेलाल खरवार का समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा माला पहनकर एक-एक कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। जिसकी अध्यक्षता राम निहोर यादव ने किया और संचालन जिला महासचिव मोहम्मद सईद कुरैशी ने किया। स्वागत समारोह को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष राम निहोर यादव ने कहा कि इंडिया गठबंधन के एक-एक कार्यकर्ता एवं आम जनता के संघर्ष के कारण आज जनपद सोनभद्र से इंडिया गठबंधन का सांसद छोटेलाल खरवार निर्वाचित हुए हैं। इंडिया गठबंधन एवं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नीतियों एवं जन कल्याणकारी योजनाओं की देन है। सोनभद्र के कोने-कोने से आए एक एक कार्यकर्ताओं का हम आभार व्यक्त करते हैं। स्वागत समारोह को संबोधित करते हुए सांसद छोटेलाल खरवार ने कहा कि इंडियात गठबंधन के कार्यकर्ताओं एवं आम जनमानस की मेहनत ही हमे इस मुकाम तक पहुंचाने का काम किया है इसलिए हम इंडिया गठबंधन एवं आम जनमानस का आभार प्रकट करता हूं और हम यह संकल्प लेता हूं कि इंडिया गठबंधन के एक-एक कार्यकर्ताओं के हित की लड़ाई संसद तक उठाने का काम करेंगे और हमेशा उनके दुख दर्द में शामिल होंगे। कार्यक्रम को संबोधित करने वालों में मुख्य रूप से पूर्व विधायक रमेश चंद दुबे मन्नू पांडे रमेश गौतम सुरेश कोल वेदमानी शुक्ला राम भरोसे सिंह पटेल चौधरी यशवंत सिंह पटेल महिला सभा अध्यक्ष गीता गौर परमेश्वर दयाल सुनील श्याम बिहारी यादव विजय यादव अनिल कुमार यादव राम प्यारे सिंह पटेल लोकपति सिंह पटेल अशोक पटेल विजय शंकर जायसवाल रमाशंकर यादव अनिल प्रधान रमेश कुमार वर्मा प्रकाश यादव शिवनारायण चौहान भोलानाथ निषाद त्रिपुरारी नाम और कुशवाहा सनी पटेल विमलेश पटेल राम नारायण गॉड रामेश्वर राय पटेल अमर खरवार राजेश विश्वकर्मा जितेंद्र सुरेश लाल किरण कुशवाहा रामजतन प्रजापति जुल्फिकार रवि इजहार अली कुमारी मंदाकिनी पांडे कुमारी निधि पांडे साबिर हुसैन अंजनी छोटेलाल योगेंद्र समर सिंह दुर्गेश अमरेश प्रजापति महेंद्र श्याम बिहारी जायसवाल सूरज चौरसिया चांदनी पासवान फुलवंती गौड़ जयप्रकाश रविंद्र नाथ शेरो मन्नू पांडे कैलाश मुस्तफा देवचरण सिंह विधायक उल्ला खान बरकत अली जगदीश ओम प्रकाश रुखसाना खानम बाबूलाल यादव आनंद खरवार परमेश्वर यादव अवध नारायण यादव ज्योतिष गौतम पवन पटेल सत्यम पांडे ए फारूक अली कृपा शंकर चौहान काजू अग्रहरि परशुराम राजकुमार रमेश बागी प्रेम सिंह पटेल पार ब्रह्म सिंह रमजान अली अजय कुमार पारस विनीत सुनील मोहम्मद ताहिर गौस मोहम्मद शंभू संतोष बैसवार चंद्रभूषण जय प्रकाश मौर्य मनी चंद्र कनौजिया संजय अभिषेक प्रजापति संतोष पासवान मोतीलाल दिनेश कुमार नंदकुमार खरवार के साथ जॉन एवं सेक्टर और बूथ के सभी पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

# अपराध एवं अपराधियों से कोई समझौता नहीं

अवधनामा संवाददाता



**चोपन/सोनभद्र।** नवागत थाना प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार चौरसिया ने कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात थाना परिसर में अपने सहयोगियों के साथ बैठक कर हर हाल में कानून व्यवस्था बनाए रखने को लेकर अपने मातहतों को कड़े निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि थाना क्षेत्र अंतर्गत अपराध एवं अपराधियों से किसी भी सुरत में समझौता नहीं किया जा सकता। हर हाल में कानून व्यवस्था बनाए रखना हमारी प्रथम प्राथमिकता रहेगी। गौरतलब हो कि कानून व्यवस्था सुचारू रूप से बनाये रखने के उद्देश्य से रविवार को पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह द्वारा जनपद कई थाना प्रभारी निरीक्षकों को नवीन तैनाती दिये हैं। चोपन थाना प्रभारी निरीक्षक के पद पर विजय चौरसिया ने कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत सर्वप्रथम अपने मातहतों संग बैठक कर थाना क्षेत्र अंतर्गत कानून व्यवस्था को बेहतर तरीके से बनाये रखने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये सभी हल्का प्रभारियों को बताया गया कि किसी भी कीमत पर कानून व्यवस्था को लेकर कोई समझौता नहीं हो सकता। थाने पर आने वाले फरियादियों की फरियाद तत्काल सुनते हुए निस्तारण करें। साथ ही किसी भी प्रकार की अराजकता फैलाने वालों को चिन्हित कर कानूनी कार्यवाही करें वहीं महिला सुरक्षा को लेकर भी संवेदनशील रहें। पुलिस कर्मियों को सख्त निर्देश दिया कि ड्यूटी में किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं की जायेगी।

# सरकार को प्रतिमाह लाखो का चूना लगा रहे डग्गामार वाहन

- पर्याप्त बसें होने के बाद भी नही लग पा रही इनपर रोक

अवधनामा संवाददाता



**सुमेरपुर हमीरपुर।** सड़को में रोडवेज बसों की पर्याप्त संख्या होने के बावजूद डग्गामार वाहनों का संचालन कम होने के बजाय बढ़ता जा रहा है, जो प्रतिमाह राजस्व के नाम पर सरकार को लाखो की चपत लगा रहे हैं, डग्गामार वाहनों में लोगो का जीवन भी असुरक्षित रहता है, अक्सर सड़क दुर्घटनाओं में लोग जान गंवाते चले आ रहे हैं, सब कुछ पुलिस और एआरटीओ विभाग की आखों के सामने हो रहा है फिर भी डग्गामार वाहनों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है, इससे ज्यादा ताज्जुब की बात क्या हो सकती है, डग्गामार वाहनों से आजिज आकर परिवहन विभाग के कर्मचारियों को डीएम को ज्ञापन देना पड़ रहा है, क्यों कि डग्गामार वाहनों के चालक यात्रियों को रोड वेज बस से उतारकर ले जाने का प्रयास करते हैं यानि खुलेआम सरकार को क्षति पहुंचाने का दुस्साहस करते दिखाई देते हैं फिर भी जिम्मेदार मौन है, डग्गामार वाहन चालकों के हौशले बुलंद हैं, इसका मुख्य कारण लोग पुलिस की मिली भगत मानते हैं क्योंकि बिना पुलिस के सहयोग से सड़क नियमो की अनदेखी कर परिमिट से अधिक सवारियां लेकर चलने का साहस कोई नही जुटा सकता है। लोगो का कहना है कि कस्बा सुमेरपुर से हमीरपुर, मौदहा, जसपुरा बांदा, इगोहटा से छानी, हमीरपुर से कुरारा, पौथिया, सुमेरपुर से सिसोलर, सुरौली, पचखुरा महान, सुमेरपुर से बाकी नदेहरा सहित कई अन्य रूटो पर डग्गामार वाहन चल रहे हैं, खास तौर पर हाई वे में हमीरपुर से सुमेरपुर होकर इगोहटा और मौदहा तक, हमीरपुर से पौथिया छानी तक सैकड़ों की संख्या में तिपहिया वाहन सुबह से शाम तक फर्राटे भरते नजर आते हैं, जिनमे परमिट के विपरीत दर्जनों सवारियां बैठाकर ये वाहन चलते हैं और थाना सुमेरपुर, पुलिस लाइन हमीरपुर तथा एआर्टीओ कार्यालय के सामने से दिन भर गुजरते हैं, लेकिन कोई रोकटोक नही होती है, कोई चेकिंग नही की जाती है, इसका सीधा सा मतलब यही है कि इन्हे रोकने की बजाय उन्हें भरपूर संरक्षण दिया जा रहा है, जिनसे सरकार को माह में लाखो और साल में करोड़ों की क्षति हो रही है, लोग बताते हैं कि मौदहा, इगोहटा, सुमेरपुर, हमीरपुर, कुरारा, पौथिया, छानी, टेढ़ा, जसपुरा बांदा, आदि स्थानों को मिलाकर 150 से अधिक डग्गामार वाहन चल चल रहे हैं, प्रत्येक वाहन की दिन भर आय औसतन 600 रुपए से कम नहीं है, यदि ईंधन अलग कर दिया जाय तो रोजाना एक वाहन 400 रुपए की आय हासिल कर रहा है 150 वाहनों से एक दिन में 60 हजार की आमदनी हो रही है महीने में यही आय 18 लाख पहुंच जाती है और एक वर्ष में आय का आंकड़ा 2 करोड़ 16 लाख तक पहुंच जाता है, यदि डग्गामार वाहनों के बजाय यह आय परिवहन विभाग के पास पहुंचने लगे तो सरकार को न जाने कितना फायदा हो सकता है मगर ऐसा नहीं हो पा रहा है उसकी वजह है कि भ्रष्टाचार में डूबे लोग जिस पत्तल में खा रहे हैं उसी में छेद कर रहे हैं, जो जानबूझ कर सरकार को क्षति पहुंचा रहे हैं चंद पैसों के लालच में यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाने वालों पर गौर नही कर रहे हैं।

# मेडिकल कॉलेज में ब्लड ट्रांसफ्यूजन विषयक व्याख्यान माला संपन्न

अवधनामा संवाददता

**ललितपुर।** मेडिकल कालेज की ओर से बताया गया कि ब्लड ट्रांसफ्यूजन विषयक पर रक्त केन्द्र एवं पैथालॉजी विभाग मेडिकल कालेज के साझा प्रयास से सी.एम.ई, व्याख्यान माला आयोजित किया गया। अध्यक्षता मेडीकल कालेज प्रधानाचार्य ने की। प्रथम वक्ता के रूप में डा.मिली अग्रवाल ने बताया कि होल ब्लड से ब्लड के कंपोनेंट कैसे बनाए जाते हैं तथा उसे किस तापमान पे कितने दिनों तक रखना चाहिए। रक्त केन्द्र की सहायक आचार्य डा.प्रिया जैन ने बताया कि मरीज में रक्त की मात्रा हिमोग्लोबिन के कम से कम कितना प्रतिशत होना चाहिए जब हम मरीज को रक्त चढ़ते हैं। मरीज में प्लेटलेट्स की संख्या कम होने पर किस प्रकार प्लेटलेट्स चढ़ाना है विस्तर से समझाया गया। पैथोलॉजी विभाग की सह आचार्य एवं विभागाध्यक्ष डा.श्रृष्टि सोनी ने बताया कि रक्त केन्द्र से रक्त ससमय चिकित्सकों द्वारा मरीजों के हित में प्रयोग करना चाहिए तथा मरीज को यथा संभव आवाश्यक कंप्लीट ब्लड या ब्लड कंपोनेंट ही चढ़ाना चहिए। प्रधानाचार्य ने कहा कि रक्त बहुत ही महत्वपूर्ण है इसका सदुपयोग करें। व्यक्ति बहुत ही भावुकता के साथ रक्त दान करता है। मैं सभी चिकित्सकों से अनुरोध करता हूं मरीज को आवश्यकता के आधार पर ही ब्लड़ चढ़ाना चाहिए यदि आवाश्यकता हो तभी ब्लड या ब्लड कंपोनेंट चढ़ाएं क्योंकि रक्त अमूल्य है। मैं जनपद ललितपुर के आम जनमानस से अपील की है कि 14 जून 24 को विश्व रक्त दाता दिवस के पावन पर्व पर मेडिकल कॉलेज के रक्त केन्द्र में आयोजित रक्त दान शिविर में प्रतिभाग करते हुए अधिक से अधिक में सांख्या में रक्त दान करें।

# नगर पंचायत सुमेरपुर में गोपनीय ढंग से होता है नाम परिवर्तन सूचना का प्रकाशन

अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** नगर पंचायत सुमेरपुर द्वारा नाम परिवर्तन को प्रकाशन में धांधली की जा रही हैं नाम परिवर्तन की सूचना कब प्रकाशित हो गयी सम्बन्धित व्यक्ति को पता ही नहीं चल पाता जिससे लोग आपत्ति दर्ज कराने से वंचित रह जाते हैं और एक तरफा ढंग से नामो का परिवर्तन हो जाता है।कस्बा सुमेरपुर के कई जागरूक लोगो ने बताया कि नाम परिवर्तन में नगर पंचायत सुमेरपुर में बड़ा खेल हो रहा है। नियम तो यह है कि नाम परिवर्तन की सूचना ऐसे समाचार पत्र में प्रकाशित होना चाहिये जो कस्बे में बटता हो और लोग पढ़ते हो तभी लोगो को यह जानकारी मिल पायेगी कि उसके मनमुताबिक नाम का परिवर्तन हो रहा है या नही और आपत्ति लगाने का समय भी मिल जायेगा लेकिन सुमेरपुर नगर पंचायत में तो यह पता ही नही चल पाता कि कल किस समय नाम परिवर्तन की सूचना प्रभाभित हो गयी और कब नाम परिवर्तन हो गया। लोगो का कहना है प्रकाशन के नाम पर केवल खाना पूर्ति होती है ऐसे समाचार पत्र में सूचना प्रकाशन कराया जाता है जिसका धरातल में कहीं कोई पता ही नही रहता है। कई कस्बे के लोगो ने बताया कि नाम परिवर्तन होकर पूरी खाना पूर्ति हो जाती है बाद में आपत्ति लगाने वाले को पता चलता है तो वह कुछ नही कर पाता केवल अपनी शिकायत दर्ज कराकर ही रह जाता है। लोगो का कहना है नाम परिवर्तन सूचना प्रकाशन मे आखिर ऐसी गोपनीयता क्यों बरती जा रही है क्यो नही ऐसे समाचार पत्रो में सूचना का प्रकाशन कराया जाता है जो रोज बंटते हो और आम जनता उसको पढ़ती हो। पत्र के माध्यम से लोगो ने जिलाधिकारी से मांग की है कि उक्त समस्या से लोगों को राहत दिलायी जाये।

# जीवन में संस्कारों के पतन के लिए स्वयं जिम्मेवारः सृष्टि भूषण

- आर्यिका माता ने धर्मसभा में बताए अच्छे संस्कारों के सुख

अवधनामा संवाददता



**ललितपुर।** नगर के पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन अटामंदिर में जिनधर्म प्रभाविका आर्यिका सृष्टिभूषण माताजी ने धर्मसभा में जीवन अच्छे संस्कारों के सुख बताते हुए कहा बुरे संस्कार पतन के कारण हैं। प्राचीन गुरूकुल पद्धति को संस्कारों की जननी बताया जहां बच्चों को शिक्षित करके चरित्रवान और धार्मिक शिक्षा के साथ उन्हें धर्मगुरूओं का चरित्र बताया जाता रहा है। उन्होंने कहा जव मां-वाप संस्कारहीन होगे तब बच्चे क्या सीखेंगे। समाज में भ्रूण हत्या और तलाक जैसी कुरीति के लिए उन्होने अपने प्रवचन के माध्यम से कहा नारी एक नहीं दो-दो कुलों को संस्कारित करती है आज संस्कारों के अभाव में न तो उसे यह बताया जाता है कि कैसे रिश्ते व्यवहार निभाए जाते हैं और कैसे परिवार चलाया जाता है संस्कार जो मां-बाप से मिलना चाहिए उन्हें अब टीवी और फिल्मों के माध्यम से मिल रहे हैं जिससे पाश्चात संस्कृति को बढ़ावा मिल रहा है और भारतीय संस्कृति कोसो दूर जा रही है। धर्मसभा में आर्यिका माता ने भ्रूण हत्या को समाज के लिए अभिशाप बताया और कहा आज नारी ही नारी की दुश्मन बन रही है जवकि हमें समझना होगा कि वह संस्कारों की कुंजी है वह अपने कुल को संस्कारित करती है। धर्मसभा का शुभारम्भ आचार्य श्रेष्ठ विद्यासागर महाराज एवं आचार्य विद्याभूषण सन्मतिसागर महाराज के सम्मुख श्रेष्ठीजनों ने दीपप्रज्जवलित कर किया। मंगलाचरण कविता जैन गौना द्वारा किया गया। धर्मसभा में आर्यिका विश्वयश मति माताजी ने कहा कि सुबह प्रभु के दर्शन करने की वजाह युवा पीढी मोवाइल को देखकर उठती है और वही देखकर सोती है उसे फुरसत ही नहीं रहती कि वह अपने मां-बाप के पास बैठकर अच्छे बुरे के बारे में बात करे। उन्होने कहा विज्ञान भी कहता है कि जन्म के साथ ही बच्चों को मां से दूर रखा जाता है और तरह तरह के टानिक पिलाकर उन्हें स्वस्थ रखा जाता है जवकि बच्चा जितना मां के पास रहेगा वगैर टानिक के स्वस्थ रहेगा। आज श्रावकों ने पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन अटामंदिर चौबीसी जिनालायों पर धर्मध्वजा फहराई। इस दौरान संतोष जैन, मनोज जैन, अजय जैन, अक्षय अलया, धन्यकुमार जैन एड., विमल जैन, कपूरचंद, शिखरचंद जैन, चंचल, पुष्पेन्द्र जैन, वीरेन्द्र सिंघई, वीणा जैन, अनीता मोदी, डा.नीलम सर्राफ, उमा जैन, ममता जैन, किरण सतभैया, सीमा जैन आदि मौजूद रहे। सायंकाल आर्यिका माताजी के सानिध्य में गुरू भक्ति में श्रोता झूम उठे।

# सोते समय एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या

**जौनपुर।** सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के पाल्हामऊ कला गांव में पाही पर सो रहे एक व्यक्ति की अज्ञात बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी , यह खबर मिलते ही पूरे इलाके में सनसनी फैल गई , सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तथा दो संदिग्ध को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

मिली जानकारी के अनुसार उक्त गांव के निवासी चन्द्रभूषण तिवारी 57 वर्ष पुत्र नरसिंह तिवारी कल रात को भोजन करने के बाद घर से कुछ दूरी पर स्थित पाही पर सोने के लिए गए थे , रात में सोते समय अज्ञात बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी । सुबह आसपास लोग वहां पहुंचे तो खून से लतफत उनका शव मिला।

# पूर्व पालिकाध्यक्ष की मनाई गई 14वीं पुण्यतिथि

अवधनामा संवाददता

**आजमगढ़।** दिवंगत पूर्व पालिकाध्यक्ष गिरीश चन्द्र श्रीवास्तव की 14वीं पुण्यतिथि पर बुधवार की देर शाम स्व. श्रीवास्तव के कुर्मीटोला स्थित पैतृक आवास पर श्रद्धांजलि सभा एवं माता की चौकी का आयोजन किया गया।

यहां पर उपस्थित लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुये उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला। श्रद्धांजलि सभा को सम्बोधित करते हुये कमलेश यादव ने कहा कि दिवंगत पूर्व पालिकाध्यक्ष गिरीश चन्द्र श्रीवास्तव वंचित समाज के रहनुमा थे। उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकेगा। यही वजह है कि उनकी पत्नी निवर्तमान पालिकाध्यक्ष शीला श्रीवास्तव और उनके पुत्र समाजसेवी प्रणीत श्रीवास्तव हनी उनके दिखाये रास्ते पर चलते हुये समर्पित भाव से समाज की सेवा के कार्य में जुटे हुये हैं। स्मृतिशेष गिरीश जी की कार्यशैली से हम सभी को प्रेरणा मिलती है। अवधेश श्रीवास्तव ने कहा स्व. गिरीश के साथ उनकी गहरी दोस्ती रही। वह जब भी उनसे बात करते तब उनके बातों के केन्द्र में गरीब और वंचित समाज ही होता था। वह सोचते थे कि वंचित समाज के लिये अधिक से अधिक क्या और कैसे कर दिया जाये। अकेला चाचा ने कहा कि मौजूदा राजनीति से इतर हटकर गिरीश चन्द्र श्रीवास्तव हमेशा समाज के हर तबके के लिये काम करते रहे। उन्होंने हमेशा विकास को अपना एजेण्डा बनाया। उनका यह मानना था कि यदि विकास कार्य हो जायेंगे तो आम आदमी को किसी तरह की कोई तकलीफनहीं होगी। वह कभी भी जाति धर्म की राजनीति नहीं किये।

सदरुद्दीन प्रधान ने कहा कि शहर के हर परिवार के साथ गिरीश चन्द्र श्रीवास्तव का पारिवारिक सम्बन्ध था। वह हर परिवार के किसी न किसी व्यक्ति को चेहरे के साथ-साथ नाम से पहचानते थे। उन्होंने कहा कि गिरीश के निधन से समूचे शहर ने अपने परिवार का मुखिया खोया है। स्व. गिरीश चन्द्र श्रीवास्तव के पुत्र प्रणीत श्रीवास्तव हनी ने लोगों को यह भरोसा दिलाया कि वह जीवन पर्यन्त अपने पिता के दिखाये गये आदर्शवादी रास्ते पर चलते रहेंगे और सेवाकार्यो के माध्यम से जनता की सेवा करेंगे।

इस मौके पर डॉ आरएन श्रीवास्तव, मास्टर कलाम, आनंद देव उपाध्याय, महेंद्र यादव, अर्जुन चौधरी, भानु श्रीवास्तव, राशिद खान, मंथराज यादव, सुभाष श्रीवास्तव, दीपक सिंह, अशोक वर्मा, अजय सिंह, अभय सिंह, मुख्तार अहमद, विशाल श्रीवास्तव, पुनीत राय, मिथुन निषाद, प्रेम यादव, शेखर चौधरी, रईस अहमद, भोला तिवारी, संतोष चौहान, लड्डन अहमद, शैलेन्द्र त्रिपाठी, शरद तिवारी, सोनू तिवारी, राजू सिंह, रामाश्रय यादव आदि लोगों ने उपस्तिथ होकर श्रद्धांजलि दी।

# पूजा सिंह ने मिसेज आजमगढ़ क्वीन का जिता खिताब

अवधनामा संवाददता



**आजमगढ़।** जिले की पुरानी कोतवाली की रहने वाली बहू व दुर्गा शक्ति सेवा ट्रस्ट की अध्यक्ष पूजा सिंह ने मिसेज आजमगढ़ क्वीन का खिताब जीतकर जनपद का नाम रोशन किया। आज नगर के रोडवेज स्थित एक होटल के सभागार में हुए आडिएंस में पूजा सिंह का मिसेज आजमगढ़ में चयन के साथ ही मिसेज यूपी के लिए पार्टिसिपेट का रास्ता साफ हो गया। इस दौरान सिंह को बधाई देने वालों की तांता लगा रहा।

वीओ रू बतादें कि बुधवार आजमगढ़ जिले के एक होटल में ओथ्री प्लस लांचिंग फ्रेंड ग्रुप द्वारा मिसेज आजमगढ़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसकी आयोजक मिसेज यूपी 2023 सोनल श्रीवास्तव रही। कार्यक्रम में जिले की कूल सात महिलाओं ने प्रतिभाग लिया। जिसमे पांच जजों की टीम ने आजमगढ़ जिले की पुरानी कोतवाली की निवासी व दुर्गा शक्ति सेवा ट्रस्ट की अध्यक्ष पूजा सिंह को मिसेज आजमगढ़ 2024 चुना गया। यही नहीं मिसेज यूपी के लिए सात जुलाई को जौनपुर में होने वाले प्रतियोगिया के लिए अब पूजा सिंह का रास्ता साफ हो गया है। जिसमे प्रदेश के तमाम जिलों की महिलायें प्रतिभाग करेंगी। जिसके बाद मिसेज यूपी का चयन होगा। वहीं मिसेज आजमगढ़ क्वीन चुने जाने के बाद पूजा सिंह काफी खुश है। उनका कहना है कि उन्होने ऐसी प्रतियोगिता में पहली बार भाग लिया और मिसेस आजमगढ़ क्वीन बनी। उन्होन अन्य महिलाओं को भी ऐसी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में बतौर जज हीना देसाई, विजय लक्ष्मी मिश्रा, पूनम सिंह, अनामिका सिंह, कंचन मिश्रा ने अपना फैसला सुनाया।

# हीटवेब के ईलाज के लिए संपूर्ण व्यवस्था उपलब्ध

अवधनामा संवाददता



**सुल्तानपुर।** कहा जाता है की जब लोगों को कष्ट से निजात दिलाना हो तो खुद को कष्ट उठाना पडता है, कुर्सी, एसी और आराम को विराम देकर बरसात हो धूप हो या तपिश का मौसम हो, आपको बाहर निकलना होगा, लोगों से रूबरू होकर उनको होने वाली समस्याओ पर काम करना होगा, तभी समस्याओ का निदान होगा, मामला बढ़ते तापमान और हीटवेब से ग्रसित मरीज़ों को होने वाली परेशानी से है, इस समस्या का संज्ञान जिलाधिकारी कृतिका ज्योत्स्ना द्वारा गंभीरता से लिया गया, मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक का स्वशासी राजकीय महाविद्यालय का दौरा हुआ, संबंधित अधिकारियों को कोताही ना करने और बेहतर व्यवस्था के लिए निर्देश दिया गया, स्वास्थ्य विभाग के मुखिया मुख्य चिकित्साधिकारी/नोडल डां.ओम प्रकाश चौधरी को स्वशासी राजकीय महाविद्यालय का सुबह, शाम हकीकत जानने के लिए निरीक्षण करने और सुधार करने की दिशा में डॉक्टरों व स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदारों के साथ बैठक करने और मरीज़ों किसी प्रकार की असुविधा न हो इसे सुनिश्चित करें, नोडल/मुख्य चिकित्साधिकारी डां.ओम प्रकाश चौधरी ने बताया की शासन व प्रशासन हीटवेब के मरीज़ों के लिए संपूर्ण व्यवस्था की है, मरीज इधर-उधर ना जाकर सीधे स्वशासी राजकीय महाविद्यालय या किसी भी पीएचसी/ सीएचसी पर जाए, यदि ईलाज में लापरवाही हो रही है तो फौरन अवगत कराए, लापरवाह डाक्टर व कर्मियों के विरूद्ध कार्यवाई होगी, उन्होंने बताया की पिछले माह से मै जनपद के सभी स्वास्थ्य केंद्रों का औचक निरीक्षण कर रहा हूं, जहा कमियां मिल रही है, उसका त्वरित गति से निदान किया जा रहा है, वही स्वशासी राजकीय महाविद्यालय व जिला चिकित्सालय के मुख्य चिकित्साधिक्षक डां.एसके गोयल ने बताया की 20बेड हीटवेब के मरीज़ों के लिए सुरक्षित है, आवश्यक औषधि प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है, 24 घंटे डॉक्टरों की टीम काम कर रही है, एक्सपर्ट डॉक्टरों को आंनकाल पर रखा गया है, उप मुख्य चिकित्साधिकारी डां.लालजी ने बताया की जिले की सभी पीएचसी, सीएचसी को एलर्ट किया गया है, हीटवेब से निपटने की समस्त व्यवस्था की गई है, साथ ही संबंधित को दिशा-निर्देश भी जारी किया गया है, कुल मिलाकर तिकड़ी ने हीटवेब के कहर को पूरी तरह से नियंत्रित कर दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### आपसी भाईचारे को मजबूत रखेंः सीओ सिटी



**जौनपुर (जफराबाद)।** नगर पंचायत कजगाव के प्रांगण में क्षेत्राधिकारी शहर के उपस्थिति में पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई।बैठक में लोगों से विचार विमर्श किया गया। बैठक को सम्बोधित करते हुए सीओ सिटी देवेश सिंह ने कहा कि समाज के सभी लोगों को आपसी भाईचारा मजबूत बनाने के लिए काम करना चाहिए।समाज मे अच्छे तथा कुछ बुरे लोग रहते हैं। कुछ बुरे व गलत आचरण के लोगो से आपसी सम्बन्ध काफी खराब हो जाते हैं। इनको चिन्हित करने की आवश्यकता है।इनकीं शिकायत पुलिस से करें।पुलिस उचित कार्यवाही करेगी।गुंडे बदमाशों व अराजक तत्वो पर कार्यवाही होगी। श्री सिंह ने बकरीद के त्योहार को नियमानुसार मनाने की अपील किया।बैठक में मौजूद नगर पंचायत के चेयरमैन फिरोज अहमद खान ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।थानाप्रभारी सुरेन्द्र नाथ सिंह ने कहा कि अगर कोई भी व्यक्ति किसी प्रकार की गड़बड़ी करता है। उसकी सूचना दें।उसको पकड़ कर कानूनी कार्यवाही की जाएगी। इस मौके पर क्षेत्र के गोपीपुर गांव के प्रधान अखिलेन्द्र सिंह,सुनील निषाद,शमीम,इकबाल अहमद, सुनील कुमार, डिम्पल सेठ, अब्दुल कैश आदि मौजूद रहे।

### पवांरा में 20 लाख की चोरी का नहीं हो सका पर्दाफाश

**जौनपुर (मुंगराबादशाहपुर)।** पवांरा थाना क्षेत्र के सजई कला गांव में हुई बीस लाख की चोरी का एक माह बाद भी पुलिस पर्दाफाश करने में अब तक नाकाम साबित हो रही है जिससे कि लोगों में आक्रोश है।

5 मई की रात चोर छत के रास्ते घर में घुसकर लगभग बीस लाख से अधिक के जेवरात व दो लाख नगदी उठा ले गये थे।पुलिस चोरी की घटना का खुलासा करना तो दूर चोरों का सुराग तक नही लगा सकी हैं। अरूण तिवारी रोजी रोटी के लिए मुम्बई में रहते हैं।घर में परिवार के लोग रहते हैं।बहू की तबीयत खराब हो गई।पीड़िता को लेकर मछलीशहर ले गये थे। जहां हालत गम्भीर होने पर एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। बहू के अस्पताल में भर्ती होने के बाद अस्पताल में ही रुक गये। घर में अरूण तिवारी की मां रामपति देवी व पुत्री निधि तिवारी थी ।दोनों घर के बाहर बरामदे में सो गयी थी।

# भीषण गर्मी व लू से प्रदेश में विद्युत की मांग बढ़ी

अवधनामा ब्यूरो

- उप्र में पहली बार 24 घंटे विद्युत आपूर्ति की गयी
- पूरे देश में एक दिन में सबसे ज्यादा 653.53 मि0 यूनिट बिजली आपूर्ति



**लखनऊ।** ब्यूरो चीफ। प्रदेश मे भीषण गर्मी और लू के कारण विद्युत की मांग ऐतिहासिक रूप से बढ़ी है। बढ़ी हुई विद्युत की मांग को ऊर्जा विभाग सफलतापूर्वक पूरा कर रहा है। 12 जून, 2024 को 22.33 बजे प्रदेश में अब तक की सर्वाधिक 30240 मेगावॉट की विद्युत आपूर्ति कर पीक आवर की अधिकतम मांग को पूरा किया गया। 12 जून को ही 17.57 बजे 23988 मेगावॉट विद्युत की न्यूनतम मांग रही। पूरे देश में एक दिन में सबसे ज्यादा 653.53 मिलियन यूनिट बिजली की खपत प्रदेश में हुई। विद्युत आपूर्ति के मामले में पूरे देश में प्रदेश को की गयी आपूर्ति सर्वाधिक रही तथा देश के अन्य अग्रणी राज्यों से उत्तर प्रदेश बहुत आगे है। उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं उर्जा मंत्री श्री ए0के0 शर्मा ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि माननीय प्रधानमंत्री जी के आशीर्वाद एवं माननीय मुख्यमंत्री जी के मार्गदर्शन में उर्जा विभाग के कुशल प्रबधंन एंव विद्युत कार्मिकों के कर्तव्यपरायणता की बदौलत प्रदेश ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि को प्राप्त किया है और हम इस समय प्रदेश के इतिहास की सर्वाधिक विद्युत आपूर्ति कर रहे है। उन्होंने कहा कि विगत दो वर्षों से ऊर्जा के क्षेत्र में नये रिकार्ड बन रहे है और शीघ्र ही पूरे प्रदेश को रोस्टर फ्री 24x7 विद्युत की आपूर्ति मिलेगी। ऊर्जा मंत्री ने बताया कि वर्तमान में पूरे प्रदेश में 24 घंटे विद्युत की औसत आपूर्ति की गयी। इसमें औद्यौगिक क्षेत्रों, महानगरों, मण्डल व जिला मुख्यालयों, तहसील मुख्यालयों, बुन्देलखण्ड क्षेत्र, नगर पंचायतों आदि में 24 घंटे आपूर्ति की गयी। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में भी 23.55 घंटे की विद्युत आपूर्ति की गयी। प्रदेशवासियों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति मिलें, इसके लिये विगत दो वर्षों से विद्युत ढांचे को सुदृढ़ करने, उपकेन्द्रों और ट्रांसफार्मर्स की क्षमता बृद्धि का कार्य किया जा रहा है, जहां कहीं पर भी जर्जर पोल और केबल विद्युत आपूर्ति में बाधक बन रही है उसे बदला जा रहा है।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने सरकारी आवास 5- कालिदास मार्ग लखनऊ में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आगामी त्योहारों के संबंध में कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक करते हुए।

## रेशम कीट पालकों के प्रशिक्षण पर ध्यान दिया जाना बहुत जरूरी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के एमएसएमई, रेशम उद्योग, खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री श्री राकेश सचान ने रेशम विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि रेशम कीट पालकों के प्रशिक्षण पर ध्यान दिया जाना बहुत जरूरी है, जितना अधिक प्रशिक्षण दिया जाएगा इस खेती से जुड़े कृषकों को उतना ही अधिक लाभ होगा। उत्तर प्रदेश के रेशम उद्योग मंत्री श्री राकेश सचान ने यह निर्देश आज यहाँ खादी भवन में वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से रेशम विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए दिया। श्री राकेश सचान ने निर्देश दिया कि रेशम की खेती से जुड़े हुए किसानों को प्रशिक्षण की आवश्यकता को देखते हुए प्रदेश में एक और नया प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना हेतु स्थान का चयन कर लिया जाए।

# सिंचाई विभाग द्वारा छोटी गण्डक नदी को किया गया पुनर्जीवितः स्वतंत्र देव सिंह

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के जलशक्ति मंत्री श्री स्वतंत्र देव सिंह ने बताया कि सिंचाई विभाग द्वारा गुर्रा नदी के ढाल को कम करके ग्रीष्म ऋतु में राप्ती नदी में निरन्तर प्रवाह बनाकर जनपद गोरखपुर के 27 ग्राम तथा जनपद देवरिया के 06 ग्रामों सहित कुल 33 ग्रामों की लगभग 60000 की आबादी तथा पशु, पक्षियों को लाभान्वित करने के साथ भू-गर्भ जल को भी बढ़ाने का कार्य किया है। उन्होंने बताया कि वहीं इसके साथ ही गुर्रा नदी से बाढ़ के समय बाढ़ से होने वाली क्षति को कम करके जनपद गोरखपुर के 20 ग्राम एवं जनपद देवरिया के 06 ग्रामों सहित कुल 26 ग्रामों की 35000 आबादी को सुरक्षित करने के सराहनीय कार्य किया गया है। श्री स्वतंत्र देव सिंह ने बताया कि गुर्रा नदी का उद्गम स्थल जनपद गोरखपुर में प्रवाहित राप्ती नदी से ग्राम-रूदाइन मझगंवा, तहसील-बाँसगांव एवं ग्राम सेमरौना, तहसील-चौरी चौरा है। उद्गम स्थल से गुर्रा नदी का ढाल राप्ती नदी के ढाल से अधिक होने के कारण बाढ़ एवं ग्रीष्म ऋतु में पानी का बहाव समानुपातिक नहीं होने से बाढ़ अवधि में गुर्रा नदी से भारी तबाही की सम्भावना बनी रहती थी, वहीं दूसरी ओर ग्रीष्म ऋतु में राप्ती नदी के सूख जाने के कारण आबादी एवं पशु पक्षियों एवं जीव-जन्तुओं को कृषि कार्य एवं पीने का पानी नहीं मिलने से जन-जीवन प्रभावित होता था। श्री स्वतंत्र देव सिंह ने बताया कि इसके साथ ही सिंचाई विभाग की पहल पर छोटी गंडक नदी को भी पुनर्जीवित करने हेतु प्रयास किये गये, जिसके क्रम में नदी के सेक्शन की पुनर्स्थापना का कार्य प्रारम्भ किया गया है। नदी को मूल स्वरूप में लाने की प्रक्रिया के दौरान ही भूजल स्तर नदी में आने लगा और सिंचाई विभाग द्वारा की गई पहल कारगर व सफल साबित हुई। जलशक्ति मंत्री ने बताया कि छोटी गण्डक एक घुमावदार भूजल आधारित नदी है जो नेपाल राष्ट्र के परसौनी जनपद-नवलपरासी से उद्गमित होकर भारत राष्ट्र में लक्ष्मीपुर खुर्द ग्राम सभा जनपद-महराजगंज उत्तर प्रदेश में प्रवेश करती है।

# हिन्दी में इतना सुंदर साहित्य है, उर्दू वालों को भी इसका लाभ उठाना चाहिएः आरिफ नकवी

अवधनामा ब्यूरो

**मेरठ/लखनऊ।** उर्दू विभाग, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ और इंटरनेशनल यंग उर्दू स्कॉलर्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित साप्ताहिक ऑनलाइन कार्यक्रम अदबनुमा के अंतर्गत ÷सुशीला टाकभौरे और उनका साहित्य÷ विषय पर अपने अध्यक्षीय भाषण के दौरान आरिफ नकवी ने कहा कि सुशीलाजी की कहानी सुनने के बाद मैं उर्दू मित्रों को भी उनकी कहानी की गहराई पर विचार करने की सलाह दूंगा। हम एक-दूसरे से बहुत कुछ सीख सकते हैं। हिन्दी में इतना सुंदर साहित्य है, उर्दू वालों को भी इसका लाभ उठाना चाहिए। मेरे विचार से स्त्री-पुरुष दोनों एक-दूसरे के शिकार हैं और दोनों को एक-दूसरे का महत्व समझना चाहिए। दलित मुद्दों को जिस कलात्मक और अनूठे ढंग से प्रस्तुत किया गया है, उसके लिए सुशीलाजी बधाई की पात्र हैं। कार्यक्रम की शुरुआत सईद अहमद सहारनपुरी ने कुरान पाक की तिलावत से की। कार्यक्रम के संयोजन उर्दू विभागाध्यक्ष प्रो.असलम जमशेदपुरी ने किया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रसिद्ध हिंदी दलित कथा लेखिका सुशीला टाकभौरे ने ऑनलाइन भाग लिया। जबकि वक्ता के रूप में आयुसा की अध्यक्षा प्रो. रेशमा परवीन तथा हंसा संजय बागरे, नासिक ने भाग लिया। स्वागत डॉ. शादाब अलीम ने , संचालन डॉ. अलका वशिष्ठ ने और आभार डॉ. इरशाद सयानवी ने व्यक्त किया।

कथाकत्री टाकभौरे जी का परिचय देते हुए हंसा संजय बागरे ने कहा कि हर युग में ज्ञान और साहित्य की ऐसी हस्तियां हुई हैं जिन्होंने अपनी मेहनत और बुद्धिमत्ता से लोगों के दिलों में अपना राज कायम किया है। आज के इतिहास में उनमें से एक नाम है हिंदी कथा साहित्य की दिग्गज हस्ती सुशीला टाकभौरे का, जो हिंदी साहित्य में दलित मुद्दों को विशेष रूप से प्रस्तुत करने वालों में से हैं। आपने हिन्दी साहित्य को तीन उपन्यासों का योगदान दिया। उपन्यासों के अलावा महिलाओं की समस्याएं आपकी कहानियों में भी देखी जा सकती हैं, जिन्हें सुशीला टाकभौरे ने बहुत ही अनोखे ढंग से प्रस्तुत किया है। आपकी कविता ने भी पाठकों को प्रभावित किया है। इसी प्रकार आपके नाटक भी बहुत लोकप्रिय हुए, जिनमें आपने समाज और समाज की समस्याओं, विशेषकर दलित समुदाय और जाति-जाति की समस्याओं और उनके जीवन की जटिलताओं को बहुत ही बोधगम्य और सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया है। विभिन्न संगोष्ठियों में भाग लेकर आप हिन्दी साहित्य की अच्छी सेवा कर रहे हैं।

# भाजपा भगवान राम के नाम का इस्तेमाल अपनी सत्ता प्राप्ति के लिए करती हैः तिवारी

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** कांग्रेस नेता व राज्यसभा में उपनेता प्रमोद तिवारी ने जगतगुरु शंकराचार्य निश्चलानन्द सरस्वती के भारतीय जनता पार्टी पर हिन्दुओं की धर्मस्थली और पवित्र स्थली को भोग स्थली बना दिया है को ठीक बताया है। उसी का परिणाम है कि अयोध्या में भाजपा की हार हुई। भाजपा भगवान श्रीराम के नाम का सहारा लेकर हिन्दुओं की भावनाओं और उनकी आस्था का इस्तेमाल अपनी सत्ता लोलुपता के लिए करती है। श्री तिवारी ने कहा कि पुरी के शंकराचार्य निश्चलानन्द सरस्वती के बयान से तस्वीर पूरी तरह साफ हो गयी है कि भाजपा मात्र भगवान राम के नाम का इस्तेमाल अपनी सत्ता प्राप्ति के लिए करती है। भाजपा ने भगवान श्रीराम के जन्मस्थान अयोध्या की पवित्रता को नष्ट किया है। भाजपा ने अयोध्या को तपस्थली और आस्था का केन्द्र नहीं बल्कि पर्यटन केन्द्र बना धन कमाने का साधन बनाया, जिसका दुष्परिणाम यह हुआ कि अयोध्या में भाजपा जनता पार्टी का सफाया हो गया है। कुछ यही हाल भाजपा ने प्रमुख धार्मिक स्थली काशी में भी गया। उसकी पवित्रता पर ध्यान न देकर पर्यटन से पैसा कैसे कमाया जाए इस पर ध्यान दिया गया। श्री तिवारी ने कहा कि माननीय मोदी और योगी जी ने अयोध्या और काशी जैसी हिन्दुओं की आस्था के प्रमुख स्थान की पवित्रता को नष्ट किया है। उन्होंने कहा कि सिर्फ भगवान राम की जन्मस्थली अयोध्या ही नहीं जहां-जहां होकर भगवान श्रीराम गये वहां-वहां भाजपा को हार का स्वाद चखना पड़ा। श्री तिवारी ने तंज करते हुए कहा कि मोदी जी आपने तो जन्म लिया नहीं अवतरित हुए। आपको जो आदेश मिलता है वहीं करते हैं, तो क्या आपको तपोस्थली की पवित्रता नष्ट कर भोगस्थली बनाने का आदेश मिला था। धर्म की आड़ लेकर राजनीति नहीं होना चाहिए बल्कि राजनीति को धर्म से अलग रख जनता के हितों, देश-प्रदेश के विकास, उसकी सुरक्षा, सुख-शांति को केन्द्र बना कर राजनीति होना चाहिए।

# ईदुल अज़हा को लेकर एडवायजरी जारी

- हर साहिबे हैसियत मुसलमान पर कुर्बानी वाजिबः मौलाना खालिद रशीद

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया की ओर से ईदुल अजहा को लेकर पूर्व के वर्षों की तरह एडवायजरी जारी की गयी है। इमाम ईदगाह मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने एडवायजरी जारी करते हुए कहा कि ईदुल अजहा में हर साहिबे हैसियत मुसलमान पर कुर्बानी वाजिब है। ईदुल अजहा के 3 दिनों 10, 11 और 12 जिलहिज्ज मुताबिक 17, 18 और 19 जून में कुर्बानी करना कोई रस्म नहीं बल्कि खुदा की पसंदीदा इबादत है। यह हजरत इब्राहीम और हजरत इस्माईल की सुन्नत है। इन दिनों इस का बदल कोई दूसरा नेक अमल नहीं हो सकता। इसलिए तमाम साहिबे निसाब मुसलमान कानूनी दायरे में रहते हुए कुर्बानी को जरूर अंजाम दें। मौलाना ने कहा कि उन जानवरों की कुर्बानी करें जिन पर कोई कानूनी पाबंदी न हो। कुर्बानी की जगह पर साफ-सफाई का विशेष इंतजाम करें। खुली जगह, सड़क किनारे, गली और सार्वजनिक स्थानों पर कुर्बानी न करें। जानवरों की गंदगी रास्तों या सार्वजनिक स्थलों पर न फेंके बल्कि नगर निगम की ओर से कूड़ेदान का प्रयोग करें। कुर्बानी के जानवरों का खून नालियों में न बहाएं, यह धार्मिक तौर पर गलत और स्वास्थ्य के लिए नुकसानदेह है। उसे कच्ची जमीन में दफ् न करें जिससे पेड़-पौधों के लिए खाद बने। जानवर के गोश्त को अच्छी तरह पैक कर बांटें, गोश्त का एक तिहाई हिस्सा गरीबों और जरूरतमंदों को दें, कुर्बानी करते वक्त न तो फोटो लें और न वीडियो बनाएं और न ही उसे सोशल मीडिया पर अपलोड करें। जानवरों की खालें खुदा की राह में सदका करें और ईदुल अजहा की नमाज में सख्त गर्मी से राहत के लिए विशेष दुआएं करें।

## ईदुल अजहां के लिये हेल्पलाइन जारी है

**लखनऊ।** दारुल उलूम निजामियां फरंगी महल की ओर से ईदुल अजहा के दिनों में संचालित की जाने वाली ईदुल अजहा हेल्पलाइन जारी है। हेल्पलाइन पर सवाल पूछने के लिए मोबाइल नम्बर 9335929670, 7007705774, 9415102947, 9140427677 पर दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक सम्पर्क किया जा सकता है। हेल्पलाइन पर उलमा का प्रतिनिधिमंडल सवालों के जवाब देता है। गुरुवार को एक कॉलर ने पूछा कि अगर कुर्बानी का जानवर गुम हो जाए तो क्या करें, जिस पर उलमा ने बताया कि अगर साहिबे निसाब है तो दूसरा जानवर खरीद कर कुर्बानी करे। एक कॉलर ने पूछा कि कुर्बानी के जानवर की रस्सी और झूल का क्या करें तो उलमा ने बताया कि इन चीजों को खैरात कर दें। एक कॉलर ने पूछा कि क्या साहिबे निसाब औरत पर भी कुर्बानी वाजिब है तो उलमा ने बताया कि औरत अगर खुद साहिबे निसाब है तो उस पर कुर्बानी वाजिब हो जाती है लेकिन अगर वह साहिबे निसाब नहीं तो उसके पति पर उसकी तरफ से कुर्बानी वाजिब नहीं है। पति अपनी मर्जी से गुंजाइश देखते हुए कर दे तो बेहतर है। क्या कर्जदार इंसान पर भी कुर्बानी वाजिब है के सवाल पर उलमा ने बताया कि अगर कर्ज अदा करने के बाद इतनी रकम बचे जो निसाब के बराबर है तो कुर्बानी वाजिब है। एक कॉलर ने पूछा कि एक इंसान जकात नहीं देता लेकिन कुर्बानी करता है तो क्या कुर्बानी कबूल होगी।

## सरकार ने नहीं, मंत्री को जनता ने हटा दियाः टिकैत

**लखनऊ।** लखीमपुर खीरी में भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा कि सरकार ने तो अजय मिश्र टेनी को नहीं हटाया, लेकिन यहां की जनता ने उन्हें हटा दिया। अयोध्या के बारे में टिकैत ने कहा कि जो अयोध्या शहर है। जहां मंदिर है, वहां तो विकास हुआ। पश्चिम दिशा में कोई विकास नहीं हुआ। राकेश टिकैत संयुक्त किसान मोर्चा के केंद्रीय प्रतिनिधि मंडल में बृहस्पतिवार को लखीमपुर पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि गांवों में किसानों की जमीन का अधिग्रहण हो रहा है। सरकार, सस्ते में जमीन खरीदकर महंगे दामों पर बेच रही है। अगर आप जमीन अधिग्रहण कर रहे हो तो सीधे व्यापारी से करा दो। इसके लिए अयोध्या में भी बड़ा आंदोलन होगा। उन्होंने कहा कि प्रतिनिधि मंडल ने तिकुनिया कांड के पीड़ितों से मुलाकात की है।

# हजरत मोहम्मद बाकर अलैहिस्सलाम की शहादत की पूर्व संध्या पर मजलिसों का आयोजन

**इमाम मोहम्मद बाकर ने इस्लाम की उच्च शिक्षाओं में दोबारा जान फूकीः मौलाना अज़ादार**

अवधनामा ब्यूरो

- ताबूत की करायी गयी जियारत

**लखनऊ।** शियों के पांचवे इमाम हजरत मोहम्मद बाकर अलैहिस्सलाम की शहादत की पूर्व संध्या पर बृहस्पतिवार को शहर के तमाम इमामबाड़ों, कर्बलाओं व दरगाह में मजलिसों का आयोजन किया गया और ताबूत की जियारत करायी गयी। रौजाए फातमैन में मजलिस को मौलाना मुत्तकी जैदी ने खिताब करते हुए हजरत इमाम मोहम्मद बाकिर (अ.स.) की शहादत को बयान किया। जिसे सुनकर अजादार रोने लगे। मजलिस के बाद इमाम का ताबूत उठाया गया। जिसमें अंजुमन सिराजुल अजा व शमशीरे हैदरी, जफरूल ईमान,दस्ते खतीबुल ईमान, कमर बनी हाशिम,अतफाले अब्बासिया, रजाए हुसैन और कदीम आले इबा ने नौहाख्वानी की। दरगाह हजरत अब्बास (अ.स.) रूस्तम नगर में हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) के सफीर ( दूत) हजरत मुस्लिम बिन अकील (अ.स.) की शहादत की याद में मौलाना अजादार हुसैन ने मजलिस को खिताब किया। उन्होंने कहा कि इमाम मोहम्मद बाकर ने इस्लाम की उच्च शिक्षाओं में दोबारा जान फूकी। इमाम ने पवित्र कुरान की शिक्षाओं से लोगों को अवगत करवाया। इमामबाड़ा मुगल साहिबा वजीरबाग में मजलिस को मौलाना हसनैन बाकरी ने खिताब किया। मजलिस का आगाज कारी मोहम्मद यूनुस ने तिलावते कुराने पाक से किया। मजलिस के बाद ताबूत की जियारत करायी गयी। हैदरी मस्जिद मुफ्तीगंज में मौलाना अब्बास इरशाद ने मजलिस को खिताब किया। इमामबाड़ा मकसदे हुसैनी घासमंडी में बृहस्पतिवार से तीन दिवसीय मजलिसों का आगाज हो गया। पहली मजलिस को मौलाना सैयद मोहम्मद अब्बास ने खिताब किया। दोनों मजलिसें मगरिब की नमाज के बाद होंगी।

## जीजा-साले सहित भांजी की जयपुर में मौत

**लखनऊ।** हाथरस का युवक अपनी बहन-बहनोई और भांजी को लेकर कार से खाटू श्याम के दर्शन करने जा रहा था । राजस्थान के दौसा जिले में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे के बाईपास पर ट्रक ने कार को टक्कर मार दी। हादसे में जीजा, साले और मासूम भांजी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत से परिवार में मातम छा गया। हाथरस के मथुरा रोड स्थित गांव कछपुरा निवासी 32 वर्षीय रवि पुत्र उमेश चंद्र अपनी बुलंदशहर के नरौरा निवासी 28 वर्षीय बहन रिंकी, 34 वर्षीय बहनोई अंकित और 4 वर्षीय भांजी देवकी के साथ 12 जून को स्विफ्ट डिजायर कार से राजस्थान के सीकर जिले में स्थित खाटू श्याम बाबा के दर्शन करने गया था। खाटू श्याम के दर्शन करने जाते समय राजस्थान के दौसा जिले में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे के बाईपास पर ट्रक ने कार में टक्कर मार दी।

# पाकिस्तान से आये हुए अल्लामा शहंशाह हुसैन नक़वी ने यूनिटी कॉलेज का किया दौरा

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** पाकिस्तान से आये हुए अल्लामा शहंशाह हुसैन नक़वी ऐतिहासिक बड़े इमामबाड़े का दौरा करने पहुंचे।

अल्लामा शहंशाह हुसैन नक़वी यूनिटी कॉलेज आए और वहां हकीम ए उम्मत डॉक्टर कल्बे सादिक साहब को खिराजे अकीदत पेश किया।

उन्होंने कहा की डॉक्टर कल्बे सादिक साहब ने हिंदुस्तानी मुसलमानों और खास कर शियो में तालीम और मॉडर्न एजुकेशन के मैदान में जो खिदमात अंजाम दी हैं उनको कभी भुलाया नहीं जा सकता

डॉक्टर कल्बे सादिक साहब की पाकिस्तान समेत दुनिया भर में इज़्ज़त है और वो पाकिस्तान में बहुत मकबूल और लोकप्रिय रहे हैं। सुन्नी अवाम भी डॉक्टर कल्बे सादिक साहब के मुरीद रहे हैं

यूनिटी कॉलेज में मौलाना डॉक्टर कल्बे सिबतैन नूरी साहब और कॉलेज के सेक्रेटरी जनाब नजमुल हसन रिज़वी ने मौलाना को तौहीदुल मुस्लिमीन ट्रस्ट TMT के जरिए मुल्क में चलाई जा रही मुख्तलिफ तालीमी और फलाही स्कीमों की जानकारी दी। इस मौक़े पर TMT के मिंबरान भी मौजूद थे।

# सेक्शनल इंचार्ज भानू प्रताप ने किया फ्रूटी, छाछ का वितरण



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** एन ई रेलवे मजदूर यूनियन के मंडल मंत्री कामरेड आर. एन गर्ग के निर्देश पर भीषण गर्मी मे कार्य कर रहे ट्रैकमैनो को राहत देने के लिये यूनियन के कामरेडस के द्वारा ऐशबाग (मानक नगर) मे रेल दोहरी करण के कार्य मे आये बलरामपुर, बस्ती, सीतापुर, गोण्डा से आये हुए ट्रैक मैनो को फ्रूटी, छाछ का वितरण सेकशनल इंचार्ज भानू प्रताप के द्वारा किया गया इस अवसर पर मंडल मंत्री आर. एन गर्ग, संजीव श्रीवास्तव, ए के रावत,मोहम्मद नसीम मंडल मिडिया प्रभारी, सुभाष मीणा आदि लोग उपस्थित रहे।

# कॉन्टेस्ट के चौथे संस्करण के विजेताओं की घोषणा

- बैंक की ब्रांड एंडोर्सर, पीवी सिंधु और शेफाली वर्मा ने शीर्ष 3 विजेताओं को सम्मानित किया




अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** भारत में सार्वजनिक क्षेत्र के प्रमुख बैंकों में से एक बैंक, बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने आज #SaluteHerShakti कॉन्टेस्ट के चौथे संस्करण के विजेताओं के नाम घोषित किए । प्रत्येक वर्ष मार्च के महीने में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर इस कॉन्टेस्ट का आयोजन होता है, जिसके ज़रिये हमारे बीच की उन आम महिलाओं को सम्मानित किया जाता है एवं उनकी कामयाबी का जश्न मनाया जाता है, जिन्होंने तमाम सामाजिक चुनौतियों के बावजूद अपने क्षेत्र की बाधाओं को दूर करते हुए सफलता हासिल की है। वे सहनशीलता, साहस के साथ मजबूत इरादों को बयां करती है जो कि हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत हैं। दिनांक 08.03.2024 से 20.03.2024 के दौरान जारी इस कॉन्टेस्ट की अवधि में बैंक को अपने सोशल मीडिया हैंडल पर कई प्रविष्टियाँ प्राप्त हुई। इन सभी में से वडोदरा में सर्विलिंक सिस्टम्स लिमिटेड की निदेशक, मधु मोतियानी, नवी मुंबई में सनशाइन एजुकेशन सोसाइटी की प्रिंसिपल, पारमिता मजूमदार तथा हेला ग्लोबल स्कूल, पुणे की एडुप्रेन्योर, अनुष सलामपुरिया को विजेता घोषित किया गया। तीनों विजेताओं को भारतीय खेल जगत की हस्तियों और बैंक की एंडोर्सर, पीवी सिंधु तथा शेफाली वर्मा के साथ बातचीत करने का विशेष अवसर प्राप्त हुआ। बैंक ऑफ़ बड़ौदा के #SaluteHerShakti कॉन्टेस्ट का यह चौथा वर्ष है। बैंक, ने इस कॉन्टेस्ट के माध्यम से सभी पुरुषों व महिलाओं को आम जनजीवन से जुड़ी उन महिलाओं के सफलता की कहानियों को प्रस्तुत करके प्रतिभागिता करने हेतु प्रोत्साहित किया है, जिन्होंने अपनी ज़िंदगी के सफ़र, संघर्ष और उपलब्धियों के ज़रिये उन्हें प्रेरित किया है एवं उनके जीवन पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाला है।

## अहमद मेहदी का लारी कार्डियोलॉजी में निधन



**लखनऊ/अवधनामा ब्यूरो।** जल निगम में इंजीनियर रहे स्वर्गीय हसन अहमद के पुत्र अहमद मेहदी (भय्यू) का गुरुवार सुबह लारी कार्डियोलॉजी में निधन हो गया। स्वर्गीय अहमद मेहदी को बीते दिनों गंभीर हार्ट अटैक के बाद लारी कार्डियोलॉजी में भर्ती कराया गया था। 16 जून को अहमद मेहदी का 45वां जन्मदिन था, उससे दो दिन पहले ही उनके निधन से उनके परिजनों, दोस्त और जानने वाले गमगीन हो उठे। मिलनसार और लोगों की मदद का करने वाले बेहतरीन व्यक्तित्व के स्वामी अहमद मेहदी के अचानक निधन से उन्हें जानने वाले गमजदा हो गये। स्वर्गीय को गुरुवार की रात चौक मण्डी स्थित इमामबाड़ा गुफरानमआब में सुपुर्दे खाक किया गया। स्वर्गीय के परिवार में पत्नी, एक पुत्री और एक पुत्र हैं। इनके इसाले सवाब की मजलिस कल सुबह 8:30 बजे जामा मस्जिद तहसीनगंज में होगी।

## चन्द्रशेखर आजाद ने मौलाना खलीलुर्रहमान सज्जाद नोमानी से की मुलाकात

**लखनऊ।** नगीना से नवनिर्वाचित सांसद आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष चन्द्रशेखर आजाद ने गुरुवार को आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के सदस्य मौलाना खलीलुर्रहमान सज्जाद नोमानी से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान मौलाना ने चन्द्रशेखर आजाद को उनकी जीत पर मुबारकबाद दी। मुलाकात के दौरान मौलाना सज्जाद नोमानी और चन्द्रशेखर के बीच अल्पसंख्यकों, दलित और पिछड़े वर्ग की समस्याओं के साथ ही राजनैतिक और सामाजिक विषयों पर चर्चा हुई।